वार्षिक प्रतिवेदन
2022

भाकृअनुप – कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Poultry Research
Rajendranagar, Hyderabad - 500 030

देशभर में स्थित कुक्कुट प्रजनन पर
अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना
एवं कुक्कुट बीज परियोजना केन्द्र

भाकृअनुप-डीपीआर

अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना केन्द्र

R1 केवीएएसयू, मन्नुति
R2 आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद , गुजरात
R3 केवीएएफएसयू, बेंगलुरू
R4 जीएडीवीएएसयू, लुधियाना
R5 भाकृअनुप – केन्द्रीय कुक्कट अनुसंधान संस्थान, ज्जतनगर
R6 ओड़िशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर
R7 भाकृअनुप का अनुसंधान परिसर, अगरतला
R8 एनडीवीएसयू, जबलपुर
R 9 असम कृषि विश्वविद्यालय, गुवाहटी
R10 बीएयू, रांची
R11 महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
R12 सीएसकेएचपीकेवीवी, पालमपुर

कुक्कुट बीज परियोजना केन्द्र

S1 डब्ल्यूबीयूएएफएस, कोलकाता
S2 बीएएसयू, पटना
S3 तनुवास, होसुर
S4 भाकृअनुप का अनुसंधान परिसर, सिक्किम
S5 भाकृअनुप का अनुसंधान परिसर, नागालैण्ड
S6 भाकृअनुप का अनुसंधान परिसर, मणिपुर
S7 शेरे कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, श्रीनगर
S8 भाकृअनुप - केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोवा
S9 भाकृअनुप - केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर
S10 पीवीएनआरटीवीयू, वारंगल
S11 एसवीवीयू, तिरूपति
S12 पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए भाकृअनुप का अनुसंधान परिसर, बारापानी

वार्षिक प्रतिवेदन
2022

भाकृअनुप - कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय
ICAR-Directorate of Poultry Research
राजेन्द्रनगर, हैदराबाद - 500 030 भारत
आईएसओ 9001 : 2015

सटीक उद्धरण

वार्षिक प्रतिवेदन 2023 भाकृअनुप - कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय
राजेन्द्रनगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

द्वारा प्रकाशित

डॉ. आर.एन. चटर्जी, निदेशक

संकलन एवं सम्पादन

डॉ. एस.पी. यादव
डॉ. एस.एस. पॉल
डॉ. आर.के. महापात्रा
डॉ. संतोष हंशी
डॉ. एस. जय कुमार
श्री जे. श्रीनिवास राव

मुख्य पृष्ठ

वयस्क पेरेंट कुक्कुट

आंतरिक मुख्य पृष्ठ

कुक्कुट प्रजनन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तथा कुक्कुट बीज परियोजना केन्द्रों की अवस्थिति

आंतरिक पार्श्व पृष्ठ

भाकृअनुप - डीपीआर, हैदराबाद के सोशल नेटवर्किंग साइटों के क्यूआर कोड

पार्श्व पृष्ठ

खाकी कैंम्पबेल बत्तख

डिजाइन एवं प्रिन्टिड

साई मारुति प्रिंट सोलूशन्स
हैदराबाद - 500 058, मोबाइल: 9912277127
ईमेल: saimaruthiprintsolutins@gmail.com

प्रस्तावना

वर्ष 2022 के भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। निदेशालय ने कुक्कुट किसानों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों की सेवा हेतु अपने प्रयास में संस्थान के अनिवार्य अनुसंधान कार्य को प्रभावी ढंग निभाया है। तटीय क्षेत्रों में निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा निरंतर विकास और आपूर्ति द्वारा उन्नत बत्तख किस्मों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है।

ग्रामीण, ब्रॉयलर, लेयर प्योर लाइन्स और देशी कुक्कुट जर्मप्लाज्म का रखरखाव किया जा रहा है और विभिन्न आर्थिक लक्षणों के लिए इसमें लगातार सुधार किया जा रहा है। मांस के उद्देश्य से विकसित असील संकर का किसानों के क्षेत्रों में मूल्यांकन किया गया और अर्थशास्त्र का विश्लेषण किया गया। कड़कनाथ कुक्कुट के शव की विशेषताओं, मांस की गुणवत्ता और पोषण संरचना का अध्ययन किया गया। इसके अलावा, कड़कनाथ कुक्कुट की पूरी जीनोम प्रणाली तैयार की गई और इसकी व्याख्या की गई। कुक्कुट के असममित डिम्बग्रंथि विकास के दौरान लंबे इंटरजेनिक गैर-कोडिंग आरएनए, एमआईआरएनए और एमआरएनए की जीनोमवाइड प्रोफाइलिंग की गई। कड़कनाथ कुक्कुट की ब्लास्टोडर्मल कोशिकाओं को क्रायोप्रिजर्व किया गया। पोषण, स्वास्थ्य और शरीर विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान ने वंशावली आबादी की आनुवंशिक क्षमता को साकार करने में सहायता प्रदान की। इन संबद्ध क्षेत्रों में कुछ को इंगित करने के लिए ब्रॉयलर प्रदर्शन, कुक्कुट आहार में ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा भोजन के इष्टतम स्तर, पहचान और लक्षण वर्णन पर एजीपी के विकल्प के रूप में प्रोबायोटिक, आवश्यक तेल, एंजाइम और ब्यूटिरिक एसिड के विभिन्न संयोजन के साथ अध्ययन किए गए। रंगीन ब्रॉयलर में अवशिष्ट दाना सेवन विशिष्ट एसएनपी, कार्बनिक सेलेनियम अनुपूरण के बाद नैनो खनिजों और हार्मोन और अमीनो एसिड अभिव्यक्ति का संश्लेषण और उपयोग किया गया। कुक्कुट उत्पादन में IoT के अनुप्रयोग का मूल्यांकन करने के प्रयोग किए गए। कुक्कुट अपशिष्ट को अन्य कार्बन स्रोतों के साथ मिलाया गया और उपयोगी वर्मीकम्पोस्ट में बदला गया। फार्म में एएलवी संक्रमण की स्थिति की निगरानी की गई और आण्विक लक्षण वर्णन किया गया। निदेशालय में शोध निष्कर्षों को विभिन्न विस्तार पद्धतियों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित किया गया।

निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्र में बत्तख प्रजातियों पर काम ने बत्तख पालन के विभिन्न पहलुओं में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें इष्टतम विकास और उत्पादन के लिए संकर और आहार आवश्यकताओं और दाना संरचना में अंडे के उत्पादन में सुधार भी सम्मिलित है।

निदेशालय को डीएसटी-एसईआरबी, डीबीटी, एनआईसीआरए, आदि द्वारा वित्त पोषित कई अतिरिक्त भित्ति परियोजनाओं और पीपीपी मोड के तहत उद्योग के साथ सहयोगी परियोजनाओं का श्रेय दिया जाता है। अनुसंधान निर्गत को सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं, पत्रिकाओं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशनों के माध्यम से संप्रेषित किया गया।

निदेशालय ने कुक्कुट प्रजनन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना का समन्वय और निगरानी की, जिसमें 12 केंद्र हैं जो विशिष्ट लेयर, ब्रॉयलर और ग्रामीण जर्मप्लाज्म का रखरखाव करते हैं। निदेशालय ने पूरे देश में फैले 12 कुक्कुट बीज परियोजना केंद्रों की निगरानी और किसानों को उन्नत जर्मप्लाज्म की आपूर्ति किया है।

निदेशालय ने डीएपीएससी, एसटीसी और कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत कई बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संस्थान ने प्रदर्शनियों, मेलों और किसान क्षेत्र कार्यक्रमों में भाग लेकर संस्थान की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। निदेशालय द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को 41,829 पेरेंटों सहित कुल 3.75 लाख जर्मप्लाज्म वितरित किया। वर्ष के दौरान कुल रु.232.84 लाख राजस्व उत्पन्न हुआ। एआईसीआरपी केंद्रों और पीएसपी केंद्रों ने क्रमशः 5.85 और 3.58 लाख जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की, जिससे क्रमशः 197.66 लाख और रु. 159.47 लाख राजस्व प्राप्त हुआ।

मैं, डॉ. त्रिलोचन महापात्र, पूर्व सचिव, डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप, और डॉ.हिमांशु पाठक, सचिव,

डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप का अत्यंत आभारी एवं ऋणी हूँ। इस निदेशालय के विकास हेतु उनके द्वारा दिए गए उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूँ। मैं, सचिव, भाकृअनुप और वित्तीय सलाहकार, भाकृअनुप को उनके समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं, इस निदेशालय को प्रदान की गई निरंतर सहायता और समर्थन के लिए डॉ. बी.एन.त्रिपाठी, डीडीजी (एएस), डॉ. वी.के.सक्सेना, एडीजी (एपी एंड बी) और भाकृअनुप मुख्यालय के अन्य वैज्ञानिक और प्रशासनिक कर्मचारियों का आभारी हूं। मैं, इस निदेशालय के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक वर्गके कर्मचारियों एवं एआईसीआरपी और पीएसपी केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों की भी सराहना करता हूं, जो कुक्कुट किसानों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मैं इस वार्षिक प्रतिवेदन को प्रशंसनीय रूप में प्रकाशित एवं प्रस्तुत करने में सराहनीय कार्य कर रही संपादकीय समिति के सदस्यों को भी बधाई देता हूँ।

दिनांक: जुलाई 2023

आर.एन.चटर्जी

(आर.एन. चटर्जी)

निदेशक

विषयवस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	कार्यकारी सारांश	i
1.	परिचय	01
2.	अनुसंधान उपलब्धियां	04
3.	प्रौद्योगिकी मूल्यांकन एवं हस्तांतरण	69
4.	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण	74
5.	पुरस्कार एवं पहचान	75
6.	सम्पर्क एवं सहयोग	76
7.	कुक्कुट प्रजनन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना	77
8.	कुक्कुट बीज परियोजना	80
9.	प्रकाशन	82
10.	संचालित अनुसंधान परियोजनाएं	90
11.	परामर्श, अनुबंध अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण	95
12.	समितियां	97
13.	संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं में भागीदारी	99
14.	गणमान्य अतिथिगण	103
15.	कार्मिक	104
16.	अन्य प्रासंगिक जानकारी	106

संक्षिप्ताक्षर

AAU	आनंद कृषि विश्वविद्यालय/असम कृषि विश्वविद्यालय
AICRP	अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना
ARS	कृषि अनुसंधान सेवा
ASM	लैंगिक परिपक्वता पर आयु
BW	शरीर भार
CARI	केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान
CBH	कुटानियस बैसोफाइल हाइपरसेन्सटीविटी
CP	कच्चा प्रोटीन
CPCSEA	पशुओं पर प्रयोगों पर नियंत्रण एवं सुपरविजन के प्रयोजन हेतु समिति
CPDO	केन्द्रीय कुक्कुट विकास संगठन
CRIDA	केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान
d	दिवस
DARE	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
DBT	जैव प्रौद्योगिकी विभाग
DNA	डि-ऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड
DPR	कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय
DST	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
EP	अण्डा उत्पादन
EW	अण्डा भार
FCR	आहार रूपांतरण अनुपात
g	ग्राम
GP	ग्लूटाथिओन पेरॉक्सीडेज
GR	ग्लूटाथिओन रिडक्टेज
H : L ratio	हीटरोफिल : लिम्फोसाइट अनुपात
HDEP	वर्तमान मुर्गी संख्या के आधार पर अण्डा उत्पादन
HHEP	प्रारंभिक मुर्गी संख्या के आधार पर अण्डा उत्पादन
IAEC	संस्थान पशु नीतिशास्त्र समिति
IBSC	संस्थान जैव संरक्षा समिति
ICAR	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
IMC	संस्थान प्रबंधन समिति
IPSA	इंडियन पोल्ट्री साइन्स एसोसिएशन
IRC	संस्थान अनुसंधान समिति
IU	अंतर्राष्ट्रीय इकाई
IVRI	भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान
KVK	कृषि विज्ञान केन्द्र

LP	लिपिड पेरॉक्सीडेज
LPR	लिम्फोसाइट प्रचुरोदभवन अनुपात
MANAGE	राष्ट्रीय कृषि प्रसार प्रबंध संस्थान
MD	मारेक रोग
ME	उपापचय योग्य ऊर्जा
mill	मिलियन
mm	मिलीमांस र
NAARM	राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी
NAIP	राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना
NCBI	राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र
NDV	न्यूकैसल डीजीज वायरस
NGO	गैर सरकारी संगठन
NIRDPR	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान
no.	संख्या
NPP	नॉन-फॉइटेट फॉस्फोरस
NRC	राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र
OUAT	ओड़िशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
PCR	पॉलीमिरेज श्रृंखला प्रतिक्रिया
PDP	कुक्कुट परियोजना निदेशालय
PHA-P	फाइटोहिमाग्लुटिनिन - पी
PJTSAU	प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय
ppm	प्रति मिलियन पार्ट्स
QRT	पंचवर्षीय समीक्षा दल
RAC	अनुसंधान सलाहकार समिति
RBC	लाल रक्त कोशिका
SAU	राज्य कृषि विश्वविद्यालय
SL	पिंडली अथवा टांग की लंबाई
PVNRTVU	पी.वी. नरसिम्हा राव तेलंगाना पशु-चिकित्सा विश्वविद्यालय
SERB	विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड
SVU	राज्य पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय
SVVU	श्री वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय
TSA	अमीनो अम्ल वाला कुल सल्फर
U	इकाई
wks	सप्ताह

कार्यकारी सारांश

भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत एक अग्रणी संस्थान है, जिसे कुक्कुट की उत्पादकता को बढ़ाने, ग्रामीण कुक्कुट पालन हेतु नए जननद्रव्य विकसित करने तथा क्षमता निर्माण के लिए मौलिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान करने का अधिदेश सौंपा गया है। निदशालय अन्य वित्तपोषण एजेंयों द्वारा प्रायोजित अल्पावधिक अनुसंधान परियाजनाओं तथा पीपीपी मोड के तहत कॉन्ट्रेक्ट अनुसंधान कार्यक्रमों को भी संचालित किरता है। वर्ष 2022 की मुख्य उपलब्धियों का सारांश निम्न प्रकार है।

निदेशालय में अनुसंधान

आनुवंशिकी एवं प्रजनन

आनुवंशिकी एवं प्रजनन में अनुसंधान विशुद्ध वंशक्रमों में सुधार लाने और ग्रामीण कुक्कुट उत्पादन के लिए नस्लों/किस्मों के विकास, देसी कुक्कुट जननद्रव्य के संरक्षण एवं सुधार, और लेयर, ब्रायलर तथा जीन वंशक्रमों का अनुरक्षण एवं मूल्यांकन करने पर केंद्रित रहता है।

ग्रामीण कुक्कुट पालन के लिए जननद्रव्य

दो नर वंशक्रमों, यानी PD-1 (वनराजा नर वंशक्रम) एवं PD-6/GML (ग्रामप्रिया नर वंशक्रम) और दो मादा वंशक्रमों, यथा PD-2 (वनराजा मादा वंशक्रम) एवं PD-3 (ग्रामप्रिया मादा वंशक्रम) में विभिन्न शारीरिक विकास एवं उत्पादन गुणों की दृष्टि से सुधार लाया गया है और उनका प्रयोग ग्रामीण कुक्कुट नस्लों व किस्मों के उत्पादन के लिए किया जा रहा है। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर इन कुक्कुटों का शरीर भार और पिंडली की लंबाई क्रमश: 416.3 और 834.0 ग्रा. तथा 63.24 और 84.08 मि. मी. थी। 20 सप्ताह पर शरीर भार 1896 ग्रा. था, जबकि पिंडली की लंबाई 110.6 मि. मी. थी। लैंगिक अथवा यौन परिपक्वता पर आयु (ए एस एम) 178.8 दिन थी। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन 38.25 अंड तथा अंडा वजन 58.24 ग्रा. था।

PD-6 वंशक्रम में, किशोरावस्था गुणों तथा 40 सप्ताह की आयु तक उत्पादन गुणों व विशेषकों का मूल्यांकन एस-11 पीढ़ी के लिए किया गया। 2, 4 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 158.59 ± 0.05, 383.59 ± 2.34 एवं 848.38 ± 3.26 ग्रा. था। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई क्रमश: 67.67 ± 0.001 और 87.56 ± 0.001 मि. मी. थी। 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई ने लक्षणप्ररूपी स्केल पर पिछली 6 पीढ़ियों की तुलना में 2.60 मि. मी. प्रति पीढ़ी का सुधार परिलक्षित किया। 20 और 40 सप्ताह की आयु पर एएसएम, शरीर भार क्रमश: 172.88 ± 0.07 दिन, 2123.61 ± 0.93 ग्रा., 2629.64 ± 0.93 ग्रा. था। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन क्रमश: 49.81 ± 0.01 ग्रा., 51.37 ± 0.01 ग्रा., 53.31 ± 0.04 और 54.79 ± 0.02 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन 69.72 ± 020 अंडा था।

PD-2 वंशक्रम में, एएसएम 162.47±0.07 दिन था, 62 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 55.99 ± 0.03, और 52 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन 134.06 ± 0.98 तथा 52 सप्ताह की आयु तक अंडा द्रव्यमान 7624.49 ± 4.05 था। S-19 पीढ़ी में, कुल 1836 चूजे यादृच्छिक यौनक्रिया से उत्पादित किए गए। जननक्षमता 86.04% थी और कुल एवं उर्वर अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता व अंडजोत्पत्ति क्रमश: 80.16% और 93.16% थी। 2, 4 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 169.61 ± 0.06, 340.76±0.05 एवं 710.77±4.98 ग्रा. था, और 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई 78.43 ± 0.001 थी। पिंडली की लंबाई में 1.01 मि. मी. का मामूली सुधार आया।

PD-3 को 40-सप्ताह के उच्च अंडा द्रव्यमान के लिए चयनित किया जा रहा है। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर किशोरावस्था शरीर भार क्रमश: 163.96 ± 0.01 और 285.88±0.02 ग्रा. था। समनुरूपी पिंडली लंबाई क्रमश: 44.06±0.001 और 54.79±0.001 मि. मी. थी। एएसएम 147.6±0.01 दिन था, जो पिछली पीढ़ी की तुलना में, वांछित दिशा में घटकर कम था। 20 और 40 सप्ताह की आयु पर शरीर भार के लिए न्यूनतम वर्ग माध्य क्रमश: 1614±0.21 और 1794±0.23 ग्रा. थे। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 53.64 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर आंशिक अंडा उत्पादन अवधि 97.87 अंडा थी, जो पिछली पीढ़ी से 2 अंडे कम था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा द्रव्यमान 5239 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन एवं अंडा द्रव्यमान पिछली पीढ़ी की तुलना में मामूली रूप से घट गए। ईएम 40 एवं ईपी 40 की अंडा सेनन क्षमता 0.13 और 0.18 थी, जो पैमाने की दृष्टि से कम थी। ईएम 40 के लिए आनुवंशिक और लक्षणप्ररूपी सुधार, पिछली 10 पीढ़ियों की तुलना में, क्रमश: 54 और 232 ग्रा. था तथा ईपी 40 के लिए क्रमश: 1.14 डप 3.47 अंडा प्रति पीढ़ी था। S-11 पीढ़ी में, 50 नर कुक्कुटों एवं 250 मादा कुक्कुटों के पैडीग्रीड समागम के द्वारा पीडी-3 वंशक्रम के कुल 3163 चूजे उत्पादित किए गए। जननक्षमता 85.1% थी और एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता 90.08% थी तथा TES 76.66% था।

RIR, जो कि एक नया मादा वंशक्रम है, को निदेशालय में पदार्पित किया गया। 1000 उर्वर अंडों से 866 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। जननक्षमता 92.74% थी और एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता 87.84% तथा TES 81.47% था। एक दिवसीय शरीर भार 41.5 ग्रा. था। मादा कुक्कुटों में 4, 6 और 16 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 146.7, 344.4 और 1327 ग्रा. था तथा नर कुक्कुटों में क्रमश: 157.3, 386.4, और 367.3, 1734 ग्रा. था। मादा कुक्कुटों में समनुरूपी पिंडली लंबाई क्रमश: 43.52, 59.15 और 98.81 मि. मी. थी, जबकि नर कुक्कुटों की क्रमश: 45.09, 62.91 और 119.1 मि. मी. थी।

घरेलू कुक्कुट समष्टियां

जी-9 पीढ़ी में कुल 1118 चूजे उत्पादित किए गए जिनके शारीरिक विकास एवं उत्पादन गुणों के लिए 40 सप्ताह की आयु तक मूल्यांकन किया गया। जननक्षमता 84.09% थी और अंडा सेनन क्षमता 81.90 (FES) और 68.87 (TES) थी। एएसएम 203.5 दिन था। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार और पिंडली की लंबाई संयुक्त लिंग के आधार पर क्रमश: 97.87 एवं 242.61 ग्रा. और 36.48 एवं 54.56 मि. मी. थी। मुर्गियों का 20 और 40 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 1322 एवं 1845 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 46.42 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु तक आंशिक अंडा उत्पादन अवधि 19.45 अंडा थी। फार्म में तथा फील्ड स्थितियों में सघन कुक्कुट पालन प्रणाली के तहत माँस प्रयोजन हेतु विकसित असील X PD-1 संकर कुक्कुट के प्रदर्शन का मूल्यांकन दूसरी बार किया गया।

वनश्री में, जिसकी उत्पत्ति असील (PD-4) से हुई है, S-12 पीढ़ी के दौरान चौथी एवं पांचवीं अंडजोत्पत्तियों (हैच) के उत्पादन प्रदर्शन का मूल्यांकन 40 सप्ताह की आयु तक किया गया। S-13 पीढ़ी में 1:3 अनुपात में 50 नर और 150 मादा कुक्कुटों की यौनक्रिया कराकर वनश्री के कुल 919 स्वस्थ चूजों की अंडजोत्पत्ति दो हैच में की गई। औसत जननक्षमता 84.49% थी और उर्वर अंडों की सेनन क्षमता तथा कुल अंडा सेट क्रमश: 91.11 और 76.98% था। इन चूजों के शारीरिक विकास गुणों को उनकी 20 सप्ताह की आयु तक दर्ज किया गया।

घागस, जो एक देसी कुक्कुट नस्ल है, को 8 सप्ताह की आयु पर उच्च शरीर भार के लिए चयनित किया गया। घागस S-4 पीढ़ी (दूसरा हैच और तीसरा हैच) का मूल्यांकन उसके 21 से 40 सप्ताह तक उत्पादन गुणों का पता लगाने के लिए किया गया। पिछली पीढ़ी की तुलना में, अंडा उत्पादन में काफी वृद्धि पाई गई। 8 सप्ताह की आयु तक शरीर भार के लिए चयन भिन्नता एवं चयन तीव्रता क्रमश: 83.9 ग्रा. और 0.69 σ थी। कुल 135 मादा और 50 नर कुक्कुटों ने S-5 पीढ़ी में संततियों का योगदान दिया। कुल 954 पैडिग्रीड चूजों की अंडजोत्पत्ति S-5 में की गई और कुक्कुटों के 20 सप्ताह की आयु तक शारीरिक विकास गुणों के लिए मूल्यांकन किया गया। 20 सप्ताह की आयु पर नर एवं मादा कुक्कुटों का शरीर भार क्रमश: 2227 ± 19.3 (N-135) और 1644 ± 9.82 ग्रा. (N=308) था। 20 सप्ताह की आयु पर नर एवं मादा कुक्कुटों के पिंडली की लंबाई क्रमश: 128.9 ± 0.39 (N-135) और 104.1 ± 0.28 मि. मी. (N=308) थी।

निकोबारी, जो कुक्कुट की एक महत्वपूर्ण देशी नस्ल है, का मूल्यांकन किया जा रहा है और उसे संस्थान में विशुद्ध नस्ल यादृच्छिक समागम समष्टि के रूप में संरक्षित किया जा रहा है। G-9 पीढ़ी को उत्पादित करके उसका 20 सप्ताह की आयु तक शारीरिक विकास तथा उत्पादन गुणों के लिए मूल्यांकन किया गया। 2 मादा कुक्कुटों का 1 नर (1:2 अनुपात) के वीर्य से गर्भाधान कराकर G-9 पीढ़ी में दो अंडजोत्पत्तियों में कुल 574 स्वस्थ्य चूजे उत्पादित किए गए। जननक्षमता 88.31% दर्ज की गई, जबकि उर्वर एवं कुल अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 95.75 और 84.56% थी। शारीरिक विकास गुणों के लिए 4 सप्ताह के अंतराल पर 20 सप्ताह की आयु तक कुक्कुटों का मूल्यांकन किया गया। 4 (208.2 ± 1.70 ग्रा.), 8 (558.8 ± 4.92g) और 12 सप्ताह (886.4 ± 7.84 ग्रा.) की आयु पर शरीर भार में क्रमश: 43.7, 148 और 73 ग्रा. का सुधार पाया गया, जबकि 8 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई (68.85 ± 0.47 मि. मी.) में पिछली पीढ़ी (G-8) की तुलना में 7.67 मि. मी. का सुधार आया। G-9 पीढ़ी के उत्पादन प्रदर्शन का मूल्यांकन 40 सप्ताह की आयु तक किया गया।

कड़कनाथ, जो कि एक देसी कुक्कुट है, नस्ल का मूल्यांकन अंडा उत्पादन प्रदर्शन के लिए G-2 पीढ़ी में 72 सप्ताह की आयु तक किया गया। 40, 64 और 72 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश 77.31 ± 0.92, 166.8 ± 1.89, और 188.7 ± 2.16 अंडा था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 44.75 ± 0.15 ग्रा. था। कड़कनाथ की G-3 पीढ़ी को पैतृक नस्ल के साथ यादृच्छिक यौनक्रिया व समागम द्वारा पुनर्जनित किया गया। कुल 46 नर एवं 138 मादा कुक्कुटों, जो एएलवी के लिए निगेटिव थे, का उपयोग किय गया। लगभग 1,177 अंडे सेए गए और 3 हैचों में 1004 स्वस्थ चूजे उत्पादित किए गए। जननक्षमता 94.31% थी। टीईएस और एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 86.75 और 91.98 % थी। वाणिज्यिक ब्रायलरों की तुलना में, कड़कनाथ के लोथ एवं माँस गुणवत्ता गुणों तथा माँस की पौषणिक प्रोफाइल का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया।

ब्रॉयलर समष्टियां

पीबी-1 झुंड का पुनर्जनन संग्रहित वीर्य के साथ यादृच्छिक समागम के माध्यम से किया गया। 3 अंडजोत्पत्तियों अर्थात हैच में कुल 1134 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। जननक्षमता 92.17% थी। कुल अंडा सेट और उर्वर अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 87.79 और 95.25% थी। एआईसीआरपी-पीबी लुधियाना केंद्र से कुल 1500 उर्वर अंडे प्राप्त किए गए और 1439 अंडे सेए गए। कुल 1058 स्वस्थ्य चूजे प्राप्त किए गए। पीबी-1 की एस-1 पीढ़ी (लुधियाना एवं डीपीआर जननद्रव्य) का मूल्यांकन किशारोवस्था शारीरिक विकास गुणों के लिए किया गया। 0 दिन, 2, 4, 5 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार के समग्र मान क्रमश: 39.81, 252.0, 756.8, 1023 एवं 1342 ग्रा. थे। लुधियाना जननद्रव्य अथवा जननद्रव्य के लिए यही समरूपी प्रदर्शन मान क्रमश: 42.57, 286,

799, 1149 एवं 1414 ग्रा. थे। पीबी-1 के लगभग 540 वयस्क मादाओं (लगभग 225 लुधियाना एवं 315 डीपीआर जननद्रव्य) को पाला गया तथा अंडा उत्पादन का मूल्यांकन किया गया। पीबी-1 झुंड का पुनर्जन्म संग्रहित वीर्य के यादृच्छिक समागम के द्वारा किया गया और कुल 2381 अंडे सेए गए। तीन अंडजोत्पत्तियों में कुल 1960 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। जननक्षमता, टीईएस तथा एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 91.47, 84.21 एवं 92.06 % थी।

कंट्रोल ब्रॉयलर वंशक्रम की जी-20 पीढ़ी का मूल्यांकन कुक्कुटों के किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों का पता लगाने के लिए किया गया। 2 हैच में कुल 1221 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। जननक्षमता 87.75 थी और टीईएस एवं एफईएस आधार पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 84.14% और 95.89% थी। जी-20 पीढ़ी का मूल्यांकन किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों के लिए किया गया। 2, 4, 5, और 6 सप्ताह की आयु पर औसत शरीर भार क्रमश: 35.04, 205.4, 562.7, 842.5 एवं 1,072 ग्रा. था। 5 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई और वक्षस्थल का कोण क्रमश: 77.69 मि. मी. और 72.15 ^{0} था। लगभग 425 वयस्क मादाओं को पाला गया और अंडा उत्पादन का मूल्यांकन किया गया। 20 सप्ताह पर मादाओं में औसत शरीर भार 2,526 ग्रा. था। एएसएम 166.03 दिन था। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह तक की आयु पर अंडा वजन क्रमश: 49.88, 52.68, 54.03 और 57.39 ग्रा. था। 32 और 40 सप्ताह की आचु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 40.33 और 72.58 था। झुंड को संग्रहित वीर्य के यादृच्छिक समागम के द्वारा पुनर्जनित किया गया और कुल 1050 अंडे प्राप्त किए गए। जी-21 पीढ़ी में एक ही हैच में कुल 900 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। जननक्षमता, टीईएस और एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 91.90, 87.05 और 94.72% थी।

पीबी-2 (बेंगलूरु) की S-2 पीढ़ी को 3 हैच में यादृच्छिक समागम के द्वारा पुनर्जनित किया गया। 4, 5 और 6 सप्ताह पर शरीर भार तथा 5 सप्ताह पर पिंडली की लंबाई क्रमश: 709 ± 1.36 ग्रा., 985 ± 2.81, 1214 ± 5.26 ग्रा. और 82.28 ± 0.15 मि. मी. थी। पीबी-2 समष्टि के वयस्क का प्रदर्शन 40 सप्ताह की आयु तक दर्ज किया गया। 20 और 40 सप्ताह पर एएसएम, शरीर भार; 28, 32, 36 और 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन क्रमश: 159 ± 2.10 दिन, 2316 ± 23.28 ग्रा., 2967 ± 26.39 ग्रा., 51.58 ± 0.82 ग्रा., 54.90 ± 0.72 ग्रा., 55.64 ± 0.68 ग्रा., 57.75 ± 0.80 ग्रा. था। पीबी-2 की एस-1 पीढ़ी का 40 सप्ताह पर अंडा उत्पादन 75.49 ± 1.30 था। एस-1 और पीबी-2 को यादृच्छिक समागम के द्वारा पुनर्जनित किया गया। जननक्षमता प्रतिशत, टीईएस और एफईएस पर प्रतिशत अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 92.19, 86.28 और 93.59 थी। कुल 3344 स्वस्थ्य चूजे प्राप्त किए गए।

पंखरहित ग्रीवा एवं बौने कुक्कुट जीन वंशक्रम की एस-19 पीढ़ी का जनन यादृच्छिक समागम के माध्यम से कराया गया। पंखरहित ग्रीवा वाले कुक्कुट जीन वंशक्रम में प्रतिशत जननक्षता, टीईएस और एफईएस पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 88.69, 74.28 और 83.75% थी। बौने जीन वंशक्रम में यही समरूपी मान क्रमश: 83.15, 69.81 एवं 83.96% थे। 4 अंडजोत्पत्तियों में कुल 377 स्वस्थ चूजे उत्पादित किए गए। पंखरहित ग्रीवा वाले कुक्कुटों की किशोरावस्था (4 और 6 सप्ताह) पर शारीरिक विकास गुण तथा 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई क्रमश: 592±1.31 ग्रा., 1050±2.20 ग्रा. और 89.62±0.71 मि. मी. थी। बौने कुक्कुटों के संबंध में यही समरूपी मान क्रमश: 481±1.42 ग्रा., 791± 2.81 ग्रा. और 78.36 ± 0.78 मि. मी. थे। पंखरहित ग्रीवा वाले वयस्क कुक्कुटों का प्रदर्शन, यथा लैंगिक (यौन) परिपक्वता पर आयु तथा 20 और 40 सप्ताह पर शरीर भार, 28, 32, 36 एवं 40 सप्ताह पर अंडा वजन और 40 सप्ताह का अंडा उत्पादन क्रमश: 157 ± 2.81 दिन, 2454 ± 22.23 ग्रा., 2849 ± 22.38 ग्रा., 48.65 ग्रा. ± 0.91 ग्रा., 50.95 ± 0.62 ग्रा., 53.45 ग्रा. ± 0.61 ग्रा., 55.10 ± 0.71 ग्रा. और 61.78 ± 1.28 अंडे था। बौने जीन वंशक्रम के कुक्कुटों के संबंध में यही समरूपी मान क्रमश: 160 ± 2.35 दिन, 1931 ± 20.12 ग्रा., 2515 ± 28.12 ग्रा., 48.38 ± 0.72 ग्रा., 50.56 ± 0.68 ग्रा., 53.08 ± 0.58 ग्रा., 53.15 ± 0.52 ग्रा. और 67.05 ± 1.72 अंडा थे।

लेयर समष्टियां

उच्च अंडा संख्या के लिए दो उत्कृष्ट वंशक्रम, यानी IWH एवं IWI चयन के तहत थे, जबकि IWD, IWF, IWN, IWP और लेयर कंट्रोल (LC) यादृच्छिक प्रजनन कार्यक्रम के तहत थे। प्रतिवेदित अवधि के दौरान कुक्कुटों की 72 सप्ताह की आयु तक शारीरिक विकास एवं उत्पादन गुणों का मूल्यांकन किया गया। तीन और द्वि-मार्गीय लेयर संकरों व क्रासों का मूल्यांकन पूरा किया गया। तीन-मार्गीय संकर (DKH) कुक्कुटों ने सफेद पक्षति की तुलना में बहुरंगी पक्षति प्रदर्शित की, जबकि अन्य द्वि-मार्गीय संकरों, यानी CHx, VHx, KH एवं DRx ने बहुरंगी धब्बे प्रदर्शित किए। DKH पुलेट एवं कॉक्रेल का वजन क्रमश: 1354.53 एवं 1647.35 ग्रा. था। इन बहु-रंगी कुक्कुटों की पिंडली पतली होती है और ये अच्छी उड़ान भरने में समर्थ हैं जो कि परभक्षियों से बचने का वांछनीय गुण है। ये कुक्कुट देसी मुर्गे की तरह दिखाई देते हैं। DKH कुक्कुटों का वार्षिक अंडा उत्पादन सभी आयु चरणों पर इष्टतम अंडा वजन के साथ 239.20 ± 2.96 था। इस आशानजक संकर/क्रास, जो 200 से अधिक भूरे रंग के अंडे देने की क्षमता रखता है, का फार्म मूल्यांकन फार्म स्तर पर ही पूरा किया गया।

आण्विक आनुवंशिकी

कड़कनाथ F1 प्रोजेनी PacBio Sequal II को पैतृक एवं

मातृक इलुमिना डेटा-विशिष्ट सुपारिभाषित k-mers के साथ पैतृक और मातृक हैप्लोटाइप में सबरीड किया गया। 18993.39 बीपी की औसत लंबाई के कुल 1778006 HiFi (33770360517bp) रीड्स PacBioSequal II सबरीड्स से सृजित किए गए। पृथक्करण में 19125.21 बीपी की औसत रीड्स लंबाई के साथ 785202 मातृक हैप्लोटाइप रीड्स (15017152695 बीपी) प्राप्त किए गए, जबकि पैतृक हैप्लोटाइप रीड्स 919345 (17583798297 बीपी) थे, जिनकी औसत रीड्स लंबाई 19126.44 बीपी थी। कुल 73459 (4.13%) रीड्स गैर-वर्गीकृत (अनएसाइन्ड) थे। वर्गीकृत किए गए रीड्स का प्रयोग करके हैप्लोटाइप-बिन्ड रीड्स को अलग से असेंबल किया गया। कड़कनाथ नस्ल की जीनोमिक सूचना को कार्यात्मक ट्रेल्स के साथ जोड़ने के लिए, कड़कनाथ नस्ल के साथ-साथ वाणिज्यिक ब्रायलर नस्ल की माँस प्रोफाइल का परीक्षण किया गया। कड़कनाथ नस्ल के जीनप्ररूप में, सिर, पंख, पैर, पीठ और गर्दन के संदर्भ में काफी कम ($p<0.05$) औसत प्रतिशत लोथ गुण प्रेक्षित किए गए, जबकि वाणिज्यिक ब्रॉयलरों में जिबलेट, आंत, स्तन फैलाव और स्तन माँस अधिक पाया गया। कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुटों की तुलना में, ब्रॉयलर नस्ल के कुक्कुट का लोथ वजन और ड्रेसिंग प्रतिशत काफी अधिक ($P<0.05$) था। कुक्कुटों के कोलेजन की घुलनशीलता के बीच और कड़कनाथ कुक्कुटों के माँस की तुलना में ब्रायलर के माँस में काफी भिन्नता प्रेक्षित की गई। कड़कनाथ नस्ल के मुर्गे की मांसपेशी में वाणिज्यिक ब्रॉयलर की तुलना में प्रोटीन उच्च मात्रा में था। वाणिज्यिक ब्रायलरों के माँस में दर्ज किया गया वसा प्रतिशत कड़कनाथ की तुलना में काफी उच्च ($P<0.05$) था।

मैग्नम प्राइमरी सेल कल्चर को इन विट्रो स्थिति के तहत मानव ऊतक प्लासमिनोजन एक्टिवेटर (htPA) एवं मानव एरिथ्रोपोईटिन जीनों वाले पराजीनी कैसेट की अभिव्यंजकता का विश्लेषण करने के लिए इष्टतमीकृत संवर्ध यानी कल्चर स्थिति के साथ स्थापित किया गया। 1689 bp के htPA cDNA को संश्लेषित करके एक पराजीनी कंस्ट्रक्ट में क्लोनीकृत किया गया जिसमें कुक्कुट ओवलबुमिन प्रमोटर, ओवलबुमिन पॉली A टेल एवं कुक्कुट हिस्टोन जीन सन्निहित था। संपूर्ण कंस्ट्रक्ट को pUC57 वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया ताकि कंस्ट्रक्ट का आगे और बहुगुणन किया जा सके। 582 bp के hERP cDNA को संश्लेषित किया गया और एक ऐसे पराजीनी कंस्ट्रक्ट में क्लोनीकृत किया गया जिसमें कुक्कुट ओवलबुमिन प्रमोटर, ओवलबुमिन पॉली A टेल एवं कुक्कुट हिस्टोन जीन सन्निहित था। कंस्ट्रक्ट की कुल लंबाई 3112 bp थी। संपूर्ण कंस्ट्रक्ट को pUC57 वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया ताकि कंस्ट्रक्ट का आगे और बहुगुणन किया जा सके।

जननग्रंथि के लिंग-विशिष्ट विभेदन के लिए किए गए अध्ययन में, एनसीबीआई से प्राप्त डेटासेटों (SRR 4029458, SRR 4029457, SRR 4029464, SRR 4029463, SRR 4029460, SRR 4029459) का उपयोग किया गया ताकि भ्रूणीय एवं अंडजोत्पत्ति उपरांत अवधि में दाईं डिम्बग्रंथि के प्रतिगमन के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु भ्रूणीय 6 दिवसयी (E6) बनाम भ्रूणीय (E12) और अंडजोत्पत्ति उपरांत 1 दिन (D1) पर भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित जीनों का अध्ययन किया जा सके। E6 से E12 के दौरान भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित काफी ज्यादा उच्च अनुक्रियात्मक एवं निम्नेतर अनुक्रियात्मक (अर्थात अप एण्ड डाउन-रेग्यूलेटेड) जीन क्रमश: 373 और 520 पाए गए। E12 के दौरान काफी ज्यादा उच्च-अनुक्रियात्मक जीनों (FGG, APOH, AHSG,HSD17B1, NME7, PROCA1,MLKL आदि) को E6 से तुलना करते हुए फिब्रिनोलाइसिस, एंडोपेप्टिडेस निरोधक गतिविधि, पेप्टिडेस निरोधक गतिविधि आदि से संबंधित पाथवेज में सक्रिय पाया गया। E12 से D1 के दौरान भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित बहुत ज्यादा उच्च-अनुक्रियात्मक एवं निम्नेतर-अनुक्रियात्मक जीन क्रमश: 708 और 1136 थे। D1 के दौरान बहुत ज्यादा निम्नेतर-अनुक्रियात्मक जीनों (TRAF5,CALML3, FGG, APOH, आदि) को E12 से तुलना करते हुए क्रमादेशित कोशिका की मृत्यु को विनियमित करने वाले पाथवे में सक्रिय पाया गया, जो यह इंगित करता है कि E12 के दौरान क्रमादेशित कोशिका की मृत्यु ज्यादा हुई और अंडजोत्पत्ति उपरांत अवधि के दौरान दाईं डिम्बग्रंथि पूर्ण रूप से विकृत हो गई थी। KEGG पाथवे विश्लेषण ने HSD17B1, STEAP3, NME7, CALML3, PROCA1 एवं MLKL जीन इंगित किए जो दाईं डिम्बग्रंथि के प्रतिगमन से संबंधित विभिन्न पाथवेज में सक्रिय थे।

कड़कनाथ नस्ल के ताजे अंडजनित अंडों से वियोजित X चरण की ब्लास्टोडर्मल कोशिकाओं के निम्नताप परिरक्षण के लिए कार्यविधि का मानकीकरण किया गया। ब्लास्टोडर्मल कोशिकाओं को 10% डाइमिथायल सल्फॉक्साइड (DMSO) का प्रयोग करके 0.25 मि. ली. प्लास्टिक स्ट्रॉ में निम्नताप परिरक्षित (क्रायोप्रिजर्वेशन) किया गया। ब्लास्टोडर्मल कोशिकाओं को 0.1 या 0.2M सुक्रोस की उपस्थिति में निम्नताप परिरक्षित किया गया। इन दोनों मात्राओं व सांद्रताओं पर मूल्यांकित किए गए सुक्रोस ने पिघलन-उपरांत जीवित कोशिका प्रतिशत में काफी ज्यादा सुधार किया। अन्य परीक्षण में, कड़कनाथ ब्लास्टोडर्मल कोशिकाओं को 0.1, 0.2 या 0.4M ट्रिहेलोस की उपस्थिति में निम्नताप परिरक्षित किया गया। पिघलन-उपरांत नमूनों में मूल्यांकित प्रतिशत जीवित कोशिकाओं ने यह दर्शाया कि ट्रिहेलोस की कोई भी मूल्यांकित मात्रा ने, कंट्रोल की तुलना में, जीवित कोशिका प्रतिशत में सुधार नहीं किया।

घरेलू मुर्गियों (कृषि-जैवविधिता पर सीआरपी) के संरक्षण के लिए देशी घरेलू कुक्कुट नस्लों के पीजीसी बैंक की

स्थापना की गई। इसके तहत, हमने 2 घरेलू कुक्कुट नस्लों नामत:, कड़कनाथ एवं पंजाब ब्राउन को संस्थान में पीजीसी बैंक में निम्नताप परिरक्षित किया है।

पोषण

ब्रायलर और लेयर उत्पादन के लिए CO_2 समतुल्यों का परिकलन देश के तीन स्थानों से एकत्र किए गए डेटा के आधार पर किया गया। ब्यूटिरिक अम्ल तथा जैविक ट्रेस खनिजों और एनएसपी एंजाइम/फाइटेस ने आहार परिवर्तन दक्षता में सुधार किया।

ब्रायलर कुक्कुट के चारा व आहार में शारीरिक विकास को बढ़ाने वाले एंटिबायोटिक के लिए व्यवहार्य वैकल्पिक आहार योगजों (एडीटिव्स) का पता लगाने के लिए तीन परीक्षण किए गए जिसके लिए प्रोबायोटिक्स (बेसिलस वूलेजेंसिस, बेसिलिस पुमिलस एवं बैसिलस एमिलो लिक्विफेसिएंस) का या तो अकेले या संयोजन में प्रयोग किया गया - बेसिट्रासीन मिथाइलेन डाइ सेलीसाइलेट (बीएमडी) का प्रयोग कंट्रोल आहार में प्रतिसूक्ष्मजीवी (एंटिमाइक्रोबायल) कंपाउंड के रूप में किया गया। प्रथम परीक्षण में, मूल अर्थात बेसल आहार को प्रोबायोटिक के भिन्न विभेदों (स्ट्रेन्स) नामत: BAG17, CSG1.1, ZBMG3, PPG6, FG12 एवं ZBLS6 के साथ अनुपूरित किया गया ताकि इन विभेदों की प्रभावकारिता की तुलना टेस्ट किए गए AGP के संभावित विकल्पों के रूप में की जा सके। एजीपी या एनसी आहार में भिन्न प्रोबायेटिक संवर्धों के अनुपूरण ने शरीर भार लाभ तथा आहार अंतर्ग्रहण को प्रभावित नहीं किया। लेकिन, उपचार के प्रभाव से रेडी टुक ईल्ड अर्थात अंतिम माँस मात्रा प्रभावित हुई। ब्रायलर कुक्कुट में सीएमआई अनुक्रिया AGP और प्रोबायोटिक अनुपूरण में आहारीय विविधताओं से प्रभावित नहीं हुई। आहार में प्रोबायोटिक अनुपूरण से HI टाइटर काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। ZBLS6 विभेद के अलावा, सभी प्रोबायेटिक संवर्धों ने प्रोटीन की पाचनीयता को काफी अधिक सुधारा। CSG1.1, ZBMG3 या FG12 समूहों में प्रोटीन पाचनीयता उसी प्रकार थी जैसे कि एजीपी अनुपूरित आहार खिलाए गए कुक्कुटों की थी। प्रोबायेटिक खिलाए गए अधिकांश कुक्कुट समूहों में भी ऊर्जा पाचनीयता उसी तरह थी जैसे की AGP खिलाए गए समूह की थी, परंतु PPG6 अथवा ZBLS6 को छोड़कर, जिनकी ऊर्जा पाचनीयता वर्तमान अध्ययन में परीक्षित समूहों के बीच सबसे कम थी। अध्ययन में यह उल्लेख पाया गया कि आहारीय एंटिबायोटिक को वर्तमान अध्यन में परीक्षित अधिकांश प्रोबायोटिक प्रजातियों से ब्रायलर के प्रदर्शन को प्रभावित किए बिना प्रतिस्थापित किया जा सकता है। एंजाइमों के तीन संयोजनों, यानी ब्यूटिरिक अम्ल, प्राकृतिक तेल एवं प्रोबायोटिक को टेस्ट किया गया जहाँ BWG और FI आहारीय उपचारों से प्रभावित नहीं हुए। जिन ब्रायलरों को परीक्षण किए गए सभी वैकल्पिक आहार परोसे गए थे, उनके आहार अंतर्ग्रहण में बहुत सुधार आया, जबकि कंट्रोल आहार दिए गए ब्रायलरों में ऐसा नहीं पाया गया। वध संबंधी सभी चरों (वेरिएबल्स) का परीक्षण किया गया, परंतु वक्षस्थल माँस का सापेक्षिक भार व वजन उपचारों से प्रभावित हुआ।

तीन समूहों यानी BMD, नेगेटिव कंट्रोल और फाइटेज + एनकैप्सुलेटेड EO प्रत्येक से छह सीकेल मेटेजनोमिक डीएनए नमूनों का प्रयोग शॉटगन अनुक्रमण (नोवासेक 600, 150x2 PE रीड) के लिए किया गया। कायजू (Kaiju) का प्रयोग करके वर्गिकीविज्ञान अर्थात टैक्सोनोमिक प्रोफाइलिंग बनाई गई तथा जीरूट का प्रयोग करके रेसिस्टोम विश्लेषण किया गया। अध्ययन में यह पाया गया कि AGP BMD के साथ-साथ AGP फाइटेज के विकल्पों तथा EO मिश्रण ने नेगेटिव कंट्रोल की तुलना में गट अर्थात आंत में कुछ लाभकारी बैक्टीरिया की पर्याप्त मात्रा में वृद्धि की। सभी नमूनों में बड़ी संख्या में ARGs पाए गए, जो कुक्कुट की आंत में एंटीबायोटिक प्रतिरोध की ओमनी उपस्थिति का सूचक थे। यह निष्कर्ष निकाला गया कि ब्रायलर के प्रदर्शन से समझौता किए बिना, उसके आहार में AGP को BA, EO एंजाइम या प्रोबायोटिक के संयोजन से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। ब्रायलर कुक्कुट के आहार में AGP को एंजाइमों के संयोजन (फाइटेस एवं जायलेनेस) से तथा एंजाइमों को प्राकृतिक तेल से, ब्रायलर के प्रदर्शन से समझौता किए बिना, प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

ब्लैक सोल्जर फ्लाई (बीएसएफ) (हर्मेटियाइल्यूसेंस) के लार्वा को कुक्कुट आहार में प्रोटीन के एक प्रभावी एवं स्थायी स्रोत के रूप में उपयोग करने की संभावना है। वनराजा चूजों के आहार में बीएसएफ लार्वा के भोज-पदार्थ/मील (BSFLM) को 0, 12, 15 और 18% की मात्रा व स्तरों पर टेस्ट किया गया। दो परीक्षणों के परिणामों से यह पाया गया कि आहार में 15% और उससे अधिक की मात्रा पर BSFLM वनराजा चूजों के प्रदर्शन के लिए अच्छा था, जबकि आहार में 12% BSFLM से अन्य चरों में तथा प्रदर्शन में मिश्रित स्थिति पाई गई।

बहुरंगी ब्रायलर में अपशिष्ट आहार अंतर्ग्रहण (RFI) विशिष्ट SNPs तथा प्रत्याशी जीनों के पहचान और लक्षणवर्णन की प्रक्रिया में, एक परीक्षण किया गया जहाँ बारह उच्च RFI एवं 12 न्यून RFI कुक्कुटों का वध किया गया और नमूने एकत्र किए गए तथा एसएनपी आदि की पहचान करने के लिए अनुक्रमण एवं विश्लेषण के लिए नमूने परिरक्षित किए गए।

वाणिज्यिक ब्रॉयलर के शारीरिक विकास प्रदर्शन, रक्त जैव रासायनिक प्रोफ़ाइल पर जैविक और अजैविक जिंक की तुलना में जैवसंश्लेषित जिंक नैनो कणों को खिलाने के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन किया गया। ब्रायलरों को 40 मि. ग्रा. अनूपूरित आहार खिलाया गया जिसमें या तो भिन्न जिंक रूपों, यानी अजैविक जिंक सल्फेट, वाणिज्यिक Zn N P, जैवसंश्लेषित Zn N

P में से कोई एक था और जैविक जिंक था। परिणामों में यह उल्लेख पाया गया कि ब्रायलरों को अजैविक जिंक युक्त आहार दिए जाने के बजाए, नैनो जिंक अनुपूरण वाला आहार दिए जाने के कई लाभ हैं।

आईओटी सेंसरों का प्रयोग करके रीयल टाइम अर्थात तत्क्षण कुक्कुट पर्यावरण की निगरानी करने के लिए तथा कुक्कुटों पर पर्यावरणीय दबाव व तनाव को कम करने और कुक्कुट स्वरोच्चारण (वोकलाइजेशन) का अध्ययन करने एवं इसे कुक्कुट के स्वास्थ्य, दबाव, लिंग के साथ सहसंबंधित करने तथा अंतत: एक अगेती चेतावनी प्रणाली विकसित करने के लिए एक परियोजना प्रारंभ की गई।

ग्रामप्रिया कुक्कुटों में NaPi-IIb, PiT-1 एवं PiT-2 की मांसपेशीय जीन अभिव्यंजकता और प्रदर्शन पर आहारीय गैर-फाइटेट फास्फोरस (एनपीपी) के परिवर्ती स्तरों के साथ न्यून फाइटेट मक्का (एलपीएम) खिलाए जाने के प्रभाव का पता लगाने हेतु एक अध्ययन किया गया। अध्ययन ने यह प्रदर्शित किया कि LPM के साथ आहारों ने नर्सरी चरण के दौरान ग्रामप्रिया कुक्कुटों में BWG एवं FCR में सुधार किया। NPP एवं NM या LPM के परिवर्ती स्तरों के साथ आहारों ने मुर्गियों की छोटी आंत में फास्फोरस के सक्रिय रोगवाहक से संबद्ध जीनों की अभिव्यंजक प्रोफाइल को प्रभावित किया।

शरीरक्रिया विज्ञान

वनराजा, असील, घागस एवं निकोबारी नस्लों में अगेती अंडजनन अवधि (24-28 सप्ताह, EP) और मध्य-अंडजनन अवधि (32-36 सप्ताह, MP) के दौरान मेलाटोनिन, घ्रेलिन, प्रोजेस्टेरॉन एवं एस्ट्राडियोल के प्लाज्मा स्तरों का आकलन किया गया। उपचार समूह में, वनराजा के लिए 0.15 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. की दर से और असील, घागस एवं निकोबारी नस्लों के लिए 0.05 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. की दर से Se खमीर उत्पाद को अनुपूरित किया गया। हार्मोन मेलाटोनिन, घ्रेलिन रिसेप्टर्स और अमिनो अम्ल संवाहकों B^0AT, CAT, LAT2 एवं LAT4 के संदर्भ में जीन अभिव्यंजकता अध्ययनों का विश्लेषण किया गया।

35:1, 30:1 एवं 25:1 के C/N अनुपात के साथ अनुपूरण के रूप में, धान भूसी सहित मिश्रित कुक्कुट कचरे के साथ वर्मीकम्पोस्ट अर्थात केंचुआ खाद तैयार की गई। यह पाया गया कि कुक्कुट फार्मों में सृजित पिंजरा कुक्कुट कचरा 92 दिनों की अवधि में केंचुआ खाद में सफलतापूर्वक परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार तैयार की गई केंचुआ खाद का मूल्यांकन फील्ड में जैव-उर्वरक के रूप में मूंग किस्म WGG-45 के लिए किया गया। उर्वरक का प्रयोग किए जाने से विभिन्न पहलुओं, जैसे कि पादप की उंचाई, प्रति पादप शाखाओं की संख्या, 50% परिपक्वता, स्टोवर उपज तथा बीज उपज पर लाभकारी प्रभाव पाए गए। सहजन की सूखी पत्तियों के पाउडर और कृमियों अथवा केंचुओं के अनुपूरक के प्रभावों का अध्ययन करने हेतु एक आहार परीक्षण किया गया। कृमि उपचार समूह में अंडा उत्पादन तथा रोगप्रतिरोध प्राचलों में लाभकारी प्रभाव प्रेक्षित किए गए।

स्वास्थ्य

घरेलू मुर्गियों में एएलवी संक्रमण की स्थिति का अध्ययन किया गया। पक्षी ल्यूकोसिस उप-समूह E लॉसी, जैसे कि ev3, ev6, ev9 एवं ev21 लॉसी की स्थिति का निर्धारण करने के लिए निदेशालय में अनुरक्षित कुछ वंशक्रमों में लोकस विशिष्ट पीसीआर अध्ययन किया गया। पक्षी ल्यूकोसिस विषाणु उप-समूह J की आणविक विशेषताओं व गुणों का अध्ययन ट्यूमर नमूने से निष्कर्षित प्रोवायरल डीएन के पूर्ण जीनोम अनुक्रमण के द्वारा किया गया।

कुल 86 कुक्कुट एस्चेरिचिया कॉली को वियोजित किया गया और विभिन्न एंटिबायोटिकों के लक्षणप्ररूपी प्रतिसूक्ष्मजीवी संवेदनशीलता पैटर्न का अध्ययन किया गया तथा यह पाया गया कि एम्पिसिलीन के लिए तथा उसके बाद सेफपोडोक्साइम के लिए उच्चतम प्रतिरोध था। कुक्कुट स्टेफिलोकोक्कस औरियस नमूनों को भी वियोजित किया गया और विभिन्न एंटिबायोटिकों के लक्षणप्ररूपी प्रतिसूक्ष्मजीवी संवेदनशीलता पैटर्न का अध्ययन किया गया।

इम्यून जीनों के ट्रांसक्रिप्टों की अभिव्यंजकता ने मेसोजेनिक न्यूकैशल रोग विषाणु के लिए घरेलू कुक्कुट नस्लों के असंक्रमित कंट्रोल भ्रूणों की तलुना में भिन्नात्मक अभिव्यंजकता पैटर्न प्रदर्शित किया। बहुरंगी ब्रायलर एवं वनराजा मुर्गियों में परीक्षणात्मक न्यूकैशल विषाणु संक्रमण ने भिन्न अनुक्रिया, रुग्णता, मृत्युदर एवं रोगप्रतिरोध अनुक्रिया प्रदर्शित की।

विस्तार

कुक्कुट उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा स्थिति का अध्ययन करने हेतु अनुसूचित जाति (अ.जा.) परिवारों के बीच आंध्र प्रदेश (ए.पी.) के तेलंगाना (टी. सी.) और गुंटूर जिले के मंचेरियल जिले में एक कार्योत्तर अध्ययन किया गया। आंध्र पेदश में अधिकांश अ.जा. के परिवार (74.6%) भूमिहीन श्रेणी से संबंधित हैं, जबकि तेलंगाना में 78% अ.जा. परिवार सीमांत भूजोत श्रेणी से संबंधित हैं।

दोनों राज्यों के अनुसूचित जाति समुदाय में अंडे के सेवन में कोई खास अंतर नहीं था। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कुक्कुट माँस का सेवन 9.16 और 8.03 कि. ग्रा. प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष पाया गया। कुक्कुट माँस की खपत तेलंगाना की तुलना में आंध्र प्रदेश के अ.जा. समुदाय में अधिक थी। आंध्र प्रदेश के अ.जा. समुदाय के खाद्य सुरक्षा स्कोर को तेलंगाना में उनके समकक्ष की तुलना में काफी अधिक पाया गया।

क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर

क्षेत्रीय केंद्र में कुजी X खाकी कैम्पबेल से पहली बार 300 से अधिक अंडे दर्ज किए गए। इससे पहले किसी भी रिपोर्ट

में किसी भी नस्ल या संकर से 72 सप्ताह की आयु तक 300 अंडे दर्ज नहीं किए गए थे। खाकी एवं कुजी X कैम्पबेल में जननक्षमता बेहतर थी। उर्वर अंडा सेट आधार पर भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंडा सेनन क्षमता 73.65 से 94.72 % के बीच थी। कुट्टनाड-चेमबाली बत्तखों के उर्वर अंडे (1000 सं.) सरकारी बत्तख फार्म, निरमन, केरल से खरीदे गए और अंडा सेनन के लिए रखे गए। एक दिन की आयु की डकलिंग का औसत शरीर भार 37.97 ± 0.13 ग्रा. था। नर एवं मादा डकलिंग का 8 सप्ताह पर औसत शरीर भार क्रमश: 1281.34 ± 6.20 ग्रा. और 1193.06 ± 5.28 ग्रा. था। नर कुक्कुटों के संबंध में औसत दैनिक वजन लाभ (ए डी जी) 5 सप्ताह के दौरान सर्वाधिक यानी 37.24 ग्रा. था, जो 12 सप्ताह की आयु के बाद कम होना शुरु हो गया था। कुक्कुट की पहली बार अंडा देने के समय पर आयु 121 दिन थी। कड़कनाथ (KN) मुर्गियों के जननग्रंथि ऊतकों को, सरोगेट के रूप में, सफेद लेगहॉर्न मुर्गियों और खाकी कैम्पबेल बत्तखों में प्रत्यारोपित करने में यह पाया गया कि कड़कनाथ नर की जंननग्रंथियां एक दिवसीय कुक्कुट में प्रत्यारोपित करने के लिए सहज थीं। परिणामों में यह पाया गया कि प्रत्यारोपित नर जननग्रंथियां अंतरा-एवं अंतर-प्रजाति सरोगेट परपोषियों (WL कुक्कुट एवं KC बत्तख) दोनों के भीतर समान दक्षता के साथ निरंतर विकसित हुए, जो दो उपयुक्त अंतरा- और अंतर-प्रजाति दाता-परपोषी तंत्र के उद्भव को दर्शाता है, जहाँ शल्य चिकित्सा से उबरने के उपरांत प्रत्यारोपित जननग्रंथियों में KN मादा के अंडों को उर्वर बनाने तथा विशुद्ध-वंशक्रम केएन चूजों का जनन करने की क्षमता पाई गई। बत्तखों को दो प्रमुख खाद्य मूल के माइकोटॉक्सिन, अफ्लाटॉक्सिन (एएफबी 1) एवं ऑक्राटॉक्सिन (ओटीए) दिए जाने के बाद उनके अंडा उत्पादन दक्षता पर प्रभाव का विश्लेषण किया गया जिसमें यह पाया गया कि अंडा उत्पादन पर प्रभाव के आधार पर, एएफबी 1-स्तर महत्वपूर्ण एवं अति प्रभावकारी कारक ($P<0.05$) के रूप में उभरकर आए और अन्य कारक अमहत्वपूर्ण या अनुषंगी रूप में थे, जबकि दोनों माइकोटॉक्सिनों का अन्य अजैविक कारकों के साथ अंडे के आकार पर सीमित या अमहत्वपूर्ण प्रभाव था।

2600 k cal ME प्रति कि. ग्रा. और 16% CP वाला आहार प्रवर्तक (स्टार्टर) चरण के दौरान सफेद पेकिन बत्तखों के लिए उपयुक्त पाया गया। इसी प्रकार से लेयर बत्तखों के लिए, 2700 k cal ME प्रति कि. ग्रा. एवं 18% CP वाले आहार लेयर चरणों के दौरान सफेद पेक्टिन बत्तखों के शारीरिक विकास एवं उत्पादन के लिए उपयुक्त पाए गए। सफेद पेक्टिन बत्तखों को सघन कुक्कुट पालन प्रणाली के तहत अंडजनन के दूसरे वर्ष के दौरान केवल गेहूं या टूटे चावल आधारित आहारों पर पाला जा सकता है; किंतु गेहूं और टूटे हुए चावल के बराबर अनुपात के मिश्रण ने आहार के पौषक तत्वों के उपापचय को बढ़ा दिया। अमिनो अम्लों, यानी लाइसीन एवं मिथियोनाइन के मिश्रण के साथ सोयाबीन आहार के बदले मछली आहार दिए जाने से अंडा गुणवत्ता, अर्थात आकार सूचकांक, अल्बुमेन एवं अंडपीतक सूचकांक एवं हॉग यूनिट में सुधार आया। सीमेंट कंक्रीट बाड़े में केंचुए के उत्पादन का मानकीकरण किया गया। केंचुआ आहार के सन्निकट संघटन ने यह इंगित किया कि उसमें उच्च मात्रा में नमी एवं कच्चा प्रोटीन है। 3 कचरा सामग्रियों में से, शुष्क रेत को शारीरिक प्रदर्शन एवं शरीरक्रिया प्राचलों के आधार पर बेहतर पाया गया। "बत्तख माँस टिक्का" को बेहतर ऑर्गेनोलेप्टिक स्वीकार्यता के साथ प्रयोगशाला में विकसित किया गया।

कुक्कुट प्रजनन पर एआईसीआरपी

एआईसीआरपी को बारह केंद्रों में क्रियान्वित किया जा रहा है, यानी केवीएएसयू, मन्नुथी एएयू, आणंद; केवीएएफएसयू, बेंगलूरु; जीएडीवीएएसयू, लुधियाना ओयूएटी, भुवनेश्वर; भाकृअनुप-सीएआरआई, इज्जतनगर; भाकृअनुप उत्तर पूर्वी पर्वतीय अनुसंधान परिसर, अगरतला; एनडीवीएसयू, जबलपुर; एएयू, गुवाहटी; बीएयू, रांची; एमपीयूएटी, उदयपुर एवं सीएसकेएचपीकेवीवी, पालमपुर। परियोजना के मुख्य उद्देश्य स्थान विशिष्ट कुक्कुट नस्लों/किस्मों का विकास, संरक्षण, नस्ल सुधार, लक्षणवर्णन करना; और घरेलू कुक्कुट , उत्कृष्ट लेयर एवं ब्रायलर के जननद्रव्य का प्रयोग करना तथा ग्रामीण, जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्रों में ग्रामीण कुक्कुट पालन और उद्यमशीलताओं के लिए कृषि विधियों के पैकेज विकसित करना है। इसके अतिरिक्त, केवीएएसयू, मन्नुथी और एएयू, आणंद केंद्रों को दो उत्कृष्ट लेयर जननद्रव्य (IWN एवं IWP) अनुरक्षित करने होंगे। इसी प्रकार से, केवीएएफएसयू, बेंगलूर; जीएडीवीएएसयू, लुधियाना; ओयूएटी, भुवनेश्वर एवं भाकृअनुप-सीएआरआई, इज्जतनगर को चार उत्कृष्ट ब्रायलर जननद्रव्य (PB-1, PB-2, CSML एवं CSFL) अनुक्षित करने होंगे।

पेडिग्रीड रैन्डम ब्रेड कंट्रोल समष्टियों (कंट्रोल लेयर एवं कंट्रोल ब्रायलर) को भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद में अनुरक्षित किया गया। इन समष्टियों से अंडजनित अंडों के नमूने कुक्कुट प्रजनन पर एआईसीआरपी के विभिन्न केंद्रों को आनुवंशिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए भेजे गए। वर्ष के दौरान, विभिन्न केंद्रों से कुल 5,85,374 कुक्कुट जननद्रव्य 4,819 किसानों/ लाभार्थियों को वितरित किया गया। वर्ष के दौरान उन्नत कुक्कुट जननद्रव्य की बिक्री के माध्यम से 197.66 लाख रुपये का राजस्व सृजित किया गया।

मन्नुथी केंद्र ने सफेद लेगहॉर्न की IWN एवं IWP प्रजातियों की S-33 पीढ़ी का मूल्यांकन किया। सफेद लेगहॉर्न की आईडब्ल्यूएन प्रजाति के संबंध में पाली गई मुर्गियों, एक दिवसीय चूजों और जीवित मुर्गियों का अंडा उत्पादन क्रमश: 295.82, 323.70 एवं 328.78 था, जबकि आईडब्ल्यूपी प्रजाति के संबंध में यह क्रमश:

286.32, 318.03 एवं 324.08 था। सफेद लेगहॉर्न की आईडब्ल्यूएन प्रजाति में शरीर भार 16, 40 एवं 64 सप्ताह पर क्रमश: 1180, 1524 और 1643 ग्रा. था, जबकि आईडब्ल्यूएन प्रजाति में यह क्रमश: 1113, 1490 एवं 1634 ग्रा. था। सफेद लेगहॉर्न की आईडब्ल्यूएन प्रजाति में 28, 40 एवं 64 सप्ताह पर अंडा वजन क्रमश: 48.01, 51.48 और 54.01 ग्रा. था, जबकि आईडब्ल्यूएन में यह 48.73, 52.02 और 55.12 ग्रा. था। घरेलू कुक्कुट की एस-7 पीढ़ी का मूल्यांकन प्रगति में है। घर-आंगन प्रयोजन के लिए तीन-मार्गीय क्रॉस का दूसरा फील्ड परीक्षण भी प्रगति में है। एससीएसपी योजना के तहत, 140 किसानों को वुड कूप तथा टेलीचेरी घरेलू कुक्कुट (प्रत्येक के) के आठ सप्ताह की आयु के 8 चूजे वितरित किए गए। केंद्र ने 453 जरूरजमंद किसानों को 44,519 जननद्रव्य का वितरण किया जिससे 12.00 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

एएयू, आणंद (गुजरात) ने वर्ष 2022 के दौरान घरेलू कुक्कुट, यानी अंकालेश्वर एवं सफेद लेगहॉर्न प्रजातियों (IWN, IWP, IWD, IWK प्रजातियां एवं कंट्रोल के तहत शामिल कुक्कुट) का मूल्यांकन किया। अंकालेश्वर कुक्कुट की एस-3 पीढ़ी में 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन 83.30 अंडे था, जो कि एस-2 पीढ़ी की तुलना में अधिक (81.50 अंडे) था। आईडब्ल्यूएन एवं आईडब्ल्यूपी प्रजातियों (एस-2 पीढ़ी) में 72 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 303.40 एवं 301.70 अंडे था। आईडब्ल्यूडी और आईडब्ल्यूके प्रजातियों (एस-9 पीढ़ी) में 64 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 233.90 एवं 222.60 अंडे था। केंद्र ने 1,018 किसानों को कुल 50,496 कुक्कुट जननद्रव्य की आपूर्ति की। केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान 31.38 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया।

बेंगलूरु केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान PB-1 (नर वंशक्रम) और PB-2 (मादा वंशक्रम) तथा घरेलू कुक्कुट समष्टियों का मूल्यांकन किया। PB-1 और PB-2 की लैंगिक (यौन) परिपक्वता पर आयु क्रमश: 196.0 एवं 209.6 दिन थी और उन्होंने 52 सप्ताह की आयु तक क्रमश: 65.06 एवं 54.34 अंडे दिए। PB-1 एवं PB-2 कुक्कुटों का पांचवे सप्ताह पर शरीर भार क्रमश: 1082 एवं 1018 ग्रा. था। घरेलू मादा मुर्गियों का शरीर भार 8, 20, 40 और 52 सप्ताह पर क्रमश: 248.7, 1067, 1273 और 1389 ग्रा. था। कैलेंडर वर्ष के दौरान 299 किसानों को कुल 1,60,759 जननद्रव्य का वितरण किया जिससे रु. 42.92 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया।

जीएडीवीएएसयू, लुधियाना केंद्र ने PB-1 एवं PB-2 वंशक्रमों तथा घरेलू कुक्कुट (पंजाब ब्राउन) का मूल्यांकन किया। PB-1, PB-2 तथा कंट्रोल ब्रायलर में 5 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 1228, 1121 एवं 887 ग्रा. था। PB-1, PB-2, और कंट्रोल ब्रायलर में 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 65, 70 और 59 अंडे था। पंजाब ब्राउन में 4, 8, 16, 20 एवं 40 सप्ताह पर शरीर भार क्रमश: 346, 652, 1445, 2039 एवं 2744 ग्रा. था। पंजाब ब्राउन में 36 सप्ताह की आयु पर औसत अंडा उत्पादन 55 अंडे था। 412 कुक्कुट पालकों व किसानों को कुल 84,886 जननद्रव्यों की आपूर्ति की गई। वर्ष 2022 के दौरान लगभग 29.64 रुपये लाख का राजस्व प्राप्त किया गया।

ओयूएटी, भुवनेश्वर केंद्र ने CSFL एवं CSML और हंसली घरेलू मुर्गियों जैसे विशुद्ध वंशक्रमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। संयुक्त लिंग आधार पर, CSFL का पांचवे सप्ताह पर शरीर भार 1.94 के FCR के साथ 1018 ग्रा. था, जबकि CSML का 1.93 के FCR के साथ 1123 ग्रा. था। संयुक्त लिंग आधार पर, आठ सप्ताह की आयु पर हंसली कुक्कुटों का शरीर वजन 4.26 के FCR के साथ 603.1 ग्रा. था। संयुक्त लिंग आधार पर, 20 सप्ताह की आयु पर हंसली कुक्कुटों का शरीर भार 1583 ग्रा. था। केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान 27 किसानों को 1078 जननद्रव्य की आपूर्ति की जिससे 57,651 रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

भाकृअनुप-सीएआरआई, इज्जतनगर ने वर्ष 2022 के दौरान CSML एवं CSFL और उनके क्रॉसों/संकरों का मूल्यांकन किया। कुल 20,361 जननद्रव्य की आपूर्ति की गई और कुल 29 किसान लाभान्वित हुए।

एमपीयूएटी, उदयपुर केंद्र ने वर्ष के दौरान मेवाड़ी एवं प्रतापधन समष्टियों का मूल्यांकन किया। कुल अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता में सभी समष्टियों में सुधार पाया गया। मेवाड़ी मादा में 40 सप्ताह की आयु पर शरीर भार 1680 ग्रा. था। प्रतापधन में 20 सप्ताह की आयु पर मादा का शरीर भार 2018 ग्रा. था। मेवाड़ी कुक्कुट में 52 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन 53.13 अंडे था। मेवाड़ी एवं प्रतापधन में वार्षिक अंडा उत्पादन (72 सप्ताह की आयु तक) क्रमश: 101.13 एवं 162.49 था। प्रतिवेदित अवधि के दौरान तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनसे परियोजना के टीएसपी घटक के तहत 158 जनजातीय व आदिवासी किसान लाभान्वित हुए। कैलेंडर वर्ष के दौरान 656 किसानों को कुल 33,005 उन्नत कुक्कुट जननद्रव्य का वितरण किया गया। जननद्रव्य के वितरण से 10.01 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। दो शोध पत्रों का प्रकाशन उन जर्नलों में किया गया जिनकी नास (एन ए ए एस) रेटिंग प्रतिवेदित अवधि के दौरान 6.0 से अधिक थी।

एएयू गुवाहटी केंद्र ने कामरूप नस्ल, देशी कुक्कुट, डेहलेम रेड नस्ल और PB-2 x देशी कुक्कुट जननद्रव्य के क्रॉस का मूल्यांकन किया। कामरूप कुक्कुट ने 20 सप्ताह की आयु पर फील्ड स्थितियों के तहत 1220 ± 145 ग्रा. तथा फार्म स्थितियों के तहत 1561 ± 185 ग्रा. का शरीर भार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, 40 सप्ताह की

आयु पर, कामरूप कुक्कुटों ने फील्ड स्थितियों के तहत 1960 ± 435 ग्रा. और फार्म स्थितियों के तहत 2480 ± 625 ग्रा. का शरीर भार प्राप्त किया। कामरूप कुक्कुटों ने अपनी जीविता के आधार पर, 72 सप्ताह की आयु तक फील्ड एवं फार्म स्थितियों के तहत क्रमश: 131.4 एवं 162.6 अंडे दिए। इसी तरह से, देशी कुक्कुटों ने 20 सप्ताह की आयु पर 1350 ± 116 ग्रा. का शरीर भार प्राप्त किया और 40 सप्ताह की आयु पर 1780 ± 151 ग्रा. शरीर भार प्राप्त किया। देशी कुक्कुटों ने भी 72 सप्ताह की आयु पर 116.4 अंडे दिए। डेहलेम रेड नस्ल का शरीर भार 20 सप्ताह की आयु पर 1420 ± 129.6 ग्रा. था, जबकि PB2 × देसी नस्ल का 1971 ± 221 ग्रा. था। डेहलेम रेड नस्ल ने 72 सप्ताह की आयु पर 221.6 अंडे दिए, जबकि PB2 × देसी नस्ल ने 129.8 अंडे दिए। 2022 कैलेंडर वर्ष के दौरान, 141 किसानों को 35,40772 सं. में उन्नत जननद्रव्य की आपूर्ति की गई जिससे कुल 7, 85,805 रुपये का राजस्व प्राप्त किया। इस आपूर्ति से उन्नत आनुवंशिक संसाधनों का प्रसार हुआ तथा कृषि समुदाय को प्रश्रय मिला।

पालमपुर केंद्र ने वर्ष के दौरान देशी कुक्कुट , डेहलेम रेड, डीएन क्रॉस और हिमसमृद्धि का मूल्यांकन किया। देशी जननद्रव्य में, जी-10 पीढ़ी का मूल्यांकन 72 सप्ताह की आयु तक किया गया। 52 सप्ताह और 72 सप्ताह की आयु पर एचडीईपी क्रमशः 78.65 एवं 119.65 अंडे था। डेहलेम रेड समष्टि का मूल्यांकन (जी-9 पीढ़ी) 144.17 अंडों के एचडीईपी के साथ 52 सप्ताह तक किया गया। डेहलेम रेड X देशी (डीएन) क्रॉस कुक्कुट उत्पादित किए गए और 52 सप्ताह की आयु तक उनका मूल्यांकन किया गया। 40 सप्ताह और 52 सप्ताह पर एचडीईपी क्रमशः 67.36 और 108.65 अंडे था। हिमसमृद्धि (डीएनडी) के चूजे उत्पादित किए गए जिनका मूल्यांकन 52 सप्ताह तक फार्म और फील्ड स्तर पर किया गया। हिमसमृद्धि (डीएनडी) का एचडीईपी 40 सप्ताह और 52 सप्ताह पर क्रमशः 72.53 और 119.34 अंडे था। समग्र जनन क्षमता अच्छी (89.00%) थी जो डीआर में 83.60% से देशी कुक्कुट में 90.25% के बीच थी, जबकि टीईएस और एफईएस के आधार पर कुल अंडा सेनन क्षमता क्रमशः 69.02% और 77.55% थी। हिमाचल पर्वतीय क्षेत्र के 672 किसानों को कुल 64,323 चूजों की आपूर्ति की गई। केंद्र ने विभिन्न कुक्कुट उत्पादों की बिक्री से 25.28 लाख रुपये प्राप्त किए।

अगरतला (त्रिपुरा) केंद्र ने बीएनडी क्रॉस, त्रिपुरा ब्लैक, और डेहलेम रेड समष्टि का मूल्यांकन किया। उत्पादन प्रदर्शन के लिए बीएनडी क्रॉस का छठा मूल्यांकन संस्थान के फार्म और किसान के फील्ड में पूरा हो चुका है। बीएनडी क्रॉस के E-6 मूल्यांकन में, फार्म एवं फील्ड स्थितियों में 72 सप्ताह का अंडा उत्पादन क्रमशः 159.3 और 138.8 अंडे था। त्रिपुरा ब्लैक और डहलेम रेड की पिछली पीढ़ी के प्रदर्शन का मूल्यांकन फार्म में 52 सप्ताह तक पूरा किया गया। त्रिपुरा ब्लैक मादाओं, नरों और संयुक्त लिंग के आधार पर 40 सप्ताह पर उनका शरीर भार क्रमशः 1555, 1836 और 1662 ग्रा. था। त्रिपुरा ब्लैक के शरीर भार में पिछली पीढ़ी की तुलना में, वर्तमान पीढ़ी में सुधार आया है। त्रिपुरा ब्लैक में 40 सप्ताह (40.0) और 52 सप्ताह (65.0) सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन में थोड़ी कमी देखी गई। डेहलेम रेड में 52 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन 113.5 था। 772 ग्रामीण किसानों के लिए कुक्कुट पालन पर कुल 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 762 किसानों को कुल 21,747 कुक्कुट जननद्रव्य की आपूर्ति की गई। केंद्र ने कैलेंडर वर्ष के दौरान कुल 11,47,462 रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

जबलपुर केंद्र ने जबलपुर कलर और कड़कनाथ नस्ल की जी-2 समष्टि का मूल्यांकन किया। जबलपुर कलर ने 6 सप्ताह पर 705.3 ग्रा. और 20 सप्ताह पर 1536 ग्रा. शरीर भार प्राप्त किया, जबकि लैंगिक अर्थात यौन परिपक्वता पर उसकी आयु 155 दिन थी। जबलपुर कलर में 40 और 52 सप्ताह तक एक दिवसीय कुक्कुट का EP क्रमश: 99.80 और 162.0 अंडे था। कड़कनाथ ने 6 सप्ताह पर 399.4 ग्रा. और 20 सप्ताह पर 1123 ग्रा. का वयस्क शरीर भार प्राप्त किया तथा लैंगिक परिपक्वता पर उसकी आयु 167 दिन थी। नर्मदानिधि (75% जबलपुर कलर col और 25% कड़कनाथ) का मूल्यांकन फार्म और फील्ड स्थितियों के तहत किया गया। फील्ड स्थितियों में 8 सप्ताह पर मादा एवं नर कुक्कुटों का शरीर भार क्रमश: 1010 और 725 ग्रा. दर्ज किया गया। फील्ड कुक्कुट पालन के तहत 8 सप्ताह की आयु पर नर और मादा कुक्कुटों का शरीर भार क्रमशः 772 और 687 ग्रा. था। फार्म और फील्ड स्थितियों में पाले जा रहे नर (1506 और 1436 ग्रा.) और मादा (1384 और 1206 ग्रा.) कुक्कुटों का 20 सप्ताह का शारीरिक भार दर्ज किया गया। फार्म में पाले जा रहे कुक्कुट 168 दिनों पर परिपक्व हुए और उन्होंने 52 सप्ताह की आयु तक 49.0 ग्रा. के अंडा वजन के साथ 109 अंडे दिए। फील्ड में पाले जा रहे कुक्कुटों का अंडा उत्पादन 52 सप्ताह की आयु तक 93.2 अंडे था और अंडे का वजन 47-48 ग्रा. था। कैलेंडर वर्ष के दौरान 22.02 लाख रुपये की राजस्व प्राप्तियों के साथ 203 किसानों को कुल 28,096 कुक्कुट जननद्रव्य का वितरण किया गया।

रांची केंद्र ने देशी कुक्कुट, डेहलेमरेड, पीबी-2 और झारसिम समष्टि का मूल्यांकन किया। 72 सप्ताह की आयु पर देशी मुर्गियों का एक दिवसीय अंडा उत्पादन 176.32 अंडे (जी-9) था। झारसिम में 64 सप्ताह की आयु तक एक दिवसीय अंडा उत्पादन 133.23 अंडे था। केंद्र ने 147 किसानों और अन्य एजेंसियों को 40697 जननद्रव्य की आपूर्ति की तथा 4.52 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

कुक्कुट बीज परियोजना

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कुक्कुट बीज परियोजना (पीएसपी) शुरु की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण कुक्कुट उत्पादन को बढ़ाने हेतु अंडा और माँस के उत्पादन को बढ़ाने, लक्षित समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने तथा छोटे पैमाने के कुक्कुट उत्पादकों को संगठित बाजार से जोड़ने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों को उन्नत कुक्कुट जननद्रव्य का स्थानीय उत्पादन और आपूर्ति करना है।

पीएसपी केंद्र बीएएसयू, पटना; भाकृअनुप-उत्तर पूर्वी पर्वतीय अनुसंधान परिसर, नागालैंड केंद्र, झरनापानी; भाकृअनुप उत्तर पूर्वी पर्वतीय अनुसंधान परिसर, गंगटोक; भाकृअनुप उत्तर पूर्वी पर्वतीय अनुसंधान परिसर, इंफाल; टीएएनयूवीएएस, होसुर; भाकृअनुप-सीसीएआरआई, पणजी; भाकृअनुप-सीआईएआरआई, पोर्ट ब्लेयर; एसकेयूएएसटी, श्रीनगर; पीवीएनआरटीवीयू, वारंगल; एसवीवीयू, तिरूपति; भाकृअनुप उत्तर पूर्वी पर्वतीय अनुसंधान परिसर, उमियम और डब्ल्यूबीयूएएफएस, कोलकाता में स्थित हैं। निदेशालय एक समन्वय इकाई के रूप में कार्य करता है और पैतृक चूजों की आपूर्ति एवं समन्वय करता है, और विभिन्न केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी करता है ताकि वे अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएं। वर्ष 2022 के दौरान देश और उत्तर-पूर्वी केंद्रों के लिए चूजों की आपूर्ति हेतु विभिन्न केंद्रों के लिए निर्धारित लक्ष्य प्रति वर्ष 0.4 से 1.0 लाख चूजे थे और उन्हें घर-आंगन फार्म स्थितियों के तहत जननद्रव्य के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया एकत्र करने का भी कार्य सौंपा गया था। वर्ष के दौरान 159.47 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति के साथ कुल 3,58,588 उन्नत कुक्कुट नस्लें विभिन्न केंद्रों के संबंधित क्षेत्रों/राज्यों में वितरित की गईं।

प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण

संस्थान में विकसित प्रौद्योगिकियों और किस्मों/नस्लों का पूरे देश में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवधि के दौरान तीन कॉन्ट्रेक्ट रिसर्च परियोजनाएं परिचालन में थीं। इस निदेशालय में विकसित एक तकनीक का वाणिज्यकरण किया गया और एक पेटेंट की मंजूरी प्राप्त की गई। कुल 1,41,967 अंडे सेने योग्य अंडे, 1,91,635 दिन के चूजे, और देशी मुर्गियों यानी वनराजा, ग्रामप्रिया, श्रीनिधि, वनश्री, कृषिब्रो के 6,179 शारीरिक बढ़वार प्राप्त कर रहे कुक्कुटों, आदि की आपूर्ति डीपीआर द्वारा देशभर के किसानों और सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न संगठनों को की गई। इसके अलावा, विभिन्न नस्लों के 41,829 पैतृक चूजों की भी आपूर्ति की गई।

एआईसीआरपी और कुक्कुट बीज परियोजना केंद्रों से क्रमशः 585,374 और 3,58,588 जननद्रव्य की आपूर्ति की गई। संबंधित विभागों और अन्य एजेंसियों के साथ कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से, निदेशालय देश में ग्रामीण कुक्कुट उत्पादन को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

भाकृअनुप-डीपीआर ने वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एस सी (डी ए पी एस सी) के लिए विकास कार्य योजना क्रियान्वित की। इस योजना के तहत, ऑन-फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और किसान परिवारों को घर-आंगन कुक्कुट पालन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इन राज्यों में अनुसूचित जाति के परिवारों की आजीविका और पोषण सुरक्षा में सुधार लाने के लिए "घर-आंगन कुक्कुट पालन" शुरु करने के लिए इनपुट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। निदेशालय ने अनुसूचित जनजाति घटक कार्यक्रम के तहत जनजातीय किसानों के आर्थिक और जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उन्नत कुक्कुट नस्लों तथा देशी मुर्गियों के पालन की शुरुआत की। जनजातीय किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए शारीरिक बढ़वार प्राप्त कर रहे कुक्कुटों, रात्रि बसेरों, चारा परोसने के लिए बर्तनों (फीडर) और पानी पीने वाले बर्तनों का वितरण किया गया। आदिलाबाद जिले के जनजातीय किसानों को शारीरिक बढ़वार प्राप्त कर रहे कुक्कुटों के वितरण के लिए आईटीडीए, उत्नूर, तेलंगाना के सहयोग से एक मातृत्व इकाई की स्थापना की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र में घर-आंगन कुक्कुट पालन के माध्यम से जनजातीय किसानों को सशक्त बनाने के लिए, पूर्वोत्तर क्षेत्र के तीन राज्यों, यथा अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में प्रशिक्षण एवं कृषि सामग्री वितरण कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया।

अन्य गतिविधियां

वर्ष के दौरान, संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा कुल 35 शोधपत्र, 1 रिव्यू शोधपत्र, 20 लोकप्रिय/ तकनीकी लेख, 4 पुस्तक अध्याय और 1 तकनीकी बुलेटिन प्रकाशित किए गए। इसके अतिरिक्त, 30 शोध सार-संक्षेपों का विभिन्न सम्मेलनों में प्रस्तुतीकरण किया गया। मेरा गाँव मेरा गौरव और स्वच्छ भारत जैसे अन्य प्राथमिकता वाले कार्यक्रम क्रियान्वित किए गए। संस्थान प्रबंधन समिति, अनुसंधान सलाहकार समिति और संस्थान अनुसंधान समिति ने लगातार मॉनीटरिंग की और संस्थान के अनुसंधान, प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन में सुधार लाने के लिए आवश्यक उपाय सुझाए। निदेशालय में, इस अवधि के दौरान उपयोग किया गया बजट 2942.26 लाख रुपये था, जबकि एआईसीआरपी और कुक्कुट बीज परियोजना केंद्रों में यह क्रमशः 619.34 रुपये और 391.25 लाख रुपये था। वर्ष 2022 के दौरान कुल 589.97 लाख रुपये (डीपीआर-232.84, एआईसीआरपी- 197.66 और पीएसपी-159.47 लाख रुपये) का राजस्व प्राप्त किया गया।

1. परिचय

इतिहास

भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय (पूर्व में कुक्कुट परियोजना निदेशालय) की स्थापना 1 मार्च 1988 में हैदराबाद, आंध्र प्रदेश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में की गयी। संस्थान की उत्पत्ति कुक्कुट प्रजनन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) से हुई है, जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान वाणिज्यिक कुक्कुट उत्पादन को बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से आरंभ की गयी, जो एक अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना है। आरंभ में वर्ष 1979 के दौरान समन्वय इकाई कुक्कुट पालन पर एआईसीआरपी के रूप में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर में रहा जो बाद में केंद्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर से कार्य करता रहा। 1988 में इसे निदेशालय का दर्जा दिया गया। संस्थान को 18 सितंबर,2013 को परियोजना निदेशालय के पद से ऊपर उठाया गया, परिषद के साथ सक्रिय विचाराधीन «भारतीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान» को और अधिक पदोन्नति (क्यूआरटी द्वारा अनुशंसित) दी गई है। क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर को जुलाई 2020 के दौरान सीएआरआई से डीपीआर में स्थानांतरित किया गया। तदनुसार, डीपीआर की कुल वैज्ञानिक ताकत बढ़कर 33 हुई है।

संस्थान में प्राथमिक अनुसंधान का ध्यान देश के ग्रामीण और आदिवासी लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष जोर देने के साथ विभिन्न कुक्कुट जर्मप्लाज्म की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मात्रात्मक आनुवंशिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग रहा है। मुख्य अनुसंधान कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए पोषण, स्वास्थ्य, शरीर विज्ञान और आणविक आनुवंशिकी पर अनुसंधान को एक अभिन्न घटक बनाया गया। इसके अलावा, संस्थान के प्राथमिक लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निदेशालय में कई बाह्य वित्त पोषित परियोजनाएं भी संचालित की गईं।

कुक्कुट प्रजनन पर एआईसीआरपी को चतुर्थ योजना के दौरान आरंभ किया गया और इसने समय के साथ भारत में कुक्कुट क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गहन कुक्कुट पालन के लाभ के लिए व्यावसायिक दोहन के लिए कुक्कुट की सात आशाजनक किस्मों को जारी किया गया। परियोजना के ग्रामीण घटक को XI वीं योजना के दौरान दो केंद्रों के साथ जोड़ा गया था और XII वीं योजना अवधि में ग्रामीण कुक्कुट पालन में अनुसंधान करने के लिए 4 और केंद्र इसमें जोड़कर इसे और मजबूत किया गया। कुक्कुट प्रजनन पर एआईसीआरपी को 2014-15 से देश भर में ग्रामीण/आदिवासी किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी 12 केंद्रों के साथ पूरी तरह से ग्रामीण कुक्कुट की ओर उन्मुख किया गया। एआईसीआरपी केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य स्थानीय देशी जर्मप्लाज्म का उपयोग करके स्थान विशिष्ट ग्रामीण कुक्कुट किस्मों को विकसित करना है। वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों से 5 स्थान विशिष्ट किस्मों का विकास हुआ। प्रतापधन (एमपीयूएटी, उदयपुर), कामरूपा (एएयू, गुवाहाटी), झारसिम (बीएयू, रांची), नर्मदानिधि (एमपीयूएटी, जबलपुर) और हिमसमृद्धि (सीएसकेएचपीकेवीवी, पालमपुर)। XI वीं योजना के दौरान, देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पालन के लिए ग्रामीण कुक्कुट जर्मप्लाज्म की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न राज्यों में स्थित छह केंद्रों के साथ कुक्कुट बीज परियोजना को आरंभ करके निदेशालय की गतिविधियों का और विस्तार किया गया। कुक्कुट बीज परियोजना को 2014-15 से पांच नए केंद्र और 2017-18 से एक और केंद्र जोड़कर और मजबूत किया गया, इस प्रकार कुल संख्या 12 हो गई। निदेशालय, भाकृअनुप नेटवर्क परियोजनाओं के समन्वय के अलावा, कुक्कुट विज्ञान के मुख्य क्षेत्रों में अनुसंधान कर रहा है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए ग्रामीण कुक्कुट जर्मप्लाज्म की आपूर्ति करना है।

इस निदेशालय में ग्रामीण कुक्कुट पालन के लिए तीन आशाजनक कुक्कुट किस्मों को विकसित किया गया, अर्थात्, वनराजा, एक दोहरे उद्देश्य वाला कुक्कुट, ग्रामप्रिया, मुख्य रूप से एक लेयर और श्रीनिधि, एक दोहरे उद्देश्य वाली कुक्कुट जो फ्रीरेंज और पिछवाड़े में खेती के लिए उपयुक्त नस्ल है। हाल ही में एक नई किस्म वनश्री (पीडी-4) को असील से विकसित किया गया है और इसे अधिक उत्पादन देने वाले उन्नत देशी कुक्कुट के रूप में लोकप्रिय बनाया जा रहा है। कुक्कुट की ये किस्में बेहद लोकप्रिय हो गई हैं और देश के हर हिस्से में पाली जा रही हैं। देश में कई उपयोगकर्ता एजेंसियां जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित दक्षिणी, उत्तरी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों को सम्मिलित करने वाली किस्मों के प्रसार में शामिल हैं। निदेशालय ने दो संकरें भी विकसित किए। कृषिब्रो, एक बहुरंगी ब्रॉयलर और कृषिलेयर, व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अधिक उपज देने वाला अंडा उत्पादक कुक्कुट है। नए संकर विकसित करने के लिए इस दिशा में आगे अनुसंधान चल रहा है, जिन्हें ग्रामीण और आदिवासी घर-आँगन में विविध क्षेत्रों के तहत बेहतर अनुकूलन क्षमता के लिए तैयार किया जा सकता है।

कुक्कुट पालन-पोषण की गहन और घर-आँगन पालन प्रणालियों हेतु निदेशालय द्वारा विकसित शुद्ध लाइनों के साथ-साथ संकरों को इष्टतम पोषण, प्रबंधन और स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए प्रथाओं का पैकेज तैयार

करने के लिए सक्रिय अनुसंधान किया जा रहा है। इस निदेशालय में पोषण में अनुसंधान के परिणामस्वरूप प्रौद्योगिकियों का विकास हुआ, जिन्हें वाणिज्यिक और ग्रामीण किसानों द्वारा उत्पादन की लागत को कम करने के लिए अपनाया गया है। पोषण संबंधी जानकारी के अलावा निदेशालय रोगनिदान, सेरोमोनिटरिंग और स्वास्थ्य देखभाल में अपनी सेवाओं के लिए कुक्कुट पालन समुदाय के बीच परिचित है। निदेशालय द्वारा संचालित किए जा रहे नेटवर्क कार्यक्रमों और अनुबंध अनुसंधान कार्यक्रमों सहित कुक्कुट पालन के हितधारकों को पोषण और स्वास्थ्य देखभाल समाधान की पेशकश की जा रही है। इस निदेशालय में बनाए गए विभिन्न कुक्कुट जर्मप्लाज्म की उत्पादकता का मूल्यांकन और वृद्धि करने के लिए आरएनएआई (जीन साइलेंसिंग), एसएनपी टाइपिंग, माइक्रोसैटेलाइट विश्लेषण, डीएनए मार्कर-आधारित चयन इत्यादि और जैव सूचना विज्ञान जैसे उन्नत आण्विक आनुवंशिक उपकरणों पर अध्ययन भी किया गया है। इस प्रकार निदेशालय देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुक्कुट विज्ञान के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान करके कुक्कुट की उत्पादकता बढ़ाने में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

दृष्टि

- घरेलू पोषण सुरक्षा, आय और रोजगार सृजन के लिए कुक्कुट की उत्पादकता बढ़ाना

लक्ष्य

- गहन और व्यापक प्रणालियों के तहत टिकाऊ उत्पादन के लिए कुक्कुट की उन्नत किस्मों का विकास और प्रचार-प्रसार करना

अधिदेश

- कुक्कुट उत्पादकता बढ़ाने हेतु बुनियादी और व्यावहारिक अनुसंधान
- ग्रामीण कुक्कुट पालन हेतु नए जर्मप्लाज्म का विकास
- क्षमता निर्माण

संगठनात्मक ढांचा

वित्तीय परिव्यय

(लाख रूपये)

घटक	बजट	व्यय	प्राप्तियां
डीपीआर	2942.26	2942.26	232.84
एआईसीआरपी	619.34	619.34	197.66
कुक्कुट बीज परियोजना	391.25	391.25	159.47

#ऊपर बताए गए बजट, व्यय और प्राप्तियों के आंकड़ों की गणना वर्ष 2021-2022 और 2022-2023 के आवंटन/प्राप्तियों से आनुपातिक रूप से की जाती है।

भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद और क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर की कैडर ताकत कर्मचारियों की स्थिति (31 दिसंबर, 2022 तक)

संवर्ग	मुख्यालय, हैदराबाद		क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर		कुल	
	स्वीकृत	स्थिति में	स्वीकृत	स्थिति में	स्वीकृत	स्थिति में
आरएमपी	01	01	-	-	01	01
विभागाध्यक्ष	02	00	-	-	02	00
प्रधान, क्षे.कें.	00	00	01	00	01	00
वैज्ञानिक	21	20	09	09	30	29
तकनीकी	16	12	02	02	18	14
प्रशासनिक	22	07	01	01	23	08
कुशल सहायक कर्मचारी	14	12	05	02	19	14
कुल	**76**	52	**18**	14	**94**	66

संगठनात्मक ढ़ांचा

भाकृअनुप – कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय



आनुवंशिकी और प्रजनन

ग्रामीण पैतृक वंशक्रमों का आनुवंशिक सुधार एवं मुक्त क्षेत्र कुक्कुट पालन के लिए उपयुक्त आशाजनक मूर्गी नस्लों का विकास

पीडी-1 वंशक्रम को उच्च पिंडली अथवा टाँग की लंबाई के लिए चयन (सलेक्शन) की 15 पीढ़ी के बाद यादृच्छिक समागम व यौनक्रीडा के माध्यम से पुनर्जनित किया गया। पीडी-3 वंशक्रम का मूल्यांकन एस-10 पीढ़ी के दौरान कुक्कुटों के उत्पादन प्रदर्शन के लिए किया गया और एस-11 पीढ़ी को पुनर्जनित किया गया। आरआईआर, जो कि एक नया मादा कुक्कुट वंशक्रम है, को इंडब्रो रिसर्च फार्म्स प्राइ. लिमि., हैदराबाद से खरीदा गया। असील नस्ल का मूल्यांकन उसके शारीरिक विकास/बढ़वार एवं उत्पादन गुणों का पता लगाने के लिए किया गया।

पीडी-1 वंशक्रम:

पीडी-1 समष्टि अथवा पापुलेशन को यादृच्छिक समागम के माध्यम से पुनर्जनित किया गया ताकि समष्टि की विविधता में सुधार लाया जा सके। पीडी-1 समष्टि का मूल्यांकन मूल समष्टि में कुक्कुटों के किशोरावस्था गुणों व विशेषकों का पता लगाने के लिए किया गया। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर कुक्कुटों का शरीर भार एवं पिंडली की लंबाई क्रमश: 416.3 एवं 834.0 ग्रा. और 63.24 एवं 84.08 मि. मी. थी। 20 सप्ताह पर शरीर भार 1896 ग्रा. था, जबकि पिंडली व टांग की लंबाई 110.6 मि. मी. थी। लैंगिक परिपक्वता पर आयु (ए एस एम) 178.8 दिन था। 40 सप्ताह पर औसत अंडा उत्पादन 38.25 अंडा था तथा औसत अंडा वजन 58.24 ग्रा. था।

पीडी-1 वंशक्रम में चयन सूचकांक एवं वैयक्तिक चयन के साथ अनुकार (सिमुलेशन) अध्ययन

इस वर्तमान अध्ययन में, चयन सूचकांक निर्मित किया गया जिसके लिए 6 सप्ताह की आयु पर वनराजा नर वंशक्रम (पीडी-1) के शरीर भार (बीडब्ल्यू-6) और पिंडली लंबाई (एसएल-6) दोनों गुणों के संबंध में पांच पीढ़ियों के डेटा को प्रसरण, सहप्रसरण आकलनों और वंशागतित्व के साथ उपयोग किया गया। एसआई का अनुप्रयोग अनुकार आधार पर तीन पीढ़ियों के डेटा पर किया गया और उसकी तुलना समष्टि में वास्तविक रूप से अपनाए जा रहे सामूहिक चयन के साथ की गई। एसएल-6 के न्यूनतम वर्ग माध्य, चयन के प्राथमिक गुण को 76.63 ± 0.002 (G-I) से बढाकर 82.85 ± 0.002 मि. मी. किया गया और तदुपरांत उसे कम कर 80.17± 001 मि. मी. (G-III) किया गया। शरीर भार ने भी G-II के साथ समान प्रवृत्ति प्रदर्शित की, जबकि आगामी पीढ़ी में वह कम हो गई। एसएल-6 एवं बीडब्ल्यू-6 दोनों पर पीढ़ी का काफी प्रभाव ($P \leq 0.05$) था। छ: सप्ताह की आयु पर एसएल-6 और बीडब्ल्यू-6 के संबंध में पिंडली लंबाई 0.21 से 0.28 और शरीर भार 0.22 से 0.27 के साथ वंशागतित्व आकलन सामान्य थे। इन दोनों गुणों ने 0.87 से 0.92 के सहसंबध गुणांक के साथ उच्च स्तर का धनात्मक साहचर्य अथवा पॉजिटिव एसोसिएशन प्रदर्शित किया। बीडब्ल्यू-6 के संबंध में आनुवंशिक एवं लक्षणप्ररूपी प्रसरण क्रमश: 2566.28 एवं 13298.4 था, जबकि एसएल-6 के संबंध में 5.42 एवं 32.25 था। प्रत्येक गुण के संदर्भ में आर्थिक मान रु. 120 प्रति कि. ग्रा. की दर से मुर्गी मांस के बाजार मूल्य के आधार पर दिया गया। शरीर भार के लिए आकलित किया गया आर्थिक मान रु. 0.12 प्रति ग्राम था, और पिंडली लंबाई के लिए रु. 1.074 प्रति मि. मी. था। शरीर भार और पिंडली लंबाई के लिए अंतिम भारांक (वेटेज) 1:8.95 था। अत:, निर्मित चयन सूचकांक I= 0.2260*BW6, g + 0.7717*SL6 मि. मी. था। प्राथमिक गुण यानी एसएल-6 के लिए तीनों पीढ़ियों में पूल्ड बेसिस के आधार पर, व्यापक चयन की तुलना में एसआई विधि में चयन भिन्नता अधिक थी। व्यपाक चयन की तुलना में, एसआई विधि में चयन के प्रति अनुक्रिया (रिस्पॉस) एवं चयन गहनता/सघनता भी उच्च थी। चयन भिन्नता और चयन के प्रति अनुक्रिया के संदर्भ में, बीडब्ल्यू-6 के लिए भी समान प्रवृत्ति पाई गई।

एसएल-6, जो चयन का प्राथमिक गुण है, के लिए व्यापक चयन की तुलना में एसआई विधि में चयन भिन्नता, अनुक्रिया और सघनता अधिक थी। दो उच्च वंशागतित्व एवं सहसंबंधित गुणों (बीडब्ल्यू-6 एवं एसएल-6) के साथ निर्मित एसआई ने वनराजा नर वंशक्रम मुर्गे में अनुकार अध्ययन अर्थात सिमुलेशन स्ट्डी में बेहतर प्रदर्शन प्रदर्शित किया। अध्ययन में यह निष्कर्ष दिया गया है कि वनराजा नर वंशक्रम मुर्गे में परिणामों के आधार पर, व्यापक चयन की तुलना में, एसआई श्रेष्ठकर था। किंतु, प्रजनन कार्यक्रम में एसआई की श्रेष्ठता का निष्कर्ष देने से पहले h^2 का परिमाण महत्वपूर्ण था। इसके अतिरिक्त, 0.40 वंशागतित्व से अधिक की समष्टि में अध्ययनों से चयन विधि की श्रेष्ठता पर निर्णय लेने हेतु बेहतर निष्कर्ष उपलब्ध हो सकते हैं।

तालिका 1. PD-1 कुक्कुट लाइन में SL-6 और

BW-6 के लिए कम से कम वर्गों का मतलब, वंशानुक्रम और सहसंबंध गुणांक

साधारण	SL-6, mm		BW-6, g		r_g (SL-6 & BW6)	n
	Mean*	h^2	Mean*	h^2		
G-1	76.63±0.002 [c]	0.28±0.07	668.67±0.04 [c]	0.27±0.05	0.87	2182
G-II	82.85±0.002[a]	0.25±0.09	814.63±0.03 [a]	0.26±0.07	0.92	2376
G-III	80.17±0.001 [b]	0.21±0.03	747.56±0.08 [b]	0.22±0.08	0.89	2130

*अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट के साथ कॉलम में काफी भिन्नता है (P≤0.05)

तालिका 2. छह सप्ताह की आयु में टांग की लंबाई के लिए चयन अंतर (मिमी) और चयन की प्रतिक्रिया (मिमी), पीडी-1 कुक्कुट लाइन में प्राथमिक विशेषता

पीढ़ी	नर		मादा		जमा	
	मास चयन	चयन सूचकांक	मास चयन	चयन सूचकांक	मास चयन	चयन सूचकांक
चयन विभेदक						
G-1	9.60	10.21	6.10	7.11	7.85	8.66
G-II	5.67	7.69	4.14	6.14	4.91	6.92
G-III	7.08	7.96	3.44	6.23	5.26	6.96
चयन पर प्रतिक्रिया						
G-1	2.69	2.86	1.71	1.99	2.19	2.43
G-II	1.42	1.92	1.04	1.54	1.23	1.73
G-III	1.56	1.69	0.76	1.37	1.12	1.53

तालिका 3. पीडी-1 कुक्कुट लाइन में छह सप्ताह की आयु में शरीर के वजन के लिए चयन अंतर (मिमी) और चयन की प्रतिक्रिया (मिमी)

पीढ़ी	नर		मादा		जमा	
	मास चयन	चयन सूचकांक	मास चयन	चयन सूचकांक	मास चयन	चयन सूचकांक
चयन विभेदक						
G-1	185.95	257.80	110.18	159.87	148.06	208.84
G-II	129.57	242.41	87.70	162.34	108.63	202.38
G-III	164.84	459.43	77.52	210.53	121.18	334.98
चयन पर प्रतिक्रिया						
G-1	50.21	69.61	29.75	43.17	39.98	56.39
G-II	33.69	63.03	22.80	42.21	28.24	52.62
G-III	34.62	96.48	16.28	44.21	25.44	70.36

तालिका 4. चयन के दोनों पद्धतियों का उपयोग कर SL-6 एवं BW-6 के लिए चयन तीव्रता

पीढ़ी	एसएल-6, मिमी		बीडब्ल्यू-6, जी	
	मास चयन	चयन सूचकांक	मास चयन	चयन सूचकांक
G-1	1.11	1.23	1.08	1.52
G-II	0.82	1.15	0.79	1.46
G-III	0.67	0.88	0.59	1.63

तालिका 5. चयन सूचकांक एवं सामूहिक चयन के बीच स्पीयरमैन रैंक सहसंबंध गुणांक

पीढ़ी	बीडब्ल्यू-6 (एसआई एंड एमएस)		एसएल-6(एसआई एंड एमएस)	
	नर	मादा	नर	मादा
G-1	0.96**	0.98**	0.52**	0.60**
G-II	0.95**	0.97**	0.69**	0.58**
G-III	0.99**	0.99**	0.60**	0.73**

**0.01 स्तर पर महत्वपूर्ण सहसंबंध

पीडी-3 वंशक्रम

चूजों के किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों का प्रदर्शन

चूजों के किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों का पता लगाने के लिए कुल 2854 चूजों का मूल्यांकन एस-10 पीढ़ी में किया गया। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 163.96 ± 0.01 और 285.88 ± 0.02 ग्रा. था, जबकि पिंडली की लंबाई क्रमश: 44.06 ± 0.001 एवं 54.79 ± 0.001 मि. मी. थी।

तालिका 6. पीडी-3 (एस-10) में विभिन्न सप्ताहों में शारीरिक भार

पैरा-मीटर	शरीर का वजन (जी)		टांग की लंबाई (मिमी)	
	PD-3 (n=2854)	DRC	PD-3 (n=2854)	DRC
4	163.96 ± 0.01	130.54	44.06 ± 0.001	40.26
6	285.88 ± 0.02	222.48	54.79 ± 0.001	48.82

उत्पादन प्रदर्शन (एस-10)

826 मुर्गियों की चयनित समष्टि का मूल्यांकन एस-10 पीढ़ी के दौरान 40 सप्ताह की आयु तक उनके शारीरिक विकास एवं उत्पादन प्रदर्शन के लिए किया गया। मुर्गियों की लैंगिक परिपक्वता पर आयु 147.6 ± 0.01 दिन थी, जो पिछली पीढ़ी की तुलना में वांछित दिशा में घटकर कम हो गई है। 20 और 40 सप्ताह पर मुर्गियों के शरीर भार का न्यूनतम वर्ग माध्य क्रमश: 1614 ± 0.21 एवं 1794 ± 0.23 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 53.64 ग्रा. था। अंडा वजन में मामूली गिरावट आई। 40 सप्ताह की आयु पर अंशकालिक अंडा उत्पादन 97.87 अंडा था, जो पिछली पीढ़ी की तुलना में 2 अंडा कम था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा द्रव्यमान 5239 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन और अंडा द्रव्यमान, पिछली पीढ़ी की तुलना में, मामूली कम था। नर एवं मादा घटकों के प्रसरण से उत्पादन गुणों के संबंध में वंशागतित्व आकलन न्यून से उच्च थे। ईएम 40 एवं ईपी 40 का वंशागतित्व 0.13 और 0.18 था, जो परिमाण में न्यून था (तालिका 7)। आनुवंशिक और लक्षणप्ररूपी सहसंबंधों को तालिका 8 में प्रस्तुत किया गया है। अंडा द्रव्यमान एवं अंडा उत्पादन के लिए आनुवंशिक और लक्षणप्ररूपी अनुक्रिया (रिस्पॉस) को क्रमश: चित्र 1 और 2 में प्रस्तुत किया गया है। ईएम 40 के लिए आनुवंशिक एवं लक्षणप्ररूपी अनुक्रिया पिछले 10 पीढ़ियों के दौरान क्रमश: 54 एवं 232 थी और ईपी40 के लिए 1.14 एवं 3.47 अंडा प्रति पीढ़ी थी।



चित्र 1. पीडी-3 वंशक्रम में 40 सप्ताह की आयु पर अंडा द्रव्यमान के लिए चयन अनुक्रिया

तालिका 7. पीडी-3 (एस-10) लाइन का उत्पादन प्रदर्शन

लक्षण	औसत		आनुवांशिकता		
	PD-3 (n=826)	DRC	h^2_S	h^2_D	$h^2_{(S+D)}$
एएसएम (दिन)	147.58±0.01	147.65	0.37±0.12	0.51±0.28	0.42±0.16
शरीर का वजन, g					
20 सप्ताह	1613.50± 0.21	1614.11	0.56±0.16	0.87 ±0.32	0.71±0.20
40 सप्ताह	1794.08± 0.23	1799.24	0.57±0.16	0.94±0.31	0.75±0.17
अंडे का वज़न, g					
28 सप्ताह	49.99±0.005	50.07	0.58±0.16	0.56±0.34	0.57±0.19
32 सप्ताह	50.87±0.005	50.94	0.65±0.16	0.87±0.31	0.75±0.18
36 सप्ताह	52.38±0.004	52.41	0.46±0.12	0.45±0.39	0.44±0.21
40 सप्ताह	53.64±0.004	53.59	0.37±0.14	0.38±0.33	0.37±0.18
अंडा उत्पादन, सं.					
40 सप्ताह	97.87±0.02	91.51	0.07 ±0.06	0.27 ±0.22	0.13±0.11
अंडा द्रव्यमान, g					
40 सप्ताह	5239±1.31	4963.91	0.05±0.04	0.36±0.23	0.18±0.12

तालिका 8. आर्थिक लक्षणों के बीच सहसंबंध गुणांक

	बीडब्ल्यू 20	बीडब्ल्यू 40	एएसएम	ईडब्ल्यू 40	ईपी 40	EM 40
बीडब्ल्यू20	-	0.74	0.28	0.37	0.18	0.28
बीडब्ल्यू40	0.60	-	0.18	0.33	-0.17	-0.11
एएसएम	-0.23	0.09	-	0.27	-0.31	0.23
ईडब्ल्यू40	0.17	0.16	0.12	-	-0.23	0.22
ईपी40	0.06	-0.16	-0.46	0.13	-	0.98
EM40	0.12	-0.09	0.38	0.08	0.94	-



चित्र. 2. पीडी-3 वंशक्रम में 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन के लिए सहसंबंधित अनुक्रिया

पीडी-3 वंशक्रम का पुनर्जनन

पीडी-3 समष्टि को एस-11 पीढ़ी के दौरान पैतृक नस्ल (पेडीग्रीड) के साथ समागम करके पुनर्जनित किया गया जिसमें 50 नर एवं 250 मादाओं का प्रयोग किया गया। एस-11 पीढ़ी में कुल 3163 चूजे उत्पादित किए गए। उर्वरता 85.1% थी और उर्वर अंडा सेट (एफ ई एस) पर अंडजोत्पत्ति अर्थात अंडा सेनन क्षमता 90.08 थी तथा कुल अंडा सेट (टी ई एस) 76.66% था। अंडे सेनन क्षमता में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई।

रोड आइलैंड रेड अथवा Rhode Island Red (आर आई आर)

आर आई आर, जो कि एक मादा वंशक्रम है, को मैसर्स इंडब्रो रिसर्च एण्ड ब्रीडिंग फॉर्म्स, हैदराबाद से खरीदा गया। कुल 1000 उर्वर अंडे लाए गए और भाकृअनुप-डीपीआर हैचरी में अंडा सेनन किया गया। कुल 866 स्वस्थ चूजे उत्पादित किए गए। उर्वरता 92.74 थी और एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता 87.44 थी तथा टीईएस 81.47 था। चूजों को 16 सप्ताह की आयु तक पाला गया। एक दिन की आयु के चूजे का शरीर भार 41.5 ग्रा. था, जो ब्रायलर चूजों की तुलना में काफी अधिक था। मादा चूजों का शरीर भार 4, 6 एवं 16 सप्ताह की आयु पर क्रमश: 146.7, 344.4 एवं 1327 ग्रा. था, जबकि मादा चूजों में क्रमश: 157.3, 386.4, और 367.3, 1734 ग्रा. था। मादा चूजों की समरूपी पिंडली लंबाई क्रमश: 43.52, 59.15 एवं 98.81 मि. मी. थी, जबकि मादा चूजों की 45.09, 62.91 एवं 119.1 मि. मी. थी।

असील नस्ल

असील नस्ल समष्टि को पक्षति पैटर्न में एआई को परिसीमित करके जी-9 पीढ़ी में यादृच्छिक रूप से पुनर्जनित किया गया। तीन अंडजोत्पत्तियों यानी हैचिज में कुल 1118 चूजे उत्पादित किए गए। उर्वरता 84.09 % थी और अंडा सेनन क्षमता 81.90 (एफ ई एस) थी तथा टीईएस 68.87 था। एफईएस पर उर्वरता एवं अंडा सेनन क्षमता को टीईएस में सामान्य वृद्धि के साथ कायम रखा गया।

असील नस्ल के मुर्गे का मूल्यांकन 40 सप्ताह की आयु तक किया गया ताकि जी-9 पीढ़ी में उसकी शारीरिक वढ़वार एवं उत्पादन गुणों का पता लगाया जा सके। असील नस्ल के मुर्गे की लैंगिक परिपक्वता पर आयु 203.5 दिन थी। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार और पिंडली लंबाई संग्रहित लिंग (पूल्ड सेक्स) के आधार पर क्रमश: 97.87 एवं 242.61 ग्रा. और 36.48 एवं 54.56 मि. मी. थी। 20 और 40 सप्ताह की आयु पर मुर्गियों का शरीर भार क्रमश: 1322 और 1845 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 46.42 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंशकालिक अंडा उत्पादन 19.45 अंडा था, जो लगभग पिछली पीढ़ी की तरह ही था।

मांस प्रयोजन के लिए असील संकरों का आर्थिक मूल्यांकन

असील X PD-1 संकर नस्ल के चूजे के प्रदर्शन का मूल्यांकन दूसरी बार किया गया। इस नस्ल को फार्म और फील्ड स्थितियों में सघन प्रणाली के तहत मांस प्रयोजन के लिए विकसित किया गया है। कुल मिलाकर, 1360 पक्षियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें से 1080 पक्षियों का वितरण सिद्धीपेट और महबूबनगर जिले के भिन्न गांवों में 10 किसानों को किया गया। संस्थान के फार्म में 280 पक्षियों को अनुरक्षित व पाला जा रहा है। फार्म और फील्ड स्थितियों के तहत विकसित संकर नस्ल के चूजों के परस्पर पालन की सभी आयु-अवस्थाओं (एक दिवसीय चूजे के शरीर भार को छोड़कर) पर औसत शरीर भारों में काफी अंतर था ($P \leq 0.01$)। 2, 4, 6वें सप्ताह की आयु पर पक्षियों का शरीर भार, फार्म स्थितियों की तुलना में, फील्ड स्थितियों में काफी उच्च ($P \leq 0.01$) दर्ज किया गया। जबकि 8, 10 और 12 सप्ताह की आयु के दौरान पक्षियों का शरीर भार, फार्म स्थितियों की तुलना में, फील्ड स्थितियों में पाले गए पक्षियों में अधिक पाया गया। फील्ड स्थितियों में पाली गई मुर्गियों व पक्षियों की पिंडली की लंबाई 4 और 6 सप्ताह पर फार्म में पाली गई मुर्गियों की तुलना में काफी अधिक ($P \leq 0.01$) थी, जबकि 8वें, 10वें और 12वें सप्ताह में फार्म में पाले गए पक्षियों की औसत पिंडली लंबाई, फील्ड स्थितियों में पाली गई मुर्गियों की तुलना में, अधिक थी।

फार्म और फील्ड स्थितियों में पाले गए पक्षियों का समग्र एफ सी आर क्रमश: 2.30 और 3.01 था। परीक्षण के प्रारंभिक सप्ताहों में फील्ड स्थितियों में पाले गए पक्षियों का आहार उदग्रहण व इनटेक फार्म में पाले गए पक्षियों की तुलना में अधिक था। तुलनात्मक रूप से, छ: सप्ताह की आयु तक फील्ड स्थितियों में पाले गए पक्षियों में उच्च शरीर भार दर्ज किया गया। तथापि, फील्ड स्थितियों में पाले गए पक्षियों में शरीर भार कम दर्ज किया गया, क्योंकि किसानों व कुक्कुट पालकों द्वारा पक्षियों के आहार में कम गुणवत्ता की आहार सामग्रियां मिलाई गई थीं। फार्म और फील्ड स्थितियों के तहत समग्र मृत्युदर (%) क्रमश: 6.7% और 9.9% थी।

लिंग के प्रभाव पर प्रसरण विश्लेषण में असील नस्ल के कुक्कुट का वध-पूर्व जीवित वजन, कांट-छांट (ड्रेसिंग) प्रतिशत, पंख वजन, पांव, हृदय, मांसपेशीय उदर (गिज़र्ड), उदरीय वसा पर काफी प्रभाव ($P \leq 0.01$) था। वर्तमान अध्ययन में, नर एवं मादा चूजों का वध-पूर्व जीवित वजन माध्य मान क्रमश: 2141.85 ± 46.95 ग्रा. और 1544.1 ± 26.08 ग्रा. था। मादा पक्षियों की तुलना में नर पक्षियों में; पांव, पंख और जीवित वजन काफी अधिक था, जबकि कांट-छांट प्रतिशत, मांसपेशीय उदर और उदरीय वसा नर पक्षियों की तुलना में मादा पक्षियों में काफी अधिक थी।

दो जिलों से संकर नस्ल के पक्षियों के पालन की इनपुट एवं आउटपुट लागत के साथ आर्थिक विश्लेषण किया गया। वाणिज्यिक कुक्कुट उत्पादन के बजाय, देसी संकर नस्ल की मुर्गी को पालन की लागत किसान दर किसान अलग-अलग थी। इसका कारण यह है कि कुक्कुट पालकों द्वारा आहार लागत को कम करने हेतु मुख्य आहार सामग्रियों में स्थानीय तौर पर उपलब्ध चारा सामग्रियों को मिलाया जाता है। सिद्धिपेट जिले में सघन कृषि प्रणाली के तहत संकर नस्ल की मुर्गी को पालने की औसत उत्पादन लागत, प्राप्त औसत सकल आय/राजस्व, शुद्ध लाभ और बीसीआर क्रमश: रु. 17030, रु. 34520, रु. 17490 2.03 था, जबकि महबूबनगर जिले में यही मान क्रमश: रु. 18280, रु. 33905, रु. 15625 और 1.94 थे।

तालिका 9. 0-12 सप्ताह की आयु से द्विवार्षिक अंतराल पर क्रॉसब्रेड कुक्कुट के शरीर का वजन एवं टांग की लंबाई हेतु कम से कम वर्ग औसत

आयु	पालने की व्यवस्था		पी मान
	क्षेत्र	मैदान	
एन	261	975	
शरीर का वजन, g			
0 दिन	38.63 ± 0.26	39.89±0.14	0.062
दूसरा सप्ताह	117.37±1.35^{b}	154.3±.727^{a}	0.01
चौथा सप्ताह	237.70±3.43^{b}	303.17±1.83^{a}	0.01
6 वां सप्ताह	529.09±6.57^{b}	549.36±3.51^{a}	0.01
8 वां सप्ताह	826.05±8.29^{a}	781.94±4.43^{b}	0.01
10 वां सप्ताह	1149.19±9.11^{a}	996.68±4.87^{b}	0.01
12 वां सप्ताह	1482.61±12.55^{a}	1234.69±6.71^{b}	0.01
टांग की लंबाई, मिमी			
चौथा सप्ताह	53.50±0.30^{b}	59.39±0.16^{a}	0.01
6 वां सप्ताह	73.43±0.37^{b}	75.33±0.20^{a}	0.01
8 वां सप्ताह	88.69±0.40^{a}	87.24±0.21^{b}	0.01
10 वां सप्ताह	103.49±0.43^{a}	99.15±0.23^{b}	0.01
12 वां सप्ताह	115.25±0.54^{a}	110.83±0.29^{b}	0.01
नश्वरता, %			
0-6 सप्ताह	4.2	6.2	
7-12 सप्ताह	2.5	3.7	
कुल मिलाकर	6.7	9.9	

एक पंक्ति में अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट के साथ मतलब काफी भिन्न होता है ($P \leq 0.01$)

तालिका 10. औसत द्वि-साप्ताहिक दाना खपत, संचयी दाना खपत एवं खेत एवं क्षेत्र की स्थितियों में संकर कुक्कुटों का एफसीआर

सप्ताह	प्रति पक्षी द्विसाप्ताहिक दाना अंतर्ग्रहण (g)		प्रति पक्षी संचयी दाना सेवन (g)		फ़ीड रूपांतरण अनुपात (FCR)	
	खेत	मैदान	खेत	मैदान	खेत	मैदान
दूसरा सप्ताह	128.2	153.8	128.2	153.8	1.63	1.34
चौथा सप्ताह	230.8	256.4	359.0	410.3	1.92	1.72
6 वाँ सप्ताह	610.3	625.6	969.2	1035.9	2.09	2.54
8 वाँ सप्ताह	702.6	887.2	1671.8	1923.1	2.37	3.81
10 वाँ सप्ताह	728.2	943.6	2400.0	2866.7	2.25	4.39
12 वाँ सप्ताह	1189.7	1010.3	3589.7	3876.9	3.57	4.24
कुल एफसीआर					**2.30**	**3.01**

सभी मूल्य खेत और क्षेत्र की स्थितियों में कुक्कुटों के समग्र दाना खपत से प्राप्त किए गए

तालिका 11. बारह सप्ताह की आयु में वध किए गए क्रॉसब्रेड कुक्कुट मांस की गुणवत्ता के गुणों के लिए न्यूनतम वर्ग मतलब (जीवित वजन के प्रतिशत के रूप में व्यक्त)

लक्षण	नर	महिला	पी मान	कुल
एन	20	20		40
लाइव वजन, जी	2141.85±46.95^{a}	1544.1±26.08^{b}	0.001	1842.97±54.35
ड्रेसिंग प्रतिशत, %	74.62±0.30^{b}	76.09±0.44^{a}	0.01	75.35 ±0.29
रक्त उपज, %	4.76±0.26	4.15±0.36	0.188	4.45±0.22
पंख, %	9.18±0.56^{a}	5.21±0.26^{b}	0.01	7.19±0.44
स्तन, %	17.20±0.46	18.67±0.30	0.12	17.93±0.29
पैर,%	22.18±0.27^{a}	20.88±0.22^{b}	0.01	21.53±0.20
पंख, %	9.76±0.25	9.78±0.10	0.960	9.77±0.13
पीठ और गर्दन, %	20.92±0.49	21.21±0.29	0.609	21.06±0.28
दिल, %	0.45±0.01	0.41±0.01	0.027	0.43±0.01
जिगर, %	1.80±0.04	1.88±0.05	0.307	1.84±0.03
कंठ, %	1.83±0.07^{b}	2.21±0.07^{a}	0.01	2.02±0.05
बर्सा, %	0.17±0.01	0.17±0.01	0.777	0.17±0.01
प्लीहा,%	0.19±0.01	0.23±0.01	0.091	0.21±0.01
पेट की चर्बी, %	0.29±0.06^{b}	0.73±0.11^{a}	0.01	0.51±0.07

एक कॉलम में अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट के साथ महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं ($P \leq 0.01$)

तालिका 12. सिद्दीपेट और महबूबनगर जिलों में 0-12 सप्ताह की आयु के खेत की स्थिति में दस किसानों द्वारा पाले गए क्रॉसब्रेड कुक्कुटों का अर्थशास्त्र (प्रत्येक जिले से पांच किसान)

इनपुट	सिद्दीपेट		महबूबनगर	
	मात्रा (किग्रा)	राशि (रु.)	मात्रा (किग्रा)	राशि (रु.)
1. चूजों की लागत @ 30 रुपये/कुक्कुट		15000		15000
2. दाना लागत				
क। डीपीआर दाना @ 30 रुपये/किग्रा	1450	43500	-	-
ख। वाणिज्यिक ब्रायलर दाना @ रु। 42/किग्रा.	100	4200	1350	51300
ग। टूटा हुआ चावल @ 5 रुपये/किग्रा	300	1500	300	1500
घ। मक्का @ 24 रुपये/किग्रा	400	9648	450	10800
ड.। चावल की भूसी @ 30 रुपये/किग्रा	250	7500	300	9000
दाना का कुल लागत		66348		72600
3. टीकाकरण एवं दवाएं		3800		3800
कुल इनपुट लागत		**85148**		**91400**
इनपुट लागत/एक इकाई		**17030**		**18280**
आउटपुट				
1. सीधे उपभोक्ताओं के लिए:	**कुक्कुटों की संख्या**	**राशि (रु.)**	**कुक्कुटों की संख्या**	**राशि (रु.)**
नर @ 600/कुक्कुट	16	9600	9	5400
नर @ रु. 550/ कुक्कुट	19	10450	21	12100
नर @ रु. 500/ कुक्कुट	55	27500	47	23500
मादा @ रु. 450/ कुक्कुट	32	14400	26	11700
मादा @ रु. 400/ कुक्कुट	28	11200	32	12800
कुल	**130**	**73150**	**135**	**65500**
2. मांस केन्द्रों की फुटकर बिक्री करना				
रु.250/किलो	170	63750	155	58125
3. पूरे विक्रेताओं के लिए				
रु.170/किग्रा	140	35700	180	45900
कुल सकल आय		**172600**		**169525**
शुद्ध आय (लाभ)		**87452**		**78125**
कुल आय / इकाई		**34520**		**33905**
शुद्ध आय/इकाई (किसान)		**17490**		**15625**

पीडी-2 वंशक्रम

पीडी-2 वंशक्रम को रंगीन यादृच्छिक संकर नियंत्रण समष्टि (अर्थात कर्ल्ड रैन्डम ब्रेड कंट्रोल पापुलेशन) से विकसित किया गया है। इस वंशक्रम का प्रयोग वनराजा चूजों के उत्पादन के लिए मादा के रूप में किया जाता है। इसके चयन का मानदंड 52 सप्ताह तक अंडा द्रव्यमान है। इसके उत्पादन गुणों का मूल्यांकन एस-18 पीढ़ी के दौरान उसकी 72 सप्ताह की आयु तक किया गया। 72 सप्ताह की आयु तक ए एस एम, शरीर भार, अंडा वजन, अंडा उत्पादन और अंडा द्रव्यमान के संदर्भ में मानों को मानक त्रुटि के साथ तालिका 13 में दर्शाया गया है।

आगामी पीढ़ी को यादृच्छिक समागम के माध्यम से पुनर्जनित किया गया। उर्वरता 86.04% थी और एफईएस एवं टीईएस पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 80.16% और 93.16% थी। S-19 पीढ़ी में कुल 1836 चूजे उत्पादित किए गए। चूजों के किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों के मध्य, 4 और 6 सप्ताह की आयु पर उनका शरीर भार क्रमश: 368.80 ± 0.04 ग्रा. और 701.73 ± 4.98 ग्रा. था, जबकि 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई 77.32 ± 0.001 मि. मी. थी। पिंडली की लंबाई में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, 0.90 मि. मी. का मामूली सुधार पाया गया।

तालिका 13. पीडी-2 लाइन (एस-18) एवं ग्रामीण नियं तालिका 13. त्रण में कम से कम वर्ग औसत उत्पादन विशेषता

लक्षण	पीडी-2	ग्रामीण नियंत्रण
यौन परिपक्वता पर आयु (दिन)	162.47±0.07	190.38
शरीर का वजन (g) 20 सप्ताह पर	2204.46±1.23	2006.89
40 सप्ताह	2545.28±0.94	2441.45
52 सप्ताह	2673.89±0.96	2509.45
अंडे का वजन (g) 28 सप्ताह	49.67±0.01	46.74
32 सप्ताह	51.73±0.02	51.92
36 सप्ताह	53.34±0.01	52.52
40 सप्ताह	54.94±0.02	52.99
52 सप्ताह	55.99±0.03	54.98
अंडा उत्पादन (सं.)		
40 सप्ताह	86.80±0.94	70.26
52 सप्ताह	134.06±0.98	116.19
एग मास (g) 52 सप्ताह	7624.49±4.05	6365.82

पीडी-6 वंशक्रम

पीडी - 6 वंशक्रम को रंगीन यादृच्छिक नस्ल नियंत्रण समष्टि से विकसित किया गया है। इस वंशक्रम का उपयोग ग्रामप्रिया प्रजाति का उत्पादन करने के लिए नर कुक्कुट के रूप में किया जाता है। इसके चयन मानदंड का आधार 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई है। किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों का मूल्यांकन एस-11 पीढ़ी के लिए किया गया। कुल 2202 चूजे उत्पादित किए गए। किशोरावस्था गुणों में से, 2, 4 और 6 सप्ताह की आयु पर चूजों का शरीर भार क्रमश: 158.59 ± 0.05, 383.59 ± 2.34 और 848.38 ± 3.26 ग्रा. था। 4 और 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई क्रमश: 67.67 ± 0.001 और 87.56 ± 0.001 मि. मी. थी। 6 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई ने लक्षणप्ररूपी (फिनोटाइपिक) पैमाने पर पिछली 6 पीढ़ियों के दौरान 2.60 मि. मी. प्रति पीढ़ी की अनुक्रिया प्रदर्शित की। एस-11 पीढ़ी के दौरान, उत्पादन गुणों को 40 सप्ताह की आयु तक मूल्यांकित किया गया। लैंगिक परिपक्वता पर आयु, 20 और 40 सप्ताह पर शरीर भार के संदर्भ में माध्य मानक त्रुटि के साथ क्रमश: 172.88 ± 0.07 दिन, 2123.61 ± 0.93 ग्रा., 2629.64 ± 0.93 ग्रा. थे। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन क्रमश: 49.81 ± 0.01 ग्रा., 51.37 ± 0.01 ग्रा., 53.31 ± 0.04 और 54.79 ± 0.02 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा उत्पादन 69.72 ± 020 अंडे था।



चित्र 3: पीडी-2 वंशक्रम में 52 सप्ताह की आयु तक अंडा द्रव्यमान के लिए चयन प्रतिक्रिया

चित्र 4: पीडी-6 वंशक्रम में 6 सप्ताह की आयु तक पिंडली की लंबाई के लिए लक्षणप्ररूपी प्रतिक्रिया

देसी मुर्गी नस्लों का आनुवंशिक सुधार एवं मूल्यांकन संतोष हौंसी, एल. एल. एल. प्रिंस, यू. राजकुमार, टी. आर. कन्नकी एवं सुरेश देवतकल

वनश्री

असील (पीडी-4) नस्ल से विकसित वनश्री में सुधार किया जा रहा है ताकि मादा कुक्कुटों का स्वतंत्र रूप से वध करने के उपरांत वैयक्तिक चयन के माध्यम से शरीर भार तथा 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन को बढ़ाया जा सके। एस-12 पीढ़ी के दौरान वनश्री पक्षियों के चौथे एवं पांचवें हैच (अंडजोत्पत्ति) के प्रदर्शन उत्पादन का मूल्यांकन 40 सप्ताह की आयु तक किया गया। लैंगिक परिपक्वता पर आयु, 50% उत्पादन चरण पर आयु और चरमोत्कर्ष उत्पादन (83.02%) पर कुक्कुटों की आयु क्रमश: 174.7 ± 1.46, 191 और 210 दिन थी। 40 सप्ताह तक पाली गई अर्थात अनुरक्षित की गई मुर्गियों, एक दिन की आयु के चूजों तथा एसईपी अंडा उत्पादन क्रमश: 49.41 ± 1.49, 51.44 और 50.63 ± 1.50 था। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह पर अंडा उत्पादन क्रमश: 45.49 ± 0.26, 46.54 ± 0.26, 46.36 ± 0.56, 47.87 ± 0.28 ग्रा. था। 40 सप्ताह की आयु तक अंडा द्रव्यमान 2424 ± 71.83 ग्रा. था। 40 सप्ताह पर मुर्गों और मुर्गियों का शरीर भार क्रमश: 1855 ± 23.6 और 2844 ± 57.6 ग्रा. था। 40 सप्ताह पर मुर्गों तथा मुर्गियों के पिंडली की लंबाई क्रमश: 134.4 ± 0.70 और 106.99 ± 0.40 मि. मी. थी। मुर्गियों और मुर्गों में 21-40 सप्ताह की आयु के दौरान जीविता क्रमश: 93.58 और 96.55% पाई गई।

चयन संबंधी अभिलेख व रिकॉर्ड: 6 सप्ताह पर उच्चतम शरीर भार वाले कुल 50 मुर्गों को वैयक्तिक चयन के माध्यम से चयनित किया गया और 5 सप्ताह पर उच्चतम शरीर भार वाली 150 मुर्गियों का स्वतंत्र रूप से वध करने के उपरांत चयन के माध्यम से तथा 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन को चयनित किया गया ताकि एस-13 पीढ़ी उत्पादित करने हेतु 1:3 अनुपात में मुर्गों एवं मुर्गियों के बीच यौनक्रिया व समागम हो सके। 6 सप्ताह तक शरीर भार के लिए चयन भिन्नता एवं चयन सघनता क्रमश: 21.77 ग्रा. और 0.29 σ थी। 40 सप्ताह तक अंडा उत्पादन के लिए चयन भिन्नता एवं चयन सघनता क्रमश: 7.29 सं. और 0.32 σ थी। कुल 135 मादा कुक्कुटों और 50 नर कुक्कुटों से एस-13 पीढ़ी की संततियां जनित हुईं। अत:, प्रभावी समष्टि अथवा पापुलेशन आकार 145.94 था तथा अंत:प्रजनन यानी इनब्रीडिंग की दर 0.0034 थी।

एस-13 पीढ़ी का पुनर्जनन

एस-13 पीढ़ी में वनश्री के कुल 919 स्वस्थ चूजों की अंडजोत्पत्ति व हैचिंग 1:3 अनुपात में 50 नर और 150 मादा कुक्कुटों के बीच समागम व यौनक्रिया के द्वारा दो हैच में की गई। औसत उर्वरता 84.49% दर्ज की गई और उर्वर एवं कुल अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 91.11 एवं 76.98% थी। पिछली पीढ़ी की तुलना में, इस पीढ़ी में उर्वर अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता में काफी सुधार पाया गया। पिछली पीढ़ी की तुलना में, एफईएस पर अंडा सेनन क्षमता में 3.44% का सुधार देखा गया।

शारीरिक विकास संबंधी गुण: एस-13 पीढ़ी के कुल 919 चूजों को उनके पंखों पर पट्टी व टैग लगाकर (अर्थात उनकी विंग बैंडिंग करके) अनुरक्षित किया गया ताकि 20 सप्ताह की आयु तक उनके शारीरिक विकास गुणों का मूल्यांकन किया जा सके। एस-13 पीढ़ी में वनश्री के चूजों के किशोरावस्था विकास गुणों के न्यूनतम वर्ग माध्य और वंशागतित्व आकलनों को तालिका 14 में प्रस्तुत किया गया है। प्रसरण के नर (सायर) घटक पर किशोरावस्था विकास गुणों के वंशागतित्व आकलन उच्च थे (8 सप्ताह तक शरीर भार और 6 एवं 8 सप्ताह तक पिंडली की लंबाई को छोड़कर), जो इस बात का सूचक है कि इन गुणों के लिए वनश्री समष्टि में पर्याप्त योगज आनुवंशिक प्रसरण है। 6 सप्ताह तक शरीर भार में 10.1 ग्रा.

का सुधार पाया गया, जबकि 8 सप्ताह के शरीर भार में 24.9 ग्रा. सुधार पाया गया। 6 और 8 सप्ताह तक पिंडली की लंबाई में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, क्रमश: 1.05 एव 0.87 मि. मी. का सुधार पाया गया।

20 सप्ताह की आयु पर पुलिट (यानी एक वर्ष से कम आयु की मुर्गी) का शरीर भार एवं पिंडली की लंबाई क्रमश: 1595 ± 8.34 ग्रा. (N=309) और 106.8 ± 0.21 मि. मी. (N=309) थी, जबकि कॉकरेल के संबंध में यही मान क्रमश: 2160 ± 19.4 ग्रा. (N=111) और 132.2 ± 0.46 मि. मी. (N=111) थे। 20 सप्ताह पर नर और मादा कुक्कुटों का शरीर भार लगभग उसी तरह था जैसा कि पिछली पीढ़ी के दौरान पाया गया था, जबकि पिंडली की लंबाई (0.7 और 0.3 मि. मी.) पिछली पीढ़ी की तुलना में अधिक थी। 0-8 सप्ताह की आयु के दौरान पहली और दूसरी अंडजोत्पत्ति के औसत चूजों की जीवित्ता बेहतर (95.21%) थी, हालांकि इसमें पिछली पीढ़ी (94.15%) की तुलना में 1.06% का सुधार पाया गया।

तालिका 14. वनश्री के किशोर वृद्धि लक्षण (एस-13)

लक्षण	एन	औसत ± एसई	एच$^2_{(नर)}$
शरीर का वजन (g)			
0 दिन	918	34.35 ± 0.10	0.44±0.26
4 सप्ताह	892	200.6±1.33	0.41±0.16
6 सप्ताह	874	382.6±2.27	0.38±0.15
8 सप्ताह	872	605.2 ± 3.37	0.20±0.13
टांग की लंबाई (मिमी)			
6 सप्ताह	874	64.71±0.61	0.21±0.11
8 सप्ताह	869	79.08±0.19	0.27±0.07 (एस+डी)

घागस

घागस एक देसी मुर्गी नस्ल है जिसमें 8 सप्ताह की आयु पर कुक्कुटों के शरीर भार में सुधार लाया जा रहा है। घागस के एस-4 पीढ़ी (2nd एवं 3rd हैच) का मूल्यांकन 21 से 40 सप्ताह तक की आयु के दौरान उत्पादन गुणों के लिए किया गया (तालिका 15)। अंडा उत्पादन में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, काफी वृद्धि पाई गई। अनुरक्षित व पाली गई मुर्गियों, जीवित मुर्गियों और 40 सप्ताह तक एक दिन के अंडा उत्पादन में पिछली पीढ़ी की तुलना में क्रमश: 17.81, 16.92 और 16.28 अंडों की वृद्धि हुई। इसी तरह से, 40 सप्ताह तक के अंडा द्रव्यमान में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, 766 ग्रा. की वृद्धि हुई। मुर्गियों में पिछली पीढ़ी (91.50%) की तुलना में 21-40 सप्ताहों के दौरान उच्च जीवित्ता (96.61%) पाई गई। नर कुक्कुटों में यह 95.61% थी।

तालिका 15. घागस नस्ल के उत्पादन लक्षण (एस-4)

लक्षण	औसत ± एसई	एन
एएसएम (डी)	162.4 ± 0.76	230
50% उत्पादन पर आयु (दिन)	171.0	-
चरम उत्पादन पर आयु (दिन)	186.0 (69.8%)	-
अंडा उत्पादन 40 सप्ताह (संख्या)		
उत्तरजीवी 'ईपी	52.16 ± 1.48	224
एचएचईपी	51.78 ± 1.46	231
एचडीईपी	51.89	-
अंडे का द्रव्यमान 40 सप्ताह (जी)	2448 ± 69.51	224
अंडे का वजन (जी)		
28 सप्ताह	46.06 ± 0.34	192
32 सप्त	46.36 ± 0.42	133
36 सप्ताह	46.37 ± 0.42	77
40 सप्ताह	46.94 ± 0.43	101

एचएचईपी: कुक्कुट पालन अंडा उत्पादन, एचडीईपी: कुक्कुट दिवस अंडा उत्पादन, कोष्ठक में चित्र उत्पादन प्रतिशत है

चयन संबंधी अभिलेख: 40 सप्ताह की आयु तक उत्पादन प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के पश्चात, कुल 150 मुर्गियों तथा 50 मुर्गों (जिनका 8 सप्ताह पर शरीर भार उच्चतम था) का चयन किया गया और उनका उपयोग 1:3 अनुपात में पैतृक नस्ल के साथ समागम के माध्यम से एस-5 पीढ़ी उत्पादित करने हेतु किया गया। 8 सप्ताह पर शरीर भार के लिए चयन भिन्नता एवं चयन सघनता क्रमश: 83.9 ग्रा. और 0.69 σ थी। कुल 135 मादा कुक्कुटों तथा 50 नर कुक्कुटों से एस-5 पीढ़ी में संततियों का जनन हुआ। अत:, प्रभावी समष्टि आकार 145.9 था, जबकि अंत:प्रजनन दर 0.0034 थी।

एस-5 पीढ़ी का पुनर्जनन: एस-5 पीढ़ी में, कुल 954 पैतृक नस्ल के चूजों की अंडजोत्पत्ति हुई। एस-5 पीढ़ी के पैतृकों में पाई गई उर्वरता एवं अंडजोत्पत्ति जैसे प्रजनन गुणों व विशेषकों पर सूचना को तालिका 16

में प्रस्तुत किया गया है। उर्वरता में काफी सुधार (6.53%) पाया गया। यह उर्वरता इस नस्ल में अभी तक दर्ज की गई उच्चतम उर्वरता है। इसी प्रकार से, उर्वर अंडा सेट पर और कुल अंडा सेट में अंडा सेनन क्षमता, पिछली पीढ़ी की तुलना में, क्रमश: 1.12 और 7.08% का सुधार पाया गया।

तालिका 16. एस-5 जीन को पुनर्जीवित करते हुए घागस (एस-4) की प्रजनन क्षमता और अंडे सेने की क्षमता

हैच	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूजे (सं.)
		एफईएस	टीईएस	
1	93.88	92.93	87.24	502
2	93.28	93.83	87.52	452
औसत	**93.60**	**93.35**	**87.38**	**954**

शारीरिक विकास संबंधी गुण: घागस पक्षियों की एस-5 पीढ़ी का मूल्यांकन 20 सप्ताह की आयु तक उनके शारीरिक विकास व बढ़वार का पता लगाने के लिए किया गया। 4, 6 और 8 सप्ताह की आयु पर उनके शरीर भारों को दर्ज किया गया, जबकि पिंडली लंबाई 6 सप्ताह की आयु पर दर्ज की गई (तालिका 17)। 4 सप्ताह की आयु तक कुक्कुटों के शरीर भार में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, 19.5 ग्रा. की वृद्धि हुई, जबकि 8 सप्ताह की आयु पर शरीर भार में 63.6 ग्रा. की वृद्धि हुई। इसी प्रकार से, 8 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई में 5.09 मि. मी. का सुधार आया, जबकि एस-4 पीढ़ी के दौरान दर्ज की गई पिंडली लंबाई कम थी। प्रसरण के नर घटक पर किशोरावस्था विकास गुणों के वंशागतित्व आकलन सामान्य (मॉडरेट) थे। इससे यह इंगित होता है कि शारीरिक विकास गुणों की दृष्टि से, घागस समष्टि में कुछ योगज आनुवंशिक प्रसरण अभी भी मौजूद हैं।

नर एवं मादा पक्षियों का 20 सप्ताह की आयु पर शरीर भार क्रमश: 2227 ± 19.3 (N-135) और 1644 ±9.82 ग्रा. (N=308) था। 20 सप्ताह की आयु पर नर एवं मादा पक्षियों की पिंडली की लंबाई क्रमश: 128.9 ± 0.39 (N-135) और 104.1 ± 0.28 मि. मी. (N=308) थी। इस पीढ़ी में मादा पक्षियों के 20 सप्ताह के शरीर भार (1644 ± 9.82 ग्रा.) में 51 ग्रा. का सुधार आया, जबकि पिंडली की लंबाई (104.1 ± 0.28 मि. मी.) में 0.6 मि. मी. की बढ़ोत्तरी हुई। 0-8 और 9-20 सप्ताह की आयु के दौरान कुक्कुटों की जीवित्ता क्रमश: 95.60 और 93.97% थी।

तालिका 17. घागस के किशोर विकास लक्षण (एस-5)

क्र.सं. नहीं।	आयु	एन	औसत ± एसई	एच$^{2}_{(नर)}$
शरीर का वजन (g)				
1	0-दिन	954	33.33 ± 0.10	0.20 ± 0.21
2	4 सप्ताह	936	228.4 ± 1.47	0.23 ± 0.11
3	8 सप्ताह	906	621.3 ± 6.07	0.26 ± 0.11
टांग की लंबाई (मिमी)				
4	8 सप्ताह	904	78.77 ± 0.32	0.35 ± 0.07 (एस+ दिन)

निकोबारी नस्ल का अनुरक्षण एवं मूल्यांकन

निकोबारी, जो कि मुर्गी की एक महत्वपूर्ण घरेलू नस्ल है, को संस्थान में एक शुद्ध संकर के रूप में मूल्यांकित एवं संरक्षित किया जा रहा है। इस संकर को समष्टि में यादृच्छिक समागम के द्वारा विकसित किया गया है। जी-9 पीढ़ी को उत्पादित करके उसके 20 सप्ताह की आयु तक शारीरिक विकास एवं उत्पादन गुणों के लिए मूल्यांकन किया गया।

जी-9 पीढ़ी का पुनर्जनन: 1 नर कुक्कुट के वीर्य से 2 मादा कुक्कुटों का गर्भाधान कराकर (1:2 अनुपात में) कुल 574 स्वस्थ चूजों के साथ निकोबारी की उन्नत नस्ल समष्टि को जी-9 पीढ़ी में दो अंडजोत्पत्ति व हैच में उत्पादित किया गया। दर्ज की गई उर्वरता 88.31% थी, जबकि उर्वर और कुल अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 95.75 और 84.56% थी। जी-9 पीढ़ी में उर्वरता (1.19%) में तथा उर्वर अंडा सेट (9.34%) एवं कुल अंडा सेट (9.28%) पर अंडा सेनन क्षमता में सुधार पाया गया।

शारीरिक विकास संबंधी गुण: निकोबारी नस्ल की जी-9 पीढ़ी का मूल्यांकन 20 सप्ताह की आयु तक 4 सप्ताह के अंतराल पर कुक्कुटों के शारीरिक विकास गुणों के लिए किया गया (तालिका 18)। शारीरिक विकास गुणों पर लिंग का प्रभाव 4 सप्ताह से आगे की अवधि में काफी अधिक था। चार और 8 सप्ताह की आयु के दौरान अंडजोत्पत्ति प्रभाव भी काफी ज्यादा था। तत्पश्चात, कोई भी अडजोत्पत्ति प्रभाव नहीं पाया गया। 4 सप्ताह (208.2 ± 1.70 ग्रा.), 8 सप्ताह (558.8 ± 4.92 ग्रा.) और 12 सप्ताह (886.4 ±

7.84 ग्रा.) की आयु पर शरीर भार में क्रमश: 43.7, 148 और 73 ग्रा. की वृद्धि हुई, जबकि पिछली पीढ़ी (जी-8) की तुलना में 8 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई (68.85 ± 0.47 मि. मी.) में 7.67 मि. मी. की वृद्धि हुई। 0-8, 9-20 और 0-20 सप्ताह की आयु के दौरान कुक्कुटों की जीवित्ता क्रमश: 97.24, 97.46 और 96.28% थी। कुक्कुटों के शारीरिक विकास की सभी अवधियों के दौरान उनकी जीवित्ता अच्छी थी और यह पिछली पीढ़ी के दौरान प्रेक्षित की गई जीवित्ता (क्रमश: 93.46, 85.73 एवं 80.13%) की तुलना में अधिक थी।

तालिका 18. निकोबारी (नर और मादा) कुक्कुटों का विकास प्रदर्शन (मीन±एसई) (जी-9)

क्र.सं.	लक्षण	एन	नर	एन	मादा	पी-मूल्य	हैच प्रभाव	निकाय संसर्ग
शरीर का वजन, g								
1	0 दिन	282	30.69±0.13	252	30.26±0.14	एन एस	एन एस	30.46±0.09
2	4 सप्ताह	279	215.9±2.24	251	201.7±2.35	0.011	0.008	208.2±1.70
3	8 सप्ताह	280	599.9±6.31	252	515.0±6.64	0.003	0.012	558.8±4.92
4	12 सप्ताह	275	984.8±8.84	246	776.8±9.33	0.013	0.413	886.4±7.84
5	16 सप्ताह	277	1347±9.79	245	1002±10.4	0.010	0.126	1184±10.4
6	20 सप्ताह	74	1495±23.8	214	1195±11.6	0.033	0.155	1266±12.6
7	40 सप्ताह	71	2196±31.2	184	1597±16.5	0.064	0.833	-
टांग की लंबाई, मिमी								
1	8 सप्ताह	153	71.42±0.61	136	65.96±0.65	0.0001	एन एस	68.85±0.47
2	12 सप्ताह	275	90.30±0.56	246	80.34±0.59	0.018	0.189	85.64±0.46
3	16 सप्ताह	277	101.6±0.59	282	86.43±0.63	0.037	0.641	94.48±0.54

उत्पादन संबंधी प्रदर्शन : जी-9 पीढ़ी में निकोबारी नस्ल के उत्पादन प्रदर्शन का मूल्यांकन उनकी 40 सप्ताह की आयु तक किया गया (तालिका 19) इस पीढ़ी में लैंगिक परिपक्वता पर आयु (एएसएम) 10 दिन घट गई थी। 40 सप्ताह की आयु तक जीवित्त मुर्गियों का अंडा उत्पादन लगभग उसी तरह था जैसा कि पिछली पीढ़ी के दौरान दर्ज किया गया था, और 28, 32, 36 एवं 40 सप्ताह की आयु पर अंडा भार व वजन लगभग एकसमान था। 40 सप्ताह की आयु तक दर्ज किया गया अंडा द्रव्यमान जी-7 पीढ़ी के दौरान दर्ज किए गए द्रव्यमान (3455 ± 83.3) से मामूली अधिक था, मगर कम संख्या के प्रेक्षणों (3647 ± 141.2 ग्रा., N=59) के साथ जी-8 पीढ़ी के दौरान दर्ज किए गए द्रव्यमान से यह कम था। इस नस्ल में 40 सप्ताह का दर्ज किया गया अंडा द्रव्यमान संभवत: संस्थान में अनुरक्षित सभी देसी मुर्गी नस्लों में सर्वाधिक है। मुर्गियों और मुर्गों में 21-40 सप्ताह की आयु के दौरान प्रेक्षित जीवित्ता क्रमश: 91.80 और 95.97% थी।

तालिका 19. निकोबारी नस्ल (जी-9) का उत्पादन प्रदर्शन

लक्षण	औसत± एसई	एन
एएसएम, दिन	161.5±1.05	215
50% उत्पादन पर आयु, दिन	167.0	
चरम उत्पादन पर आयु, दिन	191.5 (73.6%)	-
अंडा उत्पादन 40 सप्ताह, संख्या.		

लक्षण	औसत± एसई	एन
उत्तरजीवी 'ईपी	73.40±1.48	195
एचएचईपी	71.11±1.49	216
एचडीईपी	74.82	-
अंडे का द्रव्यमान 40 सप्ताह, g	3501±70.77	195
अंडे का वजन, g		
28 सप्ताह	41.86±0.26	184
32 सप्ताह	46.27±0.25	188
36 सप्ताह	46.85±0.28	161
40 सप्ताह	47.70±0.26	158

एचएचईपी: कुक्कुट पालन अंडा उत्पादन, एचडीईपी: कुक्कुट दिवस अंडा उत्पादन, कोष्ठक में चित्र उत्पादन प्रतिशत है

कड़कनाथ के लोथ के अभिलक्षण, मांस की गुणवत्ता और पौषणिक संघटन

कड़कनाथ नस्ल की मुर्गी के लोथ तथा मांस गुणवत्ता गुणों और मांस की पौषणिक प्रोफाइल की खोज करने हेतु एक अध्ययन किया गया। 27 सप्ताह की आयु पर, कड़कनाथ नस्ल के 20 नर पक्षियों को यादृच्छिक रूप से चयनित किया गया और उन्हें 12 घंटे तक उपवास काल में रखा गया अर्थात कोई चारा इत्यादि नहीं परोसा गया। लगभग 5 सप्ताह की आयु के 12 जीवित्त ब्रायलरों (नर) को खुदरा बाजार से खरीदा गया। कड़कनाथ नस्ल की मुर्गियों और वाणिज्यिक ब्रायलरों को समान शरीर भार आधार पर इस प्रकार से चयनित किया गया कि उनके औसत शरीर भार (1700 एवं 1760 ग्रा.) तुलनात्मक अध्ययन के लिए एक दूसरे से बहुत ज्यादा भिन्न न हों। ब्रायलरों में लोथ (ड्रेसिंग प्रतिशत) तथा वक्षस्थल फैलाव काफी अधिक था (तालिका 20)। कड़कनाथ नस्ल की मुर्गियों के कई अंगों, जैसे कि यकृत, हृदय एवं मांसपेशीय उदर (गिबलेट) का आकार 27 सप्ताह की आयु पर ब्रायलरों की तुलना में काफी छोटा था।

तालिका 20. कड़कनाथ और वाणिज्यिक ब्रॉयलर की कंकाल विशेषताएं (औसत±एस.ई.)

लक्षण	जीनोटाइप		p मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
लाइव वजन (g)	1707±15.9	1762±54.7	NS
कट अप भागों की उपज (%)			
स्तन	15.1±0.18 ^{b}	21.9±0.47 ^{a}	0.0001
पैर	21.9±0.33 ^{a}	19.6±0.30 ^{b}	0.0001
पंख	8.4±0.12 ^{a}	7.9±0.15 ^{b}	0.0133
पीछे	15.3±0.52 ^{a}	12.4±0.24 ^{b}	0.0003
गरदन	3.2±0.09 ^{a}	1.9±0.16 ^{b}	0.0001
अंगों की उपज (%)			
जिगर	1.2±0.06 ^{b}	2.7±0.12 ^{a}	0.0001
दिल	0.5±0.01 ^{b}	0.6±0.02 ^{a}	0.0020

लक्षण	जीनोटाइप		p मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
कंठ	1.9±0.08 [b]	2.9±0.17 [a]	0.0001
गिब्लेट	3.7±0.19 [b]	6.2±0.20 [a]	0.0001
त्वचा	6.6±0.15	6.4±0.22	0.3578
वृषण	0.9±0.11	चिह्न	
उपज अखाद्य भाग (%)			
सिर	4.3±0.09 [a]	2.7±0.07 [b]	0.0001
टांग / पैर	4.2±0.07 [a]	3.5±0.18 [b]	0.0001
रक्त और पंख	11.3±0.34 [a]	7.0±0.56 [b]	0.0001
पेट की चर्बी	-	1.1±0.10	-

अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट वाले डेटा पंक्ति के अनुसार महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं। एनएस-गैर-महत्वपूर्ण

मांस गुणवता संबंधी गुण

कुक्कुटों के वध के उपरांत 24 और 48 घंटा पर दर्ज किया गया मांसपेशीय पीएच ब्रायलरों की तुलना में कड़कनाथ में काफी अधिक था (तालिका 21)। वध-उपरांत 24 और 48 घं. दोनों पर मांस के पीएच में घटत कड़कनाथ नस्ल के बजाय, ब्रायलरों में अधिक थी। वक्षस्थल भाग से मांस का वजन ब्रायलरों में अधिक था, जबकि यह कड़कनाथ के ड्रमस्थि (अथवा ड्रमस्टिक) भाग में काफी अधिक था। वक्षस्थल, जंघा और पांवों सहित बायलरों में, कड़कनाथ नस्ल की तुलना में, मांस की उच्च मात्रा दर्ज की गई। ब्रायलरों के बजाय, कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुटों के जंघा की हड्डियां ज्यादा भारी व स्थूल थीं। वक्षस्थल और जंघा भागों के मांस-हड्डी का अनुपात ब्रायलर में उच्चतर था, जबकि कड़कनाथ नस्ल में ड्रम (नली) भाग काफी अधिक था। समग्र रूप से; बायलरों में, कड़कनाथ नस्ल की तुलना में, मांस-हड्डी अनुपात उच्च पाया गया।

तालिका 21. कड़कनाथ और वाणिज्यिक ब्रॉयलर के मांस की गुणवत्ता के मापदंड (औसत±एसई)

लक्षण	जीनोटाइप		पी मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
बी रीस्ट मसल का पीएच			
45 **मि**	6.53 ± 0.02	6.53 ± 0.02	एन एस
24 घंटे	6.47 ± 0.02 [a]	6.38 ± 0.02 [b]	0.0120
48 घंटे	6.37 ± 0.02 [a]	6.26 ± 0.02 [b]	0.0001
24 घंटे के बाद पीएच में गिरावट	0.06 ± 0.01 [b]	0.15 ± 0.02 [a]	0.0003
48 घंटे के बाद पीएच में गिरावट	0.16 ± 0.02 [b]	0.27 ± 0.02 [a]	0.0002
मांस वजन (जी)			
स्तन	174.50 ± 4.54 [b]	305.90 ± 14.79 [a]	0.0001
जाँघ	147.30 ± 3.49	153.08 ± 6.26	0.3884
ढोल का छड़ी	136.00 ± 3.20 [a]	112.20 ± 4.25 [b]	0.0001
कुल स्तन और पैर	457.80 ± 7.59 [b]	571.20 ± 24.10 [a]	0.0001

लक्षण	जीनोटाइप		पी मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
हड्डी का वजन (जी)			
स्तन	71.60 ± 3.17	76.25 ± 3.73	0.3611
जाँघ	35.95 ± 0.91 [a]	31.92 ± 1.61 [b]	0.0252
ढोल का छड़ी	50.20 ± 1.40	50.17 ± 2.26	0.9895
कुल स्तन और पैर	157.70 ± 4.18	158.30 ± 5.91	0.9347
मांस-हड्डी का अनुपात			
स्तन	2.57 ± 0.17 [b]	4.04 ± 0.13 [a]	0.0001
जाँघ	4.14 ± 0.14 [b]	4.89 ± 0.23 [a]	0.0002
ढोल का छड़ी	2.74 ± 0.08 [a]	2.26 ± 0.09 [b]	0.0007
कुल	2.94 ± 0.09 [b]	3.61 ± 0.07 [a]	0.0001

अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट वाले डेटा पंक्ति के अनुसार महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं। एन एस; महत्वहीन

कड़कनाथ का वक्षस्थल और जंघा मांसपेशियां ब्रायलर के संबंधित भागों की मांसपेशियों की तुलना में काफी गहरी (डार्क) एवं कम पीली थीं (तालिका 22)। वक्षस्थल और जंघा की मांसपेशियों की रंग सघनता और क्रोमा (संतृप्त सूचकांक) कड़कनाथ की संबंधित मांसपेशीयों की तुलना में बायलर में काफी अधिक था। तथापि, कड़कनाथ और ब्रायलरों के मांस में लालपन (a*) और वर्णकता में कोई अंतर नहीं था। एक ही जीनप्ररूप अथवा जीनोटाइप के भीतर, कड़कनाथ के वक्षस्थल की मांसपेशियां काफी पतली, कम लाल, अधिक पीली थीं और उनमें जंघा मांसपेशियों की तुलना में अधिक क्रोमा था। इसी प्रकार से, ब्रायलरों में, वक्षस्थल मांसपेशियां काफी पतली, अधिक पीली थीं और जंघा मांसपेशियों की तुलना में उनमें कम वर्णकता थी। कड़कनाथ और ब्रायलरों की जंघा मांसपेशियों के परस्पर औसत कुल रंग भिन्नता (ΔE) 13.19 ± 1.18 थी, जबकि कड़कनाथ और ब्रायलरों के वक्षस्थल की मांसपेशियों की 8.94±1.91 थी। कड़कनाथ के वक्षस्थल और जंघा मांसपेशियों के परस्पर ΔE मान 8.07 ± 0.64 था, जबकि ब्रायलर के वक्षस्थल और जंघा मांसपेशियों का मान 6.14±0.71 था। सभी चार ΔE मान, 4 से अधिक थे; जो यह संकेत देते हैं कि ब्रायलर और कड़कनाथ की संबंधित मांसपेशियों (जंघा एवं वक्षस्थल) के बीच रंग भिन्नता को तथा नस्ल (कड़कनाथ और ब्रायलर) के भीतर जंघा एवं वक्षस्थल मांसपेशियों के बीच रंग भिन्नता को दृश्य रूप में देखा-समझा जा सकता है। कड़कनाथ और ब्रायलरों की जंघा मांसपेशियों के विशेष संदर्भ में, कुल रंग भिन्नता इन दो जीनप्ररूपों की वक्षस्थल मांसपेशियों की तुलना में उच्च थी।

तालिका 22. प्रत्येक नमूने के 4 अवलोकनों के औसत के बाद कड़कनाथ और ब्रॉयलर के मांस के रंग की विशेषताएं (औसत± एसई)

लक्षण	जीनोटाइप		p मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
L* (हल्कापन)			
स्तन	42.44 ± 0.91 [Ba]	50.92 ± 1.01 [Aa]	0.0001
जाँघ	35.37 ± 0.41 [Bb]	47.48 ± 1.03 [Ab]	0.0001
पी मूल्य	0.0001	0.0266	
a* (लालपन)			
स्तन	−0.61 ± 0.18[b]	−1.06 ± 0.19[b]	0.1081

लक्षण	जीनोटाइप		p मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
जाँघ	2.18 ± 0.29 ^{a}	2.90 ± 0.45 ^{a}	0.1924
पी मूल्य	0.0001	0.0001	
b* (पीलापन)			
स्तन	6.23 ± 0.49^{Ba}	8.99 ± 0.31^{A}	0.0001
जाँघ	4.17 ± 0.27^{Bb}	8.98 ± 0.30^{A}	0.0001
पी मूल्य	0.0001	0.9699	
रंग (H*)			
स्तन	−0.63 ± 0.29^{b}	−1.18 ± 0.25^{b}	0.1934
जाँघ	0.95 ± 0.14^{a}	1.26 ± 0.05^{a}	0.1089
पी मूल्य	0.0001	0.0001	
क्रोमा (C*)			
स्तन	6.36 ± 0.45^{Ba}	9.08 ± 0.30^{A}	0.0001
जाँघ	4.80 ± 0.33 ^{Bb}	9.56 ± 0.28 ^{A}	0.0001
पी मूल्य	0.009	0.2637	

अलग-अलग अपरकेस सुपरस्क्रिप्ट वाले डेटा पंक्ति के अनुसार और अलग-अलग लोअरकेस सुपरस्क्रिप्ट कॉलम के अनुसार (प्रत्येक विशेषता के तहत) वाले आंकड़े महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं

पोषक तत्व संघटन का विश्लेषण

कड़कनाथ के वक्षस्थल के मांस में, ब्रायलर के वक्षस्थल के मांस की तुलना में, अधिक प्रोटीन तत्व और कम नमी तत्व, कम वसा, कम राख व ऐश तत्व तथा कम सकल ऊर्जा तत्व था (तालिका 23)।

तालिका 23. कड़कनाथ के मांस और वाणिज्यिक ब्रॉयलर (मीन±एसई) के समीपस्थ सिद्धांत (शुष्क पदार्थ के आधार पर)

लक्षण (%)	जीनोटाइप		पी मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
नमी	73.50 ± 0.14 ^{b}	74.68 ± 0.22 ^{a}	0.0001
क्रूड प्रोटीन	24.24 ± 0.16 ^{a}	23.09 ± 0.23 ^{b}	0.0002
लिपिड (वसा)	1.24 ±0.09 ^{b}	1.61 ±0.06 ^{a}	0.0075
कुल राख	1.19 ± 0.03 ^{b}	1.30 ± 0.04 ^{a}	0.0310
सकल ऊर्जा *(किलो कैलोरी/किग्रा)	4259 ± 16.4 ^{b}	4420 ± 16.5 ^{a}	0.0001

*परिकलित, अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट वाले डेटा पंक्ति के अनुसार महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं।

अमिनो अम्ल प्रोफाइल

मांस नमूनों में अमिनो अम्लों के संघटन के विश्लेषण (तालिका 24) से यह पाया गया कि दोनों जीनप्ररूपों अथवा जीनोटाइप्स में लाइसीन, मिथियोनाइन, फिनाइलालामाइन, वेलाइन एवं आर्जिनाइन प्रचुर मात्रा में अनिवार्य अमिनो अम्लों के रूप में थे। अनावश्यक अमिनो अम्लों में, ग्लुटोमिक अम्ल, प्रोलाइन एवं टाइरोसाइन दोनों नस्ल की मुर्गियों में प्रचुर मात्रा में थे। कड़कनाथ नस्ल के मांस में ल्यूसाइन एवं ट्राइप्टोफान भरपूर मात्रा में था, जबकि ब्रायलर के मांस में हिस्टिडाइन, मिथियोनाइन एवं थ्रियोनाइन

अनिवार्य अमिनो अम्लों के रूप में भरपूर मात्रा में थे। यह पाया गया कि ब्रायलर मांस की तुलना में, कड़कनाथ के मांस में अधिकतर आहारीय गैर-अनिवार्य अमिनो अम्ल (टाइरोसाइन को छोड़कर) तत्वों की मात्रा अधिक थी। समग्र रूप से, कड़कनाथ नस्ल के मांस में 11 अमिनो अम्लों की काफी उच्च मात्रा थी और ब्रायलरों में 3 अमिनो अम्लों की थी, जबकि 5 अमिनो अम्लों के तत्वों में कोई खास अंतर नहीं देखा गया। कड़कनाथ कुक्कुट के मांस में अमिनो अम्लों (एलानाइन, ऐस्पैराजाइन, ग्लुटामिक अम्ल, ग्लाइसाइन एवं सेराइन) का तत्व काफी उच्च मात्रा में था। इन अमिनो अम्लों के बारे में यह माना जाता है कि ये मांस में मीठा एवं सुगंधित स्वाद उत्पन्न करते हैं, जबकि ब्रायलर के मांस में ऐसा नहीं होता है। अध्ययन में यह निष्कर्ष दिया गया है कि कड़कनाथ नस्ल के पक्षियों के लोथ एवं मांस गुणवत्ता गुण तथा पोषक तत्व संघटन वाणिज्यिक ब्रायलरों की तुलना में भिन्न था। यद्यपि, अनावश्यक एवं अनिवार्य अमिनो अम्ल तत्वों में दोनों जीनप्ररूप भिन्न थे, मगर अनिवार्य अमिनो अम्लों की डब्ल्यू एच ओ द्वारा संस्तुत दैनिक आवश्यकताओं (वयस्क मानव) की पूर्ति करने में कोई खास अंतर नहीं था।

तालिका 24. ताजा वजन के आधार पर कड़कनाथ और ब्रायलर मांस की अमीनो एसिड संरचना (औसत± एसई)।

अमीनो अम्ल (जी / 100 ग्राम मांस)	जीनोटाइप		पी मूल्य
	कड़कनाथ	ब्रॉयलर	
अनिवार्य अमीनो एसिड			
अर्जिनीन	2.00 ± 0.10	2.24 ± 0.11	0.1371
हिस्टडीन	0.030 ± 0.001 [b]	0.036 ± 0.002 [a]	0.0182
ल्यूसीन	1.14 ± 0.05 [a]	0.93 ± 0.09 [b]	0.0324
लाइसिन	4.00 ± 0.17	4.20 ± 0.22	0.4761
मेथिओनाइन	2.52 ± 0.08 [b]	3.03 ± 0.18 [a]	0.0062
फेनिलएलनिन	2.37 ± 0.07	2.52 ± 0.23	0.4498
थ्रेओनाइन	0.87 ± 0.04 [b]	1.04 ± 0.08 [a]	0.0422
ट्राइप्टोपान	0.005 ± 0.0008 [a]	0.002 ± 0.0003 [b]	0.0222
वेलिन	2.48 ± 0.074	2.66 ± 0.15	0.2386
गैर- अपरिहार्य अमीनो एसिड			
एलानिन	0.37 ± 0.04 [a]	0.12 ± 0.01 [b]	0.0002
एस्परजीन	0.04 ± 0.003 [a]	0.02 ±0.002 [b]	0.0001
एस्पार्टिक अम्ल	0.10 ± 0.013 [a]	0.03 ± 0.003 [b]	0.0002
सिट्रुलीन	0.02 ± 0.002 [a]	0.006 ± 0.0009 [b]	0.0001
सिस्टीन	0.024 ± 0.004 [a]	0.007 ± 0.0008 [b]	0.0038
ग्लुटामिक एसिड	2.78 ± 0.12 [a]	1.89 ± 0.14 [b]	0.0001
ग्लाइसिन	0.002 ± 0.0002 [a]	0.0006 ± 0.000005 [b]	0.0002
प्रोलीन	2.25 ± 0.11 [a]	1.71 ± 0.12 [b]	0.0035
सेरीन	0.69 ± 0.05 [a]	0.31 ± 0.04 [b]	0.0001
टायरोसिन	1.15 ± 0.07	1.35 ± 0.15	0.1981
स्वादिष्ट अमीनो एसिड	4.74 ± 0.21 [a]	3.38 ± 0.24 [b]	0.0003

*स्वादिष्ट अमीनो एसिड: अलैनिन, शतावरी, ग्लूटामिक एसिड, ग्लाइसिन, सेरीन और थ्रेओनाइन का योग, अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट्स पंक्तिवार वाले डेटा में काफी अंतर होता है।

संश्लेषित रंगीन ब्रॉयलर नर वंशक्रम (पीबी-1) का आनुवंशिक सुधार और ब्रॉयलर नियंत्रण समष्टि का अनुरक्षण

डॉ. एल. लेस्ली लियो प्रिंस, डॉ. के. एस. राजारविन्द्रा, डॉ. टी. के., भट्टाचार्य (नवंबर 2022 तक), डॉ. यू. राजकुमार, डॉ. बी. एल. एन. रेड्डी, डॉ. एम. निरंजन

संश्लेषित रंगीन ब्रॉयलर नर वंशक्रम (PB-1) का आनुवंशिक सुधार

कुक्कुट झुंड का सशक्तिकरण एवं पुनर्जनन

पीबी-1 झुंड का पुनर्जनन संग्रहित वीर्य के साथ यादृच्छिक रूप से समागम के माध्यम से (अर्थात पूल्ड सीमन रैन्डम मैटिंग) किया गया। 3 अंडजोत्पत्तियों अर्थात हैच में कुल 1134 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। उर्वरता 92.17% थी। कुल अंडा सेट और उर्वर अंडा सेट पर अंडा सेनन क्षमता क्रमश: 87.79 और 95.25% थी। पिछली पीढ़ी की तुलना में, इस पीढ़ी की उर्वरता में सुधार आया। झुंड के आकार को मजबूती प्रदान करने तथा उसमें विविधता लाने के लिए, हैचिंग अंडों को एआईसीआरपी-पीबी लुधियाना केंद्र से खरीदा गया। कुल 1500 उर्वर अंडे प्राप्त किए गए और 1439 अंडे सेये (सेट करना) गए। कुल 1058 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए।

तालिका 25 पीबी-1 जीवसंख्या (एस-1) का ऊष्मायन एवं अंडे सेने का प्रदर्शन

हैच	सेट अंडों की संख्या	हस्तांतरित अंडों की संख्या	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूज़ों की कुल संख्या
				टीईएस	एफईएस	
लुधियाना-1	1439	1231	85.55	76.72	89.68	1058
डीपीआर-2	434	400	92.17	87.79	95.25	371
डीपीआर-3	486	428	88.07	79.42	90.19	377
डीपीआर-4	442	404	91.40	87.33	95.54	386
डीपीआर- कुल मिलाकर	1362	1232	90.46	84.65	93.59	1134
कुल मिलाकर	2801	2463	87.93	80.58	91.64	2192

एस-1 पीढ़ी में किशोर कुक्कुटों के शारीरिक गुणों का प्रदर्शन

प्रतिवेदित अवधि के दौरान, पीबी-1 की एस-1 पीढ़ी (लुधियाना एवं डीपीआर जर्मप्लाज्म) का मूल्यांकन कुक्कुटों के किशोरावस्था विकास गुणों का पता लगाने के लिए किया गया। 0 दिन, 2, 4, 5 और 6 सप्ताह की आयु पर शरीर भार के समग्र मान क्रमश: 39.81, 252.0, 756.8, 1023 एवं 1342 ग्रा. थे। लुधियाना जर्मप्लाज्म अथवा जननद्रव्य के लिए यही समरूपी प्रदर्शन मान क्रमश: 42.57, 286, 799, 1149 एवं 1414 ग्रा. थे।

तालिका 26. पीबी-1 (एस-1) में किशोर लक्षणों का प्रदर्शन

लक्षण / पीढ़ी	एस-1 (लुधियाना और डीपीआर संयुक्त)
शरीर का वजन (g) 0 दिन	39.81±0.15 (643)
4 सप्ताह	756.8±5.2 (696)
5 सप्ताह	1050±3.9 (2104)
6 सप्ताह	1342±5.8 (767)
स्तन कोण (^{0}) 5 सप्ताह	74.04±0.16 (687)
टांग की लंबाई (मिमी) 5 सप्ताह	83.92±0.13 (1721)

तालिका 27. पीबी-1 का उत्पादन प्रदर्शन

लक्षण	एस-1 (लुधियाना और डीपीआर संयुक्त)
शरीर का वजन 20 सप्ताह	
नर	3,317±41.8 (74)
मादा	2,573±14.9 (489)
शरीर का वजन 40 सप्ताह	
नर	4,339±66.5 (61)
मादा	3,195±19.2 (446)
एएसएम, दिन	169.74±1.03 (447)
अंडे का वजन, g	
28 सप्ताह	53.13±0.24 (368)
32 सप्ताह	55.14±0.24 (374)
36 सप्ताह	57.73±0.27 (345)
40 सप्ताह	59.68±0.27 (339)
अंडा उत्पादन (संख्या)	
28 सप्ताह	20.51±0.52 (395)
32 सप्ताह	37.12±0.72 (403)
40 सप्ताह	72.85±1.06 (343)

पीबी-1 के लगभग 540 वयस्क मादा कुक्कुटों (लुधियाना के लगभग 225 और डीपीआर जर्मप्लाज्म के 315) को अनुरक्षित किया गया और उनके अंडा उत्पादन का मूल्यांकन किया गया। मादा कुक्कुटों में 20 सप्ताह पर औसत शरीर भार 2,573 ग्रा. था। लैंगिक परिपक्वता पर आयु 169.74 दिन थी। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह की आयु पर अंडा भार क्रमश: 5313, 55.14, 57.73 एवं 59.68 ग्रा. था। 32 और 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 37.12 और 72.85 अंडे था।

पीबी-1 झुंड का पुनर्जनन

पीबी-1 झुंड का पुनर्जनन संग्रहित वीर्य के द्वारा यादृच्छिक समागम के माध्यम से किया गया और कुल 2381 अंडे सेये गए। कुल 1960 स्वस्थ चूजों को तीन अंडजोत्पत्तियों में प्राप्त किया गया। उर्वरता, टीईएस और एफईएस आधार पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 91.47, 84.21 और 92.06 % थी। इस पीढ़ी में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, उर्वरता और अंडा सेनन क्षमता संबंधी प्राचलों अथवा पैरामीटरों में सुधार पाया गया।

तालिका 28. पीबी-1 जनसंख्या (एस-2) का इन्क्यूबेशन और हैचिंग प्रदर्शन

हैच	सेट अंडों की संख्या	हस्तांतरित अंडों की संख्या	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूज़ों की कुल संख्या
				टीईएस	एफईएस	
1	839	765	91.18	84.15	92.29	696
2	890	833	93.60	86.18	92.08	750
3	652	580	88.96	81.60	91.72	514
कुल मिलाकर	2381	2178	91.47	84.21	92.06	1960

पैतृक नस्ल से यादृच्छिक रूप से विकसित संकर ब्रायलर नियंत्रण वंशक्रम (सी बी) सीबी झुंड का पुनर्जनन (जी-20)

उपलब्ध वयस्क मादा कुक्कुटों का समागम संग्रहित वीर्य के साथ कराकर चूजों का जनन कराया गया। 2 अंडजोत्पत्ति में कुल 1221 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। उर्वरता 87.75 थी और टीईएस एवं एफईएस आधार पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 84.14 और 95.89 प्रतिशत थी। इस पीढ़ी में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, उर्वरता और अंडे सेनन क्षमता में सुधार पाया गया।

सारणी 29. ब्रॉयलर नियंत्रण जीवसंख्या का ऊष्मायन और हैचिंग प्रदर्शन (जी-20)

हैच	अंडों की संख्या	हस्तांतरित अंडों की संख्या	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूज़ों की कुल संख्या
				टीईएस	एफईएस	
1	703	635	90.33	88.62	98.11	614
2	766	654	85.38	80.03	93.73	607
कुल / औसत	1469	1289	87.75	84.14	95.89	1221

कुक्कुटों के किशोरावस्था विकास गुणों का प्रदर्शन (जी-20)

प्रतिवेदित अवधि के दौरान, कंट्रोल (मानक) ब्रायलर वंशक्रम की जी-20 पीढ़ी का मूल्यांकन कुक्कुटों के किशोरावस्था शारीरिक विकास गुणों का पता लगाने के लिए किया गया। 2, 4, 5, और 6 सप्ताह की आयु पर औसत शरीर भार क्रमश: 35.04, 205.4, 562.7, 842.5 एवं 1,072 ग्रा. था। 5 सप्ताह की आयु पर पिंडली की लंबाई और वक्षस्थल का कोण क्रमश: 77.69 मि. मी. और 72.15^0 था।

तालिका 30. सीबी (जी-20) में किशोर लक्षणों का प्रदर्शन

लक्षण / पीढ़ी	जी-20
शरीर का वजन (g) 0 दिन	35.04±0.14 (349)
4 सप्ताह	562.7±4.93 (579)
5 सप्ताह	842.5±5.37 (1166)
6 सप्ताह	1,072±7.5 (713)
स्तन कोण (^{0}) 5 सप्ताह	72.15±0.26 (351)
टांग की लंबाई (मिमी) 5 सप्ताह	77.69±0.20 (688)

सीबी का उत्पादन प्रदर्शन

लगभग 425 वयस्क मादा कुक्कुटों को अनुरक्षित व पाला गया और उनके अंडा उत्पादन का मूल्यांकन किया गया। मादा कुककुटों में 20 सप्ताह की आयु पर औसत शरीर भार 2,526 ग्रा. था। लैंगिक परिपक्वता पर आयु 166.03 दिन थी। 28, 32, 36 और 40 सप्ताह की आयु पर अंडा भार अथवा वजन क्रमश: 49.88, 52.68, 54.03 एवं 57.39 ग्रा. था। 32 और 40 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन क्रमश: 40.33 एवं 72.58 अंडे था।

तालिका 31. सीबी का उत्पादन प्रदर्शन

लक्षण	जी-20
शरीर का वजन 20 सप्ताह	
नर	3,275±31.6 (68)
मादा	2,526±9.53 (441)
शरीर का वजन 40 सप्ताह	
नर	4,270±46.1 (65)
मादा	3,053±17.52 (403)
एएसएम, दिन	166.03±0.78 (408)
अंडे का वजन, g	
28 सप्ताह	49.88±0.23 (367)
32 सप्ताह	52.68±0.21 (347)
36 सप्ताह	54.03±0.21 (343)
40 सप्ताह	57.39±0.24 (354)
अंडा उत्पादन (संख्या)	
28 सप्ताह	21.26±0.47 (387)
32 सप्ताह	40.33±0.61 (391)
40 सप्ताह	72.58±0.89 (346)

सीबी झुंड का पुनर्जनन (जी-21)

सीबी झुंड का पुनर्जनन संग्रहित वीर्य के द्वारा यादृच्छिक समागम के माध्यम से किया गया और कुल 1050 अंडे सेये गए। जी-21 पीढ़ी में एकल

अंडजोत्पत्ति में कुल 900 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। उर्वरता, टीईएस एवं एफईएस आधार पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 91.90, 87.05 और 94.72 % थी। इस पीढ़ी में, जी-20 पीढ़ी की तुलना में, उर्वरता और अंडे सेनन क्षमता (टीईएस) प्राचलों अर्थात पैरामीटरों में सुधार पाया गया।

तालिका 32. सीबी (जी-21) का इन्क्यूबेशन एवं हैचिंग प्रदर्शन

हैच	सेट अंडों की संख्या	हस्तांतरित अंडों की संख्या	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूज़ों की कुल संख्या
				टीईएस	एफईएस	
कुल मिलाकर	1050	986	91.90	87.05	94.72	900

कड़कनाथ नस्ल का प्रदर्शन

कड़कनाथ, जो कि एक देसी मुर्गी है, नस्ल का मूल्यांकन जी-20 पीढ़ी में 72 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन प्रदर्शन के लिए किया गया। 40, 64 और 72 सप्ताह तक अंडा उत्पादन क्रमश: 77.31 ± 0.92 (399) 166.8 ± 1.89 (341) और 188.7 ± 2.16 (299) अंडे था। 40 सप्ताह की आयु पर अंडा वजन 44.75 ± 0.15 (358) ग्रा. था।

कड़कनाथ की जी-3 पीढ़ी का पुनर्जनन पैतृक नस्ल के साथ यादृच्छिक रूप से समागम के माध्यम से कराया गया। कुल 46 नर कुक्कुटों और 138 मादा कुक्कुटों, जो ए एल वी के लिए निगेटिव थे, का उपयोग किया गया। लगभग 1,177 अंडे सेये गए और 3 अंडजोत्पत्तियों अथवा हैच में 1004 स्वस्थ चूजे उत्पादित किए गए। उर्वरता 94.31% थी। कुल अंडा सेट और उर्वर अंडा सेट पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 86.75 एवं 91.98% थी।

0 दिन और 4, 8, 12, 14 तथा 16 सप्ताह पर शरीर भार के समग्र मान क्रमश: 29.75, 166.5, 489.1, 808.9, 960.5 एवं 1,121 ग्रा. थे। इस पीढ़ी (BW 12: 695.8 ग्रा., BW 16: 1,038 ग्रा.) में, पिछली पीढ़ी की तुलना में, शरीर भार में सुधार पाया गया। 16 सप्ताह की आयु पर औसत पिंडली लंबाई 101.92 मि. मी. थी। 16 सप्ताह की आयु पर नर एवं मादा कुक्कुटों का औसत शरीर भार क्रमश: 1,305 एवं 988 ग्रा. था, जबकि पिछली पीढ़ी के दौरान यही मान क्रमश: 1,237 एवं 915 ग्रा. थे।

कुल 440 वयस्क मादा पक्षियों को उनके प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए अनुरक्षित किया गया। 20 सप्ताह पर नर कुक्कुटों का शरीर भार 1,615 ग्रा. था, जबकि मादा कुक्कुटों का 1,202 ग्रा. था। लैंगिक परिपक्वता पर आयु 173.05 दिन थी जिसे उसे पिछली पीढ़ी (173.25 दिन) की तुलना में यथावत रखा गया। 32 सप्ताह तक अंडा उत्पादन 41.79 अंडे था जिसमें पिछली पीढ़ी की तुलना में 3.46 अंडों का सुधार देखा गया।

तालिका 33. कड़कनाथ में ऊष्मायन और अंडे सेने का प्रदर्शन (जी-3)

हैच नं	सेट अंडों की संख्या	हस्तांतरित अंडों की संख्या	प्रजनन क्षमता (%)	हैचबिलिटी (%)		अच्छे चूज़ों की कुल संख्या
				टीईएस	एफईएस	
1	490	467	95.31	87.55	91.86	423
2	248	229	92.34	87.10	94.32	212
3	439	414	94.31	85.65	90.82	369
कुल मिलाकर	**1177**	**1110**	**94.31**	**86.75**	**91.98**	**1004**

तालिका 34. कड़कनाथ का विकास प्रदर्शन (जी-3)

लक्षण	जी 3
शरीर का वजन (g)	
0 दिन	29.75±0.11 (786)
4 सप्ताह	166.5±1.06 (912)
8 सप्ताह	489.1±3.17 (914)
12 सप्ताह	808.9±6.04 (834)
14 सप्ताह	960.5±6.80 (831)

लक्षण	जी 3
16 सप्ताह	1,121±7.98 (826)
16 सप्ताह: नर	1,305±12.52 (257)
16 सप्ताह: मादा	988.01±6.62 (423)
टांग की लंबाई (मिमी)	
16 सप्ताह	101.92±0.33 (824)

तालिका 35. कड़कनाथ में वयस्क शरीर का वजन (जी-3)

लक्षण	जी 3
शरीर का वजन (g)	
20 सप्ताह: नर	1,615±12.38 (265)
20 सप्ताह: मादा	1,202±8.60 (425)
टांग की लंबाई (मिमी) 20 सप्ताह	
नर	116.35±0.41 (265)
मादा	97.68±0.36 (425)
40 सप्ताह (g) पर शरीर का वजन	
नर	2,405±45.2 (52)
मादा	1,525±12.21 (370)
टांग की लंबाई (मिमी) 40 सप्ताह पर	
नर	121.21±0.95 (52)
मादा	95863±0.25 (370)

तालिका 36. कड़कनाथ (जी-3) का उत्पादन प्रदर्शन

लक्षण	जी 3
एएसएम (दिन)	173.05±0.80 (392)
अंडे का वजन **(g)**	
28 सप्ताह	40.13±0.15 (340)
अंडा उत्पादन (संख्या)	
32 सप्ताह	41.79±0.70 (384)

रंगीन संश्लेषित ब्रायलर मादा वंशक्रम (पीबी-2) का आनुवंशिक सुधार रंगीन संश्लेषित ब्रायलर मादा वंशक्रम (पीबी-2)

पीबी-2 (बेंगलूरु) की एस-2 पीढ़ी का पुनर्जनन यादृच्छिक समागम के माध्यम से कराया गया। इसे 3 अंडजोत्पत्तियों में पुनर्जनित किया गया। 4, 5 और 6 सप्ताह पर इस पीढ़ी के कुक्कुटों का शरीर भार तथा पिंडली की लंबाई क्रमश: 709 ± 1.36 ग्रा., 985 ± 2.81, 1214 ± 5.26 ग्रा. और 82.28 ± 0.15 मि. मी. थी। लुधियाना समष्टि (पापुलेशन) की एस-0 पीढ़ी में यही मान क्रमश: 651 ± 1.10 ग्रा., 954 ± 2.32 ग्रा., 1254 ± 4.10 और 79.28 ± 0.20 मि. मी. थे। 40 सप्ताह तक पीबी-2 समष्टि के वयस्क के प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया गया। लैंगिक परिपक्वता पर आयु, 20 और 40 सप्ताह पर शरीर भार तथा 28, 32, 36, 40 सप्ताह पर अंडा वजन क्रमश: 159 ± 2.10 दिन, 2316 ± 23.28 ग्रा., 2967 ± 26.39 ग्रा., 51.58 ± 0.82 ग्रा., 54.90 ± 0.72 ग्रा., 55.64 ± 0.68

ग्रा., 57.75 ± 0.80 ग्रा. था। 40 सप्ताह पर अंडा उत्पादन 75.49 ± 1.30 था। पीबी-2 की एस-1 पीढ़ी का जनन यादृच्छिक समागम के माध्यम से कराया गया। प्रतिशत उर्वरता, कुल अंडा सेट (एचटीईएस) पर प्रतिशत अंडे सेनन क्षमता तथा उर्वर अंडा सेट (एचएफईएस) पर प्रतिशत अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 92.19, 86.28 और 93.59 थी। कुल 3344 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए।

सारणी 37. लुधियाना की पीबी-2 एस-2 पीढ़ी बेंगलुरू और एस-0 पीढ़ी का किशोर गुण प्रदर्शन

क्र.सं.	प्रवृत्ति	बेंगलुरु की S-2 पीढ़ी औसत ± एसई	S-0 लुधियाना की पीढ़ी औसत ± एसई
1	4 सप्ताह शरीर का वजन (जी)	709±1.36	651 ± 1.10
2	5 सप्ताह शरीर का वजन (g)	985±2.81	954±2.32
3	5 सप्ताह टांग की लंबाई (मिमी)	82.28±0.15	79.28±0.20
4	6 सप्ताह शरीर का वजन	1214±5.26	1254±4.10

तालिका 38. चालीस सप्ताह तक की आयु तक पीबी-2 जीवसंख्या में वयस्क प्रदर्शन लक्षण

प्रवृत्ति	औसत ± एसई
एएसएम (दिन)	159±2.10
20 सप्ताह शरीर का वजन (g)	2316±23.28
40 सप्ताह शरीर का वजन (g)	2967±26.39
28 सप्ताह अंडे की सफेदी (g)	51.58±0.82
32 सप्ताह अंडे का वजन (g)	54.90±0.72
36 सप्ताह अंडे का वजन (g)	55.64±0.68
40 सप्ताह अंडे का वजन (g)	57.75±0.80
40 सप्ताह अंडा उत्पादन (नहीं)	75.49±1.30

बौने एवं पंखरहित ग्रीवा वाले कुक्कुट जीन वंशक्रम:

पंखरहित ग्रीवा वाले एवं बौने कुक्कुट जीन वंशक्रम की एस-19 पीढ़ी का जनन यादृच्छिक समागम के माध्यम से कराया गया। पंखरहित ग्रीवा वाले कुक्कुट जीन वंशक्रम में प्रतिशत उर्वरता, कुल अंडा सेट (एचटीईएस) पर प्रतिशत अंडे सेनन क्षमता तथा उर्वर अंडा सेट (एचएफईएस) पर अंडे सेनन क्षमता क्रमश: 88.69, 74.28 और 83.75 थी। 2 अंडजोत्पत्तियों में कुल 598 स्वस्थ चूजे प्राप्त किए गए। बौने जीन वंशक्रम के संबंध में यही समरूपी मान क्रमश: 83.15, 69.81 एवं 83.96 थे। 4 अंडजोत्पत्तियों में कुल 377 स्वस्थ चूजे प्राप्त व उत्पादित किए गए। पंखरहित ग्रीवा एवं किशोरावस्था (4 और 6 सप्ताह) वाले कुक्कुटों के शारीरिक विकास गुण, यथा शरीर भार तथा पिंडली की लंबाई क्रमश: 592 ± 1.31 ग्रा., 1050 ± 2.20 ग्रा. और 89.62 ± 0.71 मि. मी. थी। बौने कुक्कुटों के संबंध में यही समरूपी मान क्रमश: 481 ± 1.42 ग्रा., 791 ± 2.81 ग्रा. और 78.36 ± 0.78 मि. मी. थे। पंखरहित ग्रीवा वाले वयस्क कुक्कुटों का प्रदर्शन, यथा लैंगिक परिपक्वता पर आयु तथा 20 और 40 सप्ताह पर शरीर भार, 28, 32, 36 एवं 40 सप्ताह पर अंडा वजन और 40 सप्ताह का अंडा उत्पादन क्रमश: 157 ± 2.81 दिन, 2454 ± 22.23 ग्रा., 2849 ± 22.38 ग्रा., 48.65 ± 0.91 ग्रा., 50.95 ± 0.62 ग्रा., 53.45 ± 0.61 ग्रा., 55.10 ± 0.71 ग्रा. और 61.78 ± 1.28 अंडे था। बौने जीन वंशक्रम के कुक्कुटों के संबंध में यही समरूपी मान क्रमश: 160 ± 2.35 दिन, 1931 ± 20.12 ग्रा., 2515 ± 28.12 ग्रा., 48.38 ± 0.72 ग्रा., 50.56 ± 0.68 ग्रा., 53.08 ± 0.58 ग्रा., 53.15 ± 0.52 ग्रा. और 67.05 ± 1.72 अंडा थे। यहां, पिछली पीढ़ी की तुलना में पंखरहित ग्रीवा एवं बौने जीन वंशक्रम वाले कुक्कुटों के गुण मानों में कोई अंतर नहीं पाया गया।

कुलीन लेयर जर्मप्लाज्म का सुधार एवं रखरखाव

लेयर परियोजना के तहत दो कुलीन वंशावलियों अर्थात IWH और IWI उच्च अंडे संख्या के लिए चयन के अधीन हैं जबकि IWK, IWD, IWF, IWN, IWP और लेयर कंट्रोल (LC) यादृच्छिक प्रजनन कार्यक्रम के तहत हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 72 सप्ताह तक की वृद्धि और उत्पादन लक्षणों का मूल्यांकन किया गया। द्विमार्गीय एवं त्रिमार्गीय लेयर संकर का मूल्यांकन पूरा किया गया। शुद्ध वंशावलियों एवं उनके संकरों के विकास और उत्पादन लक्षण क्रमशः तालिका 41 एवं 42 में प्रस्तुत किए गए।

त्रिमार्गीय संकर (डीकेएच) कुक्कुटों का झुंड

त्रिमार्गीय संकर (डीकेएच) कुक्कुटों ने सफेद पंखों के विपरीत बहुरंगी पंखों का प्रदर्शन किए, अन्य दो तरीकों से सीएचएक्स, वीएचएक्स, केएक्सएच और डीआरएक्स में यह रंगीन धब्बों के साथ देखे गए। DKH पुलेट एवं कॉकरेल का वजन क्रमशः 1354.53 और 1647.35 ग्राम रहा। इन बहुरंगी कुक्कुटों की टांग पतली होती है और यह अच्छी उड़ान भरने में सक्षम होते हैं जो शिकारियों से बचने के लिए वांछनीय गुण हैं। यह कुक्कुट ज्यादातर देशी जैसे ही लगते हैं। DKH कुक्कुटों का वार्षिक अंडा उत्पादन सभी आयु दशाओं में इष्टतम अंडे के वजन के साथ 239.20 ± 2.96 रहा। दो सौ से अधिक भूरे अंडे देने में सक्षम इस होनहार संकर का कृषि मूल्यांकन फार्म स्तर पर पूरा हुआ है। त्रिमार्गीय संकर का क्षेत्र परीक्षण आरंभ किया गया और यह कार्य प्रगति पर है।

तालिका 39. नग्न गर्दन एवं बौने कुक्कुटों का किशोर गुण प्रदर्शन जनसंख्या S-19 पीढ़ी

क्र.सं.	प्रवृत्ति	नग्न गर्दन औसत ± एसई	बौना आदमी औसत ± एसई
1	4 सप्ताह शरीर का वजन (g)	592±1.31	481±1.42
2	6 सप्ताह शरीर का वजन (g)	1050 ± 2.20	791±2.81
3	6 सप्ताह टांग की लंबाई (मिमी)	89.62±0.71	78.36±0.78

तालिका 40. नग्न गर्दन के वयस्क प्रदर्शन लक्षण एवं बौनी जीवसंख्या S-19 पीढ़ी

क्र.सं.	प्रवृत्ति	नग्न गर्दन औसत ± एसई	बौना आदमी औसत ± एसई
1	एएसएम (दिन)	157±2.81	160±2.35
2	20 सप्ताह शरीर का वजन (g)	2454±22.23	1931±20.12
3	40 सप्ताह शरीर का वजन (g)	2849±22.38	2515±28.12
4	28 सप्ताह अंडे का वजन (g)	48.65±0.91	48.38±0.72
5	32 सप्ताह अंडे का वजन (g)	50.95±0.62	50.56±0.68
6	36 सप्ताह अंडे का वजन (g)	53.45±0.61	53.08±0.58
7	40 सप्ताह अंडे का वजन (g)	55.10±0.71	53.15±0.52
8	40 सप्ताह अंडा उत्पादन (सं.)	61.78±1.28	67.05±1.72

तालिका 41. लघुतम वर्गाकार औसत और लेयर वंशावलियों एवं उनके संकरों में शरीर के वजन की एसई (g)

पंक्ति	4 सप्ताह	8 सप्ताह	16 सप्ताह	20 डब्ल्यूके	40 डब्ल्यूके	52 डब्ल्यूके	64 डब्ल्यूके	72 डब्ल्यूके
आईडब्ल्यूएच (एस-8)	-	435.86±3.10	1033.40±5.40	1255.30±6.54	1522.13±10.06	1531.07±9.86	1587.45±10.92	1609.97±11.57
आईडब्ल्यूआई (एस-8)	189.09±2.36	412.31±3.74	915.74±5.47	1134.77±6.33	1390.65±10.08	1374.42±11.43	1450.83±11.01	1487.66±12.25
आईडब्ल्यूके (एस-16)	-	424.78 ± 4.60	942.71 ± 6.25	1162.40±7.04	1385.30±11.51	1393.89±12.55	1431.87±12.99	1507.52±13.90
एलसी (एस-16)	193.48±2.45	431.06±4.61	984.14±5.65	1226.01±6.98	1500.50±10.61	1510.68±11.98	1589.81±11.97	1640.85±12.43
आईडब्ल्यूडी (जी-3)	-	-	-	1206.82±10.12	1461.88±15.50	1508.24±18.17	1610.63±20.69	1572.77±20.15
आईडब्ल्यूएफ (जी-3)	-	-	-	1160.84±10.86	1435.15±14.70	1498.90±17.59	1496.28±20.93	1608.34±21.62
आईडब्ल्यूएन (जी-1)	117.63 5.49	306.35±17.59	1012.46±32.89	1278.67±42.72	1589.78±34.89	1564.14±20.32	1588.75±22.92	1606.42±26.91
आईडब्ल्यूपी (जी-1)	106.07±4.63	307.85±14.21	980.10±20.63	1214.92±32.41	1519.90±37.35	1554.60±29.41	1572.50±28.85	1597.22±28.44
डीकेएच	-	447.88±4.18	1067.25±7.88	1354.53±8.89	1676.76±13.29	1689.22±14.81	1733.24±14.82	1875.74±17.49
सीएचएक्स	328.64±5.13	781.14±9.16	1568.15±13.54	1801.24±15.91	2124.16±39.24	2284.56±30.30	2355.78±32.52	2546.65±37.18
वीएचएक्स	280.33±4.64	648.14±8.20	1428.50±12.18	1740.58±13.48	2012.76±24.46	2101.81±22.54	2226.65±24.76	2301.49±28.78
KxH	289.66±4.28	338.50±5.17	1039.61±13.44	1111.61±12.04	1648.68±23.40	1636.46±23.96	1685.63±25.93	1774.16±28.25
डीआरएक्स	339.11±6.50	442.70±7.61	1248.47±14.48	1404.91±18.85	1782.13±21.36	1833.53±26.99	1963.54±29.68	1960.08±45.82

सीएचएक्स = पीडी-1 एक्स आईडब्ल्यूएच; VHx = PD-2 x IWH; KxH = कड़कनाथ x IWH; DRx = PD-3 x IWH; डीकेएच = पीडी3 एक्स (केएक्सएच)

तालिका 42. लघुतम वर्गाकार औसत और लेयर वंशावलियों एवं उनके संकरों में उत्पादन लक्षणों की एसई (g)

पंक्ति	एएसएम (दिन)	ईडब्ल्यू 28 (g)	ईडब्ल्यू 40 (g)	EW 52 (g)	ईडब्ल्यू 64 (g)	ईडब्ल्यू 72 (g)	ईपी 40 (सं.)	ईपी 52 (सं.)	ईपी 64 (सं.)	ईपी 72 (सं.)
आईडब्ल्यूएच (एस-8)	136.33±0.43	48.18±0.15	50.65±0.18	55.08±0.24	54.55±0.29	55.76±0.27	117.57±0.84	183.84±1.38	243.39±2.29	273.52±2.70
आईडब्ल्यूआई (एस-8)	141.35±0.60	48.08±0.17	49.77±0.22	54.56±0.28	53.99±0.30	55.08±0.37	113.56±0.95	179.37±1.48	231.54±2.33	261.73±2.86
आईडब्ल्यूके (एस-16)	142.64±0.71	47.52±0.18	51.06±0.23	56.36±0.29	55.86±0.33	56.77±0.31	107.02±1.13	171.45±1.66	227.59±2.53	261.01±3.15
नियंत्रण रेखा (एस-16)	148.70±0.65	48.15±0.16	50.96±0.18	54.59±0.26	54.86±0.23	56.20±0.26	99.17±0.93	161.91±1.29	217.25±1.91	250.16±2.23
आईडब्ल्यूडी (जी-3)	150.79±0.54	48.12±0.26	52.97±0.26	53.23±0.40	53.90±0.38	54.86±0.41	116.32±1.15	178.43±1.93	229.78±3.59	260.06±4.78
आईडब्ल्यूएफ (जी-3)	150.52±0.65	46.49±0.26	50.33±0.29	51.17±0.31	53.17±0.40	52.95±0.43	113.59±1.31	161.99±3.44	216.42±3.50	246.44±4.40
मैं WN (जी-1)	141.92±0.29	45.15±0.67	51.33±0.54	52.63±0.52	53.15±0.90	51.67±0.77	111.10±5.89	178.90±11.09	261.50±7.76	292.25±11.85
आईडब्ल्यूपी (जी-1)	143.00±0.81	43.31±0.92	49.10±0.77	50.40±1.22	52.87±1.04	53.27±0.74	124.33±1.83	193.56±3.60	238.78±3.76	271.45±5.93
डीकेएच	148.24±0.94	50.98±0.21	51.94±0.24	56.43±0.37	56.55±0.31	58.69±0.37	100.11±1.20	149.60±2.11	205.90±2.64	239.20±2.96
सीएचएक्स	142.54±0.92	51.47±0.33	54.19±0.48	57.87±0.44	59.24±0.42	59.92±0.90	79.76±1.76	117.10±3.23	163.90±4.13	190.20±4.85
वीएचएक्स	142.46±0.90	51.61±0.33	53.41±0.44	56.70±0.45	57.27±0.35	58.44±0.46	99.65±2.09	155.30±3.14	213.50±3.92	249.40±4.53
KxH	158.28±0.83	45.11±0.26	48.44±0.32	49.89±0.33	52.04±0.32	53.88±0.36	96.25±1.30	158.30±2.61	217.380±3.62	246.80±4.27
डीआरएक्स	145.57±0.42	53.23±0.33	54.45±0.43	58.15±0.37	60.16±0.45	61.13±0.59	105.79±1.97	163.90±3.68	223.00±5.35	253.70±6.30

आण्विक जीव विज्ञान

देशी कड़कनाथ नस्ल के मुर्गे की पूर्ण जीनोम असेंबली का सृजन और उसकी व्याख्या

कड़कनाथ F1 प्रोजेनी PacBio Sequal II HiFi सबरीड्स को पैतृक एवं मातृक इलुमिना डेटा-विशिष्ट सुपरिभाषित k-mers के साथ पैतृक और मातृक हैप्लोटाइप में संचित करने के लिए किया गया। 18993.39 बीपी की औसत लंबाई के कुल 1778006 HiFi (33770360517bp) रीड्स PacBio सीक्वल II सबरीड्स से सृजित किए गए। पृथक्करण अथवा सेग्रिगेशन में 19125.21 बीपी की औसत रीड्स लंबाई के साथ 785202 मातृक हैप्लोटाइप रीड्स (15017152695 बीपी) प्राप्त किए गए, जबकि पैतृक हैप्लोटाइप रीड्स 919345 (17583798297 बीपी) थे, जिनकी औसत रीड्स लंबाई 19126.44 बीपी थी। कुल 73459 (4.13%) रीड्स गैर-वर्गीकृत (अनएसाइन्ड) थे। वर्गीकृत किए गए रीड्स का प्रयोग करके हैप्लोटाइप-बिन्ड रीड्स को अलग से असेंबल किया गया। कड़कनाथ नस्ल की जीनोमिक सूचना को कार्यात्मक लक्षण के साथ जोड़ने के लिए, कड़कनाथ नस्ल के मुर्गे के साथ-साथ वाणिज्यिक ब्रायलर नस्ल की मांस प्रोफाइल का परीक्षण किया गया। कड़कनाथ नस्ल के जीनप्ररूप (जीनोटाइप) में, सिर, पंख, पैर, पीठ और गर्दन के संदर्भ में काफी कम ($p<0.05$) औसत प्रतिशत लोथ विशेषक अथवा लक्षण प्रेक्षित किए गए, जबकि वाणिज्यिक ब्रॉयलरों में जिबलेट, आंत, स्तन फैलाव और स्तन मांस अधिक पाया गया। कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुटों की तुलना में, ब्रॉयलर नस्ल के कुक्कुट का लोथ वजन और ड्रेसिंग प्रतिशत काफी अधिक (पी<0.05) था। इस वर्तमान अध्ययन में, कड़कनाथ कुक्कुट मांस की जल-धारण क्षमता ब्रायलर कुक्कुट मांस की तुलना में काफी अधिक (पी<0.05) थी। कड़कनाथ नस्ल के मुर्गे की मांसपेशी में काफी अधिक कोलेजन था, लेकिन कोलेजन घुलनशीलता वाणिज्यिक ब्रॉयलर की मांसपेशी की तुलना में काफी कम (पी< 0.05) थी। कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुटों के मांस की तुलना में, ब्रायलरों की कोलेजन घुलनशीलता और मांस के कोलेजन के बीच भारी अंतर (पी<0.05) देखा गया। कोलेजन तत्व में भिन्नता कुक्कुट की आयु और जीनप्ररूप के प्रभाव के कारण हो सकती है। कतरनी बल अर्थात शीयर फोर्स मान यह दर्शाते हैं कि मांस की कोमलता सीधे पक्षी की आयु से सहसंबंधित है, क्योंकि वरिष्ठ पक्षियों में कोलेजन तत्व अधिक होता है। कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुट की मांसपेशी में, वाणिज्यिक ब्रॉयलर की तुलना में, काफी ज्यादा (पी<0.05) प्रोटीन तत्व होता है।

इनविट्रो अध्ययनों के लिए कुक्कुट प्राइमरी मैग्नम सेल कल्चर की स्थापना

भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद के प्रायोगिक फार्म में अनुरक्षित सफेद लेगहार्न नस्ल की कुल तीन कुक्कुटों को अध्ययन में शामिल किया गया। संस्थान के आई ए ई सी के प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी पक्षियों का वध किया गया और प्राथमिक सेल कल्चर की स्थापना के लिए मैग्नम टिशु एकत्र किए गए। मैग्नम प्राथमिक कोशिका संवर्धन को अनुकूलित कल्चर कंडीशन के साथ स्थापित किया गया। प्राथमिक मैग्नम सेल कल्चर का उपयोग इनविट्रो स्थिति के तहत मानव ऊतक प्लास्मिनोजेन एक्टिवेटर (htPA) और मानव एरिथ्रोपोइटिन जीनों वाले ट्रांसजेनिक कैसेट की अभिव्यंजकता अर्थात् एक्सप्रैशन का विश्लेषण करने के लिए किया जाएगा।

कुक्कुट प्राइमरी मैग्नम सेल कल्चर

मानव ऊतक प्लास्मिनोजेन एक्टिवेटर (htPA) जीन के लिए ट्रांसजेनिक कैसेट का निर्माण:

1689 बीपी के htPA cDNA को संश्लेषित किया गया और उसे एक ऐसे ट्रांसजेनिक कंस्ट्रक्ट में क्लोनीकृत किया गया जिसमें कुक्कुट ओवलबुमिन प्रोमोटर, ओवलबुमिन पॉली A टेल और कुक्कुट हिस्टोन जीन सन्निहित था। कंस्ट्रक्ट की कुल लंबाई 4219 बीपी थी। पूर्ण कंस्ट्रक्ट को, उसके आगामी बहुगुणन के लिए pUC57 वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया। इसके अलावा, कुक्कुट मैग्नम सेल कल्चर को प्रोटीन की इन विट्रो अभिव्यंजकता के लिए इष्टतमीकृत किया गया।

मानव एरिथ्रोपोइटिन (hERP) जीन के लिए ट्रांसजेनिक कैसेट का निर्माण:

582 बीपी के hERP cDNA को संश्लेषित किया गया और उसे एक ऐसे ट्रांसजेनिक कंस्ट्रक्ट में क्लोनीकृत किया गया जिसमें कुक्कुट ओवलबुमिन प्रोमोटर, ओवलबुमिन पॉली A टेल और कुक्कुट हिस्टोन जीन अनुक्रम सन्निहित था। कंस्ट्रक्ट की कुल लंबाई 3112 बीपी थी। पूर्ण कंस्ट्रक्ट को आगामी बहुगुणन के लिए pUC57 वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया। इसके

अतिरिक्त, कुक्कुट मैग्नम सेल कल्चर को प्रोटीन की इन विट्रो अभिव्यंजकता के लिए इष्टतमीकृत किया गया। प्राइमरी मैग्नम सेल कल्चर स्थापित किया गया है और htPA एवं hERP के लिए ट्रांसजेनिक कंस्ट्रक्ट्स को कार्यात्मक अध्ययन के लिए pUC57 प्लासमिड वेक्टर में क्लोनीकृत किया गया है।

मुर्गी के विषम डिम्बग्रंथि विकास के दौरान लंबे इंटरजेनिक गैर-कोडिंग आरएनए, miRNAs और mRNAs की जीनोम-वार प्रोफाइलिंग

कुक्कुटों में, जननग्रंथियों अर्थात गोनैड का लिंग-विशिष्ट विभेदन भ्रूण विकास के 6-6.5 दिन (E6-6.5/ चरण 29-30) से स्पष्ट होता है और E8 (चरण 34) के बाद बाईं एवं दाईं जननग्रंथियों के बीच विकास में विषमता होती है, जिसके कारण वयस्क अवस्था में दाएँ अंडाशय व डिम्बग्रंथि का पूर्ण रूप से परावर्तन होता है। वर्तमान अध्ययन में, एनसीबीआई के डेटासेट (SRR4029458, SRR4029457, SRR4029464, SRR4029463, SRR4029460, SRR4029459) का प्रयोग भ्रूण के 6 वें दिन (E6) बनाम 12 वें दिन (E12) और पश्च अंडजोत्पत्ति दिवस यानी पोस्ट हैच डे (D1) में भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित जीनों का अध्ययन करने के लिए किया गया ताकि भ्रूणीय और अंडा सेनन अवधि के उपरांत दाएं अंडाशय के परावर्तन के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। भिन्नात्मक जीन अभिव्यंजकता एवं कार्यात्मक समृद्धता का विश्लेषण करने के लिए गैलेक्सी सर्वर, शाइनी जीओ 0.76 और जी: प्रोफाइलर का प्रयोग करके संपूर्ण अध्ययन किया गया। E6 से E12 के दौरान भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित महत्वपूर्ण अप एवं डाउन-रेगुलेटेड जीन क्रमशः 373 और 520 पाए गए। E12 के दौरान महत्वपूर्ण रूप से अप-रेगुलेटेड जीनों (FGG, APOH, AHSG, HSD17B1, NME7, PROCA1, MLKL आदि) को तब फाइब्रिनोलिसिस, एंडोपेप्टिडेस इनहिबिटरी एक्टिविटी, पेप्टिडेस इनहिबिटरी एक्टिविटी आदि से संबंधित मार्ग में सक्रिय पाया गया जब उनकी तुलना E6 से की गई। इसी तरह से, E12 से D1 के दौरान भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित महत्वपूर्ण अप और डाउन-रेगुलेटेड जीन क्रमशः 708 और 1136 पाए गए। D1 के दौरान महत्वपूर्ण रूप से डाउन-रेगुलेटेड जीनों (TRAF5, CALML3, FGG, APOH, आदि) को E12 की तुलना में प्रोग्राम्ड सेल डेथ को रेगुलेट करने वाले मार्ग में सक्रिय पाया गया, जो यह इंगित करता है कि E12 के दौरान प्रोग्राम्ड सेल डेथ अधिक थी तथा पश्च अंडा सेनन अवधि के दौरान दाएं अंडाशय का पूर्ण रूप से अध:पतन हुआ था। KEGG मार्ग विश्लेषण से पता चला कि HSD17B1, STEAP3, NME7, CALML3, PROCA1 एवं MLKL जीन विभिन्न मार्गों में सक्रिय थे जिसके कारण दाएं अंडाशय का परावर्तन हुआ।

पोषण

ब्रायलर मांस उत्पादन (निक्रा) में आहारीय अधिमिश्रणों के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट में घटत के लिए जीवन चक्र विश्लेषण

डेटा देश के विभिन्न स्थानों से वाणिज्यिक ब्रायलर और लेयर फार्मों से प्राप्त किया गया। ब्रायलर उत्पादन के लिए, डेटा कई स्थानों, यथा i) तेलंगाना (रंगारेड्डी, मेडक, नलगोंडा, महबूबनगर, और हैदराबाद जिले) ii) नामक्कल और iii) CO_2 समतुल्यताओं पर तमिलनाडु में पोलाची से एकत्र किया गया। प्रत्येक स्थान से, लगभग 50फार्मों से डेटा एकत्र किया गया। फील्ड डेटा को विभिन्न स्रोतों, जैसे कि उपयोग किए गए अपरिष्कृतआहार सामग्री, उपयोग किए गए पानी और जीवाश्म ईंधन, लगाए गए टीके, उपयोग किए गए स्वास्थ्य देखभाल उत्पादों, ऊर्जा आवश्यकता, खाद उत्पादन, मृत कुक्कुट का निपटान, कुक्कुटों के परिवहन, बूचड़खाने के कचरे आदि से प्रत्येक फार्म से एकत्र किया गया। एकत्रित किए गए डेटा के आधार पर, 3 स्थानों के CO_2 समतुल्य का निर्धारण इस प्रकार किया गया -तेलंगाना: 5.054+0.525 कि.ग्रा./ कि.ग्रा. मांस, नामक्कल: 4.225+0.122 कि.ग्रा./ कि.ग्रा. मांस और पोलाची: 5.67+0.234 कि.ग्रा./ कि.ग्रा. मांस। 3 स्थानों के डेटा के बीच व्यापक भिन्नता देखी गई, जिसका कारण उपयोग की गई अपरिष्कृत सामग्रियां, झुंड का प्रदर्शन, उपयोग की गई कचरा सामग्री आदि हो सकती हैं। इसी तरह से, लेयर उत्पादन पर डेटा नामक्कल (5फार्म) और मैसूर (3फार्म) क्षेत्रों से एकत्र किया गया। नामाक्कल में CO_2 समतुल्य/कि.ग्रा. अंडा द्रव्यमान 3.82 से 8.17 के बीच था, जबकि मैसूर में 4.88 से 5.22 के बीच था। इसके अलावा, व्यावसायिक ब्रॉयलर के आहार में विभिन्न न्यूट्रास्युटिकल्स (ऑर्गेनिक ट्रेस मिनरल, प्रोटीज, ब्यूटिरिक एसिड, प्रोटीज, बीटाइन, फाइटेज, एनएसपी एंजाइम, इमल्सीफायर) का प्रयोग करके एक आहार व फीडिंग परीक्षण किया गया। ऑर्गेनिक ट्रेस

मिनरल और एनएसपी एंजाइम / फाइटेज के संयोजन में ब्यूटिरिक एसिड ने आहार परिवर्तन दक्षता में सुधार किया।

कुक्कुट या अंडा: भारत में कुक्कुट पालन में जीवाणुरोधी प्रतिरोध के वाहक (डीबीटी: भारत यूके सहयोग)

परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य ब्रायलर कुक्कुट के आहार में एंटीबायोटिक ग्रोथ प्रोमोटरों के लिए व्यवहार्य वैकल्पिक आहार योजकों (अर्थात् फीड एडिटिव्स)की खोज करना है। पिछले अनुसंधान कार्य की निरंतरता में, भाकृअनुप-कु.अ.नि. के वैज्ञानिकों ने एंटी-बायोटिक ग्रोथ प्रोमोटर्स (एजीपी) के लिए संभावित विकल्पों के परीक्षण और पहचान पर ध्यान केंद्रित किया है। चालू वर्ष में, इस परियोजना में प्रोबायोटिक्स की कुछ प्रजातियों (बैसिलियसवेलेजेंसिस, बैसिलियसपुमिलस एवं बैसिलस एमाइलोलिक्विफेसिएन्स को या तो अकेले या संयोजन में प्रयोग - परीक्षण1) का उपयोग करते हुए तीन परीक्षण किए गए, और उत्पादों के विकास पर दो परीक्षण (परीक्षण 2 और 3)किए गए।तीनों परीक्षण के लिए नयाचार अथवा प्रोटोकॉल समान प्रकार का था। सभी परीक्षणों में, बीएमडी के साथ एक पॉजिटिव कंट्रोल और बीएमडी या परीक्षण उत्पादों के बिना एक नेगेटिव कंट्रोंल (एनसी) को कायम रखा गया ताकि ब्रायलर आहार में वैकल्पिक आहारों की प्रभावकारिता की तुलना की जा सके। कंट्रोल डाइट अर्थात् मानक आहार में बैकीट्रैकिन मेथिलीन डि सैलिसिलेट (बीएमडी) का उपयोग जीवाणुरोधी यौगिक के रूप में किया गया। प्रत्येक आहार को 1 दिन से 35/42 दिन की आयु तक प्रत्येक पेन में 25 ब्रॉयलर के 7-12 रेप्लीकेट को बिना तैयारी के (ऐड लिबिटम) खिलाया गया। ब्रायलर के आहार में एजीपी के विकल्पों की प्रभावकारिता का परीक्षण करने के लिए ब्रायलरों के शारीरिक प्रदर्शन, वध संबंधी चरों, पोषक तत्वों की पाचनीयता और आंत में जीवाणु की समष्टि का अध्ययन किया गया।

एंटीबायोटिक ग्रोथ प्रोमोटरों के बिनाआहार खिलाए गए ब्रायलर कुक्कुटों में प्रोबायोटिक्स की विभिन्न आशाजनक प्रजातियोंके अनुपूरण का प्रभाव

ब्रायलर के आहार में प्रोबायोटिक की विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण के साथ आहार खिलाने के उपरांत ब्रॉयलर कुक्कुट के शारीरिक प्रदर्शन, लोथ विशेषकों (ट्रेट्स) और प्रतिरक्षा/इम्यून अनुक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए एक परीक्षण किया गया। बेसल अर्थात् मूल आहार परोसने हेतु मानक के अनुसार,सभी पोषक तत्वों सहित मक्का-सोयाबीन - सोयाबीन आहार - मांस एवं हड्डी आधारित मानक ब्रायलर आहार (तालिका 1) तैयार किया गया। बेसल आहार को बीएमडी (एजीपी) के साथ अनुपूरित किया गया, जिसनेपॉजिटिव कंट्रोल (पीसी) के रूप में कार्य किया। एजीपी या प्रोबायोटिक के बिना बीडी ने नेगेटिव कंट्रोल (एनसी) के रूप में कार्य किया। बीडी को प्रोबायोटिक की भिन्न प्रजातियों, यानी BAG17, CSG1.1, ZBMG3, PPG6, FG12 एवं ZBLS6 के साथ अनुपूरित किया गया ताकि इन प्रजातियों की प्रभावकारिता की तुलना टेस्ट किए गए एजीपीके संभावित विकल्पों के रूप में की जा सके।

तालिका 1. तीन अलग-अलग चरणों के लिए बेसल आहार के संघटक और पोषक तत्व संरचना (g/kg)

घटक	प्री स्टार्टर (1-14 दिन)	स्टार्टर (15-28 दिन)	फिनिशर (29-42 दिन)
मक्का	566.5	611.1	662.6
तेल-शाकाहारी	26.1	33	31.360
सोया डीओसी 45%	336.1	289.4	243.9
मांस सह हड्डी भोजन	**40**	**40**	**40**
नमक	3.666	3.667	3.665
सोडियम बाईकारबोनेट	1.000	1.000	1.000
डायकैल्शियम फॉस्फेट	10.440	8.51	5.94
एलएसपी-पाउडर	7.351	5.338	4.349
डीएल - मेथिओनिन	3.259	2.671	2.199
एल-लाइसिन एचसीएल	2.187	2.034	2.033

घटक	प्री स्टार्टर (1-14 दिन)	स्टार्टर (15-28 दिन)	फिनिशर (29-42 दिन)
एल थ्रियोनीन	0.659	0.386	0.216
योगज [1]	2.700	2.700	2.700
पोषक तत्व का नाम			
एमई (किलो कैलोरी/किग्रा)	3000	3100	3150
प्रोटीन (%) [2]	22.59	20.77	19.09
dig.लाइसिन (%)	1.25	1.12	1.01
dig. मेथियोनीन (%)	0.64	0.56	0.49
dig. टीएसएए (%)	0.929	0.832	0.750
कैल्शियम (%) [2]	0.880	0.760	0.660
उपलब्ध फास्फोरस (%)	0.420	0.380	0.330
सोडियम (%)	0.180	0.180	0.180
dig. थ्रेनाइन (%)	0.829	0.742	0.669
dig. ल्यूसीन (%)	1.734	1.630	1.536
dig. आइसो-ल्यूसीन (%)	0.842	0.764	0.690
dig. वेलिन	0.967	0.865	0.787

[1] आपूर्ति प्रति किलो आहार: रेटिनॉल एसीटेट 2475 माइक्रोग्राम, कोलेकैल्सिफेरॉल 30 माइक्रोग्राम, α- टोकोफेरॉल 12 मिलीग्राम, मेनाडायोन 2 मिलीग्राम, थायमिन 1.2 मिलीग्राम, पाइरिडोक्सिन 2.4 मिलीग्राम, सायनोकोबालामाइन 0.01 मिलीग्राम, नियासिन 1.9 मिलीग्राम, पैंटोथेनिक एसिड 12 मिलीग्राम, एमएन 50 मिलीग्राम, Zn 112.5 mg, Fe 60 mg, Cu 10 mg, I 1.2I, कोलीन Cl 0.5g, हाइड्रेटेड सोडियम कैल्शियम एलुमिनो सिलिकेट 1g [2] विश्लेषित मान

प्रदर्शन

परीक्षण के अंत में एजीपी के साथ पीसी आहार खिलाए गए कुक्कुटों की आहार दक्षता की तुलना में,एजीपी के बिना एनसी आहार खिलाए गए कुक्कुटों की आहार दक्षता काफी कम (पी<0.05) पाई गई (तालिका 2)। तथापि, अधिकतर प्रोबायोटिक प्रजातियों (ZBG17, CSG1.1, ZBMG3, FG12, ZBLS6) के अनुपूरण ने एनसी समूह के कुक्कुटों की तुलना में आहार दक्षता में काफी सुधार किया। CSG1.1 या ZMBG3 में FE अर्थात्आहार दक्षता उन कुक्कुटों के समान थी जिन्हें पीसी आहार में एजीपी खिलाया गया था। एनसी आहार समूह की तुलना में पीपीजी 6 प्रजाति, एफई में सुधार लाने में सक्षम नहीं पाई गई। तथापि, एनसी आहार में एजीपी या विभिन्न प्रोबायोटिक संवर्धों/कल्चर के अनुपूरण से कुक्कुटों के शरीर भार में वृद्धि तथा आहार अंतर्ग्रहण प्रभावित (पी>0.05) नहीं हुआ।

तालिका 2. एंटीबायोटिक ग्रोथ प्रमोटर रहित ब्रायलर कुक्कुट को डीएफएम केविभिन्न उपभेदों के पूरक आहार खिलाने पर इनके प्रदर्शन पर प्रभाव

प्रोबायोटिक	1-28 वां दिन			1-42 वां दिन		
	BWG, g	FI, g	FI/BWG	BWG, g	FI, g	FI/BWG
बीएमडी	1445	2130	1.475^{C}	2639	4327	1.640^{D}
एनसी	1398	2094	1.498^{A}	2577	4322	1.677^{A}
जेडबीजी 17	1408	2099	1.491^{AB}	2604	4325	1.661^{B}
सीएसजी 1.1	1410	2099	1.489^{AB}	2636	4358	1.653^{BCD}

प्रोबायोटिक	1-28 वां दिन			1-42 वां दिन		
	BWG, g	FI, g	FI/BWG	BWG, g	FI, g	FI/BWG
जेडबीएमजी 3	1425	2115	1.484^{C}	2660	4371	1.643^{CD}
पीपीजी 6	1390	2084	1.499^{A}	2603	4331	1.664^{AB}
एफजी 12	1411	2106	1.492^{AB}	2619	4338	1.657^{BC}
जेडबीएलएस 6	1407	2102	1.494^{AB}	2614	4340	1.660^{B}
पी	0.078	0.710	0.004	0.178	0.966	0.000
एन	12	12	12	12	12	12
एसईएम	4.434	6.033	0.002	7.589	11.49	0.002

डीएफएम डायरेक्ट फेड माइक्रोब्स; बीडब्ल्यूजी शरीर का वजन बढ़ना; FI दाना सेवन; बीएमडी रासायनिक विकास प्रवर्तक; पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की SEM मानक त्रुटि

^{ABCD} का अर्थ है कि एक कॉलम में सामान्य सुपरस्क्रिप्ट का होना महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं है ($P<0.05$)

वध संबंधी चर (स्लाटर वेरिएबल्स)

सामान्य रूप सेरेडी टुक ईल्ड,उपचार प्रभाव से काफी (पी<0.05) प्रभावित थी (तालिका 3)। अन्य समूहों की तुलना में, आरटीसी में, पीसी सबसे कम था। CSG1.1 या ZBLS6 समूहों में मांस की मात्रा पीसी खिलाए गए कुक्कुटों की तुलना में काफी अधिक थी और अन्य समूहों में मांस की मात्रा मध्यम थी। स्तन के मांस, पेट की चर्बी व वसा तथा यकृत के आपेक्षिक भार उपचार समूहों द्वारा प्रभावित नहीं हुए ($P>0.05$)।

तालिका 3. एंटीबायोटिक ग्रोथ प्रमोटर से रहित ब्रायलर कुक्कुट को खिलाए गए आहार पर डीएफएम के विभिन्न उपभेदों के पूरक का प्रभाव (g/kg जीवित वजन)

उपचार	आरटीसी	स्तन	उदर चर्बी	जिगर
बीएमडी	783.2^{C}	271.7	12.83	18.19
एनसी	796.1^{ABC}	277.1	13.74	19.86
जेडबीजी17	792.6^{ABC}	283.5	12.00	16.93
सीएसजी1.1	799.2^{AB}	272.6	14.05	17.60
जेडबीएमजी3	786.9^{BC}	266.8	15.61	19.63
पीपीजी6	792.3^{ABC}	280.4	13.56	18.08
एफजी12	797.5^{AB}	279.3	15.01	17.68
जेडबीएलएस6	802.6^{A}	279.2	14.61	19.07
पी	0.041	0.272	0.323	0.115
एन	12	12	12	12
एसईएम	1.594	1.738	0.383	0.287

डीएफएम डायरेक्ट फेड माइक्रोब्स; बीएमडी रासायनिक विकास प्रवर्तक; एनसी नकारात्मक नियंत्रण, उपज पकाने के लिए तैयार आरटीसी, उदरीय वसा, पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की एसईएम मानक त्रुटि

रोग प्रतिरोध क्षमता (इम्यून रिस्पॉस)

ब्रायलर कुक्कुट में सीएमआई अनुक्रिया एजीपी और प्रोबायोटिक अनुपूरण (तालिका 47) में आहारीय विविधताओं से प्रभावित नहीं हुई (पी>0.05)। एचआई अनुमापांक व टाइटर,आहार में प्रोबायोटिक अनुपूरण से काफी प्रभावित हुआ। एजीपी और एनसी आहार खिलाए गए कुक्कुट समूहों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। CSG1.1 या ZBMG3 के अनुपूरण ने पीसी खिलाए गए कुक्कुटों की तुलना में,ह्यूमोरल इम्यून अनुक्रिया में काफी सुधार किया (पी<0.05)। अन्य समूहों में सुधार पीसी और उपरोक्त प्रोबायोटिक संवर्ध अनुपूरित समूहों के बीच मध्यवर्ती था।

प्रोटीन और ऊर्जा की प्रत्यक्ष इलियन पाचनीयता

ब्रायलर आहार (एनसी) में एजीपी को हटाने से प्रत्यक्ष इलियल पाचनीय प्रोटीन और ऊर्जा (तालिका 4) काफी कम (पी<0.05)हो गई, जबकिएजीपी अनुपूरित पीसी आहार खिलाए गए कुक्कुटों में ऐसा नहीं पाया गया। ZBLS6प्रजाति को छोड़कर, सभी प्रोबायोटिक संवर्धों ने एनसी आहार खिलाए गए कुक्कुटों की तुलना में, प्रोटीन की पाचनीयता में काफी सुधार किया। CSG1.1, ZBMG3 या FG12 समूहों में प्रोटीन पाचनीयता उसी तरह थी जैसे कि एजीपी अनुपूरित आहार खिलाए गए कुक्कुट समूह की थी। एजीपी खिलाए गए समूह की ऊर्जा पाचनीयता (P<0.05) भी उसी तरह थी जैसे कि अधिकांश प्रोबायोटिक (PPG6 या ZBLS6 को छोड़कर, जिनकी ऊर्जा पाचन क्षमता वर्तमान अध्ययन में परीक्षण किए गए कुक्कुट समूहों में सबसे कम थी) खिलाए गए समूहों के कुक्कुटों की थी।

तालिका 4. प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और एंटीबायोटिक विकास प्रमोटर से रहित ब्रॉयलर कुक्कुट को खिलाए गए आहार में नाइट्रोजन और ऊर्जा की इलियल पाचनशक्ति पर डीएफएम के विभिन्न उपभेदों के पूरक का प्रभाव

उपचार	प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं		इलियल पाचन शक्ति गुणांक	
	सीएमआई, %	HI लक्षण, लॉग 10	नाइट्रोजन	ऊर्जा
बीएमडी	65.58	4.333^{C}	0.687^{A}	0.602^{A}
एनसी	66.50	5.167^{BC}	0.566^{D}	0.531^{BC}
जेडबीजी17	69.70	5.333^{ABC}	0.626^{BC}	0.572^{AB}
सीएसजी1.1	75.40	6.417^{A}	0.650^{ABC}	0.574^{AB}
जेडबीएमजी3	71.10	6.083^{AB}	0.674^{AB}	0.577^{AB}
पीपीजी6	70.51	5.417^{ABC}	0.621^{C}	0.537^{B}
एफजी12	64.98	5.250^{BC}	0.661^{ABC}	0.563^{AB}
जेडबीएलएस6	63.25	5.417^{ABC}	0.573^{D}	0.490^{C}
पी	0.733	0.007	0.001	0.001
एन	12	12	12	12
एसईएम	1.765	0.136	0.0071	0.0064

डीएफएम डायरेक्ट फेड माइक्रोब्स; सीएमआई सेल मध्यस्थता प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया, HI हेमोग्लगुटिनिन अवरोध, बीएमडी रासायनिक विकास प्रमोटर; एनसी नकारात्मक नियंत्रण, पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की SEM मानक त्रुटि

^{ABCD} का अर्थ है कि एक कॉलम में सामान्य सुपरस्क्रिप्ट का होना महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं है (P<0.05)

अध्ययन में यह उल्लेख किया गया है कि ब्रायलर के प्रदर्शन को प्रभावित किए बिना वर्तमान अध्ययन में परीक्षण किए गए अधिकांश प्रोबायोटिक्स प्रजातियोंसे फ़ीड एंटीबायोटिक को प्रतिस्थापित किया जा सकता है। हालांकि, परीक्षण किए गए प्रोबायोटिक्स की भिन्न प्रजातियों के बीच प्रदर्शन अलग-अलग था। कुछ प्रोबायोटिक प्रजातियों ने मांस की मात्रा और ह्यूमोरल अनुक्रिया में सुधार किया। प्रोबायोटिक्स के लाभकारी प्रभावों को वर्णित किया जा सकता है क्योंकि ये प्रोटीन और ऊर्जा की पाचन शक्ति में सुधार लाने में सक्षम हैं।

एजीपी के विकल्प के रूप में प्रोबायोटिक, प्राकृतिक तेल, एंजाइम और ब्यूटिरिक अम्ल के विभिन्न संयोजनों के अनुपूरण का ब्रायलर के प्रदर्शन पर प्रभाव

इस परीक्षण में, ब्यूटिरिक एसिड, प्राकृतिक तेल (एसेंसियल ऑयल) और प्रोबायोटिक के साथ एंजाइमों के तीन संयोजनों का परीक्षण किया गया और दूसरे समूह को अन्य योजकों (एडीटिव्स) के बिना एंजाइम खिलाए गए। इन अवधारणाओं को पीसी और एनसी आहारों के साथ टेस्ट किया गया। प्रत्येक आहार को 25 नर ब्रॉयलरोंकी 12 प्रतिकृतियों (रेप्लीकेट्स) को खिलाया गया।

परिणामों में यह पाया गया कि BWG और FI,आहारीय उपचारों से प्रभावित नहीं हुए। तथापि, 21 वें और 35 वें दिनों पर एफसीआर प्रभावित हुआ (तालिका 5)। एनसी समूह में एफई, पीसी समूह की तुलना में, काफी कम था। अकेले एंजाइम के समावेश नया प्रोबायोटिक के साथ संयोजन ने आहार दक्षता को काफी अधिक बढ़ा दिया जो उसी प्रकार थी जैसे कि 21 दिन पर पीसी खिलाए गए कुक्कुटों की थी। जबकि बीए या ईओ के साथ एंजाइम का संयोजन खिलाए गए ब्रॉयलरों में थी। जबकि एफईने,पीसी खिलाए गए ब्रायलरों की तुलना में, काफी बेहतर प्रदर्शन दिखाया। इसी तरह से,उन ब्रॉयलर में जिन्हें परीक्षण किए गए सभी आहार विकल्प खिलाए गए थे,पीसी या एनसी खिलाए गए ब्रॉयलर की तुलना में एफई में काफी अधिक सुधार पाया गया।

तालिका 5. विकल्पों के लिए एंटीबायोटिक दवाओं के संभावित विकल्प के रूप में ब्रॉयलरों को न्यूट्रास्यूटिकल्स खिलाने के संयोजन का प्रदर्शन (बीएमडी)

उपचार	1-3 सप्ताह			1-5 सप्ताह		
	BWG, g	FI, g	FI/BWG	BWG, g	FI, g	FI/BWG
पीसी	900.3	1170	1.299^{B}	1703	2729	1.603^{A}
एनसी	893.9	1181	1.321^{A}	1692	2729	1.613^{A}
फाइटेज	897.9	1169	1.302^{B}	1727	2727	1.579^{BC}
ब्यूट्रिकएसिड	910.6	1172	1.287^{C}	1733	2722	1.571^{BC}
ई-तेल	916.3	1175	1.282^{C}	1749	2738	1.565^{C}
बीसबटिलिस	902.5	1169	1.295^{B}	1723	2731	1.585^{B}
पी	0.562	0.980	0.000	0.514	1.000	0.000
एन	7	7	7	7	7	7
एसईएम	3.788	4.842	0.002	9.044	13.46	0.003

बीडब्ल्यूजी शरीर का वजन बढ़ना; FI दाना सेवन; पीसी सकारात्मक नियंत्रण (एजीपी के साथ), एनसी नकारात्मक नियंत्रण (एजीपी और परीक्षण उत्पाद के बिना); पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की एसईएम मानक त्रुटि ^{ABCD} का अर्थ है कि एक कॉलम में सामान्य सुपरस्क्रिप्ट का होना महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं है ($P<0.05$)

परीक्षण किए गए सभी वध संबंधी चर(स्तन मांस के आपेक्षिक भार को छोड़कर) वर्तमान अध्ययन में प्रयोग किए गए उपचारों से काफी अधिक (पी <0.05) प्रभावित हुए (तालिका 6)। एनसी समूह में आरटीसी की मात्रा का आपेक्षिक भार ई + बीए खिलाए गए ब्रायलरों की तुलना में काफी कम था और पीसी सहित अन्य समूहों में मांस की मात्रा मध्यम थी। पीसी में पेट की चर्बी का आपेक्षिक भार,एनसी खिलाए गए ब्रॉयलर की तुलना में काफी अधिक था। ई+ईओ या ई+प्रोबायोटिक में वसा जमाव,एनसी खिलाए गए ब्रायलरों की तरह ही था, जबकि अन्य समूहों में वसा जमाव मध्यम था। एजीपी या वर्तमान अध्ययन में परीक्षण किए गए इसके विकल्पों के समावेशन से प्रतिरक्षा अनुक्रियाएं (HI और CMI दोनों) प्रभावित नहीं हुईं।

तालिका 6. विकल्प के लिए एंटीबायोटिक दवाओं के संभावित विकल्प के रूप में ब्रॉयलरों को खिलाए गए न्यूट्रास्यूटिकल्स के संयोजन में वध परिवर्तन एवं प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया (बीएमडी)

उपचार	वध परिवर्तन, g/kg				प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं	
	आरटीसी	स्तन	उदर चर्बी	जिगर	सीएमआई, %	एनडीटिटर, लॉग 10
पीसी	733.6^{AB}	245.7	13.71^{A}	23.24^{AB}	79.43	3.571
एनसी	731.3^{B}	241.0	9.197^{B}	24.97^{A}	70.14	3.857
फाइटेज	750.2^{AB}	254.1	11.44^{AB}	24.72^{A}	84.71	3.429
ब्यूट्रिकएसिड	756.0^{A}	256.8	12.65^{AB}	21.74^{B}	75.00	3.571
ई-तेल	752.7^{AB}	254.3	9.871^{B}	22.68^{AB}	74.29	4.143
बीसबटिलिस	736.0^{AB}	240.6	9.719^{B}	23.10^{AB}	85.40	4.429
पी	0.085	0.342	0.047	0.079	0.241	0.696
एन	7	7	7	7	7	7
एसईएम	3.239	2.750	0.506	0.365	2.144	0.198

उपज पकाने के लिए तैयार आरटीसी; उदर चर्बी; सीएमआई सेल मध्यस्थता प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया; एनडी न्यूकैसल रोग; पीसी सकारात्मक नियंत्रण (एजीपी के साथ), एनसी नकारात्मक नियंत्रण (एजीपी और परीक्षण उत्पाद के बिना); पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की एसईएम मानक त्रुटि

^{ABCD} का अर्थ है कि एक कॉलम में सामान्य सुपरस्क्रिप्ट का होना महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं है ($P<0.05$)

कंट्रोल उपचारों में आंत माइक्रोबायोम एवं रेसिस्टोम विश्लेषण और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला समूह

तीन समूहों यानी बीएमडी, नेगेटिव कंट्रोल और फाइटेज+एनकैप्सुलेटेड ईओ प्रत्येक से छह सीकेलमेटेजनोमिक डीएनए नमूनों का प्रयोग शॉटगन अनुक्रमण (नोवासेक 600, 150 x 2 पीई रीड) के लिए किया गया। कायजू (Kaiju) काप्रयोग करके वर्गिकी विज्ञान अर्थात् टैक्सोनोमिक प्रोफाइलिंग बनाई गईतथा जीरूट का प्रयोग करके रेसिस्टोम विश्लेषण किया गया।

अध्ययन में यह पाया गया कि एजीपी बीएमडी के साथ-साथ एजीपी फाइटेज प्लस के विकल्पों तथा ईओ मिश्रण ने नेगेटिव कंट्रोल (चित्र 1 से 3) की तुलना में गट अर्थात् आंत में कुछ लाभकारी बैक्टीरिया की पर्याप्त मात्रा में वृद्धि की। सभी नमूनों में बड़ी संख्या में एआरजी पाए गए, जो कुक्कुट की आंत में एंटीबायोटिक प्रतिरोध की ओमनी उपस्थिति का सूचक थे।

परिणामों के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ब्रायलर के प्रदर्शन (विशेष रूप से आहार दक्षता) से समझौता किए बिना,उसके आहार में एजीपी को बीए, ईओ एंजाइम या प्रोबायोटिक के संयोजन से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।



चित्र 1: पॉजिटिव कंट्रोल (बी एम डी) समूह में भिन्न वंश/जेनरा की आपेक्षिक पर्याप्तता



चित्र 2: नेगेटिव कंट्रोल समूह में भिन्न वंश की आपेक्षिक पर्याप्तता



चित्र 3: फाइटेज प्लस ईओ समूह में भिन्न वंश की आपेक्षिक पर्याप्तता

ब्रायलर के आहार में एजीपी को प्रतिस्थापित करने के लिए प्रभावकारी न्यूट्रास्यूटिकल मिश्रण की पहचान

एक परीक्षण में, एंजाइमों के दो संयोजनों (फाइटेज और ज़ाइलेनेज) तथा प्राकृतिक तेल (ईओ) के साथ एंजाइमों को एजीपी (पीसी) के विकल्प के रूप में टेस्ट किया गया तथा हाइपोथिसिस को टेस्ट करने के लिए एक नेगेटिव कंट्रोल (एनसी) आहार खिलाया गया। सभी 4 आहार 12 प्रतिकृति (रेप्लीकेट) के साथ थे, जिनमें से प्रत्येक में 25 ब्रायलर नर प्रति प्रतिकृति थे, जिन्हें कूड़े से निर्मित फर्श पर पाला गया।

परीक्षण के परिणामों से यह पाया गया कि बीडब्ल्यूजी और एफसीआर,उपचारों से काफी प्रभावित हुए (पी <0.05) जबकि एफआई प्रभावित नहीं हुआ (पी> 0.05) (तालिका 7)। 21 और 42 दिनों की आयु पर एजीपी (पीसी) खिलाए गए ब्रायलरों की तुलना में, एनसी में बीडब्ल्यूजी और एफसीआर काफी कम थे। परीक्षण के अंत में पीसी या एनसी आहार खिलाए गए ब्रायलरों की तुलना में, उन ब्रायलरों में बीडब्ल्यूजी काफी अधिक था, जिन्हें एंजाइम या ईओ के साथ एंजाइम खिलाए गए थे। एनसी खिलाए गए ब्रायलरों में एफई पीसी खिलाए गए ब्रायलरों की तुलना में काफी कम थी। एंजाइमों के अनुपूरण से एफसीआर में पीसी के सदृश सुधार पाया गया, जबकि ईओ के साथ एंजाइमों के संयोजन ने एजीपी अनुपूरित पीसी आहार की तुलना में एफई में काफी सुधार किया।

तालिका 7. एजीपी के विकल्प के रूप में आवश्यक तेलों के साथ ब्रॉयलरो को खिलाए गए एंजाइमों के संयोजन का प्रदर्शन

उपचार	1-3 सप्ताह			1-5 सप्ताह		
	BWG, g	FI, g	FI/BWG	BWG, g	FI, g	FI/BWG
पीसी	815.5^{AB}	1073	1.316^{B}	2117^{B}	3576	1.690^{B}
एनसी	798.2^{B}	1061	1.329^{A}	2072^{B}	3561	1.718^{A}
फाइटेज+ज़ायलासेज़	829.1^{A}	1088	1.312^{B}	2173^{A}	3633	1.672^{BC}
फाइटेज+जाइलेज+ईऑयल	832.9^{A}	1089	1.307^{B}	2181^{A}	3636	1.668^{C}
पी	0.003	0.099	0.006	0.001	0.076	0.001
एन	10	10	10	10	10	10
एसईएम	3.907	4.613	0.002	10.83	12.84	0.0045

बीडब्ल्यूजी शरीर का वजन बढ़ना; FI दाना सेवन; पीसी सकारात्मक नियंत्रण (एजीपी के साथ), एनसी नकारात्मक नियंत्रण (एजीपी और परीक्षण उत्पाद के बिना); पी संभावना; एन प्रतिकृति की संख्या; माध्य की एसईएम मानक त्रुटि

^{ABCD} का अर्थ है कि एक कॉलम में सामान्य सुपरस्क्रिप्ट का होना महत्वपूर्ण रूप से भिन्न नहीं है (P<0.05)

परिणामों के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाला गया कि ब्रायलर कुक्कुट के आहार में एजीपी को एंजाइमों के संयोजन (फाइटेज और ज़ाइलेनेज) और प्राकृतिक तेल के साथ एंजाइमों से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।इससे ब्रॉयलर के प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

कुक्कुट के आहार में एक नवीन प्रोटीन स्रोत के रूप में कीट लार्वा भोज्य-पदार्थ (आहार) का मूल्यांकन

ब्लैक सोल्जर फ्लाई (बीएसएफ) (हर्मेटियाइल्यूसेंस) के लार्वा को कुक्कुट आहार में प्रोटीन के एक प्रभावी एवं स्थायी स्रोत के रूप में उपयोग करने की संभावना है। कुक्कुटों के लिए बीएसएफ लार्वा के भोज पदार्थ केआहारीय मान के मूल्यांकन के लिए पूर्व में आरंभ किए गए अनुसंधान प्रयासों को जारी रखा गया।

वनराजा चूजों के आहार में बीएसएफ लार्वा भोज्य पदार्थ

बैटरी ब्रूडर में पाले गए वनराजा चूजों के आहार में निर्धारित स्तरों पर बीएसएफ लार्वा भोज्य पदार्थ (बीएसएफएलएम) के परीक्षण के लिए दो आहारीय परीक्षण किए गए। पहले परीक्षण में, बीएसएफ लार्वा भोज्य पदार्थ (बीएसएफएलएम) का परीक्षण 0-6 सप्ताह की आयु के वनराजा चूजों के आहार में आइसो-कैलोरिकएवंआइसो-नाइट्रोजिनस आधार पर 0, 12 और 15%मात्रा व स्तरों पर किया गया। पहले सप्ताह के दौरान चूजों के आहार में बीएसएफएलएम के समावेशन से चूजों का शरीर भार लाभ (बीडब्ल्यूजी) सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ, जहाँ बीएसएफएलएम खिलाए गए दोनों समूहों में काफी अधिक बीडब्ल्यूजी दर्ज किया गया (तालिका 8)। हालाँकि, यह प्रभाव जल्द ही समाप्त हो गया और इस प्रकार का प्रभाव चूजों की दूसरे और तीसरे सप्ताह की आयु के दौरान नहीं देखा गया। दूसरी ओर, चौथे सप्ताह सेआहार में 15% के उच्च स्तर पर बीएसएफएलएम के मिश्रण ने बीडब्ल्यूजी को काफी कम कर दिया, जबकि यह चौथे और पांचवें सप्ताह की आयु के दौरान 12% के स्तर पर कंट्रोल समूह में मध्यम या समान था, लेकिन परीक्षण के अंत में (छठा सप्ताह)बीएसएफएलएम के 12 और 15% दोनों स्तरों पर बीडब्ल्यूजी काफी कम था।

आरंभिक 3 सप्ताहों के दौरान कंट्रोल की तुलना में, बीएसएफएलएम खिलाए गए दोनों समूहों में आहार अंतर्ग्रहण अर्थात् फीड इनटेक (एफआई) काफी अधिक था, लेकिन बाद में एफआई,दोनों समूहों के बीच एक समान था। पहले सप्ताह के दौरान एफसीआर प्रभावित नहीं हुआ था, लेकिन दूसरे सप्ताह से परीक्षण के अंत तक, बीएसएफएलएम के प्रत्येक वृद्धिकारक स्तर के साथ एफसीआर में काफी वृद्धि हुई। पंख रहित (ड्रेसिंग) मांस की मात्रा, स्तन का वजन, यकृत, श्लेषपुटी यानी बूर्सा, गिब्लेट्स और पेट की चर्बी व वसा प्रभावित नहीं हुई (तालिका 8)। बीएसएफएलएम की15%मात्रा पर एनडी टाइटर्स कम हो गए, जबकि सीरम जैव रासायनिक प्रोफ़ाइल तथा कच्चा प्रोटीन प्रतिधारण क्षमता प्रभावित नहीं हुई।

तालिका 8. वनराजा चूजों के प्रदर्शन पर आहार में बीएसएफ लार्वा आहार (बीएसएफएलएम) का प्रभाव

बीएसएफ लार्वा आहार, %	शरीर वज़र में वृद्धि, g			दाना सेवन, g			एफसीआर
	0-1 सप्ताह	0-4 सप्ताह	0-6 सप्ताह	0-1 सप्ताह	0-3 सप्ताह	0-6 सप्ताह	0-6 सप्ताह
0	49.8^{b}	446.7^{a}	858.7^{a}	79.7^{b}	545.5^{b}	1864	2.17^{c}
12	55.3^{a}	424.7^{ab}	813.0^{b}	87.3^{a}	566.9^{a}	1914	2.35^{b}
15	54.5^{a}	403.4^{b}	787.5^{b}	89.6^{a}	564.6^{a}	1905	2.41^{a}
पी	0.003	0.002	0.000	0.008	0.048	0.215	0.001
एन	14	14	13	14	14	13	13
एसईएम	0.735	5.267	7.527	1.411	3.943	12.19	0.019

तालिका 9. वनराजा चूजों के आहार में बीएसएफ लार्वा भोजन (बीएसएफएलएम) का प्रभाव, सीरम जैव रासायनिक प्रोफ़ाइल, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और पोषक तत्व प्रतिधारण पर परिवर्ति कारक

बीएसएफलार्वा भोजन, %	आरटीसी (g/kg लाइव वजन)	जिगर (g/kg लाइव वजन)	अब्द. वसा (g/ kgलाइव वजन)	सीरम प्रोटीन (g/dl)	सीरम ट्राइग्लिस-राइड्स (g/ dl)	सीरम यूरिया (mg/dl)	एनडी अनु-मापांक ((Log 2 मूल्य)	सीपी अवधारण %
0	655.7	20.0	13.8	5.31	181.5	61.3	7.23^{ab}	81.64
12	625.2	20.4	11.2	5.41	153.9	62.8	8.15^{a}	79.95
15	619.3	19.7	12.0	5.63	163.1	62.8	6.39^{b}	81.86
पी	0.22	0.82	0.53	0.16	0.70	0.42	0.04	0.45
एन	13	13	13	13	13	13	13	3
एसईएम	9.13	0.44	0.96	1.00	13.28	0.55	0.29	1.09

तालिका 10. वनराजा चूजों में प्रदर्शन, वधचर और PHA-P प्रतिक्रिया पर श्रेणीबद्ध स्तरों पर आहार में BSF लार्वा आहार (BSFLM) का प्रभाव

बीएसएफएलएम, %	आरटीसी g/kg	जिगर g/kg	उदर वसा, g/kg	गिज़र्ड, g/kg	बर्सा g/kg	गिब्लेट g/kg	पीएचए-पी
0	630.5	19.1^{a}	12.6	22.4^{c}	2.56^{b}	46.8	114.4
9	629.8	18.1^{ab}	9.6	23.3^{bc}	3.78^{ab}	46.9	106.6
12	629.5	17.9^{b}	9.0	24.1^{bc}	4.33^{a}	47.8	97.3
15	617.4	17.8^{b}	9.5	26.1^{a}	4.60^{a}	49.8	97.2
18	622.6	17.5^{b}	10.3	24.6^{ab}	4.42^{a}	48.2	100.4
पीमूल्य	0.318	0.032	0.355	0.002	0.067	0.062	0.104
एन	10	10	10	10	10	10	10
एसईएम	5.23	0.35	1.34	0.60	0.49	0.77	5.13



चित्र 4: वनराजा चूजों के शरीर भार पर आहार में बीएसएफ लार्वा भोज पदार्थ का प्रभाव



चित्र 5: वनराजा चूजों में आहार अंतर्ग्रहण एवं एफसीआर पर आहार में बीएसएफ लार्वा भोज्य पदार्थ का प्रभाव

दूसरे परीक्षण में, आइसो-कैलोरिक और आइसो-नाइट्रोजिनस आधार पर,वनराजा चूजों के आहार में बीएसएफएलएम का मूल्यांकन 0, 9, 12, 15 और 18% मात्रा पर किया गया। चूजों को आहार उनकी 0-6 सप्ताह की आयु से एड लिबिटमअर्थात् बिना कोई तैयारी के खिलाया गया। चूजों के आहार में बीएसएफएलएम की >15% मात्रा के समावेशन से चूजों का शरीर भार दूसरे सप्ताह से काफी ज्यादा घट गया (पी<0.01),जबकि 9 और 12% मात्रा के अन्य स्तरों पर कोई प्रभाव दर्ज नहीं किया गया (चित्र 4)। 0-3 सप्ताह की आयु के दौरान बी एस एफ एल एम की 18% के उच्चतमस्तर पर चूजों का आहार अंतर्ग्रहण काफी कम हो गया था, जबकि यह आहार में बीएसएफएलएम की 15% स्तर पर चूजों का आहार अंतर्ग्रहण मध्यम था (चित्र 5)। दूसरी ओर, 0-6 सप्ताह की समग्र अवधि के दौरान, आहार में 15 और 18% दोनों स्तरों पर बीएसएफएलएम आहार अंतर्ग्रहणकाफी कम हो गया था। इसके अलावा, सभी उपचार समूहों में से, उच्चतम आहार उदग्रहण 9% बीएसएफएलएम स्तर पर दर्ज किया गया।चूजों के प्रारंभिक जीवन (0-3 सप्ताह) के दौरान आहार परिवर्तन अनुपात (एफ सी आर) प्रभावित नहीं हुआ, जबकि 0-6 सप्ताह के दौरान एफसीआर बी एस एफ एल एम के आहारीय स्तर से काफी ज्यादा प्रभावित (P<0.01) हुआ। कंट्रोल समूह की तुलना में, एफसीआर उन समूहों में काफी अधिक था, जिन्हें बीएसएफएलएम की

12% मात्रा तथा उससे उच्च मात्राएं खिलाई गई थीं। आमतौर पर एफसीआर में वृद्धि आहार में बीएसएफएलएम स्तर में वृद्धि के साथ होती है, और उच्चतम एफसीआर बीएसएफएलएम के उच्चतम स्तर (18%) पर दर्ज किया गया।

वध उपरांत मांस की मात्रा तथा पेट का वसा तत्व प्रभावित नहीं हुआ, लेकिन आहार में बीएसएफएलएम की 12% और उससे अधिक की मात्रा के समावेशन के साथ चूजों के यकृत का वजन कम हो गया, जबकि 9% बीएसएफएलएम पर, यकृत का वजन

कंट्रोल तथा बीएसएफएलएम के अन्य उच्च स्तरोंपर मध्यम था (तालिका 10)। बीएसएफएलएम की 15 और 18% की उच्च मात्रा के साथ उदरीय मांसपेशी अर्थात् गिजर्ड का वजन काफी बढ़ गया (पी<0.01)। इसी तरह से, श्लेषपुटी का वजन 15 और 18% बीएसएफएल एम के उच्च स्तर पर बढ़ गया था। गिबलेटों का वजन प्रभावित नहीं हुआ। इसके अलावा, पीएचए-पी अनुक्रिया के आधार पर आकलितपरिधीय रोग प्रतिरोध अनुक्रिया बीएसएफएलएम के आहारीय स्तरों व मात्राओं से प्रभावित नहीं हुई। दोनों परीक्षणों के समग्र परिणामों से यह संकेत मिलता है कि आहार में बी एस एफ एल एम की 15% या उससे अधिक की मात्रा वनराजा चूजों के प्रदर्शन के लिए अहम थी, जबकि आहार में 12% बीएसएफएलएम की मात्रा के साथ वनराजा चूज़ों के प्रदर्शन तथा अन्य चरों में मिश्रित अनुक्रियाएं देखी गईं।

तालिका 11. सात सप्ताह की आयु के परीक्षण अवधि के दौरान प्रयोगात्मक डेटा सेट का सारांश

	प्रारंभिक बीडब्ल्यू	अंतिम बीडब्ल्यू	एवीबीडब्ल्यू	एडीजी	डीएमआई	एफसीआर	आरएफआई
श्रेणी	700-1820	1959-4423	1329.5-3063.5	19.8-60.2	87.64-204.0	2.327-6.00	-68.9-38.41
औसत	1395.1	3523.6	2459.4	43.4	165.6	3.869	0
एन	290	290	290	290	290	290	290

रंगीन ब्रॉयलर में अपशिष्ट आहार अंतर्ग्रहण विशिष्ट एसएनपी और प्रत्याशी जीन की पहचान और लक्षणवर्णन

लगभग 30 नर कुक्कुट वंशक्रमों से 300 PB1 रंगीन ब्रॉयलर के शुद्ध वंशक्रम (नर) कुक्कुटों को शामिल करते हुए एक आहार परीक्षण किया गया। कुक्कुटों को 28 दिनों की ब्रूडिंग अर्थात् अंडा सेनन काल के बाद बैटरी ब्रूडर पिंजरों में अलग से रखा गया, जिसके बाद वैयक्तिक कुक्कुट के आहार अंतर्ग्रहण की रिकॉर्डिंग के लिए 13 दिनकी समायोजन अवधि और शरीर भार अर्थात् बीडब्ल्यू के लिए 7सप्ताह की समायोजन अवधि निर्धारित की गई। सभी कुक्कुटों को संस्थान कीआहार अनुसूची /मानक के अनुसार समान प्रकार का आहार दिया गया। कुक्कुटों को पानी की आपूर्तितत्काल (ऐड लिब) की गई। साप्ताहिक अंतराल पर कुक्कुटों का वजन तौला गया और साप्ताहिक आधार पर उनका आहार अंतर्ग्रहण भी दर्ज किया गया। बीडब्ल्यू, एडीजी और आहार अंतर्ग्रहण (तालिका 11) के आधार पर, एक समाश्रयण समीकरण निर्धारित किया गया। वास्तविक और अनुमानित अंतर्ग्रहण के अंतर को आर एफ एल के रूप में लिया गया। परीक्षण के दौरान 6 कुक्कुटों की मृत्यु हो गई, इसलिए अंतत:294 जीवित कुक्कुटों के डेटा का विश्लेषण किया गया।कुछ (4) आउटलायर डेटा को भी तब हटाया गया,जबपरीक्षण के दौरान कुक्कुट किसी रोग से पीड़ित पाए गए थे।

आरएफआई डेटा का वितरण नीचे चित्र 6 में प्रस्तुत किया गया है।



चित्र 6: डीएमआई पूर्वानुमान समीकरण के आधार पर वास्तविक बनाम पूर्वानुमानित डीएमआई

बारह उच्च आरएफआई और 12 निम्न आरएफआई कुक्कुटों का वध किया गया तथानमूने संग्रहित करके SNPs आदि की पहचान करने के लिए अनुक्रमण एवं विश्लेषण हेतु नमूने संरक्षित किए गए।

पौधों के अर्कों का प्रयोग करके विभिन्न नैनो खनिज कणों का जैवसंश्लेषण और कुक्कुट में आहार अनुपूरण के रूप में उनकी प्रभावकारिता का मूल्यांकन

अजैविक खनिज अनुपूरित कुक्कुट फार्मों से खनिज उत्सर्जन के उच्च स्तरों ने पर्यावरण प्रदूषण के बारे में चिंता बढ़ा दी है जिसके कारण अनेक देश कुक्कुट फार्मों से खनिज उत्सर्जन को कम करने के लिए विनियमों व कानूनों को लागू कर रहे हैं। यद्यपि जैविक खनिज स्रोत अजैविक स्रोतों की तुलना में, बेहतर जैव-उपलब्धता परिलक्षित करते हैं, फिर भी ब्रायलर के

आहार में जैविक खनिजों का उपयोग उच्च लागत और कम खनिज स्तरों के कारण सीमित है। हाल ही के वर्षों में, कुक्कुटों के आहार में नैनोकणों की बेहतर उपलब्धता तथा अजैविक खनिजों की तुलना में कम मांग के कारण उनके प्रति काफी रुचि व्यक्त की जा रही है। लेकिन नैनो-खनिजों का पारंपरिक रासायनिक संश्लेषण गैर-जैवविघटनशील सामग्रियों और खतरनाक रसायनों के कारण पर्यावरणीय प्रदूषण के संचय से प्रभावित होता है। इस कारणवश, कुक्कुट के आहार के लिए रासायनिक रूप से संश्लेषित नैनोकणों का उपयोग करने से परहेज किया जाता है। इसलिए, पौधों के अर्कों का प्रयोग करके विभिन्न खनिज नैनो कणों को जैव संश्लेषित करने तथा कुक्कुट पालन में इन नैनोकणों के आहार की उपयोगिता का पता लगाने के लिए निदेशालय में अनुसंधान कार्य आरंभ किया गया। निदेशालय में पौधों के अर्कों का प्रयोग करके जिंक और तांबे के नैनो कणों के जैवसंश्लेषण की विधियां विकसित की गईं।

व्यावसायिक ब्रॉयलर कुक्कुट के आहार में जैव संश्लेषित नैनो जिंक

वाणिज्यिक ब्रॉयलर के शारीरिक विकास प्रदर्शन, रक्त जैव रासायनिक प्रोफ़ाइल पर जैविक और अजैविकजिंक की तुलना में, जैवसंश्लेषित जिंक नैनो कणों को खिलाने के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन किया गया। एक दिन की आयु केकुल 375लिंगनिर्धारण रहित ब्रायलर चूजों (वेनकोब) को यादृच्छिक रूप से पांच समूहों (प्रति समूह 75 चूजे) में वर्गीकृत किया गया, जिसमें प्रति प्रतिकृति (रेप्लीकेशन) 5 चूजों के साथ 15 प्रतिकृतियां थीं। एक समूह कंट्रोल (T1) वाला था और अन्य समूहों को विभिन्न जिंक रूपों यानी अजैविक जिंक सल्फेट (T2), वाणिज्यिक Zn N P (T3), जैवसंश्लेषित Zn N P (T4) और जैविक जिंक (T5) में से किसी एक के 40 मि. ग्रा. का अनुपूरण दिया गया। सभी कुक्कुटों को समान प्रबंधकीय परिस्थितियों के तहत रखा गया। जिंक नैनो कणों को निदेशालय में नीम पौधे के अर्क से जैवसंश्लेषित किया गया और उनका लक्षणवर्णन विभिन्न तकनीकों, जैसे कि यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोस्कोपी, पार्टिकल साइज एनालिसिस (पीएसए), फोरियर ट्रांसफॉर्मर इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफटीआईआर), स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एसईएम) और ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी का प्रयोग करके किया गया ताकि जिंक नैनो कणों के आकार, आकृति तथा अन्य गुणधर्मों का विश्लेषण किया जा सके।

अध्ययन के परिणामों में यह उल्लेख पाया गया कि जिंक खिलाए गए कुक्कुट समूहों के विभिन्न स्रोतों के मध्य कुक्कुटों के संचयी शरीर वजन लाभ, आहार उदग्रहण और आहार परिवर्तन अनुपात में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था (तालिका 12)। किंतु, जैवसंश्लेषित नैनो जिंक खिलाए गए समूहों में, संख्या के आधार पर बेहतर एफसीआर प्रेक्षित किया गया और नैनो जिंक खिलाए गए कुक्कुट समूहों में शरीर भार में वृद्धि भी अधिक थी। रक्त जैव रासायनिक प्राचल अथवा पैरामीटर, कुल प्रोटीन, एल्बुलिन, ग्लोबुलिन, ग्लूकोस, कुल कोलेस्ट्रॉल एवं सीरम एंजाइम एसजीओटी और एसजीपीटी भी कुक्कुट समूहों के बीच तुलनीय थे तथाशरीरक्रिया सामान्य सीमा के भीतर थी, जो यह दर्शाता है कि 40 मि. ग्रा. जिंक ऑक्साइड नैनो कणों (या तो जैवसंश्लेषित या वाणिज्यिक) के साथ आहारीय अनुपूरण का ब्रॉयलरोंकी यकृत क्रिया और सामान्य स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। अजैविकजिंक और कंट्रोल समूहों की तुलना में नैनो जिंक एवंजैविकजिंक खिलाए गए समूहों में ह्यूमोरल इम्यून अनुक्रिया काफी अधिक थी, मगरसेलुलर इम्यूनअनुक्रिया (PHA-P अनुक्रिया) प्रभावित नहीं हुई। अजैविकजिंक (T2) और कंट्रोल (T1) समूह के कुक्कुटों की तुलना में,Zn NP खिलाए गए समूहों (T3 और T4) में प्लाज्मा, टिबिया और मांस में जिंक की मात्रा भी काफी अधिक थी। नैनो जिंक खिलाए गए समूह के कुक्कुट के मांस में, अन्य समूहों की तुलना में, काफी कम वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा थी, जबकि एंटीऑक्सीडेंट की बेहतर स्थिति पाई गई। समग्र परिणामों से यह पाया गया कि कुक्कुटों को अजैविक जिंक खिलाने के बजाय, नैनो जिंक के अनुपूरण का प्रभाव लाभकारी है।

तालिका 12. वाणिज्यिक ब्रॉयलर के प्रदर्शन पर नैनो, अकार्बनिक और जैविक जिंक अनुपूरण के प्रभावों की तुलना

उपचार	21 दिन में			42 दिन में		
	BW/b (g)	FI/b (g)	FCR	BW/b (g)	FI/b (g)	FCR
नियंत्रण	499.6	725.4	1.453	2381	3694	1.552
अकार्बनिक जिंक	494.5	731.9	1.482	2417	3791	1.568
नैनोजेन (कॉम)	516.8	721.7	1.406	2439	3765	1.544
नैनो Zn (बायोसिन)	496.0	727.1	1.469	2435	3728	1.531

उपचार	21 दिन में			42 दिन में		
	BW/b (g)	FI/b (g)	FCR	BW/b (g)	FI/b (g)	FCR
ऑर्गनजिंक	502.3	728.6	1.454	2412	3714	1.541
पी - मान	0.746	0.994	0.106	0.674	0.745	0.947
एन	15	15	15	15	15	15
एसईएम	5.644	7.021	0.009	17.03	25.30	0.004

बीडब्ल्यू: शरीर का वजन, बी: पक्षी, एफआई: दाना सेवन, एफसीआर; दाना रूपांतरण अनुपात, माध्य की एसईएम-मानक त्रुटि

आदर्श कुक्कुट फार्म प्रथा के लिए आईओटी समाधान (मेती)

इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य आईओटी सेंसरों का प्रयोग करके रियल टाइम कुक्कुट पर्यावरण निगरानी एवं सीमित कंट्रोल विकसित करना है ताकि कुक्कुट कुक्कुटों पर पर्यावरणीय दबाव को कम किया जा सके तथा कुक्कुट के वोकलाइज़ेशनअर्थात् स्वरोच्चारण व बांगदेने की आवाज का अध्ययन किया जा सके और उसे कुक्कुट के स्वास्थ्य, तनाव, लिंग के साथ सहसंबंधित किया जा सके तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित की जा सके।

सेंसर का प्रयोग करके रीयल टाइम कुक्कुट पर्यावरण की निगरानी

पर्यावरण की स्थितियों, विशेष रूप से अनुचित तापमान, आपेक्षिक आर्द्रता, धूल और गैसीय उत्सर्जन (अमोनिया, CO_2) का कुक्कुट के शारीरिक विकास प्रदर्शन और उत्थान पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इस परियोजना में, अग्रणी केंद्रअर्थात् सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक), कोलकाता ने कुक्कुट निदेशालय से प्राप्त इनपुट के साथइन कुक्कुट पर्यावरण मापदंडों की रियल टाइम निगरानी के लिए वायरलेस सेंसर नेटवर्क विकसित किया है, जिसे कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल के माध्यम से किसी भी समय पर एक्सेस किया जा सकता है। इन उपकरणों को निदेशालय के विभिन्न फार्मों में उपलब्ध कराया गया है और उनकी गति, यथार्थता, विश्वसनीयता के लिए परीक्षण किया जा रहा है (चित्र 7)। इन उपकरणों को एक वाणिज्यिक लेयर फार्म और एक वाणिज्यिक ब्रायलर फार्म में भी स्थापित किया गया है। अगले चरण में, अलर्ट जनरेशन के लिए IoT आधारित फ्रेमवर्क और निर्णय सहायता प्रणाली विकसित करने की भी योजना है।

चित्र 7: फैब्रीकेटेड वायरलेस सेंसर नोड का प्रयोग करके फार्म की रियल टाइम पर्यावरणीय निगरानी

कुक्कुटों का वोकलाइजेशन (स्वरोच्चारण)

हाल के अनुसंधान से पता चलता है कि वोकलाइज़ेशन की आवृत्ति, तीव्रता तथा पैटर्न कुक्कुटों के संव्यवहार में परिवर्तन का संकेत होता है और यह कुक्कुटों के शारीरिक विकास प्रदर्शन,स्वास्थ्य और अन्य दबाव स्थितियों के बारे में मूल्यवान संकेतदेता है। इस परियोजना में, कुक्कुटों के स्वरोच्चारण डेटा के संग्रहण के लिए निदेशालय में एक प्रायोगिक सुविधा स्थापित की गई है (चित्र 8-9)। एक प्रायोगिक अध्ययन किया गया ताकि आधाररेखा डेटा सृजित करने के लिए कुक्कुटों की भिन्न ध्वनियों को एकत्र एवं विश्लेषित किया जा सके। पांच भिन्न कुक्कुट स्वरोच्चारण ध्वनियों को अलग करके उनकी पहचान की गई।परीक्षण के तौर पर प्रेरित की गईरोग स्थितियों या प्राकृतिक रोग स्थितियों के दौरान कुक्कुट स्वरोच्चारण डेटा का संग्रहण कार्य भी प्रगति पर है। विषाणु (न्यू कैसल रोग विषाणु) के एक्सपोजर /संक्रमण के दौरान कुक्कुटों में स्वरोच्चारण में परिवर्तन का अध्ययन करने के लिए दो वायरस चैलेंज परीक्षण किए गए और स्वरोच्चारण डेटा का प्रयोग करके प्रारंभिक रोग निदान के लिए डेटा प्रोसेस किया गया।

चित्र 8: कुक्कुटों के वोकलाइजेशन की रिकॉर्डिंग के लिए परीक्षण सुविधा केंद्र पर निदेशक का दौरा

चित्र 9: कुक्कुटों के **स्वरोच्चारण** की रिकॉर्डिंग

एक दिन की आयु के चूजों के स्वरोच्चारण का प्रयोग करके लैंगिक खोज

कुक्कुट उत्पादन में, चूजों में लिंग निर्धारण करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। भारत में, हैचरी में, एक दिन की आयु के चूजों का लिंग निर्धारण या तो वेंट सेक्सिंग या फीदर सेक्सिंग विधि द्वारा किया जाता है। तथापि, ये विधियां कुछ कठिनाइयां भी पैदा करती हैं, जैसे कि परिचालन संबंधी कठिनाइयां और अत्यधिक कुशल श्रमिकों की आवश्यकता। सबसे साधारणविधि वेंट सेक्सिंग है, जो उस व्यक्ति की विशेषज्ञता पर बहुत अधिक निर्भर करती है जो लिंग निर्धारण का कार्य करता है,औरलिंग निर्धारण को स्वचालित रूप से करना भी मुश्किल है। यह विधि तनावपूर्ण है और कुक्कुटों के कल्याण एवं स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। हालांकि फीदर सेक्सिंग विधि सरलहै, मगर, कुक्कुटों के पंखों के रूप-रंग का निर्धारण विशेष रूप से चयनित आनुवंशिक विशेषकों द्वारा किया जाता है, जो चूजा प्रजाति में मौजूद होनी चाहिए। कुक्कुटों की अधिकांश प्रजातियों (नस्लों) में इस प्रकार की फीदर सेक्सिंग विशेषताएँ नहीं होती हैं, इसलिए सभी चूजों की फीदर सेक्सिंग नहीं की जा सकती है। अत:,इस विधि में ज्यादा त्रुटियांहोनेकी संभावना होती है। वर्तमान में, कुक्कुट की लिंग पहचान विधियों को व्यावसायिकों द्वारा मैनुअल रूप से पूरा किया जाना होता है, जो कि समय की बर्बादी और श्रमसाध्य है। इसलिए, परियोजना टीम द्वारा निदेशालय में एक प्रायोगिक अध्ययन आरंभ किया गया ताकि एक दिन की आयु के चूजों के स्वरोच्चारण विश्लेषण का प्रयोग करके,उनके लिंग निर्धारण की संभावना का पता लगाया जा सके।

ध्वनि/ऑडियो से चूजों के लिंग की पहचान करने के लिए निदेशालय में एक प्रयोगशाला स्थापित की गई है। चूजों के डेटा संग्रहण के लिए - एक हस्त चालित ऑडियो रिकॉर्डर तथा एक मोबाइल ऐप दोनों का प्रयोग किया जा रहा है। इन रिकॉर्ड किए गए ऑडियो डेटा का प्रयोग करते हुए, चूजों के ऑडियो से लिंग की पहचान करने हेतु एक POC तंत्र विकसित किया जा रहा है। परियोजना की टीम एकत्रित किए गए ऑडियो डेटा से विश्लेषण हेतु स्पेक्ट्रल फ़ीचर्स (मेल्स्पेक्ट्रोग्राम, मेल-फ्रीक्वेंसी सेप्स्ट्रल गुणांक (एमएफसीसी) जैसी महत्वपूर्ण विशेषताओं को भी निष्कर्षित कर रही है। विश्लेषण के लिए विभिन्न क्लासिफायरों, जैसे कि डिसीजन ट्री, K-नियरेस्ट नेबर्स (केएनएन), सपोर्ट वेक्टर मशीनें (एसवीएम), कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (एएनएन), गहरा तंत्रिका नेटवर्क (डीएनएन) का प्रयोग किया जाता है। अब तक विभिन्न किस्मों/नस्लों के स्वरोच्चारण डेटा के साथ 651 चूजों को एकत्र किया गया है और डेटा को लिंग निर्धारण के लिए प्रोसेस किया जा रहा है। परियोजना की टीम ने रिकॉर्ड की गई चूजों की आवाज से नर और मादा चूजों की पहचान करने के लिए बेसलाइन सिस्टम (V1.0) विकसित किया है (चित्र 10)।

चित्र 10: एक दिन की आयु के चूजों के स्वरोच्चारणसे लिंग निर्धारण हेतु मोबाइल ऐप

नर्सरी चरण के दौरान ग्रामप्रिया कुक्कुटों में प्रदर्शन और आंत्रीय फास्फोरस वाहकों पर कम फाइटेज वाले मक्का खिलाने का प्रभाव

अनुसंधानकर्ता पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ाने और आहार की लागत को कम करने पर कार्य कर रहे हैं, क्योंकि कुक्कुट उत्पादन में इसका 75-80% हिस्सा होता है। मक्का अपनी उच्च ऊर्जा, कम फाइबर रेशा, पिगमेंट और आवश्यक वसा अम्लों की मौजूदगी के कारण कुक्कुट आहार की संगणना के लिए पसंदीदा अनाज है। मक्का फास्फोरसका भी एक बड़ा स्रोत हो सकता है, यदि इसे गैर-जुगाली करने वाले पशुओं के लिए उपलब्ध कराया जाए, जो फाइटिक एसिड के इनोसिटोल रिंग के साथ फॉस्फोडाइस्टर बॉन्ड से निर्मित होता है। इसके अलावा, फाइटिक अम्ल साधारण पेट वाले जानवरों की आंत में लौह एवं जिंक की जैव उपलब्धता को न्यूनीकृत करता है। मोनोगैस्ट्रिक पशुओं के पाचन तंत्र में न्यून फाइटेज गतिविधि यह सुनिश्चित करती है कि फाइटेट-आधारित फास्फोरस या तो पूरी तरह से अनुपलब्ध है या उसका उपयोग ग़लतढंग से किया जाता है। तत्पश्चात, अप्रयुक्त फास्फोरस उत्सर्जित होता है जो पर्यावरण प्रदूषण कोविशेष रूप से गहन एवं उच्च सघन वाले कुक्कुट उत्पादन प्रणाली में बढ़ाता है।

यह रिपोर्ट किया गया है कि वैश्विक फॉस्फेट संसाधन सीमित हैं और अगले 50-100 वर्षों में समाप्त हो सकते हैं। इसके अलावा, एक अपर्याप्त फास्फोरस स्रोत वाला अनुपूरण किफायती भी है। न्यून फाइटेट मक्का (एलपीएम) म्यूटेंट अर्थात् उत्परिवर्तों को नवीनतम पादप प्रजनन तकनीकों द्वारा सृजित किया गया है। यह भी रिपोर्ट किया गया है कि एलपीएम लौह और जिंक की जैव उपलब्धता को बढ़ाता है, जिनकी मूल

रूप से आवश्यकता उपापचय (मेटाबॉलिज्म) के लिए होती है और उनकी अल्पता कुक्कुटों के शारीरिक विकास को बाधित करती है। इसलिए, पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ाने के लिए एलपीएम कुक्कुटआहार उद्योग का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने जा रहा है।

फास्फोरस का अवशोषण मुख्य रूप से ट्रांससेलुलर सेलुलर मार्ग के माध्यम से छोटी आंत में होता है, जो तीन प्रकार के फॉस्फेट सह-ट्रांसपोर्टरों: टाइप IIb Na-निर्भर फॉस्फेट सह-ट्रांसपोर्टर (NaPi-IIb); अजैविक फॉस्फेट ट्रांसपोर्टर 1 (PiT-1); और अजैविक फॉस्फेट ट्रांसपोर्टर 2 (PiT-2) के माध्यम से उत्पन्न होता है। हमने यह परिकल्पना की कि आहारीय गैर-फाइटेट फॉस्फोरस (एनपीपी) के अलग-अलग स्तरों के साथ फीडिंग एलपीएम या सामान्य मक्का (एनएम) NaPi-IIb, PiT-1 और PiT-2 की आंत्रीय जीन अभिव्यंजकता (एक्सप्रैशन) का एक महत्वपूर्ण विनियामक है, जो फास्फोरस के अवशोषण को छोटी आंत में नियंत्रित करता है। इसलिए, ग्रामप्रिया **कुक्कुटों** में NaPi-IIb, PiT-1 और PiT-2 की आंत्रीय जीन अभिव्यंजकता और प्रदर्शन पर एनपीपी के विभिन्न स्तरों के साथ एलपीएम को खिलाने के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए वर्तमान अध्ययन किया गया। कुल 432 एक दिवसीय आयु के ग्रामप्रिया चूजों को यादृच्छिक रूप से छह आहारीय उपचारों में वितरित किया गया जिसमें प्रत्येक प्रतिकृति में 6चूजों के साथ 12 प्रतिकृतियां थीं। सामान्य मक्का (NM) या एलपीएम का प्रयोग करके NPP (0.25, 0.33 और 0.45%) के प्रत्येक तीन स्तरों को सम्मिलित करने हेतु प्रायोगिक आहार तैयार किए गए। उन समूहों में उच्च शरीर भार लाभ (बीडब्ल्यूजी) और बेहतर आहार परिवर्तन अनुपात (एफसीआर) पाया गया जिनके आहार में एलपीएम मिश्रित था, जबकि NM के साथ आहार खिलाए गए समूहों में ऐसा नहीं पाया गया (तालिका 13)।परीक्षण के अंत में, वांछित जीन की mRNA अभिव्यंकता के निर्धारण के लिए मानक प्रोटोकॉल का प्रयोग करके समस्त आरएनए के निष्कर्षण के लिए आंतों के ऊतक नमूने एकत्र किए गए। NM खिलाए गए समूहों में Na-निर्भर फॉस्फेट सह-ट्रांसपोर्टर (NaPi-IIb) की अभिव्यंजकता अधिक रही। इसके अतिरिक्त, NaPi-IIb की mRNA अभिव्यंकता एनपीपी की न्यून मात्रा खिलाए गए समूहों के बीच रैखिक रूप से बढ़ गई (तालिका 14)। इलियम में, एनपीपी अनुपूरण के न्यून स्तरों के साथ PiT-1 अभिव्यंजकता को रैखिक रूप से बढ़ाया गया। इस अध्ययन ने यह दर्शाया कि एलपीएम के साथ आहारों से नर्सरी चरण के दौरान ग्रामप्रिया कुक्कुटों में बेहतर बीडब्ल्यूजी एवं एफसीआर का पता चला। इसके अतिरिक्त, यह पाया गया कि एनपीपी और एनएम या एलपीएम के अलग-अलग स्तरों के साथ आहार खिलाने से कुक्कुटों की छोटी आंत में फास्फोरस के सक्रिय परिवहन से संबद्ध जीनों की अभिव्यंजकता प्रोफ़ाइल प्रभावित हुई। फॉस्फोरस वाहकों की अभिव्यंजकता प्रोफ़ाइल को समझना फॉस्फोरस अवशोषण में नई अंतर्दृष्टि अथवा खोज है, जो इसके उपयोग एवं उत्सर्जन को नियंत्रित करने में योगदान देगी।

तालिका 13. नर्सरी चरण के दौरान ग्रामप्रिया कुक्कुटों में प्रदर्शन पर एलपीएम और एनएम को खिलाने का प्रभाव

वस्तुएं		प्रायोगिक समूह						प्रभाव का महत्व (P)				विरोधाभास (P)	
		साधारण मकई			कम फाइटेट मकई			मुख्य प्रभाव			अन्योन्य क्रिया	L	Q
PP, %		0.25	0.33	0.40	0.25	0.33	0.40	एसईएम	मकई	NPP	मकई×NPP		
I सप्ताह	BWG/b (g)	36.59	38.93	42.28	39.82	41.38	41.95	0.763	0.25	0.12	0.61	0.04	0.99
	एफसीआर	1.847	1.861	1.639	1.775	1.555	1.515	0.038	0.08	0.37	0.16	0.316	0.32
III सप्ताह	BWG/b (g)	186.2	206.9	212.4	208.2	208.9	226.2	2.887	0.03	0.01	0.37	0.01	0.95
	एफसीआर	2.077	2.086	1.996	2.138	2.112	1.996	0.05	0.77	0.59	0.96	0.363	0.65
VI सप्ताह	BWG/b (g)	520	554.7	535.3	525.1	583.4	592.6	6.536	0.01	0.01	0.01	0.72	0.01
	एफसीआर	2.473	2.332	2.698	2.471	2.328	2.366	0.022	0.01	0.01	0.01	0.27	0.01

बीडब्ल्यूजी, शरीर का वजन बढ़ना; एफसीआर दाना सेवन/बीडब्ल्यूजी; एल रैखिक; क्यू क्वाड्रैटिक, एनपीपी नॉन- फाइटेट फॉस्फोरस

शरीरक्रिया विज्ञान

कुक्कुटों में अंडा उत्पादन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर तुलनात्मक अध्ययन

वनराजा (वी), असील (ए) घागस (जी) और निकोबारी (एन) नस्लों से संबंधित कुक्कुटों को 22 सप्ताह की आयु पर चयनित किया गया। जल्दी अंडा देने की अवधि (24-28 सप्ताह, ईपी) और अंडा देने की मध्यम अवधि (32-36 सप्ताह, एमपी) के लिए अध्ययन किया गया। ईपी और एमपी के दौरान वनराजा, असील, घागस और निकोबारी नस्लों में मेलाटोनिन, घ्रेलिन, प्रोजेस्टेरोन एवं एस्ट्राडियोल के प्लाज्मा स्तरों का आकलन किया गया। जेजुनम और मैग्नम ऊतक नमूनों के संग्रहण के लिए 26 और 34 सप्ताह की आयु पर कुक्कुटों का वध कर दिया गया। नमूनों को आरएनए के निष्कर्षण के लिए प्रोसेस किया गया। आरएनए नमूनों को cDNA के उत्पादन के लिए पुन: प्रोसेस किया गया। हार्मोन मेलाटोनिन, घ्रेलिन रिसेप्टर्स और अमीनो अम्ल परिवाहकों यानी B^0AT, सीएटी, एलएटी2 और एलएटी4 के लिए जीन अभिव्यंजकता अध्ययनों का विश्लेषण एसवाईबीआर ग्रीन का प्रयोग करते हुए रीयल टाइम पीसीआर द्वारा किया गया। उपचार समूह के लिए, Se yeat उत्पाद को वनराजा के लिए 0.15 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. की दर से तथा असील, घागस एवं निकोबारी नस्लों के लिए 0.05 ग्रा. प्रति कि. ग्रा. आहार की दर से अनुपूरित किया गया।

जब विभिन्न कुक्कुट नस्लों के कंट्रोल समूहों (सीजी) के बीच तुलना की गई, तब वनराजा एवं घागस नस्लों में तथा उनके बाद असील और निकोबारी में मेलाटोनिन (एम ई टी), घ्रेलिन (जी एच एल) काफी अधिक था। सेक्स स्टेरॉयड हार्मोन के लिए, एस्ट्राडियोल (ईएसटी) की सांद्रता व मात्रा वनराजा और असील नस्लों में तथा उसके बाद घागस और निकोबारी नस्लों में अधिक थी। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन (PROG) की सांद्रता घागस और निकोबारी नस्लों में अधिक थी, उसके बाद वनराजा और असील नस्लों N>G>V में थीं। असील में, यह बढ़ गई थी। जब संबंधित नस्लों के ईपी और एमपी अंडजनन अवधियों (लेइंग पीरिएड) के सीजीएस के बीच तुलना की गई, तो ईपी की तुलना में एमपी के दौरान एमईटी, जीएचएल एवं पीआरओजी की सांद्रता काफी कम (पी<0.01) थी या उसका कोई महत्व नहीं था। एमईटी प्रवृत्ति में घटत V>G>A के क्रम में थी। निकोबारी में यह बढ़ गई थी। घ्रेलिन में घटती प्रवृत्ति A>V>N के क्रम में देखी गई। वहीं, घागस में सांद्रता बढ़ गई थी। प्रोजेस्टेरोन के लिए, एमपी की तुलना में ईपी में समान प्रवृत्ति प्रेक्षित की गई जो N>G>V के क्रम में थी। एस्ट्राडियोल के लिए घटती प्रवृत्ति V>G के क्रम में थी। जबकि, असील और निकोबारी में सांद्रता बढ़ गई थी। सेक्स स्टेरॉयड हार्मोन की सांद्रता, अंडा उत्पादन से प्रत्यक्ष रूप से आनुपातिक थी। कम से कम P<0.05 पर, अंतर महत्वपूर्ण था।

प्लाज्मा में मुक्त अमीनो अम्लों की जब विभिन्न नस्लों के सीजीएस के बीच तुलना की गई तब यह पाया गया कि 19 अमीनो अम्लों में से, निकोबारी, घागस और वनराजा में तथा उसके बाद असील में ईपी के दौरान अधिकतम सांद्रता मौजूद थी। एमपी में, अधिकतम सांद्रता की प्रवृत्ति असील में तथा उसके बाद वनराजा, घागस और निकोबारी में थी।

जब विभिन्न नस्लों की ईपी और एमपी अवधियों के बीच सीजीएस के औसत बीडब्ल्यू के बीच तुलना की गई, तो यह पाया गया कि असील (469.4 ग्राम) के शरीर भार में वृद्धि अधिकतम थी, जिसके बाद वनराजा (384.8), निकोबारी (235.6) और घागस (144.4 ग्रा.) में थी, A>V>N>G.

ईपी और एमपी के संबंधित सीजीएस के बीच औसत अंडा उत्पादन प्रतिशत में वृद्धि के परिणामों से यह पाया गया कि वृद्धि की प्रवृत्ति N>A>V थी, और प्रतिशत आधार पर वृद्धि क्रमश: 16.5%, 12%, 0.8% थी, जबकि घागस में यह एमपी पर 3% घट गई थी।

सेलेनो येस्ट जैविक उत्पाद के साथ उपचार में यह पाया गया कि ईपी के दौरान प्लाज्मा एमईटी और जीएचएल की सांद्रता, सीजी की तुलना में V और A में कम हो गई, जबकि वनराजा (पी<0.01) में एमईटी के लिए तथा असील (पी<0.05) में जीएचएल के लिए यह महत्वपूर्ण थी। घागस और निकोबारी में एमईटी और जीएचएल की सांद्रता में वृद्धि हुई, जबकि एमईटी के लिए निकोबारी (पी<0.01) में और जीएचएल (पी<0.05) के लिए घागस में यह महत्वपूर्ण थी। एटी एमपी उपचार ने सभी नस्लों में एमईटी और जीएचएल की सांद्रता में वृद्धि की। जीएचएल की सांद्रता में वृद्धि केवल असील (पी<0.01) और निकोबारी (पी<0.05) नस्लों में महत्वपूर्ण थी। एसई उपचार ने वनराजा में ईएसटी सांद्रता को काफी कम कर दिया (पी<0.01) और असील में वृद्धि की। ईएसटी स्तर पर देखा गया प्रभाव, ईपी पर घागस और निकोबारी में महत्वपूर्ण नहीं था। Se उपचार ने एमपी में सभी नस्लों में ईएसटी के स्तर में वृद्धि की, जो केवल वनराजा (पी<0.05) और असील (पी<0.05) में महत्वपूर्ण थी। जबकि, ईपी के दौरान पीआरओजी (PROG) के स्तर सभी नस्लों में कम हो गए थे। एमपी पर पीआरओजी की सांद्रता में वृद्धि वनराजा, असील और निकोबारी में टीजी में हुई, लेकिन यह केवल वनराजा और असील में काफी (पी < 0.05)

अधिक थी। घागस में, बिल्कुल विपरीत प्रभाव देखा गया।

वनराजा को एसई (Se) का अनुपूरण दिए जाने के बाद उसका बीडब्ल्यू अथवा शरीर भार 28 सप्ताह में ईपी (100 ग्राम) पर और 32 एवं 36 सप्ताह की आयु में एमपी (99 ग्राम, 72 ग्राम) पर काफी वृद्धि हुई। ईपी और एमपी दोनों पर, असील नस्ल में 36 सप्ताह में ईपी पर बीडब्ल्यू (7 ग्राम) काफी घट गया और एमपी (3 ग्राम) पर भी काफी कम हो गया था। घागस नस्ल में भी, बीडब्ल्यू (20 ग्राम) ईपी पर घट गया, और 32 एवं 36 सप्ताह में एमपी पर (क्रमश: 11 ग्राम, 40 ग्राम) कम हो गया। निकोबारी नस्ल में, ईपी पर बीडब्ल्यू (77 ग्राम) बढ़ गया, और एमपी पर (9 ग्राम, 6 ग्राम) भी बढ़ गया, हालांकि केवल ईपी पर यह महत्वपूर्ण था। कम से कम पी <0.05 पर परिणाम, काफी भिन्न थे।

टीजी में औसत अंडा उत्पादन प्रतिशत ईपी पर 2% (पी<0.05) और एमपी में 1.7% बढ़। असील नस्ल में, अंडा उत्पादन प्रतिशत ईपी पर 9% (पी<0.01) और एमपी पर 3.5% (पी<0.05) बढ़ा। घागस नस्ल में, अंडा उत्पादन प्रतिशत ईपी पर 14% (पी<0.01) और एमपी पर 1.5% बढ़ा। निकोबारी नस्ल में, अंडा उत्पादन प्रतिशत एमपी पर 1.5% बढ़ा । सीजी की तुलना में ईपी पर प्रवृत्ति EP--G>A>V>N; एमपी पर A>V>G=N के क्रम में थी।

Se उपचार के प्रभाव को 19 अमीनो अम्लों पर प्रेक्षित किया गया। ईपी पर वनराजा में, प्लाज्मा अमीनो अम्लों की संख्या में वृद्धि की प्रवृत्ति V(11)>N(8)>G(3)>A(1) के क्रम में थी, एमपी में यह V(14)>G(11)>N(4)>A(2) के क्रम में थी। मैग्नम टिशु में ईपी पर प्रवृत्ति V(7)>A(6)>G(3) = N(3), MP के क्रम में थी, जबकि एमपी में यह सीजी की तुलना में G(11)>N(4)>V(3)>A(2) के क्रम में थी।

इसी तरह से, जेजुनम में ईपी पर अमीनो अम्ल परिवाहकों (aats) की अभिव्यंजकता में वृद्धि की प्रवृत्ति G (4)>V(3)>N(2)>A(0) के क्रम में थी, हालांकि जब जेजुनम और मैग्नम टिशु के बीच तुलना की गई तब एमपी पर यह N(3)>A(2)>V(1)>G(0) के क्रम में थी (चित्र 1क, ख, ग, घ- 4क, ख, ग, घ)। इसी तरह से, ईपी पर मैग्नम में aats की अभिव्यंजकता की प्रवृत्ति A(3)>V(3)>G(3)>N (2) थी जबकि मैग्नम में एमपी पर aats की अभिव्यंजकता सीजी की तुलना में N(3)>A(3)>G(2)>V(1) के क्रम में थी। कम से कम पी<0.05 पर वृद्धि, महत्वपूर्ण थी।

जीन अभिव्यंजकता पर अध्ययन

वजराजा

सीएटी (पी<0.01) को छोड़कर, उपचार समूह के जेजुनम ऊतक में ईपी पर, अन्य तीन aats और हार्मोन रिसेप्टर्स एम एन टी आर की अभिव्यंजकता में काफी कमी आई (पी < 0.01)। मैग्नम टिशु (टीजी) में, बीएटी एवं एम एन टी आर (पी < 0.01) की अभिव्यंजकता को छोड़कर (जो घट गया था) शेष aats सीएटी, और एलएटी2 एवं रिसेप्टर जी एच एल आर में काफी वृद्धि हुई (पी < 0.01) (चित्र 1 क, ख)। जब एमपी पर सीजी एवं टीजी के बीच तुलना की गई, तब जेजुनम और मैग्नम में क्रमशः एलएटी4, एलएटी2 (पी < 0.001) की अभिव्यंजकता में वृद्धि को छोड़कर, उपचार समूह के मैग्नम ऊतक में एलएटी4, बीएटी, सीएटी aats की अभिव्यंजक्ता में काफी कमी आई (पी < 0.01), जबकि, दोनों हार्मोन रिसेप्टरों की अभिव्यंजकता में तब ऊतकों में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ जब उपचार समूहों के बीच तुलना की गई (चित्र 1 ग, घ)।

असील नस्ल

ईपी पर जेजुनम में, अनुपूरण के पश्चात, अभिव्यंजकता केवल बीएटी (पी < 0.01) के लिए काफी कम हुई। एम एन टी आर की अभिव्यंजकता में वृद्धि हुई (पी < 0.01)। एलएटी 4 को छोड़कर, सभी aats की मैग्नम टिशु अभिव्यंजकता में काफी वृद्धि हुई (पी < 0.01), जबकि एम ई टी आर (पी < 0.05) और जी एच एल आर (पी < 0.01) की अभिव्यंजकता में कमी आई (चित्र. 2 क, ख)। एमपी पर अनुपूरण के पश्चात, सभी aats और दोनों हार्मोन रिसेप्टर्स की जेजुनम अभिव्यंजकता में कमी आई (पी < 0.01), केवल एलएटी 2 की अभिव्यंजकता में वृद्धि हुई (पी < 0.01) जबकि एलएटी4 और एम एन टी आर की मैग्नम अभिव्यंजकता में वृद्धि हुई (पी < 0.01) हालांकि दो समूहों के बीच अन्य प्राचलों अर्थात पैरामीटर्स के साथ कोई खास अंतर नहीं पाया गया (चित्र 2 ग, घ)।

घागस नस्ल

जब सीजी एवं टीजी समूहों के बीच तुलना की गई, तब बीएटी, एलएटी2, एम एन टी आर (पी < 0.01) और सीएटी, एलएटी4, जी एच एल आर की अभिव्यंकता जेजुनम और मैग्नम ऊतक एम एन टी आर, एलएटी2 में बढ़ गई (पी < 0.01) जबकि एलएटी4, सीएटी, जी एच आर एल (पी < 0.001) की अभिव्यंजकता बढ़ गई (पी < 0.001) (चित्र 3 क, ख)। इसी तरह से एमपी पर, दो समूहों के बीच तुलना करते हुए, केवल जी एच एल आर की अभिव्यंजकता बढ़ी हुई पाई गई

(पी<0.001); और जेजुनम में बीएटी, एलएटी 4 की कम पाई गई (पी<0.01), जबकि मैग्नम में परिवाहक एलएटी 4 (पी<0.001) और एलएटी 2 (पी<0.01) की अभिव्यंजकता बढ़ गई तथा बीएटी, सीएटी में घट गई (पी<0.01) और हार्मोन रिसेप्टर्स कम हो गए। सीजी एवं टीज के बीच तुलना करने पर अन्य प्राचलों के संदर्भ में कोई खास परिवर्तन नहीं पाया गया, चित्र 3 ग, घ।

निकोबारी नस्ल

जेजुनम ऊतक में ईपी पर Se के साथ उपचार करने पर, बीएटी की अभिव्यंजकता में वृद्धि हुई (पी<0.05) और एलएटी2 की कम हो गई (पी<0.05)। जी एच एल आर की अभिव्यंजकता भी कम हो गई (पी<0.05)। संबंधित सीजी के अभिव्यंजकता स्तरों की तुलना में परिवाहकों अथवा ट्रांसपोर्टरों और एम ई टी आर की अभिव्यंजकता में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ। मैग्नम ऊतक में, एलएटी2 और एलएटी4 की अभिव्यंजकता में काफी वृद्धि हुई। एम ई टी आर और बीएटी के लिए अभिव्यंजकता के स्तर में, कंट्रोल की तुलना में, कोई खास परिवर्तन नहीं आया (चित्र 4 क, ख)। जेजुनम में एमपी पर, एलएटी4 को छोड़कर, शेष अमीनो अम्ल परिवाहकों और जी एच एल आर की अभिव्यंजकता में काफी वृद्धि हुई (पी<0.01) (चित्र 4 ग, घ)

वनराजा

26 सप्ताह



1 क



1 ख

34 सप्ताह



1 ग



1 घ

चित्र 1 क, ख: जेजुनम (J) में अमिनो अम्ल परिवाहकों एवं हार्मोन रिसेप्टरों की जीन अभिव्यंजकता और जेजुनम (J) में EP FIG 1 ग, घ पर मैग्नम (M) ऊतक तथा एमपी पर वनराजा चूजों का मैग्नम (M) ऊतक। *P<0.05,**P<0.01, ***P<0.001.

26 सप्ताह के असील



2 क



2 ख

34 सप्ताह के असील



2 ग



2 घ

चित्र 2 क, ख: जेजुनम (J) में अमिनो अम्ल परिवाहकों एवं हार्मोन रिसेप्टरों की जीन अभिव्यंजकता और जेजुनम (J) में EP FIG 2 ग, घ पर मैग्नम (M) ऊतक तथा एमपी पर असील नस्ल के चूजों का मैग्नम (M) ऊतक। *P<0.05,**P<0.01, ***P<0.001

विभिन्न नस्लों के मैग्नम ऊतक में ज्ञात और नवीनतम miRNA का आकलन किया गया। कच्चे रीड्स की गुणवत्ता की जांच FastQC एप्लिकेशन के माध्यम से की गई और एडॉप्टर को cutadapt के माध्यम से हटा दिया गया तथा रीड की लंबाई को फिल्टर किया गया जो 15 से 36 एनटी लंबाई के बीच थी। प्रत्येक नमूने के उत्कृष्ट रीड वितरण की संगणना की गई और उसका प्रयोग डाउनस्ट्रीम विश्लेषण के लिए किया गया। असंरेखित उत्कृष्ट और फ़िल्टर किए गए रीड्स, जिन्हें आर एफ ए एम डेटाबेस पर मैप नहीं किया गया था, को ज्ञात एवं नवीनतम miRNA की पहचान करने के लिए प्रोसेस किया गया। डिफ़ॉल्ट पैरामीटर के साथ, गैलस गैलस जीनोम को शामिल करके, mirDeep2 एल्गोरिथ्म का प्रयोग किया गया। ज्ञात miRNAs की पहचान के लिए, गैलस गैलस miRNAs अनुक्रमों को संदर्भ के रूप में लिया गया। मैप किए गए रीड्स जिन्हें ज्ञात miRNAs के रूप में पहचाना नहीं गया था, का प्रयोग नवीनतम miRNAs के पूर्वानुमान के लिए किया गया। सभी नमूनों के ज्ञात और नवीनतम miRNAs का प्रयोग Rstudio में edgeR पैकेज का उपयोग करके भिन्नात्मक आकलन के लिए किया गया। log2fc > ± 1 और FDR मान ≤ 0.05 के साथ, विभिन्न युग्म-वार संयोजनों के लिए भिन्नात्मक अभिव्यंजकता विश्लेषण किया गया। भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित (डीई) miRNA अनुक्रमों का प्रयोग भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित जीनों में उनके प्यूटेटिव अर्थात तथाकल्पित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए किया गया। डिफ़ॉल्ट पैरामीटरों का प्रयोग करके समान गैलस गैलस जीनोम डेटा के लिए संदर्भ को लेते हुए, लक्ष्य की पहचान करने के लिए मिरदीप का उपयोग किया गया। लक्षित जीनों के लिए यूनिप्रॉट डेटाबेस के माध्यम से व्याख्याएं की गईं। पाथवेज और निष्कर्षों पर आगे के अध्ययन प्रगति पर हैं।

26 सप्ताह के घागस



3 क



3 ख

34 सप्ताह के घागस



3 ग



3 घ

चित्र 3 क, ख: जेजुनम (J) में अमिनो अम्ल परिवाहकों एवं हार्मोन रिसेप्टरों की जीन अभिव्यंजकता और जेजुनम (J) में EP FIG 3 ग, घ पर मैग्नम (M) ऊतक तथा एमपी पर घागस चूजों का मैग्नम (M) ऊतक। *P<0.05,**P<0.01, ***P<0.001*P<0.05, **P<0.01, ***P<0.001

26 सप्ताह के निकोबारी



4 क



4 ख

34 सप्ताह के निकोबारी



4 ग



4 घ

चित्र 4 क, ख: जेजुनम (J) में अमिनो अम्ल परिवाहकों एवं हार्मोन रिसेप्टरों की जीन अभिव्यंजकता और जेजुनम (J) में EP FIG 4 ग, घ पर मैग्नम (M) ऊतक तथा एमपी पर निकोबारी चूजों का मैग्नम (M) ऊतक। *P<0.05,**P<0.01, ***P<0.001



चित्र 5: भिन्न नस्लों एवं वनराजा के कंट्रोल और उपचार समूहों में ज्ञात एवं नवीनतम miRNAs
C-कंट्रोल, T- उपचार अथवा बिना C का उपचार समूह

कंपोस्टिंग के माध्यम से स्थायी कुक्कुट अपशिष्ट प्रबंधन

गहन कुक्कुट उत्पादन के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में कुक्कुट कचरा सृजित होता है। यदि कचरे को बिना किसी उपचार के खेत में निपटाया जाता है, तो इससे पर्यावरण प्रदूषण फैल सकता है। इस समस्या को लाभकारी प्रयोजनों के लिए कचरे का उपयोग करके हल किया जा सकता है। सृजित कुक्कुट कचरे को कम्पोस्ट में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया जा सकता है पर इसके लिए उसे धान की भूसी में मौजूद कार्बन और नाइट्रोजन (सी/एन अनुपात) तत्व के उचित अनुपात में मिश्रित करना होगा। अंततः, कम्पोस्ट के ढेर में केंचुओं को छोड़कर, कम्पोस्ट से वर्मीकम्पोस्ट अर्थात केंचुआ कम्पोस्ट विकसित की गई।

i) 35:1 के सी/एन अनुपात के साथ वर्मीकम्पोस्ट तैयार करना

45% आपेक्षिक आर्द्रता, 5.5 pH और 32^{0}C तापमान वाली धान भूसी के साथ कुक्कुट कचरे को मिश्रित करके 35:1 के सी/एन अनुपात में कम्पोस्ट तैयार की गई। 40 कि. गा. धान भूसी व पराली के साथ 6 कि. ग्रा. कचरे को मिलाया गया। आर्द्रता को लगभग 45% पर कायम रखा गया। ढेर के भीतर सूक्ष्मजीवाणुओं के विकास के कारण तापमान में परिवर्तन हो रहा था। 47वें दिन कम्पोस्ट तैयार हो गई। कम्पोस्ट तैयार होने के बाद, केंचुओं को कम्पोस्ट के ढेर में छोड़ा गया ताकि वह वर्मीकम्पोस्ट में परिवर्तित हो जाए। केंचुओं को छोड़े जाने के 45वें दिन अंतिम उत्पाद

(वर्मीकम्पोस्ट) तैयार हो गया। 45वें दिन पर आपेक्षिक आर्द्रता 50%, पीएच 5.5 और तापमान 24^{0}C था।

घान भूसी

35:1 के सी/एन अनुपात का कम्पोस्ट

35:1 के सी/एन अनुपात का वर्मीकम्पोस्ट

ii) 30:1 के सी/एन अनुपात के साथ वर्मीकम्पोस्ट तैयार करना

45% आपेक्षिक आर्द्रता, 5.5 pH और 32^{0}C तापमान वाले सप्लीमेंट के रूप में; धान भूसी के साथ कचरे को मिलाकर 30:1 के सी/एन अनुपात में कम्पोस्ट तैयार की गई। 40 कि. ग्रा. धान भूसी के साथ 6 कि. ग्रा. कचरा मिलाया गया। 47वें दिन कम्पोस्ट तैयार हो गई। कम्पोस्ट तैयार होने के बाद, केंचुओं को कम्पोस्ट के ढेर में छोड़ा गया ताकि वह वर्मीकम्पोस्ट में परिवर्तित हो जाए। केंचुओं को छोड़े जाने के 45वें दिन अंतिम उत्पाद (वर्मीकम्पोस्ट) तैयार हो गया। अंतिम दिन ढेर की आपेक्षिक आर्द्रता 50%, पीएच 5.5 और तापमान 25^{0}C था।

30:1 के सी/एन अनुपात के साथ कम्पोस्ट

30:1 के सी/एन अनुपात के साथ वर्मीकम्पोस्ट

iii) 25:1 के सी/एन अनुपात के साथ वर्मीकम्पोस्ट तैयार करना

45% आपेक्षिक आर्द्रता, 5.5 pH और 31^{0}C तापमान वाले सप्लीमेंट के रूप में धान भूसी के साथ कचरे को मिलाकर 25:1 के सी/एन अनुपात में कम्पोस्ट तैयार की गई। 40 कि. ग्रा. धान भूसी के साथ 14.3 कि. ग्रा. कचरे को मिलाया गया। कम्पोस्ट 47वें दिन तैयार हो गई। कम्पोस्ट तैयार होने के बाद, केंचुओं को कम्पोस्ट के ढेर में छोड़ा गया ताकि वह वर्मीकम्पोस्ट में परिवर्तित हो जाए। केंचुओं को छोड़े जाने के 45वें दिन अंतिम उत्पाद (वर्मीकम्पोस्ट) तैयार हो गया। वर्मीकम्पोस्ट तैयार करने के अंतिम दिन आपेक्षिक आर्द्रता 50%, पीएच 5.5 और तापमान 25^{0}C था।

25:1 के सी/एन अनुपात के साथ कम्पोस्ट

25:1 के सी/एन अनुपात के साथ वर्मीकम्पोस्ट

खेत में जैव उर्वरकों का प्रयोग

विभिन्न प्रकार के जैव-उर्वरकों का उत्पादन किया गया जिनका उपयोग फसल के विकास और उत्पादन पर उनके प्रभाव का अंदाजा लगाने के लिए लिए खेत में किया गया। धान भूसी कम्पोस्ट एवं वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरे को कार्बन और नाइट्रोजन के 35:1, 30:1, 25:1 अनुपात के साथ देवेनोनिगुगा गांव, पुडुर मंडल, विकाराबाद, तेलंगाना में खेत में प्रयोग किया गया।

क्र. सं.	अंतिम उत्पाद	सी/एन अनुपात	समूह
1.	कंट्रोल (C)		
2.	आरडीएफ		
3.	धान भूसी कम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	25:1	1
4.	धान भूसी कम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	30:1	2
5.	धान भूसी कम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	35:1	3
6.	धान भूसी वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	25:1	4
7.	धान भूसी वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	30:1	5
8.	धान भूसी वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरा	35:1	6

अध्ययन के लिए मूंग किस्म WGG-45 को शामिल किया गया। बुवाई की तारीख 9.6.2022 थी और फसल कटाई 14.8.2022 को की गई। फसल विकास की कुल अवधि 65 दिन थी और पादपों के बीच की दूरी 45 x 10 से. मी. थी। पादप समष्टि 22 प्रति वर्ग मीटर थी। कंट्रोल के साथ, 18 कि. ग्रा. यूरिया और 125 कि. गा. एस एस पी से पुनर्चक्रित करके व्युत्पन्न उर्वरक को भी फसल उत्पादन के लिए देवेनोनीगुडा गांव, पुडुर मंडल के खेत में प्रयोग किया गया। पादप की ऊंचाई, प्रति पादप शाखाओं की संख्या, 50% परिपक्वता तक उनकी आयु, फली विशेषताएं (प्रति पादप फली की औसत संख्या, फली की लंबाई, प्रति फली बीजों की संख्या), बीज सूचकांक, स्टोवर उपज और औसत बीज उपज जैसे विभिन्न प्राचल अथवा पैरामीटर दर्ज किए गए। उपचार समूहों, जैव-उर्वरक और सी/एन अनुपात का विवरण नीचे दिया गया है। भूमि तैयार करना, जैव-उर्वरकों का प्रयोग, बीज बुवाई, सिंचाई, टैगिंग और फसल की परिपक्वता तक समय-समय पर उसके विकास को नीचे दिए गए चित्रों में दर्शाया गया है।

परीक्षण स्थल की प्लाटिंग

मूंग बीज की बुवाई

15 दिनों का फसल विकास

30 - दिनों का फसल विकास

60 - दिनों का फसल विकास

कटाई पर फसल की स्थिति परिणाम

पौधों की ऊंचाई पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह देखा गया है कि उस समूह में अधिकतम पादप ऊंचाई प्राप्त की गई जहाँ 30:1 के सी/एन अनुपात के साथ-साथ धान भूसी वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरे का प्रयोग किया गया था। फसल कटाई के समय पर पादप की ऊंचाई 48.23 से. मी. तक पहुंच गई थी। यह ऊंचाई खेत में प्रयुक्त जैव-उर्वरकों के अन्य सभी समूहों से काफी भिन्न थी। 30वें और 45वें दिन भी पादप की ऊंचाई दर्ज की गई जो क्रमशः 9.87 और 30.54 से. मी. थी। प्रारंभ में, पादपों का विकास समान पाया गया, हालांकि उत्तरोत्तर चरण पर 45 वें दिन, पादपों का विकास एवं ऊंचाई खेत में प्रयोग किए गए जैव-उर्वरकों के अनेक समूहों में भिन्न पाई गई। समग्र रूप से, उन खेतों में पादपों की ऊंचाई कम पाई गई जहाँ कम्पोस्ट का प्रयोग किया गया था, हालाँकि, कम्पोस्ट और वर्मीकम्पोस्ट के सी/एन अनुपात 35:1 के साथ बुवाई के 45 दिनों के बाद कोई खास अंतर नहीं देखा गया। कुल मिलाकर, यह पाया गया कि पादपों की ऊंचाई के आधार पर, कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में पादपों की ऊंचाई क्रमशः 36.14 और 40.21 से. मी. थी, जो अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में, फसल के समय पर काफी कम थी।

तालिका 1. मूंग की वृद्धि के विभिन्न चरणों में पौधों की ऊंचाई पर विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों का प्रभाव

सी / एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृषि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
पौधे की ऊंचाई (सेमी)								
30 डीएएस	6.54±0.21[a]	6.98±0.18[a]	8.69±0.68[b]	9.36±0.67[bc]	8.56±0.68[b]	9.02±0.68[bc]	9.87±0.34[c]	8.72±0.69[b]
45 डीएएस	19.56±1.12[a]	22.41±1.56[b]	27.4±2.16[d]	28.9±1.89[e]	26.3±1.56[c]	27.9±1.69[d]	30.54±1.23[e]	26.8±1.45[c]

शाखाओं की संख्या पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह पाया गया कि शाखाओं की अधिकतम संख्या उस समूह में पाई गई जहाँ धान भूसी वर्मीकम्पोस्ट के साथ कुक्कुट कचरे का प्रयोग किया गया था। फसल कटाई के समय पर समूह 5 में, शाखाओं की संख्या 6.2 तक पहुंच गई थी। यह ऊंचाई खेत में प्रयोग किए जैव-उर्वरकों के अन्य सभी समूहों से काफी अलग थी। 30वें और 45वें दिन भी शाखाओं की संख्या दर्ज की गई जो क्रमशः 2.6 और 3.3 थी। प्रारंभ में, पादपों का विकास एक समान पाया गया, हालाँकि, उत्तरोत्तर चरण पर 45वें दिन, पादपों की शाखाओं की वृद्धि/संख्या खेत में प्रयोग किए गए जैव-उर्वरकों के अनेक समूहों में भिन्न थी। कुल मिलाकर, यह पाया गया कि कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में पादपों की शाखाओं की संख्या क्रमशः 3.7 और 2.34 थी, जो अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में फसल कटाई के समय पर काफी कम थी।

तालिका 2. मूंग की वृद्धि के विभिन्न चरणों में प्रति पौधा शाखाओं की संख्या पर विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों का प्रभाव

सी / एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृषि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
प्रति पौधा शाखाओं की संख्या								
30 डीएएस	1.52±0.12 [a]	1.71±0.11 [a]	2.43±0.23 [b]	2.5±0.35 [b]	2.32±0.36 [b]	2.51±0.23 [b]	2.6±0.23 [b]	2.41±0.21 [b]
45 डीएएस	2.26±0.17 [a]	2.34±0.21 [a]	2.91±0.15 [c]	3.05±0.12 [c]	2.8±0.24 [c]	2.98±0.15 [c]	3.3±0.13 [c]	2.86±0.11 [c]
फसल पर	3.7±0.19 [a]	4.2±0.23 [b]	5.45±0.24 [c]	5.9±0.23 [d]	5.13±0.17 [c]	5.68±0.25 [cd]	6.2±0.51 [d]	5.33±0.12 [c]

पौधों में 50% परिपक्वता (दिनों) तक की आयु पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह पाया गया कि कंट्रोल और आरडीएफ समूहों को छोड़कर, सभी जैव-उर्वरक समूहों में फसल की 50% परिपक्वता तेजी से हुई। वर्मीकम्पोस्ट समूहों में अधिकतम फसल विकास देखा गया क्योंकि पादप 36-37 दिनों के भीतर बड़े हो गए, जो कि 50% परिपक्वता प्राप्त करने में सबसे कम समय है। कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में 50% परिपक्वता प्राप्त करने में लगने वाला समय 38-39 दिनों के बीच था। तथापि, 25:1 और 35:1 के सी/एन अनुपात में कुक्कुट कचरा कम्पोस्ट और वर्मीकम्पोस्ट के बीच कोई खास अंतर नहीं देखा गया।

तालिका 3. मूंग की वृद्धि के विभिन्न चरणों में 50% परिपक्वता (दिनों) तक की आयु पर विभिन्न प्रकार के जैव-उर्वरकों का प्रभाव

सी / एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृमि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
औसत आयु से 50% परिपक्वता (दिन)	39.5±1.1 [d]	38.4±2.16 [c]	36.42±2.18 [a]	37.12±1.8 [b]	36.14±2.13 [a]	36.45±1.56 [a]	37.56±1.3 [b]	36.14±1.25 [a]

बीज सूचकांक पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह पाया गया कि कंट्रोल और आरडीएफ समूहों को छोड़कर, सभी जैव-उर्वरक समूहों में बीज सूचकांक काफी अधिक था। वर्मीकम्पोस्ट समूहों में अनाज का वजन अधिक पाया गया जो 25:1 और 30:1 के सी/एन अनुपात वाले कम्पोस्ट समूहों से बहुत तुलनीय था। सी/एन अनुपात 35:1 के कम्पोस्ट समूह में अनाज का वजन जैव उर्वरकों के अन्य सभी समूहों की तुलना में काफी कम था। कुल मिलाकर, कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में, अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में, बीज सूचकांक कम पाया गया।

तालिका 4. हरे चने में बीज सूचकांक पर विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों का प्रभाव

सी / एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृषि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
बीज सूचकांक या 100 अनाज वजन (g)	2.64±0.16 ^{a}	3.1±0.12 ^{a}	4.4±0.24 ^{c}	4.9±0.42 ^{c}	3.8±0.14 ^{b}	4.7±0.35 ^{c}	5.1±0.06 ^{c}	4.2±0.22 ^{c}

औसत स्टोवर उपज पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह पाया गया कि कंट्रोल और आरडीएफ समूहों को छोड़कर, सभी जैव-उर्वरक समूहों में स्टोवर उपज अधिक थी। 35:1, 30:1 और 25:1 के सी/एन अनुपात वाली वर्मीकम्पोस्ट में स्टोवर उपज क्रमशः 39.65, 42.2 और 40.3 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी और 35:1, 30:1 और 25:1 के सी/एन अनुपात में कम्पोस्ट समूहों की उपज क्रमशः 39.1, 41.3 और 40.1 थी। 30:1 सी/एन अनुपात वाली वर्मीकम्पोस्ट समूह में, अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में, उच्चतम स्टोवर उपज दर्ज की गई। समूह 1 और 4 में उपज में कोई खास भिन्नता नहीं थी। कुल मिलाकर, अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में स्टोवर की उपज कम पाई गई।

तालिका 5. मूंग की औसत स्टोवर उपज पर विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों का प्रभाव

सी/एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृषि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
औसत स्टोवर उपज (q ha^{-1})	24.56±1.23 ^{b}	27.32±1.03 ^{b}	40.1±2.6 ^{cd}	41.3±2.6 ^{d}	39.1±1.69 ^{c}	40.3±2.81^{cd}	42.2±1.67 ^{e}	39.65±1.38 ^{cd}

औसत बीज उपज पर जैव उर्वरकों का प्रभाव

यह पाया गया कि कंट्रोल और आरडीएफ समूहों को छोड़कर, सभी जैव-उर्वरकों समूहों में बीज की उपज अधिक थी। वर्मीकम्पोस्ट समूह 5 में बीज की उपज सबसे अधिक पाई गई, जहाँ उपज 11.88 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी, जिसका सी/एन अनुपात 30:1 था और इसके बाद सी/एन अनुपात 30:1 वाले कम्पोस्ट समूह में उपज 11.2 क्विं. प्रति हैक्टे. थी। तथापि, कम्पोस्ट समूह 1 (10.2 क्विं. प्रति हैक्टे.) और वर्मीकम्पोस्ट समूह 4 (10.6 क्विं. प्रति हैक्टे.) के बीच काफी अंतर देखा गया तथा 35:1 के सी/एन अनुपात के साथ कम्पोस्ट और वर्मीकम्पोस्ट समूहों के बीच उपज तुलनीय थी, जो क्रमशः 9.6 क्विं. प्रति हैक्टे. और 9.9 क्विं. प्रति हैक्टे. थी। कुल मिलाकर अन्य सभी जैव-उर्वरक समूहों की तुलना में, कंट्रोल और आरडीएफ समूहों में बीज उपज कम पाई गई।

सारणी 6. मूंग की औसत बीज उपज पर विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों का प्रभाव

सी/ एन अनुपात उपचार	नियंत्रण	आरडीएफ	खाद			कृषि खाद		
			25:1	30:1	35:1	25:1	30:1	35:1
			1	2	3	4	5	6
औसत बीज की उपज (q ha^{-1})	7.2±0.81 ^{a}	7.65±0.67 ^{ab}	10.2±0.92 ^{cd}	11.2±0.97 ^{d}	9.6±0.78 ^{c}	10.6±0.93^{cd}	11.88±0.68 ^{e}	9.9±0.71 ^{c}

मोरिंगा (सहजन) और अन्य आहार सामग्री के साथ कुक्कुट पालन - एक एकीकृत कृषि प्रणाली

मोरिंगा फार्म में एक आहार परीक्षण अर्थात फीडिंग ट्रायल किया गया। परीक्षण में एक कंट्रोल समूह के अलावा तीन उपचार समूह शामिल किए गए थे। प्रत्येक समूह में 20 कुक्कुट थे और प्रत्येक में दो प्रतिकृतियां (रेप्लीकेट) थीं। कंट्रोल समूह के कुक्कुटों को चारा हर समय उपलब्ध कराया गया और उपचार समूह (टी 1) को प्रति कुक्कुट 65 ग्राम चारा एवं 30 ग्राम टूटे चावल परोसा जाता था। उपचार समूह (टी 2) को 65 ग्राम दाना के साथ 7 ग्राम मोरिंगा सूखे पत्तों का पाउडर प्रति कुक्कुट दिया जाता था और अंतिम उपचार समूह (टी 3) में प्रति कुक्कुट 65 ग्राम चारा और 4 ग्राम केंचुआं परोसा जाता था। कुक्कुटों की आयु के भिन्न सप्ताहों पर उनके शरीर भार और अंडा उत्पादन से संबंधित प्राचल अथवा पैरामीटर दर्ज किए गए, जिन्हें तालिका 1 और 2 में दर्शाया गया है। कुक्कुटों से संग्रहित किए गए सीरम नमूनों में पी ए एच पी, हाई टाइटर और एस आर बी सी जैसे प्रतिरक्षा प्राचलों का भी विश्लेषण किया गया, जिसे तालिका 3 में दर्शाया गया है।

कुक्कुटों के शरीर भार को उनकी 16 सप्ताह की आयु से 74 सप्ताह तक रिकॉर्ड किया गया। यह पाया गया कि 16 सप्ताह से 18 सप्ताह की आयु पर, अन्य उपचार समूहों की तुलना में, कंट्रोल समूह में शरीर भार में काफी वृद्धि हुई थी। तथापि, उपचार समूहों के बीच कोई खास अंतर नहीं देखा गया। जब कुक्कुटों ने 20 सप्ताह की आयु प्राप्त कर ली थी, तब कंट्रोल और उपचार समूहों के बीच तथा उपचार समूहों के बीच उनके शरीर भार में काफी अंतर देखा गया। कंट्रोल समूह में सबसे अधिक शरीर भार 2149.83 कि. गा. था, इसके बाद उस समूह (टी 3) का 1787.26 कि. गा. था जहाँ कुक्कुटों को चारा और केंचुए खिलाए गए थे। यह अंतर अन्य समूहों के साथ प्रेक्षित किया गया क्योंकि कुक्कुटों के आहार में केंचुओं के उच्च प्रोटीन तत्व की मौजूदगी थी। कुक्कुटों की प्रोटीन आवश्यकता की पूर्ति आहार में दिए गए केंचुओं से हुई। 24 सप्ताह की आयु पर, कंट्रोल समूह का शरीर भार 2435.33 कि. गा. था जो अन्य तीनों उपचार समूहों से काफी अलग था। उपचार समूहों के बीच कोई खास अंतर नहीं पाया गया। कुक्कुटों के सभी आयु वर्गों में, कंट्रोल समूह के कुक्कुटों ने किसी भी अन्य उपचार समूहों की तुलना में, उच्च शरीर भार प्राप्त किया। 28 सप्ताह की आयु पर, शरीर भार 1818.90 और 1834.30 कि. गा. थे, जो उस उपचार समूह की तुलना में काफी अधिक थे जिन्हें सहजन की पत्तियों के पाउडर का चारा दिया गया था। जब कुक्कुटों की आयु 32 से 52 सप्ताह के बीच थी, तब उपचार समूहों के बीच कोई खास अंतर नहीं पाया गया, हालांकि, कंट्रोल समूह के कुक्कुटों ने उपचार समूहों की तुलना में काफी अधिक शरीर भार प्राप्त किया। 64 से 74 सप्ताह की आयु तक, टी 1 (2685.03 और 2725.36 कि. ग्रा.) और टी 3 (2584.20 और 2644.36 कि. ग्रा.) के कुक्कुटों में टी 2 (2489.10 और 2471.60 कि. ग्रा.) की तुलना में अधिक शरीर भार पाया गया।

तालिका 1: शरीर का वजन (किग्रा)

आयु	नियंत्रण	उपचार 1	उपचार 2	उपचार 3	एसईएम	पी मूल्य
सप्ताह 16	1515.10^{a}	1022.36^{b}	1041.73^{b}	1050.03^{b}	23.63	0.00
सप्ताह 18	1650.60^{a}	1028.73^{b}	1030.36^{b}	1070.80^{b}	28.13	0.00
सप्ताह 20	2149.83^{a}	1127.26^{d}	1350.93^{c}	1787.26^{b}	45.94	0.00
सप्ताह 24	2435.33^{a}	1756.43^{b}	1683.10^{b}	1684.60^{b}	37.26	0.00
सप्ताह 28	2164.96^{a}	1818.90^{b}	1673.60^{c}	1834.30^{b}	23.09	0.00
सप्ताह 32	1859.63^{a}	1835.56^{ab}	1736.13^{ab}	1715.60^{b}	19.43	0.01
सप्ताह 40	1936.66^{a}	1806.20^{b}	1827.56^{ab}	1717.80^{b}	16.88	0.00
सप्ताह 52	1986.80^{a}	1786.63^{b}	1719.90^{b}	1718.43^{b}	17.55	0.00
सप्ताह 64	2870.10^{a}	2685.03^{b}	2489.10^{c}	2584.20^{bc}	27.24	0.00
सप्ताह 74	2829.23^{a}	2725.36^{ab}	2471.60^{c}	2644.36^{b}	27.27	0.00

कुक्कुटों का अंडा उत्पादन 26-29 सप्ताह से 66-69 सप्ताह की आयु पर दर्ज किया गया। रिकॉर्डिंग रोजाना की जाती थी। 26-29 सप्ताह की आयु पर प्राप्त अंडों का अधिकतम प्रतिशत कंट्रोल समूह (71.60) में था और उसके बाद टी3 समूह (64.12) में था। किंतु, कंट्रोल और टी3 समूहों के बीच कोई खास अंतर नहीं था, लेकिन टी1 (54.79) और टी2 (43.99) में उत्पादन प्रतिशत कम पाया गया। अन्य सभी आयु समूहों में, टी1 में उत्पादन प्रतिशत कंट्रोल और अन्य उपचार समूहों की तुलना में अधिक पाया गया। उपचार समूह टी2, टी3 और कंट्रोल समूह में 30 सप्ताह से 49 सप्ताह के बीच की आयु पर अंडा उत्पादन तुलनीय पाया गया। 50 सप्ताह से 61 सप्ताह की आयु पर, टी3 में अंडा उत्पादन प्रतिशत कंट्रोल समूह (25.06, 32.69 और 34.86) की तुलना में अधिक (40.01, 33.37 और 39.54) था। 62-65 सप्ताह और 66-69 सप्ताह की आयु पर कंट्रोल, टी 2 और टी 3 समूहों के बीच कोई खास अंतर नहीं था।

तालिका 2: अंडा उत्पादन (%)

आयु	नियंत्रण	उपचार 1	उपचार 2	उपचार 3	एसईएम	पी मूल्य
सप्ताह 26-29	71.60^{a}	54.79^{b}	43.99^{c}	64.12^{a}	1.75	0.00
सप्ताह 30-33	50.44^{b}	62.60^{a}	46.65^{b}	47.01^{b}	1.17	0.00
सप्ताह 34-37	41.87^{b}	56.63^{a}	46.20^{b}	42.90^{b}	1.06	0.00
सप्ताह 38-41	50.61^{b}	61.93^{a}	55.94^{ab}	53.34^{b}	0.99	0.00
सप्ताह 42-45	42.37^{ab}	50.45^{a}	41.25^{b}	44.88^{ab}	1.23	0.36
सप्ताह 46-49	41.50^{b}	50.88^{a}	37.45^{b}	40.01^{b}	0.97	0.00
सप्ताह 50-53	25.06^{c}	45.05^{a}	33.92^{b}	33.37^{b}	1.24	0.00
सप्ताह 54-57	32.69^{c}	49.55^{a}	34.91^{c}	39.54^{b}	0.99	0.00
सप्ताह 58-61	34.86^{c}	49.49^{a}	35.70^{c}	39.22^{b}	0.90	0.00
सप्ताह 62-65	38.15^{b}	48.43^{a}	38.18^{b}	40.86^{b}	0.69	0.00
सप्ताह 66-69	38.84	43.17	44.54	40.95	0.80	0.60

न्यूकैसल रोग विषाणु (एनडीवी) एंटीजन और एस आर बी एस एचए टाइटर के विरूद्ध कुक्कुटों का मूल्यांकन फाइटोहेमाग्लुटिनिन-पी (पीएचए-पी), हेमाग्लुटिनेशन निरोध (एचआई) ऐस्से के द्वारा सेल-मिडिएटेड इम्यून अनुक्रिया (सी एम आई) के लिए किया गया। वाटल मोटाई (मि. मी.) में त्वचीय बेसोफिल अतिसंवेदनशीलता अनुक्रिया PHA-P% वृद्धि, कंट्रोल और टी3 समूहों में सबसे अधिक थी अर्थात क्रमश: 299.90 ± 12.50 और 279.95 ± 12.50, जो टी1 (184.17 ± 12.50) की तुलना में काफी भिन्न थी। न्यूकैसल रोग (एन डी) विषाणु के विरूद्ध सीरम एंटीबॉडी का निर्धारण करने के लिए हेमाग्लुटिनेशन निरोध परीक्षण किया गया। पुन:, कंट्रोल (9.70 ± 0.10) तथा टी 3 (9.30 ± 0.10) समूहों ने टी 1 और टी 2 की तुलना में उच्चतम HI एंटीबॉडी टाइटर प्रदर्शित किया जहाँ उसका स्तर 8.70 ± 0.10 था। एस आर बी सी एंटीजन के साथ इंजेक्शन लगाने के 21 दिन बाद एंटीबॉडी टाइटर कंट्रोल और दो उपचार समूहों यानी टी1 और टी2 के बीच काफी भिन्न थे। एच ए टाइटर कंट्रोल में उच्चतम (5.30 ± 0.15) था और टी3 में उसका समान स्तर (4.40 ± 0.15) था।

तालिका 3: इम्यून पैरामीटर्स

इम्यून पैरामीटर्स	नियंत्रण	टी 1	टी 2	टी 3	एसईएम	पी मूल्य
पीएचए-पी टट्टर की मोटाई	299.90^{a}	184.17^{b}	236.41^{ab}	279.95^{a}	12.50	0.00
एनडी Hi लक्षण	9.70^{a}	8.70^{b}	8.70^{b}	9.30^{ab}	0.10	0.00
एसआरबीसी HA लक्षण	5.30^{a}	3.40^{c}	4.20^{bc}	4.40^{ab}	0.15	0.00

स्वास्थ्य

डीपीआर की कुक्कुट समष्टियों में रोग की मानिटरिंग, निगरानी और नियंत्रण

कुक्कुटों के मृत्युदर पैटर्न और मृत्युदर कारणों का पता लगाया गया। प्रतिवेदित अवधि अथवा रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान दर्ज किए गए प्रमुख रोग थे - आरडी, नेक्रोटिक एंटरटाइटिस अथवा ऊतकक्षय आंत्रशोथ, कोसिडियोसिस, सेप्टीसीमिया, एग-पेरिटोनिटिस आदि। चार शुद्ध वंशक्रम समष्टियों (पीडी3, जीएमएल, पीबी1 और सीबी) से एकत्र किए गए कुल 1932 क्लोकल स्वैब की जांच एएलवी के लिए Ag ELISA के द्वारा की गई। समग्र रूप से एएलवी पॉजिटिव प्रतिशत 5.39% था।

देशी कुक्कुटों में एएलवी संक्रमण की स्थिति

कड़कनाथ, असील के कुक्कुटों, जिनमें इलिसा (अर्थात ELISA) में उच्च एसपीआर मान था, से कुल 81 रक्त नमूने (कड़कनाथ नस्ल से 30, घागस नस्ल से 19, असील नस्ल से 7 और सफेद लेगहार्न नस्ल से 25) और 56 अंडा नमूने (कड़कनाथ से 30, घागस से 19 और असील से 7) एकत्र किए गए ताकि उनमें एएलवी की संक्रमण स्थिति का पता लगाया जा सके। बफी कोट की आणविक जांच और रक्त एवं अंडे के नमूनों से वियोजित किए गए अल्बुमेन ने बफी कोट से कड़कनाथ में 73.5% (22/30), घागस में 78.9% (15/19) और असील में 85.7% (6/7) की पॉजिटिविटी दर इंगित की; जबकि अल्बुमेन से कड़कनाथ में 60% (18/30), घागस में 78.9% (15/19) और असील में 100% (7/7) की पॉजिटिविटी दर इंगित की। एएलवी (0/25) के लिए व्हाइट लेगहार्न से कोई भी नमूना पॉजिटिव नहीं था, इसलिए उसे कंट्रोल के रूप में प्रयोग किया गया। बफी कोट नमूनों में एएलवी के लिए जो कुक्कुट पॉजिटिव पाए गए थे, उन्हें विरेमिक (V+) माना गया और जो कुक्कुट अल्बुमेन के नमूनों में एएलवी के लिए पॉजिटिव पाए गए, उन्हें शेडर (S+) माना गया। कुक्कुटों की वाहक (कैरियर) स्थिति से पता चला कि कड़कनाथ नस्ल में 40%, घागस नस्ल में 68.4% और असील नस्ल में 85.7% कुक्कुट विरेमिक शेडर (V+S+) थे; कड़कनाथ में 33.3%, घागस में 10.5% और असील में 0% कुक्कुट विरेमिक नॉन शेडर्स (V+S-) थे; कड़कनाथ में 16.6%, घागस में 10.5% और असील में 14.2% नॉन वाइरेमिक शेडर (V-S+) थे।

देशी कुक्कुटों में ev loci की स्थिति

लोकस विशिष्ट पीसीआर निर्मित किया गया ताकि कुक्कुट ल्यूकोसिस उप-समूह ई लॉसी, जैसे कि ev3, ev6, ev9 और ev21 लॉसी की स्थिति का निर्धारण किया जा सके। 81 बफी कोट नमूनों की पीसीआर जांच से पता चला कि कड़कनाथ (30/30), घागस (19/19) और असील (7/7) में 100% कुक्कुट समयुग्मज रूप से नेगेटिव (-/-) थे, जबकि 12% (3/25) कुक्कुट समयुग्मज रूप से पॉजिटिव (+/+) थे और 20% (5/25) कुक्कुट सफेद लेगहार्न forev3 लोकस में विषमयुग्मज रूप से पॉजिटिव (+/-) थे; कड़कनाथ नस्ल में 10% (3/30) कुक्कुट और घागस में 15.7% (3/19) कुक्कुट समयुग्मज रूप से पॉजिटिव (+/+) थे तथा असील (7/7) और सफेद लेगहार्न (25/25) में 100% कुक्कुट ev6 लोकस के लिए समयुग्मज रूप से नेगेटिव (-/-) थे; और कड़कनाथ, घागस, असील एवं व्हाइट लेगहार्न के 100% कुक्कुट ev9 और ev21 लॉसी दोनों के लिए समयुग्मज रूप से नेगेटिव (-/-) थे।

कुक्कुट ल्यूकोसिस विषाणु की आणविक विशेषताएं

कुक्कुट ल्यूकोसिस विषाणु उप-समूह J की आणविक विशेषताओं का अध्ययन ट्यूमर नमूने से निष्कर्षित प्रोवायरल डीएनए के पूर्ण जीनोम अनुक्रमण के द्वारा किया गया। एएलवी J अनुक्रमित पूर्ण जीनोम संरचना की लंबाई 7614 न्यूक्लियोटाइड की थी और उसे जीनबैंक में वंशावली (अर्थात एक्सेशन) संख्या OK507207 के तहत जमा किया गया। पिछले एएलवी J वियुक्तों अर्थात आइसोलेट्स के साथ प्रमुख जीनों के न्यूक्लियोटाइड अनुक्रमों की तुलना से यह पाया गया कि env जीन गैग (gag) और पोल (pol) जीन (जिसमें लगभग 97% से 99.4% की सजातीयता है) की तुलना में लगभग 91% से 96% तक कम सजातीयता प्रदर्शित कर रहा था। अन्य एएलवी उप-समूहों के प्रोटोटाइप उपभेदों व स्ट्रेन्स के साथ डीपीआरजे 21 की इसी तरह की तुलना से पता चला कि लगभग 71% से 72% की बहुत कम सजातीयता वाले env जीन ने यह पुष्टि की कि env जीन में परिवर्तन उप-समूह को अवधारित करते हैं, और सभी एएलवी में (इसके उप-समूह के बावजूद) पोल, गैग क्षेत्र अच्छी तरह से संरक्षित थे। डीपीआरजे 21 के gp85 एवं gp37 न्यूक्लियोटाइड की प्रतिशत पहचान क्रमशः PK19FA01 (97.8%) और HPRS-103 (96.3%) के साथ उच्चतम थी। Gp85 और gp37 के न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम में सिनॉनीमस (S) और नॉन-सिनॉनीमस (N S) प्रतिस्थापनों ने यह इंगित किया कि gp85 और gp37 क्षेत्रों में डीपीआरजे 21 का NS/S अनुपात क्रमशः 1.25 (15/12) और 0.5 (7/14) था। यद्यपि जीपी85 में म्यूटेशन व उत्परिवर्तन पूरे क्षेत्र में मौजूद था, परंतु उत्परिवर्तन का क्लस्टर hr1, hr2 और vr3 में देखा गया। संदर्भ उपभेदों के साथ gp85 क्षेत्र के जातीवृत्तीय विश्लेषण से पता चला कि डीपीआरजे 21 वियुक्तों (आइसोलेट्स)

HPRS-103, PK19FA01 और JS14NT01 से समूहीकृत था। पिछले वियुक्तों के साथ 3' UTR क्षेत्र की तुलना में यह पाया गया कि rTM से 109 bp विलोपन अर्थात डिलीशन, DR1 से 15 bp विलोपन थे और E एलिमेंट क्षेत्र में केवल 31 बीपी कायम थे। इसी प्रकार का विलोपन पैटर्न एएलवी जे ब्रायलर वियुक्तों में भी देखा गया। अन्य एएलवी J वियुक्तों के साथ डीपीआरजे 21 के U3 क्षेत्र की तुलना से इस क्षेत्र से 48 न्यूक्लियोटाइडों के विलोपन का पता चला, जिसमें 37 न्यूक्लियोटाइडों को इस क्षेत्र के 5' एंड से हटा दिया गया था और 11 न्यूक्लियोटाइडों का विलोपन मध्य क्षेत्र (101 से 111 बेसिस) में पाया गया।



चित्र 1: डीपीआरजे 21 और अन्य एएलवी उप-समूह संदर्भ उपभेद के पूर्ण जीनोम अनुक्रमों का जातीवृत्तीय विश्लेषण

चित्र 2: डीपीआरजे 21 के gp85 के अमिनो अम्ल अनुक्रमों का संदर्भ उपभेदों के साथ संरेखण। HPRS-103 के अमिनो अम्ल अनुक्रम को शीर्ष यानी टॉप में दिया गया है। सदृश अमिनो अम्ल अनुक्रमों को डॉट (.) से दर्शाया गया है, गैर-सदृश अमिनो अम्लों को अक्षरों से दर्शाया गया है तथा विलोपन यानी डिलिशन को - (डैश) से दर्शाया गया है।



चित्र 3: भिन्न एएलवी जे संदर्भ उपभेदों के gp85 न्यूक्लियोटाइड अनुक्रमों का जातीवृत्तीय विश्लेषण

भारतीय मात्स्यिकी एवं पशु सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोध नेटवर्क

कुक्कुटों में एस्चेरिचिया कॉली वियुक्तों का ए एस टी पैटर्न

कुल 86 कुक्कुट एस्चेरिचिया कॉली को 90 नमूनों से वियोजित व अलग किया गया तथा विभिन्न एंटीबायोटिकों, यथा एमिकासिन (ए के), एमोक्सिक्लेव (ए एम सी), एम्पीसिलीन (ए एम पी), क्लोरैम्फेनिकॉल (सी), एनरोफ्लॉक्सासिन (ई एक्स), नेलिडिक्सिक अम्ल (एन ए एल), टेट्रासाइक्लिन (टी ई), कोट्रिमोक्साजोल (सी ओ टी), सेफॉक्सिटिन (सी एक्स), सेफपोडॉक्सिम (सी पी डी), सेफ्टाजिडाइम (सी ए जेड), एजट्रोनम (ए टी), सेफोटैक्सिम (सी टी एक्स) और सेफ्ट्रिएक्सोन (सी टी आर) के लक्षणप्ररूपी सूक्ष्मजीवीरोधी संवेदनशीलता पैटर्न का आकलन डिस्क डिफ्यूशन टेस्ट का प्रयोग करके किया गया। विभिन्न एंटीबायोटिकों की संवेदनशीलता प्रतिशत को चित्र 1 और 2 में दर्शाया गया है। एम्पिसिलिन के लिए तथा उसके बाद सेफपोडॉक्सिम के लिए उच्चतम प्रतिरोध देखा गया। एमोक्सिक्लेव, सेफ़ॉक्सिटिन, सेफ़्टाज़िडाइम एवं एमिकासिन कुछ ऐसे एंटीबायोटिक थे जिनमें एस्चेरिचिया कॉली वियुक्तों के लिए संवेदनशीलता थी। कुक्कुट ई. कॉली में एनरोफ्लोक्सासिन के लिए मध्यवर्ती संवेदनशीलता पैटर्न उच्चतर था।



कुक्कुटों में स्टैफिलोकोकस ऑरियस वियुक्तों का ए एस टी पैटर्न

90 नमूनों से कुल 88 कुक्कुट स्टैफिलोकोकस ऑरियस को वियोजित किया गया और विभिन्न एंटीबायोटिकों, यानी जेंटामाइसिन (जी ई एन), क्लोरैम्फेनिकोल (सी), एरिथ्रोमाइसिन (ई), पेनिसिलिन (पी), एनरोफ्लोक्सासिन (ई एक्स), टेट्रासाइक्लिन (टी ई), कोट्रिमोक्साज़ोल (सी ओ टी), लाइनज़ोलिड (एल जेड),

सेफॉक्सिटिन (सी एक्स) के लक्षणप्ररूपी सूक्ष्मजीवीरोधी संवेदनशीलता पैटर्न का आकलन डिस्क डिफ्यूशन टेस्ट का प्रयोग करके किया गया। विभिन्न एंटीबायोटिकों के लिए प्रतिशत संवेदनशीलता को चित्र 3 में दर्शाया गया है। पेनिसिलिन, एरिथ्रोमाइसिन, लाइनज़ोलिड, टेट्रासाइक्लिन, कोट्रिमोक्साज़ोल, एनरोफ़्लॉक्सासिन के लिए उच्चतम प्रतिरोध देखा गया। सेफोक्सिटिन, जेंटामाइसिन एवं क्लोरैम्फेनिकोल में कुक्कुटों के एस. ऑरियस वियुक्तों के लिए संवेदनशीलता है।



न्यूकैसल रोग से भारतीय देशी कुक्कुट नस्लों में रोग सहिष्णुता / प्रतिरोध को समझना एवं नवीनतम नियंत्रण रणनीतियां

मेसोजेनिक न्यूकैसल रोग विषाणु (एन डी वी) से संक्रमित कुक्कुट भ्रूणों में भिन्नात्मक विषाणु भार और प्रतिरक्षा जीन अभिव्यंजकता (एक्सप्रैशन)

देशी कुक्कुट नस्लों, यानी असील और कड़कनाथ के भ्रूणों को सफेद लेगहार्न भ्रणों के साथ अंडा सेनन के 18 वें दिन पर मेसोजेनिक आर2बी प्रजाति के साथ टीकाकृत किया गया। अंडा सेनन अथवा अंडजोत्पत्ति से पहले 21वें दिन, चूजों का वध कर दिया गया, उनके ऊतक निकाले गए तथा उनमें विषाणु भार का मात्रीकीकरण रीयल टाइम पीसीआर द्वारा किया गया। व्हाइट लेगहार्न की तुलना में, असील और कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुटों के फेफड़े के ऊतक में विषाणु भार अधिक था; जबकि असील और कड़कनाथ की तुलना में WL की तिल्ली व प्लीहा में विषाणु भार अधिक था। TLR3, TLR7, LITAF, IFN-α, IFN-γ, MHC-I, MHC-II, iNOS, IL-10, IL-12, IL-1β एवं CCL5 जैसे इम्यून जीनों का मात्रीकीकरण रीयल टाइम पीसीआर द्वारा किया गया। इन जीनों के ट्रांसक्रिप्ट्स की अभिव्यंजकता (एक्सप्रैशन) ने, संबंधित नस्लों के असंक्रमित कंट्रोल भ्रूणों की तुलना में, भिन्नात्मक अभिव्यंजक पैटर्न भी प्रदर्शित किया।

रंगीन ब्रायलर और वनराजा कुक्कुटों में परीक्षण के तौर पर प्रेरित किए गए न्यूकैसल विषाणु संक्रमण से भिन्नात्मक अनुक्रिया, रुग्णता, मृत्युदर एवं प्रतिरक्षा अनुक्रिया

10 सप्ताह आयु की रंगीन ब्रायलर कुक्कुट (पीबी1) और वनराजा कुक्कुट को परीक्षण के तौर पर उनके अंतरापेशीय एवं मुखाग्र मार्ग द्वारा फील्ड न्यूकैसल रोग विषाणु से संक्रमित किया गया। कुक्कुटों को संक्रमित करने के उपरांत 10 दिनों तक एक आइसोलेटर अर्थात अलग स्थान पर रखा गया तथा उनकी रुग्णता, मृत्युदर प्रतिशत, औसत मृत्यु काल, मृत कुक्कुटों में घाव की गंभीरता आदि का प्रेक्षण किया गया। दोनों नस्लों के संक्रमित समूह के कुक्कुटों और कंट्रोल समूह के कुक्कुटों में संक्रमण प्रेरित करने के बाद 2, 5 और 10वें दिन ओरल और क्लोकल स्वैब एकत्र किए गए। पीबी1 में, वनराजा कुक्कुटों के बजाय, रुग्णता और मृत्युदर तुलनात्मक रूप से अधिक थी। पीबी1 कुक्कुटों में औसत मृत्यु काल कम था। जीवित पीबी1 कुक्कुटों में संक्रमण प्रेरित करने के 10वें दिन तक विषाणु भार शून्य व नगण्य था, हालांकि संक्रमण प्रेरित करने के 10 दिन तक वनराजा कुक्कुटों द्वारा विषाणु उत्सर्जित किया गया, यानी उनमें विषाणु मौजूद था। दोनों नस्लों के जीवित कुक्कुटों ने HI और iELISA द्वारा मापे गए ND टाइटर के लिए उच्च सेरो परिवर्तन दिखाया, जो प्रतिरक्षा अनुक्रिया अथवा इम्यून रिस्पॉस प्रेरण का सूचक है।

चित्र 1: सीकल टॉन्सिल पीबी 1 कुक्कुटों (ऊपर में) में पेटेचियन रक्तस्राव को दर्शाते हैं और वनराजा कुक्कुटों (नीचे) मे कोई घाव व निशान नहीं हैं

चित्र 2: परीक्षण के तौर पर संक्रमित किए गए कुक्कुटों के ऊतकों में टीकाकरण के बाद सिर एवं शरीर पर कुक्कुट के भ्रूणों द्वारा प्रदर्शित रक्तस्राव (बाईं ओर: कंट्रोल भ्रूण; दाईं ओर: टीकाकृत भ्रूण)

विस्तार

भाकृअनुप-डीपीआर के जननद्रव्यों की फील्ड स्थिति में मूल्यांकन और खाद्य सुरक्षा एवं आजीविका पर उनका प्रभाव

कुक्कुट उत्पादन और खाद्य सुरक्षा की स्थिति का अध्ययन करने के लिए अनुसूचित जाति (अ.जा.) के परिवारों के बीच तेलंगाना (टीएस) के मंचेरल जिला और आंध्र प्रदेश (एपी) के गुंटूर जिले में एक कार्योत्तर (एक्स-पोस्ट फैक्टो) अध्ययन किया गया। अध्ययन के लिए कुल 140 परिवारों व घरों (टीएस से 73 और एपी से 67) का चयन किया गया। उत्तरदाताओं में से अधिकांश मध्यम आयु वर्ग के थे एवं साक्षर नहीं थे और वे श्रमिक का कार्य करते थे तथा उन्हें कुक्कुट पालन का पहले से कोई अनुभव नहीं था। दोनों राज्यों में 75% से अधिक परिवारों का कुक्कुट पालन निर्भरता अनुपात 1 से अधिक है। आंध्र प्रदेश में अधिकांश अनुसूचित जाति के परिवार (74.6%) भूमिहीन श्रेणी के हैं, जबकि टीएस के 78% अनुसूचित जाति के परिवार सीमांत भूजोत वर्ग के हैं। इसी तरह से, एपी के 56.7% उत्तरदाता कुक्कुट पालन कर रहे थे, जबकि टीएस में यह आंकड़ा केवल 17.8% पाया गया। टीएस और एपी में औसत झुंड आकार क्रमशः 6.7 और 7.6 था। औसत घरेलू मासिक आय क्रमशः 6730 और 7100 रुपये थी और कुक्कुट पालन से मासिक आय टीएस और एपी में क्रमशः 1430 और 1040 रुपये थी। परिवार में कुक्कुट पालन का पिछला अनुभव, परिवार का आकार और परिवार की आय ऐसे कारक थे जिनका कुक्कुट पालन अपनाने में सकारात्मक योगदान था, जबकि भूजोत का योगदान नकारात्मक था।

अध्ययन क्षेत्र में 36.4% उत्तरदाता कुक्कुट पालन कर रहे थे और उनके झुंड में 35.2%, 24.1% और 40.7 कुक्कुट क्रमशः मुर्गी, मुर्गा और चूजे थे। लगभग 95% उत्तरदाता रात में पक्षियों की सुरक्षा के लिए रैन बसेरों का उपयोग करते हैं और सभी उत्तरदाता नियमित रूप से आश्रयालय की सफाई करते हैं। लगभग 17% उत्तरदाताओं ने अपने पक्षियों को स्कैवेंजिंग पर रखा, 41.4% ने कुक्कुटों को स्कैवेंजिंग के साथ-साथ कभी-कभार आहार अनुपूरण दिया और इतने ही प्रतिशत के उत्तरदाताओं ने स्कैवेंजिंग के साथ नियमित आहार अनुपूरण परोसा। आहार अनुपूरण की मात्रा प्रति कुक्कुट 10-50 ग्राम के बीच थी। लगभग 23.5% उत्तरदाता कुक्कुटों को केवल रसोई के कचरा परोसते थे, जबकि 76.5% उत्तरदाता आहार अनुपूरण के रूप में रसोई के कचरे के साथ अनाज परोसते थे। वर्तमान अध्ययन में, 47.9% उत्तरदाता कुक्कुटों को सुबह के समय आहार देते थे, जबकि 8.7% उत्तरदाता दोपहर में, 21.7% उत्तरदाता शाम को और 21.7% उत्तरदाता हर समय आहार देते थे। अधिकांश उत्तरदाता (80%) कुक्कुटों को वही पेय जल देते थे जिसका उपयोग वे अपने घर पर करते थे, जबकि 20% उत्तरदाता पक्षियों को पानी नहीं देते थे, इसलिए कुक्कुट नालियों का पानी पीते थे। अध्ययन क्षेत्र में 21.1% उत्तरदाता एक या उससे अधिक रोगों के लिए कुक्कुटों का टीकाकरण करवाते थे और 47.4% उत्तरदाता पशु चिकित्सा सहायता के लिए सरकारी औषधालय जाते थे। अधिकांश कुक्कुट गर्मी और बरसात के मौसम (प्रत्येक मौसम में 45%) में रोगग्रस्त पाए गए। अध्ययन क्षेत्र में मुर्गियों में मृत्यु दर 18.1% पाई गई, जिसमें 7.2% मृत्युदर परभक्षियों के हमले के कारण (कुल मृत्यु दर का 40%) और 10.8% मृत्युदर रोगों एवं अन्य कारणों से (कुल मृत्यु दर का 60%) हुई।

कुक्कुट 20-32 सप्ताह (औसत 24.4%) में अंडे देना शुरु करते हैं। वार्षिक अंडा उत्पादन 35-100 (औसत 65.4%) की सीमा में था, जबकि अंडों की सेनन क्षमता 60-100% (औसत 83.6%) के बीच थी। टीएस और एपी में अंडे का सेवन अर्थात् अंर्तग्रहण क्रमशः 0.31 और 0.32 / व्यक्ति / दिन पाया गया और 82.2% और 64.2% परिवार क्रमशः टीएस और एपी में 0.5 अंडे / दिन / व्यक्ति के आवश्यक अंडा सेवन की पूर्ति नहीं कर पाए। दोनों राज्यों के अनुसूचित जाति समुदाय में अंडे के सेवन में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया। टीएस और एपी में मुर्गी मांस का सेवन क्रमशः 9.16 और 8.03 कि. ग्रा. / व्यक्ति / वर्ष पाया गया और 47.9% और 26.9% परिवार क्रमशः टीएस और एपी में 10.5 कि. ग्रा. / वर्ष / व्यक्ति के आवश्यक अंडे के सेवन की पूर्ति नहीं कर पाए। टीएस की तुलना में, एपी के अ. जा. समुदाय में मुर्गी मांस की खपत काफी अधिक थी। एपी के अ. जा. समुदाय का खाद्य सुरक्षा स्कोर टीएस में उनके समकक्ष की तुलना में काफी अधिक पाया गया।

तालिका 14. NaPi-IIb, PiT-1 और PiT-2 की डुओडेनम में अभिव्यक्ति प्रोफ़ाइल, ग्रामपिया में जेजुनम एइलियम कुक्कुटों को सामान्य मकई और कम फाइटेट मकई खिलाया गया

सामान	प्रायोगिक समूह						प्रभाव का महत्व (पी)				विरोधाभास (पी)	
	सामान्य मकई			कम फाइटेट मकई			मुख्य प्रभाव			अन्यो-न्यक्रिया	एल	क्यू
एनपीपी, %	0.25	0.33	0.40	0.25	0.33	0.40	एसईएम	मकई	एनपीपी	मकई × एनपीपी		
ग्रहणी												
पिट-1	1.53	1.64	92.4	0.74	1.87	10.5	15.18	0.38	0.33	0.47	0.20	0.46
पीआईटी-2	10.2	29.9	11.7	188.0	3.08	49.4	16.4	0.24	0.39	0.28	0.29	0.38
NaPi-IIb	38.2	1.31	0.41	0.37	0.02	1.05	4.95	0.05	0.01	0.01	0.01	0.05
सूखेपन												
पिट-1	1.30	8.56	2.43	6.51	3.39	19.5	1.68	0.07	0.16	0.02	0.06	0.65
पीआईटी-2	0.52	0.88	1.11	0.42	0.26	1.90	0.25	0.96	0.19	0.51	0.10	0.73
NaPi-IIb	3.71	4.95	0.93	1.27	1.26	1.40	0.62	0.13	0.42	0.37	0.38	0.33
लघ्वान्त्र												
पिट-1	580	43.88	3.63	390	94.4	279	69.3	0.70	0.02	0.29	0.03	0.06
पीआईटी-2	1.41	18.4	27.6	15.5	0.48	4.36	5.44	0.45	0.85	0.39	0.60	0.82
NaPi-IIb	1.05	4.95	7.76	2.70	0.06	0.11	0.49	0.16	0.77	0.31	0.49	0.87

पीआईटी1 और 2; अकार्बनिक फॉस्फेट ट्रांसपोर्टर, NaPi-IIb; ना-निर्भर फॉस्फेट सह-ट्रांसपोर्टर

क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर

कार्यकारी सारांश

आनुवंशिक एवं प्रजनन

- क्षेत्रीय केंद्र में कुजी X खाकी कैम्पबेल से पहली बार 300 से अधिक अंडे दर्ज किए गए। इससे पहले किसी भी रिपोर्ट में किसी भी नस्ल या संकर से 72 सप्ताह की आयु तक 300 अंडे दर्ज नहीं किए गए थे। इस संबंध में कुक्कुटों की बड़ी समष्टि में और आगे अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है ताकि एग टाइप के लिए एक क्रास/संकर का विकास किया जा सके।
- जनन क्षमता % खाकी एवं कुजी X खाकी कैम्पबेल में बेहतर था। उर्वर अंडा सेट आधार पर भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंडा सेनन क्षमता % 73.65 से 94.72% के बीच था।
- कुट्टनाड-चेमबली बत्तखों के उर्वर अंडे (100 सं.) सरकारी बत्तख फार्म, निरमन, केरल से खरीदे गए और अंडा सेनन के लिए रखे गए।
- एक दिन की आयु की डकलिंग का औसत शरीर भार 37.97 ± 0.13 ग्रा. था।
- नर एवं मादा डकलिंग का 8 सप्ताह पर औसत शरीर भार क्रमश: 1281.34 ± 6.20 ग्रा. और 1193.06 ± 5.28 ग्रा. था।
- नर कुक्कुटों के संबंध में औसत दैनिक वजन लाभ (ए डी जी) 5 सप्ताह के दौरान सर्वाधिक यानी 37.24 ग्रा. था, जो 12 सप्ताह की आयु के बाद कम होना शुरु हो गया।
- कुक्कुट की पहली बार अंडा देने के समय पर आयु 121 दिन थी।
- कड़कनाथ (के एन) कुक्कुटों के जननग्रंथि ऊतकों को, सरोगेट के रूप में, सफेद लेगहॉर्न कुक्कुटों और खाकी कैमपबेल बत्तखों में प्रत्यारोपित करने में यह पाया गया कि कड़कनाथ नर की जंननग्रंथियां एक दिवसीय कुक्कुट में प्रत्यारोपित करने के लिए सहज थीं। परिणामों में यह पाया गया कि प्रत्यारोपित नर जननग्रंथियां अंतरा- एवं अंतरप्रजाति सरोगेट परपोषियों (डब्ल्यूएल मुर्गी

एवं KC बत्तख) दोनों के भीतर समान दक्षता के साथ निरंतर विकसित हुए, जो दो उपयुक्त अंतरा- और अंतर-प्रजाति दाता-परपोषी तंत्र के उद्भव को दर्शाता है, जहाँ शल्य चिकित्सा से उबरने के उपरांत प्रत्यारोपित जनन ग्रंथियों में KN मादा के अंडों को उर्वर बनाने तथा विशुद्ध-वंशक्रम केएन चूजों का जनन करने की क्षमता पाई गई।

- बत्तखों को दो प्रमुख खाद्य मूल के माइकोटॉक्सिन, अफ्लाटॉक्सिन (एएफबी1) एवं ऑक्राटॉक्सिन (ओटीए) का अंडा उत्पादन दक्षता पर प्रभाव का विश्लेषण किया गया जिसमें यह पाया गया कि अंडा उत्पादन पर प्रभाव की दृष्टि से एफबी1-स्तर महत्वपूर्ण एवं अति प्रभावकारी कारक ($P<0.05$) के रूप में उभरकर आए और अन्य कारक अमहत्वपूर्ण या अनुषंगी के रूप में थे, जबकि दोनों माइकोटॉक्सिनों का अन्य अजैविक कारकों के साथ अंडे के आकार पर सीमित या अमहत्वपूर्ण प्रभाव था।

पोषण

- 2600 k cal ME/ कि. ग्रा. और 16% CP वाला प्रवर्तक आहार (स्टार्टर) चरण के दौरान सफेद पेकिन बत्तखों के लिए उपयुक्त था।
- इसी प्रकार से लेयर बत्तखों के लिए, 2700 k cal ME / कि. ग्रा. एवं 18 % CP वाले आहार लेयर चरणों के दौरान सफेद पेक्टिन बत्तखों के शारीरिक विकास एवं उत्पादन के लिए उपयुक्त पाए गए।
- सफेद पेक्टिन बत्तखों को सघन कुक्कुट पालन प्रणाली के तहत अंडे सेनन के दूसरे वर्ष के दौरान पूर्ण रूप से गेहूं या टूटे चावल आधारित आहारों पर पाला जा सकता है; तथापि गेहूं और टूटे हुए चावल के बराबर अनुपात के मिश्रण ने आहार के पोषक तत्वों के उपापचय को बढ़ा दिया।
- अमिनो अम्लों, यानी लाइसीन एवं मिथियोनाइन के मिश्रण के साथ सोयाबीन आहार के बदले मछली आहार दिए जाने से अंडा गुणवत्ता, अर्थात आकार सूचकांक, अल्बुमेन एवं अंडपीतक सूचकांक एवं हॉग यूनिट में सुधार आया।
- सीमेंट कंक्रीट बाड़े में केंचुए के उत्पादन का मानकीकरण किया गया। केंचुआ आहार के सन्निकट संघटन ने यह इंगित किया कि उसमें उच्च मात्रा में नमी एवं कच्चा प्रोटीन है।

शरीरक्रिया एवं प्रजनन

- 3 अपशिष्ट सामग्रियों में से, शुष्क रेत को प्रदर्शन एवं शरीरक्रिया प्राचलों के आधार पर बेहतर पाया गया।

उत्पाद विकास

- "बत्तख मांस टिक्का" को बेहतर ऑर्गेनोलेप्टिक स्वीकार्यता के साथ प्रयोगशाला में विकसित किया गया।

अनुसंधान उपलब्धियां

आनुवंशिक एवं प्रजनन

परियोजना : कुजी बत्तख का अनुरक्षण एवं इसकी संकर नस्लों का मूल्यांकन

उपलब्धियां:

S2 पीढ़ी के कुजी बत्तखों को 72 सप्ताह की आयु तक रिकॉर्ड अंडा उत्पादन प्राप्त करने के लिए पाला गया और 72 सप्ताह की आयु तक एक दिवसीय अंडा उत्पादन प्रति बत्तख 251.28 ± 7.84 अंडा था। यह S2 पीढ़ी की तुलना में 33 अंडा अधिक था। 72 सप्ताह की आयु तक अंडे का वजन 73.24 ± 0.24 ग्रा. था। खाकी कैम्पबेल के साथ कुजी के दो संकरों को 72 सप्ताह की आयु तक पाला गया ताकि उससे संभावित उत्पादन तथा 72 सप्ताह की आयु तक अंडा उत्पादन का अध्ययन किया जा सके। कुजी X खाकी कैम्पबेल (D X K) और खाकी कैम्पबेल X कुजी (K X D) के संदर्भ में अंडा उत्पादन क्रमश: 305.39 ± 9.70 और 279.94 ± 0.45 अंडा था। क्षेत्रीय केंद्र में कुजी X खाकी कैम्पबेल में पहली बार 300 से अधिक अंडा उत्पादन दर्ज किया गया और पूर्व में कोई भी ऐसी रिपोर्ट नहीं थी कि किसी नस्ल में 72 सप्ताह की आयु तक 300 अंडा उत्पादन दर्ज किया गया हो। इस पर कुक्कुट की बड़ी समष्टि में आगे और अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है ताकि एग टाइप के लिए एक संकर व क्रास विकसित किया जा सके।

वर्ष के दौरान कुजी की S3 पीढ़ी की हैचिंग की गई और अंडजनन के प्रारंभिक चरण तक डेटा संग्रहित किया गया। इसके अलावा, कुजी के भिन्न संकरों के साथ विशुद्ध नस्लों के तुलनात्मक अध्ययन के लिए, तीन विशुद्ध नस्लें; यानी खाकी कैम्पबेल (केसी), सफेद पेक्टिन (डब्ल्यूपी) एवं कुजी (केयू) को कुजी के भिन्न संकरों, अर्थात: KU X KC, KC x KU, KU X WP एवं WP X KU के साथ हैच किया गया। S3 पीढ़ी में, फार्म में रखी गई कुल डकलिंग 1200 थीं और उनका जनन क्षमता % 71.70 था तथा कुल अंडा सेट और उर्वर अंडा सेट आधार पर अंडे सेनन क्षमता % क्रमश: 79.37 और 82.80 % था। उर्वरता और अंडे सेनन क्षमता में पिछली पीढ़ी की तुलना में सुधार पाया गया, इसलिए केवल दो हैच लिए गए। यहां यह उल्लेख किया जाता है कि S2 पीढ़ी तक पेडिग्री हैचिंग का अनुसरण किया गया, किंतु ब्रीडिंग पेन के अभाव

के कारण, स्टॉक/समूह को प्रत्येक पीढ़ी में 250 मादा और 50 नर कुक्कुटों का उपयोग करके गैर-पेडिग्री चयनित वंशक्रम के रूप में अनुरक्षित किया जा रहा है। दोनों हैचों में भिन्न सप्ताह की आयु पर किशोर कुक्कुटों के शरीर भारों को तालिका 1 में दर्शाया गया है। 8 सप्ताह पर शरीर भार, जो चयन का प्राथमिक गुण व विशेषक है, को वर्तमान पीढ़ी में घटाकर 80 ग्रा. किया गया। स्ट्रेट रन डकलिंग में 8 सप्ताह की आयु पर कुक्कुटों की पिंडली, चौंच एवं वक्षीय अस्थि (कील) की लंबाई क्रमश: 70.91 ± 0.13, 68.93 ± 0.13 एवं 115.11 ± 0.28 मि. मी. थी। नर और मादा कुक्कुटों के शारीरिक विकास की अवधि के दौरान शरीर भार को चित्र 1 में दर्शाया गया है। नर और मादा कुक्कुटों में शारीरिक विकास की अवधि के दौरान शरीर भार में कोई खास वजन लाभ दर्ज नहीं किया गया, जबकि 10 से 16 सप्ताह की आयु तक केवल 200 ग्रा. शरीर भार पाया गया। मादा कुक्कुटों में 20 सप्ताह पर शरीर भार 1554 ± 9.15 ग्रा. था। भिन्न दिवस पर बत्तख उत्पादन % और पहली बार अंडा देने पर आयु को चित्र 2 में दर्शाया गया है। यह पाया गया कि पहली बार अंडा देने के बाद 90 % तक अंडा उत्पादन पहुंचने में झुंड ने 44 दिन लिए। कुजी में 0-8 सप्ताह की आयु पर मृत्युदर प्रतिशत 4.88 % था। अंडा उत्पादन, अंडा वजन डेटा तथा गुणवत्ता प्राचलों का अध्ययन किया गया जिसका विश्लेषण जारी है।

विशुद्ध और संकरों के भिन्न आनुवंशिक समूहों में उर्वरता एवं अंडा सेनन क्षमता को चित्र 3 में दर्शाया गया है। उर्वरता % खाकी और कुजी X खाकी कैम्पबेल में बेहतर था। उर्वर अंडा सेट आधार पर, भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंडा सेनन क्षमता प्रतिशत 73.65 से 94.72 % के बीच था। खाकी विशुद्ध नस्लों के साथ-साथ कैम्पबेल (K) और सफेद पेक्टिन (W) के साथ कुजी (D) के भिन्न संकरों के शरीर भार को तालिका 2 में प्रस्तुत किया गया है। आनुवंशिक समूहों के परस्पर काफी अंतर ($P < 0.05$) पाया गया और सफेद पेक्टिन एवं कुजी के संकरों में कुजी की तुलना में काफी अधिक शरीर भार दर्ज किया गया, हालांकि सफेद पेक्टिन की तुलना में कम दर्ज किया गया। सभी आनुवंशिक समूहों में से, खाकी कैम्पबेल में कम शरीर भार दर्ज किया गया। किशोर कुक्कटों के शरीर भार ने यह दर्शाया कि मध्यम मांस टाइप वाले कुक्कुटों के लिए, सफेद पेकिन के साथ कुजी के दोनों संकरों को सफेद पेकिन के साथ-साथ उपयोग किया जा सकता है, जो कि एक मांस टाइप बत्तख है। इसके अतिरिक्त, यह पाया गया कि 7 सप्ताह की आयु तक D, K, DK, KD एवं DW में वजन लाभ अधिक था और WD, W में वजन लाभ 8 सप्ताह की आयु तक होता रहा। पुष्टिकरण विशेषकों व गुणों, जैसे कि पिंडली की लंबाई, वक्षीय अस्थि लंबाई और चौंच की लंबाई को चित्र 3 में प्रस्तुत किया गया है। आनुवंशिक समूहों के बीच, सभी पुष्टिकरण गुणों के संदर्भ में काफी अंतर ($p < 0.05$) पाया गया और विशुद्ध नस्लों के बीच W में और उसके बाद D एवं K में उच्चतम माप प्रेक्षित किए गए। संकरों के बीच, दोनों संकरों जिनमें सफेद पेकिन मापन के लिए एक पैतृक था, उसके मापों को उन दो संकरों से उच्च पाया गया जिनमें खाकी कैम्पबेल एक पैतृक के रूप में था। लोथ गुणवत्ताओं को नर कुक्कुटों में 10 सप्ताह की आयु पर मापित किया गया और भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंतड़ी निकालने के बाद मांस मात्रा (अर्थात इविसरेटेड ईल्ड) प्रतिशत 65.97 से 68.47 % के बीच थी (चित्र 4)। आनुवंशिक समूहों के बावजूद, स्तन मांस मात्रा, जिसे अंतड़ी रहित मात्रा के % के रूप में व्यक्त किया गया है, भिन्न कटे हुए भागों की तुलना में सर्वाधिक थी (चित्र 5)। भिन्न आनुवंशिक समूहों में कुक्कुटों के शारीरिक विकास (12 सप्ताह एवं 16 सप्ताह) के दौरान दर्ज किया गया शरीर भार और प्रारंभिक अंड जनन अवधि (20 सप्ताह) के समय पर दर्ज किए गए शरीर भार को चित्र 6 में दर्शाया गया है। कुक्कुटों की आयु पर ज्यादा ध्यान न देते हुए, आनुवंशिक समूहों के बीच शरीर भारों में काफी अंतर ($p < 0.05$) पाया गया। विशुद्ध नस्लों में से, सफेद पेक्टिन में तथा उसके बाद खाकी एवं कुजी में काफी अधिक शरीर भार दर्ज किया गया, जबकि संकरों में से, DW में सर्वाधिक शरीर भार दर्ज किया गया जिसके बाद WD, KD और DK में दर्ज किया गया, भले ही मापनों के समय पर उनकी आयु कुछ भी थी। कुक्कुटों द्वारा पहली बार अंडा देने के समय पर आयु तथा भिन्न आनुवंशिक समूहों में भिन्न उत्पादन स्तर पर आयु दर्ज की गई और अध्ययन किए गए सभी प्राचलों के संदर्भ में आनुवंशिक समूहों के बीच काफी अंतर ($p < 0.05$) पाया गया। भिन्न आनुवंशिक समूहों में भिन्न उत्पादन स्तर पर आयु को चित्र 7 में दर्शाया गया है। यहां यह उल्लेख किया जाता है कि सफेद पेकिन में 80 % उत्पादन स्तर पर आयु सभी तीन प्रतिकृतियों में वांछित स्तर तक नहीं पहुंच पाई, इसलिए डेटा नहीं दिया गया। अन्य आनुवंशिक समूहों की तुलना में; D, K, KD एवं DK ने भिन्न उत्पादन स्तर जल्दी प्राप्त कर लिया, जो इस बात को इंगित करता है कि इसमें अन्य आनुवंशिक समूहों की तुलना में बेहतर गुण हैं। भिन्न सप्ताह की आयु पर कुक्कुटों के अंडों की संख्या, अंडा गुणवत्ता एवं अंडा वजन दर्ज किया गया और डेटा का विश्लेषण अभी जारी है। भिन्न आनुवंशिक समूहों में कुक्कुटों की 0-8 सप्ताह की आयु पर मृत्यूदर 2 से 9 % के बीच थी, जबकि 8-16 सप्ताह की आयु पर मृत्यूदर कम थी तथा भिन्न आनुवंशिक समूहों में

0 से 2% के बीच थी। भिन्न आनुवंशिक समूहों की तस्वीरें अथवा फोटोग्राफ क्र. सं. 1 से 7 पर दिए गए हैं। प्रतिवेदित अविधि के दौरान परियोजना के अंतर्गत 25692 कुज़ी डकलिंग की आपूर्ति किसानों को बत्तख पालन हेतु की गई।

तालिका 1. कुज़ी की S3 पीढ़ी में किशोर शरीर का वजन

लक्षण (जी)	हैच 1	हैच 2
एक दिन पुराना बीडब्ल्यू	43 ± 0.14 (773)	42 ± 0.16 (429)
1 सप्ताह बीडब्ल्यू	90 ± 0.45 (769)	111 ± 2.28 (417)
2 सप्ताह बीडब्ल्यू	136 ± 1.11 (748)	244 ± 3.28 (411)
3 सप्ताह बीडब्ल्यू	358 ± 2.51 (746)	413 ± 5.61 (411)
4 सप्ताह बीडब्ल्यू	533 ± 3.50 (740)	636 ± 7.62 (409)
5 सप्ताह बीडब्ल्यू	679 ± 4.43 (740)	806 ± 8.22 (405)
6 सप्ताह बीडब्ल्यू	978 ± 4.75 (738)	1043 ± 10.74 (406)
7 सप्ताह बीडब्ल्यू	1265 ± 5.77 (738)	1207 ± 7.29 (406)
8 सप्ताह बीडब्ल्यू	1332 ± 5.56 (736)	1380 ± 7.95 (406)

पहले कॉलम में BW = शारीरिक वजन, wk = सप्ताह; कोष्ठक में दिए गए आंकड़े अवलोकन की संख्या दर्शाते हैं



चित्र 1. कुजी में S3 में शारीरिक विकास के दौरान कुक्कुटों का शरीर भार (ग्रा.)



चित्र 2. कुजी बत्तख में भिन्न उत्पादन स्तर पर दिवसों में आयु



चित्र 3. भिन्न आनुवंशिक समूहों में उर्वरता एवं अंड सेनन क्षमता % (कुल अंडा सेट एवं उर्वर अंडा सेट के आधार पर)

तालिका 2. कुज़ी (डी), खाकी कैंपबेल (के), व्हाइट पेकिन (डब्ल्यू) और के और पी (डीके, केडी, डीडब्ल्यू, डब्ल्यूडी) के साथ कुज़ी के संकर का तुलनात्मक किशोर प्रदर्शन

आनुवंशिक समूह	2 सप्ताह बीडब्ल्यू	4 सप्ताह बीडब्ल्यू	6 सप्ताह बीडब्ल्यू	8 सप्ताह बीडब्ल्यू
प्यूरब्रेड				
खाकी (101)	$169.56^{e} \pm 3.85$	$519.57^{e} \pm 9.51$	$1040^{e} \pm 11.81$	$1289^{d} \pm 15.84$
कुज़ी (97)	$242.91^{b} \pm 5.71$	$729.59^{b} \pm 12.97$	$1829^{a} \pm 24.46$	$1441^{c} \pm 16.52$
सफ़ेद पेकिन (98)	$284.90^{a} \pm 5.61$	$870.76^{a} \pm 16.25$	$1191^{d} \pm 14.65$	$2338^{a} \pm 22.56$
क्रॉसब्रेड				
केडी (79)	$194.77^{d} \pm 6.96$	$606.43^{d} \pm 16.47$	$1160^{d} \pm 16.90$	$1423^{c} \pm 16.27$
डीके (133)	$164.34^{e} \pm 3.50$	$536.81^{e} \pm 10.64$	$1033^{e} \pm 12.47$	$1294^{d} \pm 11.24$
डब्ल्यूडी (147)	$209.42^{c} \pm 3.82$	$649.37^{c} \pm 11.73$	$1347^{c} \pm 17.94$	$1803^{b} \pm 15.02$
डीडब्ल्यू (142)	$239.41^{b} \pm 4.21$	$700.42^{b} \pm 10.88$	$1466^{b} \pm 16.88$	$1860^{b} \pm 17.09$

तात्पर्य यह है कि एक कॉलम में एक भी सामान्य सुपरस्क्रिप्ट होने से कोई खास अंतर नहीं आया (पी<0.05)। कोष्ठक में दिए गए आंकड़े अवलोकन की संख्या हैं। wk = सप्ताह, BW = शरीर का वजन



चित्र 4. 8 सप्ताह की आयु पर भिन्न आनुवंशिक समहों में पुष्टिकरण गुण (पिंडली की लंबाई, चौंच की लंबाई एवं वक्षीय अस्थि की लंबाई)



चित्र 5. नर बत्तख में 10 सप्ताह की आयु पर भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंतड़ी निकालने के बाद मांस की मात्रा का %



चित्र 6. भिन्न आनुवंशिक समूहों में अंतड़ी निकालने के बाद मांस की मात्रा के % के रूप में व्यक्त किए गए कटे हुए अंग



चित्र 7. भिन्न आनुवंशिक समूहों में मादा कुक्कुटों का शारीरिक विकास के दौरान और प्रारंभिक अंडजनन अवधि के समय पर शरीर भार



चित्र 8. कुक्कुट के पहली बार अंडा दिए जाने पर आयु सहित भिन्न आनुवंशिक समूहों में उत्पादन % के भिन्न स्तर पर आयु

चित्र: डीके बत्तख

चित्र: केडी बत्तख

चित्र: डीडब्लू बत्तख

चित्र: डब्लूडी बत्तख

चित्र: खाकी बत्तख

चित्र: सफेद पेकिन बत्तख

चित्र: कुजी बत्तख

चेमबली बत्तखों का अनुरक्षण एवं मूल्यांकन

कुट्टनाड-चेमबली बत्तखों के 1000 उर्वर अंडे सरकारी बत्तख फर्मा, निरनम, केरल से खरीदे गए। कुल अंडा सेट और उर्वर अंडा सेट के आधार पर अंड सेनन क्षमता प्रतिशत क्रमश: 64.87% एवं 72.88% था। एक दिन की आयु की डकलिंग का औसत शरीर भार 37.97 ± 0.13 ग्रा. था। 2 और 4 सप्ताह की आयु पर डकलिंग का औसत शरीर भार (ग्रा.) क्रमश: 170.04 ± 0.65 एवं 508.55 ± 6.68 था। शरीर भार पर लिंग का काफी प्रभाव ($P < 0.01$) था। नर डकलिंग का 8 सप्ताह पर औसत शरीर भार 1281.34 ± 6.20 ग्रा. था, जबकि मादा डकलिंग का 1193.06 ± 5.28 ग्रा. था। 12 और 20 सप्ताह पर नर डकलिंग का औसत शरीर भार (ग्रा.) क्रमश: 1694.28 ± 9.86 एवं 1654.44 ± 10.97 था। 12 और 20 सप्ताह की आयु पर मादा डकलिंग का औसत शरीर भार (ग्रा.) क्रमश: 1432.87 ± 5.52 एवं 1589.03 ± 8.78 था। नर डकलिंगों के संबंध में, औसत दैनिक वजन लाभ (ए डी जी) 5 सप्ताह के दौरान उच्चतम 37.24 ग्रा. था, जो 12 सप्ताह की आयु के उपरांत कम होना शुरु हो गया। 0-4 सप्ताह की आयु पर मृत्युदर 1.26% थी, 4-8 सप्ताह के दौरान शून्य थी तथा 8-20 सप्ताह की आयु के दौरान 1.15% थी। फ्लॉक द्वारा पहली बार अंडा दिए जाने के समय पर उसकी आयु 121 दिन थी। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि कुट्टनाड-चेमबली बत्तख ओडिशा की जलवायु स्थितियों से बेहतर अनुकूलनता रखते हैं, क्योंकि उनकी शारीरिक विकास दर अच्छी है तथा मृत्यूदर भी कम है। इस नस्ल से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए मादा कुक्कुटों का विपणन उनकी 12 सप्ताह की आयु के बाद किया जाना चाहिए, क्योंकि उसके बाद उनका शरीर भार कम होने लगता है।

माइकोटॉक्सिन सहिष्णु मीट टाइप बत्तखों के विकास के लिए प्रजनन

1. कड़कनाथ (के एन) से जननग्रंथि ऊतकों को, सरोगेट के रूप में, सफेद लेगहॉर्न कुक्कुटों और खाकी कैमपबेल बत्तखों में प्रत्यारोपण के संदर्भ में किए गए परीक्षणात्मक अध्ययन में यह पाया गया कि कड़कनाथ नर की जंननग्रंथियां एक दिवसीय आयु चरणों पर आसानी से प्रत्यारोपित हो गए। परिणामों में यह पाया गया कि प्रत्यारोपित नर जननग्रंथियां अंतरा- एवं अंतरप्रजाति सरोगेट परपोषियों (डब्ल्यूएल मुर्गी एवं केसी बत्तख) दोनों के भीतर समान दक्षता के साथ निरंतर विकसित हुई, जो दो उपयुक्त अंतरा- और अंतर-प्रजाति दाता-परपोषी तंत्र के उद्भव को दर्शाता है, जहाँ शल्यचिकित्सा से उबरने के उपरांत प्रत्यारोपित जननग्रंथियों में, केएन मादा में अंडजनन प्रेरित करने की संभावना है तथा विशुद्ध-वंशक्रम केएन चूजों का जनन करने की क्षमता है।

बैंगलोर केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान पीबी-1 (नर वंश) और पीबी-2 (मादा वंश) और देशी कुक्कुटों की कुक्कुटों का मूल्यांकन किया। पीबी-1 और पीबी-2 की यौन परिपक्वता की आयु क्रमशः 196.0 और 209.6 दिन रही और 52 वें सप्ताह की आयु तक क्रमशः 65.06 और 54.34 अंडे दिए। पांचवें सप्ताह में पीबी-1 और पीबी-2 कुक्कुटों का शरीर का वजन क्रमशः 1082 और 1018 ग्राम रहा। 8, 20, 40 और 52 सप्ताह की आयु में देशी कुक्कुट मादाओं का शरीर का वजन क्रमशः 248.7, 1067, 1273 और 1389 ग्राम रहा। देशी कुक्कुटों ने 52 सप्ताह की आयु तक 30.35 अंडे दिये। कैलेंडर वर्ष के दौरान 299 किसानों को कुल 1,60,759 जर्मप्लाज्म वितरित किया गया, जिससे रु.42.92 लाख राजस्व प्राप्त हुआ।

गडवासु, लुधियाना केंद्र ने PB-1 और PB-2 वंशावलियों और देशी कुक्कुट (पंजाब ब्राउन) का मूल्यांकन किया। 5 सप्ताह की आयु में पीबी-1, पीबी-2 और कंट्रोल ब्रॉयलर में शरीर का वजन क्रमशः 1228, 1121 और 887 ग्राम रहा। पीबी-1, पीबी-2 और कंट्रोल ब्रॉयलर में 40 सप्ताह की आयु तक औसत अंडा उत्पादन क्रमशः 65, 70 और 59 अंडे रहा। पंजाब ब्राउन में 4, 8, 16, 20 और 40 सप्ताह की आयु में शरीर का वजन क्रमशः 346, 652, 1445, 2039 और 2744 ग्राम रहा। पंजाब ब्राउन के लिए 36 सप्ताह तक औसत अंडा उत्पादन 55 अंडे रहा। कुल 412 किसानों को 84,886 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की गई। वर्ष 2022 के दौरान रु.29.64 लाख राजस्व प्राप्त हुआ।

ओयूएटी, भुवनेश्वर केंद्र ने सीएसएफएल और सीएसएमएल और हंसली देशी कुक्कुटों जैसी शुद्ध लाइनों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। संयुक्त लिंग के आधार पर पांचवें सप्ताह में सीएसएफएल का वजन 1.94 की एफसीआर के साथ 1018 ग्राम रहा, जबकि सीएसएमएल का एफसीआर 1.93 के साथ 1123 ग्राम रहा। संयुक्त लिंग के आधार पर हंसली कुक्कुटों का आठवें सप्ताह का शारीरिक वजन 4.26 की एफसीआर के साथ 603.1 ग्राम रहा। संयुक्त लिंग के आधार पर 20 सप्ताह में हंसली कुक्कुटों के शरीर का वजन 1583 ग्राम रहा। केंद्र ने 27 किसानों को कुल 1078 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की और वर्ष 2022 के दौरान रू. 57,651 राजस्व अर्जित किया।

भाकृअनुप-सीएआरआई, इज्जतनगर केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान स्थानीय देशी कुक्कुट, सीएसएमएल और सीएसएफएल और उनके संकरों का मूल्यांकन किया। कुल 20,361 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की। इससे कुल 29 किसान लाभान्वित हुए।

एमपीयूएटी, उदयपुर केंद्र ने वर्ष के दौरान मेवाड़ी और प्रतापधन कुक्कुटो का मूल्यांकन किया। सभी में कुल अंडे देने की क्षमता में सुधार हुआ। मेवाड़ी मादाओं में 40 सप्ताह की आयु में शरीर का वजन 1680 ग्राम रहा। प्रतापधन में 20 सप्ताह की आयु में मादाओं का वजन 2018 ग्राम रहा। मेवाड़ी कुक्कुट में 52 सप्ताह की आयु में अंडा उत्पादन 53.13 अंडे रहा। मेवाड़ी और प्रतापधन में वार्षिक अंडा उत्पादन (72 सप्ताह की आयु तक) क्रमशः 101.13 और 162.49 रहा। समीक्षाधीन अवधि के दौरान तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे परियोजना के टीएसपी घटक के तहत 158 आदिवासी किसानों को लाभ हुआ। कैलेंडर वर्ष के दौरान 656 किसानों को कुल 33,005 उन्नत कुक्कुट जर्मप्लाज्म वितरित किए गए। जर्मप्लाज्म के वितरण से रू.10.01 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। इस अवधि के दौरान 6.0 से अधिक NAAS रेटिंग वाली पत्रिकाओं में दो शोध पत्र प्रकाशित हुए।

एएयू, गुवाहाटी केंद्र ने कामरूपा किस्म, स्वदेशी कुक्कुट, डेहलेमरेड नस्ल और पीबी-2 x स्वदेशी कुक्कुट जर्मप्लाज्म के संकर का मूल्यांकन किया। कामरूप कुक्कुट का वजन 20 सप्ताह की आयु में क्षेत्र की परिस्थितियों में 1220±145 ग्राम और मैदानी परिस्थितियों में 1561 ±185 ग्राम हो जाता है। इसके अलावा, 40 सप्ताह की आयु में कामरूप कुक्कुटों का शारीरिक वजन क्षेत्र की परिस्थितियों में 1960 ± 435 ग्राम और मैदानी परिस्थितियों में 2480 ±625 ग्राम हुआ है। कामरूपा कुक्कुटों ने क्षेत्र और मैदानी परिस्थितियों में जीवित रहने के आधार पर 72 सप्ताह की आयु तक क्रमशः131.4 और 162.6 अंडे दिए। इसी प्रकार, देशी कुक्कुटों का वजन 20 सप्ताह में 1350±116 ग्राम और 40 सप्ताह की आयु में 1780±151 ग्राम होता है। देशी कुक्कुटों ने 72 सप्ताह की आयु तक 116.4 अंडे दिए। डहलेमरेड नस्ल का वजन 1420±129.6 ग्राम था जबकि पीबी2 × स्वदेशी नस्ल का वजन 20 सप्ताह की आयु में 1971 ± 221 ग्राम रहा। डेहलेमरेड नस्ल ने 221.6 अंडे दिए, जबकि पीबी2 × स्वदेशी नस्ल ने 72 सप्ताह की आयु तक 129.8 अंडे दिए। कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान कुल 141 किसानों को 35,407 उन्नत जर्मप्लाज्म की आपूर्ति कर रु.7,85,805 राजस्व प्राप्त किया, जिससे उन्नत आनुवंशिक संसाधनों के प्रसार में योगदान हुआ और कृषि समुदाय को समर्थन मिला।

पालमपुर केंद्र ने वर्ष के दौरान देशी कुक्कुट, डेहलेम रेड, डीएन संकर और हिमसमृद्धि का मूल्यांकन किया। देशी जर्मप्लाज्म में, जी-10 पीढ़ी का 72 सप्ताह की आयु तक मूल्यांकन किया गया। 52 सप्ताह और 72 सप्ताह में एचडीईपी क्रमशः 78.65 और 119.65 अंडे रहा। डेहलेमरेड कुक्कुटों का मूल्यांकन 144.17 अंडों के एचडीईपी के साथ 52 सप्ताह तक (जी-9 पीढ़ी) किया गया था। डेहलेमरेड x नेटिव (डीएन) संकर कुक्कुटों का उत्पादन और मूल्यांकन 52 सप्ताह की आयु तक किया गया । 40 सप्ताह और 52 सप्ताह में एचडीईपी क्रमशः 67.36 और 108.65 अंडे रहा। हिमसमृद्धि (डीएनडी) के चूजों का उत्पादन और मूल्यांकन 52 सप्ताह तक फार्म और फील्ड स्तर पर किया गया । 40 सप्ताह और 52 सप्ताह में हिमसमृद्धि (डीएनडी) का एचडीईपी क्रमशः 72.53 और 119.34 अंडे रहा। कुल प्रजनन क्षमता अच्छी (89.00%) रही और पेरेंटों के लिए डीआर के लिए 83.60% से 90.25% के बीच थी, जबकि टीईएस और एफईएस के आधार पर कुल प्रजनन क्षमता क्रमशः 69.02% और 77.55% रही । हिमाचल पर्वतीय क्षेत्र के 672 किसानों को कुल 64,323 चूजों की आपूर्ति की गई। केंद्र को विभिन्न कुक्कुट उत्पादों की बिक्री से 25.28 लाख रुपये की प्राप्ति हुई।

अगरतला (त्रिपुरा) केंद्र ने बीएनडी संकर , त्रिपुरा ब्लैक और डेहलेमरेड कुक्कुटों का मूल्यांकन किया। उत्पादन प्रदर्शन के लिए बीएनडी संकर का छठा मूल्यांकन संस्थान के फार्म और किसान के खेत में पूरा हो चुका है। बीएनडी संकर के ई-6 मूल्यांकन में खेत और खेत की परिस्थितियों में 72 सप्ताह के अंडे का उत्पादन क्रमशः 159.3 और 138.8 अंडे रहा। त्रिपुरा ब्लैक और डहलेमरेड की पिछली पीढ़ी का प्रदर्शन फार्म में 52 सप्ताह तक पूरा हो चुका है। त्रिपुरा की श्वेत मादाआं, नर और संयुक्त लिंग के आधार पर 40 सप्ताह के शरीर का वजन क्रमशः 1555, 1836 और 1662 ग्राम था। पिछली पीढ़ी की तुलना में वर्तमान पीढ़ी

में त्रिपुरा ब्लैक के शरीर के वजन में सुधार हुआ । त्रिपुरा ब्लैक में 40 सप्ताह (40.0) और 52 सप्ताह (65.0) की आयु तक अंडे के उत्पादन में थोड़ी कमी देखी गई। डेहलेमरेड में 52 सप्ताह की आयु तक अंडे का उत्पादन 113.5 रहा। 772 ग्रामीण किसानों के लिए कुक्कुट पालन पर कुल 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। 762 किसानों के बीच कुल 21,747 कुक्कुट जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की गई। कैलेंडर वर्ष के दौरान केंद्र ने कुल रु. 11,47,462 का राजस्व प्राप्त किया।

जबलपुर रंगीन और कड़कनाथ नस्ल की जी-2 कुक्कुटों का मूल्यांकन किया गया। जबलपुर रंगीन ने 6 सप्ताह में शरीर का वजन 705.3 ग्राम और 20 सप्ताह में 1536 ग्राम प्राप्त किया, जबकि यौन परिपक्वता की आयु 155 दिन थी। जबलपुर रंगीन में 40 और 52 सप्ताह तक कुक्कुट दिवस ईपी 99.80 और 162.0 अंडे था। कड़कनाथ के शरीर का वजन 6 सप्ताह में 399.4 ग्राम और वयस्क शरीर का वजन 20 सप्ताह में 1123 ग्राम हुआ है, जबकि यौन परिपक्वता की आयु 167 दिन थी। नर्मदानिधि (75% जबलपुर रंगीन और 25% कड़कनाथ) खेत और क्षेत्र की स्थितियों के तहत मूल्यांकन किया गया। खेत की परिस्थितियों में 8 सप्ताह में नर और मादाओं के लिए शरीर का वजन क्रमशः 1010 और 725 ग्राम दर्ज किया गया। क्षेत्र में पालन-पोषण के तहत 8 सप्ताह की आयु में नर और मादा कुक्कुटों का शरीर का वजन क्रमशः 772 और 687 ग्राम था। क्षेत्र और खेत की परिस्थितियों में नर (1506 और 1436 ग्राम) और मादा (1384 और 1206 ग्राम) कुक्कुटों का 20 सप्ताह का शारीरिक वजन दर्ज किया गया। फार्म पालन में, कुक्कुट 168 दिनों में परिपक्व हो जाते हैं और 52 सप्ताह की आयु तक 109 अंडे देते हैं और अंडे का वजन 49.0 ग्राम होता है। खेत में पालन के तहत 52 सप्ताह की आयु तक अंडे का उत्पादन 93.2 अंडे था और अंडे का वजन 47-48 ग्राम था। कैलेंडर वर्ष के दौरान रु. 22.02 लाख राजस्व प्राप्तियों के साथ 203 किसानों को कुल 28,096 कुक्कुट जर्मप्लाज्म वितरित किए गए।

रांची केंद्र ने देशी कुक्कुट, डेहलेमरेड, पीबी-2 और झारसिम कुक्कुटों का मूल्यांकन किया। 72 सप्ताह की आयु में देशी कुक्कुटों का कुक्कुट दिवस अंडे का उत्पादन 176.32 अंडे (जी-9) था। झारसिम में 64 सप्ताह की आयु तक कुक्कुट दिवस पर अंडे का उत्पादन 133.23 अंडे था। केंद्र ने 147 किसानों और अन्य एजेंसियों के बीच 40697 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति कर रु. 4.52 लाख राजस्व प्राप्त किया गया।

तालिका: वर्ष 2022 के दौरान जर्मप्लाज्म वितरण, लाभान्वित किसान एवं राजस्व सृजन

केंद्र	जर्मप्लाज्म (संख्या)	किसान (सं.)	राजस्व (लाख रूपये में)
केवीएएसयू, मन्नुथी	44,519	453	12.00
एएयू, आनंद	50,496	1,018	31.38
केवीएएफएसयू, बेंगलुरु	160,759	299	42.92
गडवासु, लुधियाना	84,886	412	29.64
ओयूएटी, भुवनेश्वर	1,078	27	0.57
भाकृअनुप-सीएआरआई, इज्जतनगर	20,361	29	-
एमपीयूएटी, उदयपुर	33,005	656	10.01
एएयू, गुवाहाटी	35,407	141	7.85
सीएसकेएचपीकेवीवी, पालमपुर	64,323	672	25.28
भाकृअनुप-आरसी एनईएच, अगरतला	21,747	762	11.47
एनडीवीएसयू, जबलपुर	**28,096**	203	22.02
बीएयू, रांची	40,697	147	4.52
कुल	**5,85,374**	**4,819**	**197.66**

8. कुक्कुट बीज परियोजना

कुक्कुट बीज परियोजना (पीएसपी)

कुक्कुट बीज परियोजना हमारे देश के दूरदराज के क्षेत्रों में ग्रामीण कुक्कुट जर्मप्लाज्म की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित की गई। इस प्रयास में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान छह केंद्रों, तीन पूर्वोत्तर क्षेत्र में और तीन विभिन्न राज्य पशु चिकित्सा/कृषि विश्वविद्यालयों में "कुक्कुट बीज परियोजना" आरंभ की थी। बारहवीं योजना के दौरान अपने संबंधित क्षेत्रों में किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पांच और केंद्र जोड़कर परियोजना को मजबूत किया गया। वर्तमान में, यह परियोजना देश भर में 12 केंद्रों पर संचालित की जा रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत कुक्कुट जर्मप्लाज्म (उपजाऊ अंडे, एक दिन की आयु के चूज़े और वयस्क चूज़े) का स्थानीय उत्पादन करना और ग्रामीण कुक्कुट उत्पादन को बढ़ाने के लिए अंडे और मांस के उत्पादन में वृद्धि को लक्षित करने हेतु दूरदराज के क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों को आपूर्ति करना है, सामाजिक- लक्षित समूहों की आर्थिक स्थिति और छोटे पैमाने के कुक्कुट उत्पादकों को संगठित बाजार से जोड़ना है।

पीएसपी केंद्र बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में स्थित हैं; एनईएच क्षेत्र के लिए भाकृअनुप अनुसंधान परिसर, नागालैंड केंद्र, झरनापानी; भाकृअनुप - एनईएच क्षेत्र के लिए अनुसंधान परिसर, सिक्किम केंद्र, गंगटोक; एनईएच क्षेत्र के लिए भाकृअनुप अनुसंधान परिसर, मणिपुर केंद्र, इंफाल; तमिलनाडु पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, होसुर; भाकृअनुप-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पणजी; भाकृअनुप-केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर; शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, श्रीनगर; पीवीएनआर तेलंगाना पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, वारंगल; श्री वेंकटेश्वर पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय, तिरूपति; एनईएच क्षेत्र के लिए भाकृअनुप अनुसंधान परिसर, उमियाम और पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कोलकाता है।

निदेशालय एक समन्वय इकाई के रूप में पेरेंट कुक्कुटों की आपूर्ति और समन्वय करता है और विभिन्न केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी करता है ताकि वे अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। वर्ष 2022 के दौरान मुख्य भूमि और उत्तर-पूर्वी केंद्रों के लिए चूजों की आपूर्ति के लिए विभिन्न केंद्रों के लिए प्रति वर्ष 0.4 से 1.0 लाख चूजों की आपूर्ति और पिछवाड़े के खेत की स्थितियों के तहत जर्मप्लाज्म के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया एकत्र करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वर्ष के दौरान कुल 3,58,588 उन्नत कुक्कुट किस्मों को उनके संबंधित क्षेत्रों/राज्यों में वितरित कर रु.159.47 लाख राजस्व प्राप्त किया गया है।

होसुर केंद्र ने वर्ष 2022 के दौरान वनराजा और ग्रामप्रिया किस्मों के कुल 59,655 जर्मप्लाज्म वितरित किए, जिसमें ग्रामप्रिया और वनराजा के क्रमशः 29,018 और 30,637 जर्मप्लाज्म रहे। कुल 1,266 किसानों और उद्यमियों को जर्मप्लाज्म दिया गया और लाभान्वित किया गया, जिससे राशि रु.14,91,983/- राजस्व प्राप्त हुआ। मणिपुर केंद्र में वनराजा और श्रीनिधि के पेरेंटों को बनाए रखा गया। आपूर्ति की गई कुल जर्मप्लाज्म 12,420 रही और समीक्षाधीन अवधि के दौरान उत्पन्न राजस्व रु. 14,61,345 रहा। इस परियोजना के तहत मणिपुर के विभिन्न जिलों से कुल 112 किसान लाभान्वित हुए। कुक्कुट जैवसुरक्षा और रोग निवारण पर 14-16 दिसंबर, 2022 को 3 दिवसीय एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और 30 किसानों को उक्त प्रशिक्षण से लाभ हुआ है। कुक्कुट बीज परियोजना के तहत सिक्किम केंद्र ने किसानों को वनराजा के एक दिन की आयु के कुल 63,455 चूज़ों का वितरण किया। प्रारंभिक मृत्यु दर को कम करने के लिए चूजों के भोजन, आवास और चिकित्सीय प्रबंधन के संबंध में किसानों को बताया गया है और कुल 34 संक्षिप्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। चूजों के वितरण से राजस्व रु. 43,33,914 प्राप्त किया गया।

चालू वर्ष के दौरान श्रीनिधि के कुल 82 नर और 400 मादा चूजों और ग्रामप्रिया के 276 मादा और 65 नर चूजों को गोवा केंद्र में पाला गया । उपजाऊ अंडों सहित कुल 20,836 कुक्कुट जर्मप्लाज्म 1015 किसानों को वितरित किए गए, जिससे 5,09,935/- रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। उमियाम केंद्र उन्नत ग्रामीण कुक्कुट किस्मों से उपजाऊ अंडे और चूजों का निरंतर प्रवाह प्रदान करने के लिए वनराजा और ग्रामप्रिया पेरेंट स्टॉक का रखरखाव कर रहा है । वर्ष के दौरान आपूर्ति किए गए जर्मप्लाज्म की संख्या 16270 रही जिसमें कुल 791 लाभार्थी रहे। जनवरी-दिसंबर 2022 के दौरान उत्पन्न कुल राजस्व रु. 8,92,774 रहा। कुक्कुट बीज परियोजना के टीएसपी घटक ने क्षेत्र प्रदर्शनों के साथ 6 किसान प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। वर्ष 2022 के दौरान, भाकृअनुप नागालैंड केंद्र ने वनराजा के एक बैच और श्रीनिधि पेरेंट स्टॉक के एक बैच का पालन-पोषण किया। नागालैंड के विभिन्न जिलों के 150 गांवों के 847 लाभार्थियों को कुल 61,328 उन्नत जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की गई।

तिरूपति केंद्र ने वनराजा के पेरेंटों का पालन पोषण कर रहा है । चालू वर्ष के दौरान दो कुक्कुट शेडों का

निर्माण पूरा हुआ है। कुल 8,396 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति की गई और 2,68,612/- रुपये की आय प्राप्त किया। एससीएसपी कार्यक्रम के तहत 80 किसानों के अलावा लाभान्वित किसानों की संख्या 175 रही। वर्ष 2021-22 के लिए एआईसीआरपी और पीएसपी पर वार्षिक समीक्षा बैठक 8 और 9 सितंबर 2022 को एसवीवीयू, तिरुपति में आयोजित की गई। पटना केंद्र द्वारा वनराजा के पेरेंटों का रखरखाव किया जाता है। उपजाऊ अंडों सहित कुल 42,043 कुक्कुट जर्मप्लाज्म 1536 किसानों को वितरित किए गए, जिससे रु.18,80,751/- का राजस्व प्राप्त हुआ। पोर्ट ब्लेयर केंद्र वनराजा पेटेंट और निकोबारी नस्ल का रखरखाव कर रहा है। आपूर्ति किए गए जर्मप्लाज्म की कुल संख्या 8,612 रही और राजस्व रु.280167 रहा। श्रीनगर केंद्र ने 15,314 चूजों की आपूर्ति की और रु. 2,85,640 का राजस्व अर्जित किया। लाभान्वित होने वाले किसानों की कुल संख्या 380 रही। वारंगल केंद्र ने विभिन्न आयु समूहों में ग्रामप्रिया पेरेंटों के 3 बैचों और असील, कड़कनाथ, घागस और वनश्री के देशी वाणिज्यिक स्टॉक को बनाए रखा है। केंद्र ने लगभग 800 किसानों को उपजाऊ अंडे और एक दिन की आयु के चूजों सहित लगभग 50,709 जर्मप्लाज्म की आपूर्ति कर रु.11.33 लाख राजस्व प्राप्त किया। समीक्षाधीन अवधि के लिए पीएसपी के तहत 200 किसानों के लिए कुल 3 प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

तालिका : वर्ष 2022 के दौरान कुक्कुट बीज परियोजना के तहत जर्मप्लाज्म का केंद्र-वार वितरण

क्र.सं	केंद्र	जर्मप्लाज्म (संख्या)	आय (लाख रूपये में)
1	बसु,पटना	42,043	18.80
2	भाकृअनुप-आरसी, झरनापानी , नागालैंड	61,328	34.08
3	भाकृअनुप-आरसी,गंगटोक, सिक्किम	63,455	43.34
4	भाकृअनुप-आरसी, इंफाल, मणिपुर	12,420	14.62
5	तनुवास, होसूर	59,655	14.92
6	भाकृअनुप-सीसीएआरआई, गोवा	20,836	5.10
7	भाकृअनुप-सीआईएआरआई, पोर्टब्लेयर	8,162	2.80
8	स्कुअस्ट, श्रीनगर	15,314	2.86
9	उमियाम के लिए भाकृअनुप-आरसी	16270	8.93
10	पीवीएनआरटीवीयू, वारंगल	50,709	11.33
11	एसवीवीयू, तिरूपति	8396	2.69
12	डब्ल्यूबीयूएएफएस, कोलकाता	-	-
	कुल	3,58,588	159.47

9. प्रकाशन

I. मुख्यालय, हैदराबाद

शोध पत्र

अंतर्राष्ट्रीय जर्नल

हौन्शी, एस., देवतकल, एस., प्रिंस, एल. एल. एल., उल्लेंगला, आर., रामासामी, के., चटर्जी, आर. एन. 2022. भारत की देशी मुर्गी नस्ल कड़कनाथ के लोथ की विशेषताएं, माँस की गुणवत्ता और पोषण संघटन। फूड्स, 11 (22): 3603. doi: 10.3390/ फूड्स 112223603. http://krishi.icar.gov.in/ jspui/handle/123456789/75956.

हौन्शी, एस., राजकुमार, यू., प्रिंस, एल. एल. एल., कन्नकी, आर., कांदीपेन, जी., देवतकल एस. एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. भारत की एक देशी मुर्गी घागस के शारीरिक विकास गुणों के आनुवंशिक प्राचल (पैरामीटर), उत्पादन की प्रवृत्ति एवं जननक्षम गुण, और माँस गुणवत्ता की स्थिति। उष्णकटिबंधीय पशु स्वास्थ्य और उत्पादन, 54: 170 (2022)। https://doi.org/10.1007/ s11250-022-03166-y. http://krishi.icar. gov.in/jspui/handle/123456789/75957.

कन्नन, ए., प्रकाश, बी., पॉल, एस. एस., राजू, एम. वी. एल. एन., रामा राव एस. वी. एवं शनमुगम, एम. 2022. सफेद लेगहॉर्न लेयरों के प्रदर्शन, अंडे की गुणवत्ता, रक्त जैव रासायनिक प्राचलों, और अंडे में जिंक तत्व पर जिंक प्रोटीनेट के आहारीय अनुपूरण का प्रभाव। उष्णकटिबंधीय पशु स्वास्थ्य और उत्पादन 54 : 160. Doi : 10.1007/ s11250-022-03162-2.

कृष्णेगौड़ा, डी. एन., सिंह, बी. आर., मारियाप्पन, ए. के., मुनुस्वामी, पी., सिंह, के. पी., समिनाथन, एम. और रेड्डी, एम. आर. 2022. भारत में मुर्गियों में सेप्टीसीमिया से जुड़े पक्षी रोगजनक एस्चेरिचिया कॉली पर आणविक जानपदिक विज्ञान अध्ययन। सूक्ष्मजीवाणु रोगजनकता, 162 : 105313.

पॉल, एस. एस., रामा राव, एस. वी., हेगड़े, एन., विलियम्स, एन. जे., चटर्जी, आर. एन., राजू एम. वी. एल. एन., रेड्डी जी. एन., कुमार वी., फणी कुमार पी. एस., मलिक एस. एवं गार्गी, एम. 2022. प्रदर्शन प्राचलों पर आहारीय प्रतिसूक्ष्मजीवी विकास प्रवर्तकों के प्रभाव और ब्रॉयलर मुर्गी के आहारनली माइक्रोबायोम की व्यापकता एवं विविधता तथा एंटीबायोटिक प्रतिरोधी जीनों का चयन। सूक्ष्मजीव विज्ञान में सीमांत क्षेत्र (फ्रंटियर्स), 13.905050. doi:10.3389/fmicb.2022.905050.

प्रणय, बी., स्वाति, बी., शनमुगम, एम. 2022. काले रंग वाले कड़कनाथ मुर्गी में पिघलन-उपरांत वीर्य प्राचलों और जनन-क्षमता पर बीटाइन एवं रैफिनोज का प्रभाव। क्रायोलेटर्स, 43 (5): 283-288.http://krishi.icar.gov.in/jspui/ handle/123456789/79092.

प्रसाद, एम. वी., प्रकाश, बी., नरसिम्हा, जे., रामा राव, एस. वी., राजू, एम. वी. एल. एन., ज़ेबा, पी. एवं श्रीनिवास रेड्डी, सी. 2022. वाणिज्यिक ब्रॉयलर मुर्गियों के शारीरिक प्रदर्शन और एंटीऑक्सीडेंट अनुक्रिया पर कार्बनिक एवं अकार्बनिक Se के आहारीय अनुपूरण का प्रभाव। ब्रिटिश कुक्कुट विज्ञान, 64:110-115. doi: 10.1080/ 00071668.2022.2113505.

रामा राव, एस. वी., राजू, जक्कुला, श्रीलता, टी., नागलक्ष्मी, डी., राजू, एम. वी. एल. एन., पॉल, एस. एस. एवं प्रकाश, बी. 2022. आहारीय प्रोटीन की संस्तुत एवं उप-इष्टतम खुराक खिलाई गई ब्रायलर मुर्गियों के शारीरिक प्रदर्शन, लोथ विशेषकों और पोषक तत्वों की पाचनीयता पर पपीता (कैरिका पपैया) लेटेक्स के अनुपूरण का प्रभाव। पशु आहार विज्ञान और प्रौद्योगिकी, 285: 115226. doi: 10.1016/ j.anifeedsci. 2022. 115226.

रामा राव, एस. वी., राजू, एम. वी. एल. एन., पॉल, एस. एस., नागलक्ष्मी, डी., श्रीलता, टी., प्रकाश, बी. एवं राजकुमार, यू. 2022. सल्फर और फोलिक अम्ल की संस्तुत मात्राओं के साथ मेथिओनिन की उप-इष्टतम मात्रा के साथ आहार खिलाई गई ब्रायलर मुर्गियों में एंटी-ऑक्सीडेंट चरों तथा शारीरिक प्रदर्शन को बढ़ाना। पशु जैवविज्ञान, 35: 721-729. doi.org/10.5713/ab.21.0258.

रामा राव, एस. वी., राजू, एम. वी. एल. एन., प्रकाश, बी., पॉल, एस. एस. एवं नागलक्ष्मी, डी. 2022. मेथिओनिन के अनुपूरण के बिना आहार खिलाई गई ब्रॉयलर मुर्गियों के शारीरिक प्रदर्शन, प्रतिरक्षा अनुक्रिया और एंटी-ऑक्सीडेंट चरों पर मिथाइल दाताओं का प्रभाव। पशु जैवविज्ञान, 35 : 475-483. doi: 10.5713/ab.20.0812.

रामा राव, एस. वी., राजू, एम. वी. एल. एन., श्रीलता, टी., नागलक्ष्मी, डी. एवं राजकुमार, यू. 2022. आहारीय मेथियोनीन की उप-इष्टतम मात्राओं के साथ आहार खिलाई गई ब्रॉयलर मुर्गियों को सल्फर एवं फोलिक अम्ल का अनुपूरण दिए जाने के बाद उनके शारीरिक प्रदर्शन में सुधार। खाद्य एवं कृषि विज्ञान जर्नल, 102 (13) : 5720-5728. doi:10.1002/jsfa.11920.

शनमुगम, एम., कन्नन, ए., महापात्रा, आर. के. 2022. निम्नताप परिरक्षित वीर्य से मुर्गियों में जनन क्षमता पर जैविक जिंक अनुपूरण का प्रभाव। मलेशियाई पशु विज्ञान जर्नल, 25 (1) : 44-50.http://krishi.icar.gov.in/jspui/ handle/123456789/75159.

शनमुगम, एम., महापात्रा, आर. के. 2022. ब्रॉयलर प्रजनक वंशक्रमों के निम्नताप परिरक्षित वीर्य में पारगम्य क्रायोप्रोटेक्टेंट्स और डेक्सट्रान का प्रभाव। ब्राज़ीलियाई जीवविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अभिलेख, 65 : e22210056.

शनमुगम, एम., महापात्रा, आर. के. 2022. पिघलन-उपरांत मुर्गी वीर्य प्राचलों और जनन क्षमता पर निम्नतापं परिरक्षण के दौरान जिंक अनुपूरण का प्रभाव। हेलेनिक पशुचिकित्सा सोसायटी, 73 (1): 3841-3844. http://krishi.icar.gov.in/jspui/handle/ 123456789/72147.

श्रीनिवास, गुर्रम, चिन्नी प्रीतम, वी., विजयलक्ष्मी, के., राजू, एम. वी. एल. एन., वेंकटेश्वरलु, एम. एवं स्वाति, बी. 2022. ब्रॉयलर मुर्गियों के शारीरिक विकास प्रदर्शन, एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि और आहारनली स्वास्थ्य पर प्रोबायोटिक, चिकोरी रूट पाउडर तथा धनिया बीज पाउडर का सहक्रियात्मक प्रभाव। PLoS ONE, 17: e0270231. doi:10.1371/ journal. pone. 0270231.

राष्ट्रीय जर्नल

कर्णम एस. एस., प्रियंका, ई., मथिवनन, बी., पिरुथ विराज कुमार, बी., मुखोपाध्याय, एस. के., मौंडल, एस. एवं कन्नकी, टी.आर. 2022. भारतीय ब्रॉयलरों में इन्कलुशन बॉडी हेपटाइटिस (आई बी एच) रोगापतनों के फाउल एडेनोवायरस (FAdV) के आणविक जानपदिक विज्ञान अध्ययन के द्वारा FAdV-D और E के सीरोटाइप की व्यापकता का पुष्टिकरण। भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, doi 10.18805/आईजेएआर.बी-4949.

किशोर, जी., रेड्डी, एम. आर., अशोक कुमार, एम. एवं सिंह वी. 2022. पक्षी ल्यूकोसिस के विशेष संदर्भ में वायरल नियोप्लास्टिक रोगों की व्यापकता और विभिन्न विशुद्ध वंशक्रम की देशी मुर्गियों में उनकी संक्रामक स्थिति। भारतीय पशुचिकित्सा रोगनिदान जर्नल, 46 (2) : 126-135.

कुमार, वी., राजकुमार यू., प्रिंस, एल. एल. एल., रामा राव एस. वी. एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. भारत में घर-आंगन मुर्गी नस्लों का भौगोलिक फैलाव और प्रभाव: एक पूर्वव्यापी मूल्यांकन। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (4) : 452-459.http://krishi.icar. gov.in /jspui/handle/123456789/72380.

मैथम, वी., रेड्डी, ए. जी., प्रकाश, एन. एवं रेड्डी, एम. आर. 2022. मुर्गी में माइकोप्लाज़्मा सिनोविया की इम्यून टारगेट ड्रगेबिलिटी। भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, 56 (10) : 1274-1278.

मिश्रा, एस., चटर्जी, आर. एन. हौन्शी, एस. और राजकुमार, यू. 2022. भारत की गर्म उष्णकटिबंधीय जलवायु से देशी मुर्गी नस्ल, मेवाड़ी का लक्षणवर्णन। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (12): 1408-1414.

पाधी, एम. के., चटर्जी, आर. एन. एवं राजकुमार, यू. 2022. घर-आंगन मुर्गी पालन के लिए विकसित क्रॉसब्रेड मुर्गियों में अंडा गुणवत्ता गुणों पर जीनप्ररूप एवं आयु के प्रभाव। भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल, 57 92): 133-138.

प्रकाश, एम., वीनू, आर., रेड्डी, बी. एल. एन., सुधाकर, के., शेषैया, वी. और प्रिंस, एल. एल. एल. 2022. आरईएमएल पशु मॉडल का प्रयोग करके सिंथेटिक रंगीन ब्रॉयलर नर वंशक्रम (पीबी-1) में किशोरावस्था गुणों के आनुवंशिक प्राचलों का आकलन। भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल, 57 (1) : 23-27. http://dx.doi.org/10.5958/0974-8180. 2022. 00012.5.

राजकुमार, यू., रामाराव, एस. वी., प्रकाश, बी., प्रिंस, एल. एल. एल., राजरवींद्र, के. एस., हौन्शी, एस. एवं निरंजन, एम. 2022. सघन कुककुट प्रबंधन के तहत किसानों के मुर्गी फार्मों में बेहतर माँस वाली संकर नस्ल मुर्गी के शारीरिक विकास प्रदर्शन और आर्थिक व्यवहार्यता का मूल्यांकन. भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल, 56 (2) : 101-106. http://krishi.icar.gov.in/jspui/handle/123456789/79216.

राजू, एम. वी. एल. एन., प्रकाश, बी., राव, एस. वी. आर., कन्नन, ए. एवं पॉल, एस. एस. 2022. धीमी गति से शारीरिक बढ़वार प्राप्त कर रहे चूजों को घुलनशील पदार्थों के साथ चावल आधारित डिस्टिलरी शुष्क अनाज वाले आहार में लाइसिन और मेथिओनाइन का उनके शारीरिक प्रदर्शन, वध संबंधी चरों और सीरम जैव रासायनिक प्रोफाइल पर प्रभाव, भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, doi: 10.18805/आईजेएआर.बी-4774.

श्रीनिवास जी., चिन्नी पी. वी., विजया एल. के., राजू, एम. वी. एल. एन. और वेंकटेश्वरलू एम. 2022. ब्रॉयलरों के शारीरिक प्रदर्शन, पोषक तत्वों की पाचनीयता, प्रतिरक्षा, एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि और सीरम प्राचलों पर धनिया बीज पाउडर के आहार अनुपूरण का प्रभाव। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 : 341-346.

यादव, एस. पी., कन्नकी, टी. आर., महापात्रा, आर. के., रेड्डी, एम. आर., पॉल, एस. एस., भट्टाचार्य, टी. के., आनंद लक्ष्मी, एन., जयकुमार, एस. एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. भारतीय देशी बनाम विदेशी मुर्गी नस्लों की प्रतिरक्षा क्षमता की प्रोफ़ाइल। भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, doi: 10.18805/IJAR.B-4890.

प्रमुख शेध पत्र/ आमंत्रित शोध पत्र

आनंद लक्ष्मी, एन. एवं जयकुमार, एस. 2022. आधुनिक कुक्कुट उत्पादन में ताप दबाव प्रबंधन। "आजीविका और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्थायी कुक्कुट उत्पादन में नवीनतम उन्नयन" पर XXXVII भारतीय कुक्कुट विज्ञान संघ सम्मेलन और राष्ट्रीय संगोष्ठी डी यू वी ए एस यू, मथुरा (उत्तर प्रदेश), 4-6, नवंबर 2022, पीपी-429-446.

चटर्जी, आर. एन., राजकुमार, यू. एवं जयकुमार, एस. 2022. तटवर्ती क्षेत्रों में पशु जैव विविधता, संरक्षण और सुधार। इन: तटवर्ती कृषि अनुसंधान संघ द्वारा आत्मनिर्भर तटवर्ती कृषि पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियां। भाकृअनुप-केंद्रीय तटवर्ती कृषि अनुसंधान संस्थान, गोवा, 11-13 मई 2022। पीपी. 128-143.

कुमार, वी., चटर्जी, आर. एन. एवं महापात्रा, आर. के. 2022. ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका बढ़ाने के लिए घर-आंगन कुक्कुट पालन आधारित एकीकृत कृषि मॉडल। भाकृअनुप-सीआरआईडीए, संतोषनगर, हैदराबाद में स्थायी जलवायु अनुकूल बारानी कृषि के लिए पंचभूतों (तत्वों) की संभावना के दोहन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, 28-29 सितंबर, 2022, पीपी. 35.

सुचित्रा सेना डी. 2022. ब्रॉयलर मुर्गी में एंटीबायोटिक विकास प्रमोटरों को प्रतिस्थापित करने के संभावित विकल्प। पशुचिकित्सा और पशुधन पर चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही पुस्तक, गोवा, ऑनलाइन 28-29 मार्च 2022. पीपी. 2.

सुचित्रा सेना डी. एवं रेड्डी, एम. आर. 2022. भारत में ग्रामीण घर-आंगन कुक्कुट पालन के लिए जैव सुरक्षा पहलू। पशु चिकित्सा और पशुधन पर 5वें अंतर्राष्ट्रीय हाइब्रिड सम्मेलन की कार्यवाही पुस्तक, गोवा, ऑनलाइन 17-18 नवंबर, 2022. पीपी.1.

संगोष्ठियों/ सम्मेलनों में प्रस्तुत शोध सार-संक्षेप (एब्सट्रैक्ट)

आनंद लक्ष्मी, एन., जया कुमार, एस., महापात्रा, आर. के. एवं राजा रवीन्द्र, के. एस. 2022. वनराजा घर-आंगन मुर्गियों में अगेती और चरम अंडा सेनन अवधि के दौरान हार्मोन, अमीनो अम्लों, अमीनो अम्ल संवाहकों एवं हार्मोन ग्राहियों (रिसेप्टर्स) का भिन्नात्मक नियमन तथा कार्बनिक सेलेनियम द्वारा उनका न्यूनीकरण। इन: सोवनियर, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आई सी आई बी ए जी - 2022), उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, 20-22, जुलाई 2022, पृ. 218.

आनंद लक्ष्मी, एन., जया कुमार, एस., शनमुगम, एम., महापात्रा, आर. के. 2022. अगेती अंडा सेनन के दौरान देशी मुर्गी के मैग्नम ऊतक पर सेलेनियम अनुपूरण का प्रभाव एवं miRNAs की पहचान। इन: भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन का XVI वार्षिक सम्मेलन और पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी और प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022. पृ. 180.

आनंद लक्ष्मी, एन., महापात्रा, आर. के., शनमुगम, एम. एवं राजारवींद्र, के. एस. 2022. असील मुर्गियों में अगेती और चरम अंडा सेनन अवधि के दौरान हार्मोनों, अमीनो अम्लों, अमीनो अम्ल संवाहकों एवं हार्मोन ग्राहियों का भिन्नात्मक नियमन तथा कार्बनिक सेलेनियम द्वारा उनका न्यूनीकरण। इन: सोवनियर एवं कम्पेंडियम, आजीविका एवं पोषाहार सुरक्षा के लिए स्थायी कुक्कुट उत्पादन में नवीनतम उन्नयन, XXXVII भारतीय कुक्कुट विज्ञान संघ सम्मेलन (IPSACON - 2022), डी यू वी ए एस यू, मथुरा, 4-6, नवंबर, 2022, पृ. 88.

महापात्रा, आर. के., पंकज, पी. के., भांजा, एस. के., आनंद लक्ष्मी, एन., शनमुगम, एम., यादव, एस. पी. एवं उस्मान, एम. 2022. अपशिष्ट से संपदा: चावल के छिलके को मिलाकर कुक्कुट कचरा खाद और केंचुआ खाद। "स्थायी जलवायु अनुकूल बारानी कृषि के लिए पंचभूतों (तत्वों) की संभावना का दोहन" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, भाकृअनुप-सीआरआईडीए, संतोषनगर, हैदराबाद, 28 - 29 सितंबर 2022, पृ. 119.

महापात्रा, आर. के., पंकज, पी. के., भांजा, एस. के., प्रकाश, बी., आनंद लक्ष्मी, एन., शनमुगम, एम. एवं यादव, एस. पी. 2022. सॉ चिप्स के साथ कुक्कुट कचरा खाद - अपशिष्ट से संपदा। इन: भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियां और पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022, पृ. 108.

महापात्रा, आर. के., पंकज, पी. के., प्रकाश, बी., भांजा, एस. के., आनंद लक्ष्मी, एन., शनमुगम, एम. एवं यादव, एस. पी. 2022. सॉ चिप्स के साथ कुक्कुट कचरा केंचुआ खाद - कृषि अपशिष्ट से संपदा का सृजन। XXXVI भारतीय कुक्कुट विज्ञान संघ सम्मेलन (IPSACON- 2022)। आजीविका और पोषण सुरक्षा के लिए स्थायी कुक्कुट उत्पादन में नवीनतम उन्नयनों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी। डी यू वी ए एस यू, मथुरा, 4-6 नवंबर 2022, पृ. 209.

पार्थसारथी, बी., चन्द्रशेखर, चटर्जी, आर. एन., शनमुगम, एम., जयकुमार, एस., यादव, एस. पी. एवं भट्टाचार्य, टी. के. 2022. बायोबैंकिंग के

लिए देशी मुर्गी नस्ल का प्राइमोर्डियल जर्म सेल्स (पी जी सी) निम्नताप परिरक्षण। इन: भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियां और पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी और प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022। पृ. 140.

राजकुमार, यू., प्रिंस, एल. एल. एल., हौन्शी, एस., जयकुमार, एस., राजरविन्द्र, के. एस., निरंजन, एम., भांजा, एस. के. एवं रेड्डी, बी. एल. एन. 2022. विशेषकों व गुणों में सुधार लाने के लिए वनराजा नर वंशक्रम (पीडी-1) में छः सप्ताह के शरीर वजन और पिंडली की लंबाई के लिए चयन सूचकांक का निर्माण। इन: भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियां और पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022. पृ. 118.

राजू, एम. वी. एल. एन., रामा राव, एस. वी., चटर्जी, आर. एन., प्रकाश, बी., पॉल, एस. एस. एवं कन्नन, ए. 2022. घुलनशील पदार्थों के साथ चावल आधारित डिस्टिलर्स सूखे अनाज: चूजों और अंडे देने वाली वाणिज्यिक मुर्गियों के लिए पोषण प्रोफ़ाइल तथा आहार मूल्य (डब्ल्यू पी सी) आईडी: 635)। विश्व कुक्कुट विज्ञान संघ (फ्रांस शाखा) द्वारा 26वें विश्व कुक्कुट अधिवेशन, पेरिस, फ्रांस के भाग के रूप में आयोजित "बढ़ती आहार लागत के समय में नई (या वैकल्पिक) चारा सामग्रियां" पर वेबिनार में मौखिक प्रस्तुति। 8 मार्च 2022, सार-संग्रह पुस्तक 2021, खंड 2: पृ. 82.

राजू, एम. वी. एल. एन., रामा राव, एस. वी., चटर्जी, आर. एन., प्रकाश, बी., पॉल, एस. एस. एवं कन्नन, ए. 2022. विविध महत्वपूर्ण अमीनो अम्ल सांद्रता के साथ चूजों पर घुलनशील पदार्थों सहित चावल आधारित डिस्टिलर सूखे अनाजों को आहार में शामिल करने का प्रभाव (डब्ल्यू पी सी आईडी: 637)। विश्व कुक्कुट विज्ञान संघ (फ्रांस शाखा) द्वारा आयोजित 26वें विश्व कुक्कुट अधिवेशन, पेरिस, फ्रांस में पोस्टर प्रस्तुतीकरण (ऑनलाइन), सार-संक्षेप पुस्तक 2021, खंड 2: पृ. 83.

राजू, एम. वी. एल. एन., रामा राव, एस. वी., चटर्जी, आर. एन., प्रकाश, बी., पॉल, एस. एस. एवं कन्नन, ए. 2022. विभिन्न स्रोतों से ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा खाद्य (मील) के पोषक तत्व प्रोफाइल में विचलन और ब्रॉयलर मुर्गी के शारीरिक प्रदर्शन, सीरम जैव रासायनिक प्रोफ़ाइल, प्रतिरक्षा अनुक्रिया एवं लोथ मात्रा (डब्ल्यू पी सी आईडी: 2164) पर उसके आहारीय समावेशन के प्रभाव, विश्व कुक्कुट विज्ञान संघ (फ्रांस शाखा) द्वारा आयोजित 26वें विश्व कुक्कुट अधिवेशन, पेरिस, फ्रांस में पोस्टर प्रस्तुतीकरण (ऑनलाइन), 7-11 अगस्त 2022, सार-संग्रह पुस्तक 2022, खंड 2: पृ. 262.

साजिद, एम., जयकुमार, एस., शनमुगम, एम., शिवानी, बी., राजकुमार, यू., राजिथ रेड्डी, बी., यादव, एस. पी., भट्टाचार्य, टी. के., बालाकृष्णन, एम., श्रीदेवी, बी., जयलक्ष्मी, पी. एवं कल्याणी, पी. 2022. भ्रूण के विकास के दौरान भिन्नात्मक रूप से अभिव्यंजित जीनों की पहचान करने के लिए एक ट्रांसक्रिप्टोमिक उपागम और मुर्गी के दाहिने अंडाशय के समाश्रयण के लिए जिम्मेदार FETUB और DDX4 जीनों का वैधीकरण। इन: ओमिक्स के युग में जलवायु अनुकूल पारंपरिक कृषि प्रणालियों की देशी मुर्गी से प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियां। मद्रास पशुचिकित्सा महाविद्यालय, चेन्नई, तमिलनाडु, 22-23 सितंबर 2022। पृ. 66.

साजिद, एम., जयकुमार, एस., शनमुगम, एम., शिवानी, बाचामोल्ला., राजकुमार, यू., राजिथ रेड्डी, बी., सत्य पाल, यादव., भट्टाचार्य, टी. के., आनंद लक्ष्मी, एन., बालाकृष्णन, एम., अनुराधा, कोटला, श्रीदेवी, बी., जयलक्ष्मी, पी. एवं कल्याणी। पी. 2022. मुर्गी में भ्रूण के दौरान और अंडजोत्पति उपरांत की अवधि के दौरान दाएं अंडाशय के समाश्रयण के लिए जिम्मेदार प्यूटेटिव जीनों एवं मार्गों की पहचान। इन: भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियां और पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी और प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022. पृ. 143.

शिवानी, बी., जयकुमार, एस., चिन्नी प्रीतम, वी., कृष्णा, डी., शनमुगम, एम., भट्टाचार्य, टी. के. एवं राजकुमार, यू. 2022. लिंग निर्धारण में आनुवंशिक बहुरूपता की उपयोगिता के लिए कड़कनाथ मुर्गी के DMRT1 जीन में आनुवंशिक बहुरूपता की पहचान। इन: "पशु आनुवंशिक संसाधन (ए एन जी आर) प्रबंधन के लिए समकालीन प्रौद्योगिकी" पर XIX राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियां, भाकृअनुप-एनबीएजीआर, करनाल 21-22 सितंबर 2022. पृ. 40.

यादव, एस. पी., रेड्डी, एम. आर., कन्नकी, टी. आर., जयकुमार, एस., महापात्रा, आर. के., कन्नन, ए., भट्टाचार्य, टी. के. एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. मुर्गी में प्रतिरक्षा गुणों के साथ तापसिन, टीएपी 1 और टीएपी 2 जीन हैप्लोग्रुप का संबंध। इन:

भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियां एवं पशुधन एवं कुक्कुट की उपयुक्त उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी और प्रजनन में नवोन्मेष पर राष्ट्रीय सम्मेलन, भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद, 2-3 दिसंबर 2022. पृ. 146.

समीक्षा शोध पत्र

शनमुगम, एम. एवं आनंद लक्ष्मी, एन. 2022. मुर्गियों के शरीरक्रियात्मक कार्यों के नियमन में लेप्टिन और घ्रेलिन की भूमिका। विश्व कुक्कुट विज्ञान जर्नल, doi: 10.1080/00439339.2022.2119917. http://krishi.icar.gov.in/jspui/handle/123456789/79093

पुस्तकें/ पुस्तकों के अध्याय / सार-संग्रह/ प्रशिक्षण नियमावली

आनंद लक्ष्मी, एन. एवं जया कुमार, एस. 2022. आधुनिक कुक्कुट उत्पादन में ताप दबाव का प्रबंधन, अध्याय 43, उपयुक्त कुक्कुट उत्पादन में नवीनतम प्रवृत्तियां, आईएसबीएन: 9789395700030. ई आईएसबीएन: 9789395700023. (संपादक ए. के. श्रीवास्तव, पी. के. शुक्ला), सतीश सीरियल पब्लिशिंग हाउस, 403, आज़ादपुर, नई दिल्ली। पीपी. 429-446.

चटर्जी, आर. एन., राजकुमार, यू. एवं प्रिंस एल. एल. एल. 2022. खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कुक्कुट संसाधनों का क्रांतिकारी प्रभाव। इन: कुमार, ए., कुमार, पी., सिंह, एस. एस., त्रिसोग्को, बी. एच., रानी, एम. (संपादक) कृषि, पशुधन उत्पादन और जलजीवपालन। स्प्रिंगर, चाम। पीपी. 205-215. https://doi.org/10.1007/978-3-030-93258-9_12.

पॉल, एस. एस., हौन्शी, एस., शनमुगम, एम., जयकुमार, एस., राव, वी. वी., राव, जे. एस. एवं मधुकर, जी. (संपादक). 2022. पशुधन और मुर्गीपालन की स्थायी उत्पादकता के लिए पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन में नवोन्मेष। भारतीय पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन सोसायटी के XVI वार्षिक सम्मेलन की कार्यवाहियों का संकलन। भाकृअनुप-डीपीआर, हैदराबाद 2-3 दिसंबर 2022. पीपी 1-193.

भट्टाचार्य, टी. के., जयकुमार, एस., प्रिंस, एल. एल. एल., यादव, एस. पी. विजयलक्ष्मी, के., और चटर्जी, आर.एन. (संपादक) 2022. खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागमों पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के व्याख्यान एवं प्रशिक्षण मैनुअल का सार-संग्रह (कंपेन्डियम)। अंतर्राष्ट्रीय पशुधन अनुसंधान संस्थान, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित। पीपी 1-198.

तकनीकी/ लोकप्रिय लेख

आनंद लक्ष्मी, एन. एवं दीपिका। 2022. कोडला लो सेलेनियम योका प्रमुख्यता। कृषि जागरण (तेलुगु) नवंबर 2022.पृ. 26-29.

भट्टाचार्य, टी. के., पार्थसारथी, बी. सी., दिव्या, डी., जयकुमार, एस. एवं मिनाक्षी, डी. 2022. इन विट्रो परीक्षणों के संचालन के लिए पशु कोशिका संवर्ध। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण मैनुअल, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, 20-24 सितंबर 2022. पीपी. 60-67.

भट्टाचार्य, टी. के., राजिथ रेड्डी, बी., जयकुमार, एस. एवं यादव, एस. पी. 2022. एसडीएस-पेज द्वारा प्रोटीन विश्लेषण। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण मैनुअल, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, 20-24 सितंबर 2022. पीपी. 57-59.

भट्टाचार्य, टी .के., राजिथ रेड्डी, बी., जयकुमार, एस., यादव, एस. पी. एवं पार्थसारथी, बी. सी. 2022. मुर्गी में CRISPR/Cas के माध्यम से जीनोम एडिटिंग। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण मैनुअल, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, 20-24 सितंबर 2022. पीपी.73-82.

चटर्जी, आर. एन. एवं राजकुमार, यू. 2022. तेलंगाना के कुक्कुट क्षेत्र का विकास और प्रसार। एग्रीकल्चर टुडे, तेलंगाना विशेष संस्करण, जून 2022. पीपी. 78-80.

हौन्शी, एस., राजकुमार, यू., पाधी, एम. के., निरंजन, एम., प्रिंस, एल. एल. एल., एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. वनश्री: मुक्त क्षेत्र या घर-आंगन कुक्कुट पालन के लिए एक आशाजनक उन्नत विशुद्ध देशी मुर्गी नस्ल। भारतीय कृषि, 72 (3): 04-07.http://krishi.icar. gov.in/ jspui/handle/123456789/75958.

जयकुमार, एस., विद्यालक्ष्मी., ऐश्वर्या, डी., यादव, एस. पी. एवं भट्टाचार्य, टी. के. 2022. संपूर्ण जीनोम डेटा विश्लेषण। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण मैनुअल, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी.

के. इत्यादि) आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, 20-24 सितंबर 2022. पीपी. 146-157.

जयकुमार, एस., साजिद, एम., यादव, एस. पी. एवं भट्टाचार्य, टी. के. 2022. ट्रांस्क्रिप्टोम डेटा विश्लेषण। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम", भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी. के. इत्यादि), आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, 20-24 सितंबर 2022. पीपी.158-164.

जयकुमार, एस., विनीत, एम. आर., सूर्या, टी., दीक्षित, एस. पी., निरंजन, एस. के., यादव, एस. पी. एवं भट्टाचार्य, टी. के. 2022. जीनोमिक चयन और पशुधन के संरक्षण के लिए आरएडी सेक उपागम। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम", भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी. के. इत्यादि), आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, 20-24 सितंबर 2022. पीपी.118-130.

कन्नन, ए., शनमुगम, एम., यादव, एस. पी. एवं जयकुमार, एस. 2022. मुर्गी के आहारनली स्वास्थ्य में कार्यात्मक अमीनो अम्ल और मुर्गी में माइक्रोबायोटा का संतुलन। कुक्कुट लाइन, 22: 53-56.

कुमार, वी. और राजकुमार, यू. 2022. पारिवारिक कुक्कुट पालन : ग्रामीण भारत में कोविड उपरांत आजीविका अवसर। कुक्कुट फॉर्च्यून, 6 : 40-44. http://krishi.icar.gov.in/jspui/handle/123456789/72524.

कुमार, वी., राजकुमार, यू. और रामाराव एस. वी. 2022. घर-आंगन कुक्कुट उत्पादन में भाकृअनुप-डीपीआर जर्मप्लाज्म का प्रभाव। भारतीय कृषि, 72 (4) : 3-5. http://krishi. icar.gov.in/jspui/handle/123456789/74746.

निरंजन, एम., भट्टाचार्य, टी. के., राजिथ रेड्डी, बी., मिनाक्षी, डी., यादव, एस. पी. एवं जयकुमार, एस. 2022. एगारोज़ जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस (ए जी ई) और पॉलीएक्रिलामाइड जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस (पी ए जी ई)। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम", भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी. के. इत्यादि), आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, 20-24 सितंबर 2022. पीपी.42-49.

प्रिंस, एल. एल. एल. भट्टाचार्य, टी. के., डांगे, एम. एवं रमेश, के. 2022. पशुओं के ऊतकों से न्यूक्लिक अम्ल का वियोजन। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम", भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी. के. इत्यादि), आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, पीपी. 28-36.

शनमुगम, एम. एवं एस. जयकुमार। 2022. मुर्गी अंडा आवरण - मानवों के लिए आहारीय कैल्शियम का एक सस्ता स्रोत। कुक्कुट फॉर्च्यून 23 (12): 38-40.

यादव, एस. पी., जयकुमार, एस., महापात्रा, आर. के. एवं कन्नन, ए. 2022. पूर्ण जीनोम अनुक्रमण और उसके अनुप्रयोग। इन: "खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत जैव प्रौद्योगिकी उपागम", भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, (संपादक भट्टाचार्य, टी. के. इत्यादि), आई एल आर आई, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, 20-24 सितंबर 2022. पीपी. 131-145.

महापात्रा, आर. के., यादव, एस. पी., प्रकाश, बी., भंज एस. के., एवं चटर्जी, आर. एन. 2022. कुक्कुट आहार में मोरिंगा एवं केंचुए का उपयोग। खेती, अगस्त, पृ 32-33.

क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर

शोध पत्र/आलेख

1. आर बेहरा, ए मंडल, एस राय, एम करुणाकरन, एम मंडल एवं एम के घोष 2022. भारत की उष्णकटिबंधीय जलवायु परिस्थितियों में संकर नस्ल अथवा क्रॉसब्रेड डेयरी गायों की जनन-क्षमता गुणों व विशेषकों पर जीनप्ररूप x पर्यावरण की अन्योन्यक्रिया। कृषि मौसम विज्ञान जर्नल 24 (2), 146-151.
2. लालमुआनसांगी, इशानी रॉय, मोकिदुर रहमान, अजॉय मंडल एवं राजलक्ष्मी बेहरा। 2022. स्तनयकाल अथवा दुग्धस्रवण विशिष्ट जनसांख्यिकीय प्राचलों के लिए जर्सी संकर गायों का विश्लेषण। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (12), 1467-1470.
3. बेहरा, आर., ए मंडल, एस राय, एम करुणाकरन, एम मंडल, एम के घोष (2022)। भारत की उष्णकटिबंधीय जलवायु परिस्थितियों के तहत संकर नस्ल की डेयरी गायों के दूध उत्पादन गुणों पर जननद्रव्य x पर्यावरण की अन्योन्यक्रिया। भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, 56 (11), 1422-1427.

4. पांडा, एस. के., कुमार, डी., जेना, जी. आर., सेठी, के., मिश्रा, एस. के., स्वेन, बी. के., नायक, पी. के., ब्यूरा, सी. के. एवं एल्मोर्सी, एम. ए. एम. 2021. आर्सेनिक प्रेरित मादक स्थिति में सफेद पेकिन बत्तखों में नर बत्तख के जननक्षम गुणों एवं ऑक्सीकारक दबाव सूचकांकों पर अदरक की प्रभावकारिता। पशु पोषण और चारा प्रौद्योगिकी, 21 : 559-569.

5. पांडा, एस. के., कुमार, डी., जेना, जी. आर., पात्रा, आर. सी., पांडा, एस. के., सेठी, के., मिश्रा, एस. के., स्वेन, बी. के., नायक, पी. के., ब्यूरा, सी. के. एवं पांडा 2021. सफेद पेकिन बत्तखों (अनस प्लैटिरिन्चोस) में आर्सेनिक प्रेरित प्रतिरक्षादमन अर्थात इम्यूनोसुप्रेशन को कम करने में अदरक (ज़िंगिबर ऑफिसिनेल) का उपचारात्मक गुणधर्म। भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल, 56 (3). 277-285.

6. नाइक, पी. के., स्वेन, बी. के., साहू, एस. के., कुमार, डी., मिश्रा, एस. के. और ब्यूरा, सी. के. 2022. सघन कुक्कुट पालन प्रणाली के तहत अंडे देने के मध्य चरण के दौरान सफेद पेकिन बत्तखों को गेहूं या टूटे चावल आधारित आहार खिलाने के उपरांत उनका प्रदर्शन। भारतीय पशु अनुसंधान जर्नल, डीओआई: 10.18805/आईजेएआर.बी-4870.

7. स्वेन, बी. के., नाइक, पी. के. एवं ब्यूरा, सी. के. 2022. कुक्कुट आहार के रूप में एजोला की पौषणिक महत्ता - एक समीक्षा। भारतीय पशु पोषण जर्नल, 39 (1) : 1-11.

8. नाइक, पी. के., स्वेन, बी. के. एवं ब्यूरा, सी. के. 2022. भारत में बत्तख उत्पादन - एक समीक्षा। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (8) : 917-926.

9. पांडा, एस. के., कुमार, डी., जेना, जी. आर., पात्रा, आर. सी., पांडा, एस. के., सेठी, के., मिश्रा, एस. के., स्वेन, बी. के., नाइक, पी. के., ब्यूरा, सी. के. एवं पांडा, बी. 2022. सफेद पेकिन बत्तखों में अजैविक आर्सेनिक की यकृत वृक्क अथवा हेपेटो रीनल विषाक्तता और अदरक का प्रयोग करके उसका उपचार। बायोलॉजीकल ट्रेस एलिमेंट रिसर्च, doi.org/10.1007/s12011-022-03317-0.

10. बनर्जी, एस., बेहरा, आर., पांडा, एस., जेना, जी. आर., कुमार, डी., नाइक, पी. के., स्वेन, बी. के., मिश्रा, एस. के. एवं ब्यूरा, सी. के. 2022. बत्तख उत्पादन में एफ्लाटॉक्सिन - एक समीक्षा। भारतीय पशु पोषण जर्नल, 39 (3) : 221-234.

11. नाइक, पी. के., स्वेन, बी. के., साहू, एस. के., कुमार, डी., मिश्रा, एस. के. एवं ब्यूरा, सी. के. 2022. सफेद पेकिन बत्तखों में पोषक तत्वों के उपापचय, अंडा उत्पादन और गुणवत्ता पर टूटे हुए चावल को गेहूं से प्रतिस्थापित करने का प्रभाव। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (11) : 1343-1347.

12. पाधी एम. के., गिरी एस. सी., शास्त्री के. वी. एच., साहू एस. के., बैस आर के. एस एवं सक्सेना वी. के. 2022. ओडिशा के कुजी बत्तखों का आनुवंशिक और लक्षणप्ररूपी लक्षणवर्णन और लोथ की गुणवत्ता का मूल्यांकन। भारतीय पशु विज्ञान जर्नल, 92 (2) : 196-201.

13. पाधी एम. के., चटर्जी, आर. एन. एवं राजकुमार, यू. 2022. घर-आंगन में कुक्कुट पालन के लिए विकसित संकर कुक्कुटों में अंडे की गुणवत्ता के गुणों पर जीनप्ररूप और आयु का प्रभाव। भारतीय कुक्कुट पालन जर्नल, 57 (2) : 133-138.

14. एस. सी. गिरी, एम. के. पाधी एवं एस. के. साहू (2021)। ग्रीष्म महीनों के दौरान बत्तखों में जनन क्षमता और अंडा सेनन क्षमता में सुधार। भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल, 56 (3) : 249–252.

15. सुमंत के मिश्रा*, लिपि दास, वी. पी. चहल, एस लेंका, बी. एस. सतपति, एस. सी. गिरी, जी. सी. आचार्य, स्वातिप्रंग्या, के. बी. जेना एवं सोनाली जेथी (2022)। किसान प्रथम संकल्पना के माध्यम से उत्पादकता को बढ़ाना और चावल (धान) आधारित उत्पादन प्रणाली को अक्षुण्ण रखना। भारतीय कृषि 71 (10) : 91-96.

16. अदन नईम, एस. के. मिश्रा, ए. साहू एवं आई. नाथ। 2023. कड़कनाथ मुर्गी से नर जेननग्रंथियों का प्रत्यारोपण और बत्तख सरोगेट। जीन: doi.org/10.3390/genes 14051094.

17. धीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार पांडा, गीता रानी जेना, कामदेव सेठी, सूर्य कांत मिश्रा, बिजया कुमार स्वेन, प्रफुल्ल कुमार नाइक, चंद्र कांत ब्यूरा, राजलक्ष्मी बेहरा। 2023. वयस्क नर सफेद पेकिन बत्तखों में अजैविक आर्सेनिक की संस्तुत खुराक द्वारा प्रजनन प्राचलों में बदलाव। बायोलॉजीकल ट्रेस एलिमेंट रिसर्च, https://doi.org/10.1007/s12011-023-03580-9.

18. पी. पी. जेना, आर. सी. पात्रा, बी. आर. जेना, आर. साहू, डी. कुमार एवं एस. के. पांडा. 2022. सफेद पेकिन बत्तखों में शारीरिक विकास प्रदर्शन और तनाव उन्मूलन पर लाइकोराइस पाउडर (ग्लाइसीराजाग्लेब्रा) के आहारीय अनुपूरक का प्रभाव। भारतीय कुक्कुट विज्ञान जर्नल (2022), 57 (1) : 89-94.

19. पांडा, एस. के., कुमार, डी., जेना, जी.आर., पात्रा, आर.सी., पांडा, एस. के.सेठी, के.मिश्रा, एस. के., स्वेन, बी.के.ब्यूरा, सी.के., गुप्ता, आर. 2022. आर्सेनिक प्रेरित मादकता के साथ सफेद पेकिन बत्तखों में हृद् बायोमार्करों में बदलाव और अदरक का प्रयोग करके उसका उपचार। Veterinarskiarhiv (स्वीकृत)।

पुस्तकों के अध्याय

- कुमार, डी., बेहरा, आर., पांडा, एस. के., जेना, जी. आर., नाइक, पी. के., स्वेन, बी.के., मिश्रा, एस.के., एवं ब्यूरा, सी.के. 2022. बत्तखों में एफ्लाटॉक्सिकोसिस। इन: पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए समन्वित अभिगम (तिवारी, एस. पी. एवं नायक, एस.; संपादक; आईएसबीएन: 9789392370489)। पीपी. 83-85. पशु पोषण विभाग, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, एनडीवीएसयू, जबलपुर।
- स्वेन, बी.के., नाइक, पी. के., मिश्रा, एस. के., कुमार, डी. एवं ब्यूरा, सी.के. 2022. एजोला - कुक्कुटों और बत्तखों के लिए एक वैकल्पिक चारा संसाधन। इन: पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए समन्वित अभिगम (तिवारी, एस. पी. एवं नायक, एस.; संपादक; आईएसबीएन: 9789392370489)। पीपी. 147-150. पशु पोषण विभाग, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, एनडीवीएसयू, जबलपुर।

तकनीकी समाचार

- स्वेन, बी. के., नाइक, पी.के., साहू, एस.के. मिश्रा, एस. के., कुमार, डी. एवं ब्यूरा, सी.के. 2022. बत्तखों में एजोला (एजोला पिन्नाटा) उत्पादन एवं फीडिंग वैल्यू। तकनीकी बुलेटिन, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर, ओडिशा, भारत, पीपी. 1-28.

विस्तार फोल्डर

- नाइक, पी. के., स्वेन, बी. के., साहू, एस. के., कुमार, डी., मिश्रा, एस. के. एवं ब्यूरा, सी. के. 2022. मांस प्रयोजन के लिए सफेद पेकिन बत्तखों का आहार और स्वास्थ्य प्रबंधन। विस्तार फोल्डर, भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर, पीपी.1-12.

लोकप्रिय आलेख

